ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष त्रयोदशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 4 जून 2024
वर्ष 2, अंक 284, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

एडीडीपी ने बजरंग पर लगा अस्थाई निलंबन हटाया 2

रश्मिका की फिल्म 'पुष्पा-2 द रूल' का पोस्टर रिलीज 16

एक नजर

मदर डेयरी ने दो रुपये लीटर बढ़ाए दूध के दाम

नई दिल्ली। मदर डेयरी ने दिल्ली-एनसीआर बाजार में दूध की कीमतों में दो रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की सोमवार को घोषणा की। सभी प्रकार के दूध की कीमतों में वृद्धि सोमवार (तीन जून) से दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के साथ-साथ अन्य बाजारों में भी लागू हो गई है। दुग्ध उद्योग से जुड़े ब्रांड अमूल ने रविवार को कीमतों में बढ़ोतरी की घोषणा की थी। दिल्ली-एनसीआर में मदर डेयरी का फुल क्रीम दूध अब 68 रुपये प्रति लीटर, जबकि टोंड व डबल टोंड दूध क्रमशः 56 रुपये और 50 रुपये प्रति लीटर की दर से मिलेगा। भैंस और गाय के दूध की कीमतें क्रमशः 72 रुपये और 58 रुपये प्रति लीटर होंगी। थोक विक्रय दूध 54 रुपये प्रति लीटर पर बेचा जाएगा।

आईएसआईएस से जुड़े 17 के खिलाफ चार्जशीट

नई दिल्ली। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने सोमवार को प्रतिबंधित वैश्विक आतंकवादी संगठन आईएसआईएस से जुड़े 17 लोगों के खिलाफ युवाओं को कट्टरपंथी बनाने की साजिश में शामिल होने के संबंध में आरोपपत्र दाखिल किया। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, एनआईए ने मार्च 2023 में तीन लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया था और सोमवार को दिल्ली की पटियाला हाउस अदालत के समक्ष 17 अन्य के खिलाफ पूरक आरोपपत्र दाखिल किया। इन 17 आरोपियों में से 15 महाराष्ट्र से जबकि एक-एक उत्तराखंड और हरियाणा से हैं। एनआईए के बयान के मुताबिक, इस मामले में कुल 20 आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया जा चुका है।

30 जून तक दिल्ली में बंद रहेंगे आंगनबाड़ी केंद्र

नई दिल्ली। दिल्ली में पड़ रही गर्मी एवं खराब मौसम के मद्देनजर सरकार ने सभी 10,897 आंगनबाड़ी केंद्रों को 30 जून तक बंद रखने की घोषणा की गई है। बच्चों और माताओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया है। आंगनबाड़ी केंद्रों को बंद किए जाने पर केजरीवाल सरकार 'टेक-होम राशन' के तौर पर पूरक पोषण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराएगी और तीन से छह वर्ष की आयु के बच्चों सहित लाभार्थियों को उनके घर तक खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराया जाएगा।

ब्रह्मोस एयरोस्पेस के पूर्व अभियंता को उम्रकैद

नागपुर, एजेंसी

- पाकिस्तान को गोपनीय सूचना देने के मामले में पाए गए दोषी

नागपुर की जिला अदालत ने शासकीय गोपनीयता अधिनियम (ओएसए) के तहत ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड के पूर्व अभियंता निशांत अग्रवाल को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने और गोपनीय जानकारी देने का दोषी ठहराते हुए सोमवार को उम्रकैद दी।

अग्रवाल को 14 साल तक सश्रम कारावास की सजा भुगतनी होगी, उसपर तीन हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। अतिरिक्त सत्र न्यायालय के न्यायाधीश एम.वी. देशपांडे ने अपने आदेश में कहा कि अग्रवाल को सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा-66 (एफ) और शासकीय गोपनीयता अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत किए गए अपराध के लिए सीआरपीसी की धारा-235 के तहत दोषी करार दिया जाता है।

एग्जिट पोल के बाद झूमा शेयर बाजार

सेंसेक्स 2507, निफ्टी 733 अंक उछला

मुंबई, एजेंसी

एग्जिट पोल के बाद सोमवार को शेयर बाजार में चौतरफा लिवाली से बीएसई सेंसेक्स 2,500 से अधिक अंक की छलांग लगाकर अपने अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 733 अंक के उछाल के साथ नए शिखर पर बंद हुआ।

शनिवार को एग्जिट पोल में भाजपा नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार की बड़ी जीत के अनुमान के बाद बाजार में यह तेजी आई है। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 2,507.47 अंक यानी 3.39 प्रतिशत उछलकर रिकॉर्ड 76,468.78 अंक पर बंद हुआ। यह पिछले तीन साल में एक दिन में सबसे बड़ी तेजी है। कारोबार के दौरान सूचकांक एक समय 2,777.58 अंक चढ़कर रिकॉर्ड 76,738.89 अंक तक चला गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 733.20 अंक यानी 3.25 प्रतिशत उछलकर अपने अबतक के सर्वोच्च स्तर 23,263.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 808 अंक यानी 3.58 प्रतिशत चढ़कर रिकॉर्ड 23,338.70 अंक पर पहुंच गया था। सेंसेक्स और निफ्टी में एक फरवरी, 2021 के बाद एक दिन की सबसे बड़ी तेजी है। उस समय बजट पेश करने के बाद दोनों सूचकांक करीब पांच प्रतिशत मजबूत हुए थे। यह दिलचस्प है कि 20 मई, 2019 को 'एग्जिट पोल' के बाद भी सेंसेक्स और निफ्टी तीन प्रतिशत से अधिक मजबूत हुए थे। उस 'एग्जिट पोल' में भी आम चुनाव में राजग की बड़ी जीत का अनुमान जताया गया था।

नए शिखर पर सेंसेक्स-निफ्टी

रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक और भारतीय स्टेट बैंक जैसे प्रमुख शेयरों में जोरदार बढ़त से दोनों मानक सूचकांक रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुए। शेयर बाजार में तेजी के साथ अडाणी समूह की कंपनियों के शेयरों में सोमवार को जोरदार बढ़त जारी रही।

निवेशकों की पूंजी 13.78 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

नई दिल्ली। भाजपा की अगुवाई वाली सरकार एक बार फिर बनने की उम्मीदों से स्थानीय शेयर बाजार के तीन प्रतिशत से अधिक उछल जाने से सोमवार को निवेशकों की संपत्ति में एक ही कारोबारी सत्र में 13.78 लाख करोड़ रुपये की भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई। इस रिकॉर्डतोड़ तेजी से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) 13,78,630.4 करोड़ रुपये बढ़कर 4,25,91,511.54 करोड़ (5.13 लाख करोड़ डॉलर) हो गया।

चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास हुआ तो सबूत दे विपक्ष

सीईसी ने कहा-आप अफवाह फैलाकर सभी को संदेह के घेरे में नहीं ला सकते

नई दिल्ली, एजेंसी

- आरोप लगाने वाले बताएं जिलाधिकारियों का नाम, चुनाव आयोग उन्हें दंडित करेगा
- जयराम रमेश ने लगाया था गृहमंत्री शाह पर कलेक्टरों को फोन पर धमकाने का आरोप

मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने सोमवार को विपक्ष को चुनौती दी कि वे उन आरोपों के साक्ष्य साझा करें जिनमें कहा गया है कि निर्वाचन अधिकारियों और जिलाधिकारियों को चुनाव प्रक्रिया को दूषित करने के लिए प्रभावित किया गया था, ताकि आयोग उनके खिलाफ कार्रवाई कर सके। कुमार ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि विपक्ष को मतगणना शुरू होने से पहले चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश करने वालों के बारे में भी आयोग को बताना चाहिए। संवाददाता सम्मेलन में उनके साथ निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और एस.एस. संधू भी मौजूद थे। राजीव कुमार ने कहा कि आप अफवाह फैलाकर सभी को संदेह के घेरे में नहीं ला सकते।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आयोग ने चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने के किसी भी विदेशी प्रयास से निपटने के लिए तैयारी की थी, लेकिन ये आरोप देश के भीतर से ही आए हैं। जिलाधिकारियों को प्रभावित किए जाने के आरोपों पर आपत्ति जताते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि आरोप लगाने वालों को बताना चाहिए कि किस जिलाधिकारी को प्रभावित किया गया और हम उन्हें दंडित करेंगे। मतगणना प्रक्रिया शुरू होने से पहले उन्हें हमें बताना चाहिए।

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने दावा किया था कि गृह मंत्री अमित शाह जिलाधिकारियों या कलेक्टरों को फोन कर रहे हैं और उन्हें खुलेआम डराने-धमकाने में लगे हैं। चुनाव के दौरान जिला मजिस्ट्रेट या कलेक्टर अपने-अपने जिलों के निर्वाचन अधिकारी होते हैं। रमेश ने दावा किया कि शाह पहले ही 150 जिला मजिस्ट्रेट या कलेक्टरों से बात कर चुके हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने रविवार को आयोग से मुलाकात करने वाले बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल की सभी मांगों को स्वीकार कर लिया था और कहा था कि उनके द्वारा उठाए गए मुद्दे सात दशकों से चली आ रही चुनाव प्रक्रिया का हिस्सा हैं। कुमार ने कहा कि कुछ मांग बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल द्वारा की गई थीं। हमनें उनकी सभी मांगें मान लीं।

रमेश को अतिरिक्त समय देने से आयोग का इंकार

नई दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने सोमवार को कांग्रेस नेता जयराम रमेश को उनके इस दावे की पुष्टि के लिए अतिरिक्त समय देने से इनकार कर दिया कि लोकसभा चुनाव के लिए चार जून की मतगणना से पहले 150 जिलाधिकारियों और कलेक्टरों को प्रभावित करने का प्रयास किया गया था। रमेश को निर्वाचन आयोग ने रविवार शाम तक उन आरोपों का तथ्यात्मक विवरण प्रस्तुत करने के लिए कहा था, जो उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में लगाए थे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने सोमवार को आयोग को पत्र लिखकर अपना जवाब दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का और समय मांगा। रमेश को लिखे पत्र में निर्वाचन आयोग ने कहा कि आप तथ्यात्मक आरोपों के साथ तीन जून शाम सात बजे तक जवाब दाखिल करें। ऐसा करने में विफल रहने पर यह मान लिया जाएगा कि आपके पास इस मामले में कहने के लिए कुछ भी ठोस नहीं है और आयोग उचित कार्रवाई के लिए आगे बढ़ेगा।

आकासा और इंडिगो की उड़ान में बम की अफवाह

- अहमदाबाद डायवर्ट की गई आकासा की फ्लाइट
- सुरक्षा जांच के चलते इंडिगो की उड़ान दो घंटे लेट

मुंबई/चेन्नई। आकासा एयर की दिल्ली-मुंबई फ्लाइट और इंडिगो की चेन्नई-कोलकाता फ्लाइट में सोमवार (3 जून) को बम की सूचना मिली। आकासा एयर की फ्लाइट को अहमदाबाद डायवर्ट किया गया। इसमें एक बच्चा और 6 क्रू मेंबर्स सहित 186 पैसेंजर्स सवार थे। एयरलाइन के प्रवक्ता ने बताया कि सोमवार को दिल्ली से मुंबई के लिए उड़ान भरने के बाद फ्लाइट संख्या क्यूपी 1719 को सुरक्षा अलर्ट मिला था। इसके बाद सुबह 10:13 बजे अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर विमान को सुरक्षित उतार लिया गया।

दूसरी तरफ, चेन्नई से कोलकाता जाने वाला इंडिगो का विमान बम की अफवाह के कारण दो घंटे लेट हो गया। अधिकारियों ने बताया कि थुरैपक्कम स्थित इंडिगो कॉल सेंटर में एक कॉल आया था, जिसमें कहा गया कि चेन्नई-कोलकाता फ्लाइट में बम धमाका होगा।

उम्मीद है, असल परिणाम एग्जिट पोल के उलट होंगे : सोनिया

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख ने कहा-इंतजार कीजिए और देखिए
- एग्जिट पोल में चुनाव में राजग को प्रचंड बहुमत का पूर्वानुमान

कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने सोमवार को कहा कि उन्हें पूरी उम्मीद है कि लोकसभा चुनाव के असल परिणाम 'एग्जिट पोल' (चुनाव बाद सर्वेक्षण) के अनुमान से बिल्कुल विपरीत होंगे। सोनिया ने कहा कि हमें प्रतीक्षा करनी होगी। बस, इंतजार कीजिए और देखिए।

उन्होंने कहा कि हमें पूरी उम्मीद है कि एग्जिट पोल में जो दिखाया जा रहा है, नतीजे उसके बिल्कुल विपरीत होंगे। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से सवाल किया गया था कि चार जून को घोषित होने जा रहे नतीजों से उन्हें क्या उम्मीद है? उन्होंने यह टिप्पणी द्रमुक कार्यालय में तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री एम करुणानिधि को उनकी 100वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद की। अधिकतर 'एग्जिट पोल' में लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को प्रचंड बहुमत मिलने का पूर्वानुमान व्यक्त किया गया है। अधिकतर सर्वेक्षणों में राजग को 350 से अधिक सीट मिलने की संभावना जताई गई है। अगर असल परिणाम भी एग्जिट पोल के अनुमान के मुताबिक रहते हैं तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगाता तीसरी बार बड़े बहुमत के साथ सत्ता संभालेंगे। कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन के अन्य घटक दलों ने एग्जिट पोल को खारिज कर दिया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रविवार को कहा था कि इसे एग्जिट पोल नहीं कहा जाता है बल्कि इसका नाम 'मोदी मीडिया पोल' है।

ताज एक्सप्रेस के तीन डिब्बों में लगी भीषण आग, सभी यात्री सुरक्षित

- दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के सरिता विहार में हुआ हादसा

नई दिल्ली, एजेंसी। दक्षिण-पूर्व दिल्ली के सरिता विहार इलाके में सोमवार को ताज एक्सप्रेस के तीन डिब्बों में आग लग गई। हादसे में कोई घायल नहीं हुआ है, यात्री समय रहते प्रभावित डिब्बों से बाहर निकलने में सफल रहे। आग लगने के कारणों का तत्काल पता नहीं चला। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारी ने बताया कि हमें अपराह्न चार बजकर 24 मिनट पर ताज एक्सप्रेस के तीन डिब्बों में आग लगने की सूचना मिली। आग बुझाने के लिए दमकल के आठ वाहनों को मौके पर भेजा गया है और आग पर शाम पांच बजकर 43 मिनट पर काबू पा लिया गया। इससे पहले अधिकारियों ने चार डिब्बों में आग लगने की बात कही थी। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि सूचना के बाद पुलिस कर्मी अपोलो अस्पताल के नजदीक स्थित घटनास्थल पर पहुंचे। घटनास्थल पर पहुंचने के बाद पाया गया कि ताज एक्सप्रेस के तीन डिब्बों में आग लगी है। ट्रेन रुकी हुई थी। उन्होंने बताया कि डी3 और डी4 डिब्बे पूरी तरह जल गए हैं जबकि डी2 को आंशिक नुकसान हुआ है।

रैबीज से प्रभावित किशोर ने परिजनों को काटा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- 12 वर्षीय किशोर को 10 दिन पहले एक पागल कुत्ते ने काटा था
- मोहल्ले वालों को भी काटने को दौड़ाया, अस्पताल में तोड़ा दम

अमृत विचार : 12 वर्षीय किशोर को पागल कुत्ते ने काट लिया। रैबीज का असर हुआ तो उसने परिवार के लोगों को काटना शुरू कर दिया। जिसके बाद परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल ले गए, जहां उसकी मौत हो गई।

रुद्रपुर में वार्ड नंबर तीन संजयनगर निवासी गोविंद सरकार के 12 वर्षीय पुत्र विक्की को पागल कुत्ते ने काट लिया था, परिवार इस बात से अनजान था। रविवार की सुबह विक्की ने अपने पिता गोविंद की उंगुली में काट लिया। इसके बाद अपने दोनों छोटे भाइयों को भी काट लिया। बेकाबू विक्की ने मोहल्ले वालों को भी काटने की कोशिश की। परिजन उसे किसी तरह अस्पताल लेकर पहुंचे। विक्की के मुंह से लार निकल रहा था, वह कुत्ते की तरह हरकतें कर रहा था। जिला अस्पताल रुद्रपुर में हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने उसे हल्द्वानी के डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय रेफर कर दिया। यहां दो घंटे उपचार के बाद उसकी मौत हो गई।

सुरक्षाबलों ने लश्कर के स्वयंभू कमांडर समेत दो आतंकियों को मार गिराया

- दक्षिणी कश्मीर के पुलवामा जिले में हुई मुठभेड़

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में सोमवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा के एक स्वयंभू कमांडर समेत दो आतंकवादी मारे गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। कश्मीर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक वी.के. बिरधी ने बताया कि रियाज डार और रईस डार नामक दो आतंकवादी दक्षिण कश्मीर जिले के निहामा इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान के दौरान हुई मुठभेड़ में मारे गए। रियाज डार प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा का कमांडर था और कई आतंकी मामलों में वांछित था। वह कई सालों से सुरक्षा बलों को चकमा दे रहा था। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बलों ने वहां आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में पुख्ता जानकारी मिलने के बाद अभियान शुरू किया था। अधिकारी ने बताया कि आतंकवादियों ने तलाशी दल के सदस्यों पर गोलीबारी की और मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए।

फैसला : चार वर्ष की बच्ची से दुष्कर्म और हत्या करने के दोषी को मृत्युदंड

संवाददाता, बहराइच

- पुलिस व अभियोजन पक्ष की पैरवी में तीन माह 11 दिन में आया फैसला

अमृत विचार : कैसरगंज थाना क्षेत्र की एक बच्ची से दुष्कर्म और उसकी हत्या करने वाले आरोपी को सोमवार को विशेष न्यायाधीश पाक्सो ने मृत्युदंड दिया। विशेष न्यायाधीश ने महज दो माह बीस कार्य दिवस (तीन माह 11 दिन) में ही साढ़े चार वर्षीय बच्ची के साथ न्याय करते हुए दोषसिद्ध अभियुक्त को सजा सुनाई, कोर्ट ने 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

बच्ची की मां ने कैसरगंज थाने में तहरीर दी थी कि वह 21 फरवरी 2024 को बाजार गई थी। दोपहर दो बजे घर लौटी तो उसकी बच्ची नहीं थी। बेटे से पूछा, तो उसने बताया कि वह बहन के साथ लाला के घर खेलने गया था। तहरीर के आधार पर एसओ ने 22 फरवरी को मामला दर्ज कर विवेचना राजनाथ सिंह को सौंपी थी। विवेचक ने संदेह के आधार पर राजेश उर्फ लाला से कड़ाई से पूछ-ताछ की तो उसने घटना स्वीकारते हुए बच्ची की हत्या करने की बात कही। पुलिस ने लाला को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर बच्ची का शव का बरामद किया और आरोपपत्र सक्षम न्यायालय को सौंपा था। कोर्ट ने आरोपपत्र का 29 मार्च को संज्ञान में लेते हुए सुनवाई शुरू की थी। एसपी वृंदा शुक्ला ने बताया कि विशेष जिला शासकीय अधिवक्ता संतप्रताप सिंह व विशेष लोक अभियोजक संतोष सिंह व थाने के पैरोकार की प्रभारी पैरवी के तहत दो माह बीस कार्यदिवस (तीन माह 11 दिन) में ही विशेष न्यायाधीश पाक्सो दीपकांत मणि की कोर्ट ने सुनवाई के बाद अभियुक्त राजेश उर्फ लाला को दोषी करार देते हुए मृत्युदंड दिया। शासकीय अधिवक्ता पाक्सो संत प्रताप सिंह ने बताया कि मां ने तहरीर में बेटी की आयु छह वर्ष बताया था। लेकिन चिकित्सीय परीक्षण में उसकी आयु साढ़े चार वर्ष ही निकली।

रोडवेज का किराया 1 से 3 रुपये तक बढ़ा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : रोडवेज बसों में सफर करना अब और महंगा होगा। टोल टैक्स में वृद्धि के बाद परिवहन निगम ने एसी से लेकर साधारण बसों तक के किराए में एक से तीन रुपये तक की बढ़ोत्तरी का फैसला लिया है। यह दरें सोमवार रात 12 बजे के बाद लागू हो जाएंगी। भीषण गर्मी की वजह से रोडवेज बसों में लगातार यात्रियों की संख्या कम हो रही थी। इससे निगम को हर रोज तीन करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा था। अब बढ़े किराए का असर भी निगम को चोट दे सकता है।

राष्ट्रीय राजमार्गों की टोल दरें बढ़ने से रोडवेज बसों के किराये में भी बढ़ोतरी हो गई। प्रति टोल एक रुपये बढ़ रहे हैं, लखनऊ से प्रयागराज जाने में तीन टोल गेट पड़ते हैं। ऐसे में बसों के किराये में तीन रुपये तक की बढ़ोतरी हुई है। साधारण बस सेवा से सफर करने वाले यात्रियों को अब लखनऊ से वाराणसी, देहरादून, हरिद्वार जाने के लिए 3 रुपये अधिक किराया अदा करना पड़ेगा। कैसरबाग, लखनऊ से बरेली सेटेलाइट बस स्टेशन जाने के लिए एक रुपया अधिक देना पड़ेगा। इसी प्रकार बस्ती, रायबरेली, गोरखपुर, अयोध्या का किराया एक रुपया बढ़ा है। प्रयागराज, रुपईडीहा, सीतापुर, आजमगढ़ जाने के लिए किराये में बढ़ोत्तरी नहीं की गई है।

टोल टैक्स बढ़ने से बढ़ा सरचार्ज

निगम की बसों के टिकट में टोल का सरचार्ज जुड़ा होता है। सरचार्ज संशोधित होने पर किराए में वृद्धि के लिए शासन से अनुमति लेने की जरुरत नही होती। प्रति बस 35 यात्रियों के आधार पर सरचार्ज का आकलन होता है। जिन मार्गों पर टोल दरें पहले 50 पैसे से कम रही हैं वहां अब नई दरें लागू होने से सरचार्ज 50 पैसे से अधिक हो रहा है। कई ऐसे भी टोल हैं जहां नई दरों के बाद भी सरचार्ज में 50 पैसे तक ही वृद्धि हुइ है।

- टोल टैक्स में वृद्धि के बाद परिवहन निगम ने लिया फैसला, आज से नया दर लागू

> टोल टैक्स बढ़ने से सरचार्ज बढ़ा है, बेसिक किराया पुराना ही है। सरजार्च में वृद्धि से यात्रियों पर मामूली भार पड़ेगा।
> मासूम अली सरवर, प्रबंध निदेशक राज्य सड़क परिवहन निगम .उप्र

एजेंसियों की विफलता से भागे मोदी, मेहुल और माल्या

मुंबई, एजेंसी

- मुंबई की एक विशेष अदालत ने सुनवाई के दौरान की टिप्पणी
- सही समय पर गिरफ्तारी में नाकाम रहीं एजेंसियां : कोर्ट

करोड़ों डॉलर के घोटालों में शामिल नीरव मोदी, मेहुल चोकसी और विजय माल्या जैसे उद्यमी इसलिए देश छोड़कर जाने में सफल रहे क्योंकि जांच एजेंसियां उन्हें सही समय पर गिरफ्तार नहीं कर पाईं। यहां एक विशेष अदालत ने हाल में यह बात कही।

विशेष न्यायाधीश एम जी देशपांडे ने धनशोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत निरुद्ध एक आरोपी की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की जिसने अपनी जमानत शर्तों में बदलाव का अनुरोध किया था। अदालत ने धनशोधन मामले में आरोपी व्योमेश शाह की इस याचिका को 29 मई को विचारार्थ स्वीकार कर लिया था जिसमें उसने अनुरोध किया था कि विदेश यात्रा के लिए अदालत की पूर्व अनुमति लेने की जमानत की शर्त को हटाया जाए। विस्तृत आदेश हाल में उपलब्ध कराया गया।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दलील दी थी कि शाह की अर्जी को स्वीकार करने से नीरव मोदी, विजय माल्या और मेहुल चोकसी के मामलों जैसी परिस्थितियां पैदा होंगी।

इस पर न्यायाधीश ने कहा कि मैंने सोच-समझकर इस दलील पर विचार किया और मुझे यह बात सामने रखना जरूरी लगता है कि ये सभी लोग, सही समय पर इन्हें गिरफ्तार नहीं कर पाने में संबंधित जांच एजेंसियों की नाकामी की वजह से भागे। उन्होंने कहा कि इसके विपरीत शाह समन पर अदालत में पेश हुए, जमानत हासिल की और उन्होंने विदेश यात्रा के लिए कई बार आवेदन किया। अदालत ने कहा कि शाह के मामले की तुलना नीरव मोदी, विजय माल्या और मेहुल चोकसी आदि के मामलों से नहीं की जा सकती। नीरव मोदी भारतीय मूल के बेल्जियम में व्यवसाई और भगोड़े हैं। जिनपर इंटरपोल और भारत सरकार की ओर से कई आपराधिक आरोप लगाए गए हैं।

ईडी और सीबीआई कर रहीं तीनों मामले की जांच

हीरा कारोबारी नीरव मोदी और उसका मामा मेहुल चोकसी करोड़ों रुपये के पीएनबी घोटाले में मुख्य आरोपी हैं। नीरव इस समय ब्रिटेन की एक जेल में सजा काट रहा है, वहीं चोकसी एंटीगुआ में रहता है। माल्या भी 900 करोड़ रुपये से अधिक के कर्ज धोखाधड़ी मामले में आरोपी है और ब्रिटेन में है। इस मामले की जांच प्रवर्तन निदेशालय और केंद्रीय अन्वेषण अभिकरण कर रहे हैं।

खेल डायरी

सोमवार को कोलकाता में एक खेल पत्रिका को लॉन्च करते पूर्व क्रिकेटर सौरव गांगुली।

अलीरेजा से हारे आर प्रज्ञाननंदा कार्लसन को एकल बढ़त

स्टवांगर (नॉर्वे)। भारत के भाई बहन की जोड़ी आर प्रज्ञाननंदा और आर वैशाली को नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट छठे दौर में हार का सामना करना पड़ा जबकि मैग्नस कार्लसन ने खराब फॉर्म में चल रहे डिंग लिरेन को हराकर 12 अंकों के साथ एकल बढ़त हासिल कर ली। अमेरिका के फैबियानो कारूआना ने हमवतन हिकारू नाकामुरा को हराकर छह खिलाड़ियों के बीच डबल राउंड रॉबिन आधार पर खेली जा रही इस प्रतियोगिता में कार्लसन को बढ़त हासिल करने में मदद पहुंचाई। प्रज्ञाननंदा को क्लासिकल मैच में फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा के खिलाफ थोड़ा संघर्ष करना पड़ा लेकिन वह इसके बाद आर्मगेडन टाईब्रेकर में हार गए। उनकी बहन वैशाली को चीन की विश्व महिला चैंपियन वेनजुन जू से हार का सामना करना पड़ा। अब जबकि चार दौर की बाजियां खेली जानी बाकी हैं तब शीर्ष पर काबिज कार्लसन के बाद नाकामुरा का नंबर आता है जिनके 11 अंक हैं जबकि प्रज्ञाननंदा 9.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर बने हुए हैं।

म्यूनिख विश्व कप में पदक की दौड़ में बरकरार ईशा

म्यूनिख। भारत की रमिता जिंदल कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद सोमवार को यहां महिला 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में छठे स्थान पर रही जबकि ईशा सिंह ने 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल स्पर्धा के क्वालीफिकेशन में छठे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाकर आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्व कप में पदक की उम्मीद बरकरार रखी। ओलंपिक चयन ट्रायल में दूसरे स्थान पर रही रमिता आठ निशानेबाजों के फाइनल में बाहर होने वाली तीसरे नंबर की निशानेबाज रहीं। उन्हें फाइनल में एकाग्रता टूटने के कारण 9.9 और 9.8 के दो खराब स्कोर का खामियाजा भुगतना पड़ा। विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता चीन की 17 साल की हुआंग यूटिंग (252.7) ने अंतिम शॉट पर कोरिया की 16 साल की बेन ह्योजिन (252.7) को पछाड़कर स्वर्ण पदक जीता। रमिता ने क्वालीफिकेशन में 633.0 के स्कोर से चौथे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई थी। यूटिंग ने इस दौरान 635.3 अंक के साथ क्वालीफिकेशन विश्व जूनियर रिकॉर्ड बनाया।

वर्ल्ड एथलेटिक्स ने की नई वैश्विक चैंपियनशिप की घोषणा

मोनाको। एथलेटिक्स की वैश्विक संचालन संस्था वर्ल्ड एथलेटिक्स ने सोमवार को एक नई सत्रांत चैंपियनशिप की घोषणा की जिसमें एक करोड़ अमेरिकी डॉलर की रिकॉर्ड पुरस्कार राशि दी जाएगी और विश्व तथा ओलंपिक चैंपियन के साथ-साथ डाइमंड लीग विजेताओं के बीच मुकाबले से सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी तय होंगे। इस टूर्नामेंट का नाम 'वर्ल्ड एथलेटिक्स अल्टीमेट चैंपियनशिप' रखा गया है और इसका उद्देश्य व्यापक दर्शकों तक पहुंच बनाना है। ट्रैक एवं फील्ड के इतिहास में सबसे अधिक पुरस्कार राशि प्रदान करने वाली यह चैंपियनशिप 2026 के ट्रैक एवं फील्ड सत्र का समापन करेगी। बुडापेस्ट 11-13 सितंबर तक पहले टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा और चैंपियनशिप हर दो साल में आयोजित की जाएगी। चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक विजेताओं को 150,000 डॉलर मिलेंगे।

विश्वकप के पहले सुपर ओवर में नामीबिया ने ओमान को हराया

नामीबिया की जीत में ट्रम्पेलमैन और वीज चमके, दोनों टीमों ने बनाए 109 रन

ब्रिजटाउन, एजेंसी

रुबेन ट्रंपलमन 21 रन पर चार विकेट और डेविड वीजा तीन विकेट के हरफनमौला प्रदर्शन के साथ यान फ्रारायलिंक (45) रनों की बेहतरीन पारी से नामीबिया ने ग्रुप बी में टी-20 विश्वकप के तीसरे मैच में 109 रन पर टाई हुए मैच के सुपर ओवर में ओमान पर जीत दर्ज की है।

रविवार रात नामीबिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ओमान की टीम को नामीबिया के गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए 19.4 ओवर में 109 रन पर सिमेट दिया। ओमान की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 10 रन पर अपने तीन विकेट गवां दिए। उसके बाद जीशान मकसूद (22) और खालिद केल (34) रन ने पारी संभालने का प्रयास किया। अयान खान (15) और शकील अहमद (11) रन बनाकर आउट हुए। नामीबियाई गेंदबाजों के आगे ओमान का कोई भी बल्लेबाज नहीं टिक सका। छह बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। नामीबिया की ओर से रुबेन ट्रंपलमन ने चार विकेट लिए। डेविड वीजा को तीन विकेट मिले। एरार्ड इरास्मस ने दो और बर्नार्ड स्कोल्ट्ज ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

110 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नामीबिया ने पहले ही ओवर में माइकल वैन लिंगेन (शून्य) का विकेट गवां दिया। निकोलस डेविन (24), कप्तान एरार्ड इरास्मस (13), जेन ग्रीन (शून्य) पर आउट हुए। यान फ्रारायलिंक ने सर्वाधिक 45 रनों की पारी खेली। ओमान की गेंदबाजों ने नामीबिया के बल्लेबाजों खुलकर बल्लेबाजी नहीं कर दी और नामीबिया निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 109 रन बनाकर मैच टाई करने में सफल रही। इसके बाद हुए सुपर ओवर में डेविड वीजा के ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए पहले सुपर ओवर की चार गेंदों पर 13 रन बनाए और फिर गेंदबाजी में 21 रन का बचाव करते हुए केवल 10 रन दिए। इससे पहले मैच के दौरान उन्होंने ओमान के तीन विकेट लिए थे तथा नाबाद नौ रन भी बनाए थे। सुपर ओवर में नामीबिया ने ओमान पर जीत दर्ज की। डेविड विजा ने उनके शानदान प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच मिला।

विश्व कप के लिए रिकॉर्ड 11.25 मिलियन डॉलर के ईनाम की घोषणा

न्यूयॉर्क। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने टी-20 विश्व कप के लिए रिकॉर्ड 11.25 मिलियन डॉलर (करीब 93 करोड़ 51 लाख रूपये) पुरस्कार राशि का ऐलान किया है जिसमे से विजेता को 2.45 मिलियन डॉलर (करीब 20 करोड़ 36 लाख रूपये) दिए जाएंगे। उपविजेता को 1.28 मिलियन डॉलर मिलेंगे जबकि सेमीफाइनल हारने वाली टीमों को 787500 डॉलर दिये जाएंगे। पिछली बार कुल ईनामी राशि 5.6 मिलियन डॉलर थी जिसमे से विजेता इंग्लैंड को 1.6 मिलियन डॉलर मिले थे। आईसीसी ने कहा आईसीसी पुरूष टी-20 विश्व कप के नौवे सत्र में 20 टीमों के टूर्नामेंट के विजेता को 2.45 मिलियन डॉलर ईनाम के तौर पर मिलेंगे जो टूर्नामेंट के इतिहास में सर्वोच्च ईनामी राशि है। इसके अलावा ट्रॉफी भी 29 जून को बारबडोस में फाइनल के बाद दी जाएगी। सुपर आठ से आगे नहीं जा पाने वाली चारों टीमों में से प्रत्येक को 382500 डॉलर दिये जाएंगे जबकि नौवें से 12वें स्थान की टीमों को 247500 डॉलर और 13वें से 20वें स्थान की टीमों को 225000 डॉलर मिलेंगे।

संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

ओमान : 109/10, 19.4 ओवर। **रन :** जीशान मकसूद 22, खालिद 34, शकील अहमद 11। **विकेट :** रुबेन ट्रंपलमन 4, वीज 3, इरासमूस 2।

नामीबिया : 109/6, 20 ओवर। **रन :** निकोलस डाविन 24, जान निकोलास फ्राइलिनक 45, इरासमूस 13। **विकेट :** महरन खान 3, आकिब इलियास 1, बिलाल खान 1, अयान खान 1।

स्कॉटलैंड के सामने इंग्लैंड, युगांडा के खिलाफ अफगानिस्तान दावेदार

- रात 8 बजे होगा पूर्व चैंपियन इंग्लैंड और स्कॉटलैंड का मैच
- गयाना के प्रोविडेंस में खेलेगा अफगानिस्तान और युगांडा

ब्रिजटाउन (बारबडोस), एजेंसी

बारिश के कारण तैयारियों को अंतिम रूप देने से महरूम रहा गत चैंपियन इंग्लैंड मंगलवार को यहां स्कॉटलैंड के खिलाफ टी-20 विश्व कप के अपने पहले मैच में जीत के साथ अपने अभियान की विजयी शुरुआत करने के इरादे से उतरेगा। फिल सॉल्ट इंडियन प्रीमियर लीग की शानदार फॉर्म को टी-20 विश्व कप में जारी रखना चाहेंगे जबकि तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की वापसी से इंग्लैंड का गेंदबाजी आक्रमण मजबूत हुआ है।

स्वदेश में पाकिस्तान के खिलाफ चार मैच की टी-20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला बारिश से प्रभावित रही लेकिन इसके बावजूद इंग्लैंड खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगा और तीसरी बार खिताब जीतने का प्रयास करेगा। टी-20 प्रारूप में पहली बार स्कॉटलैंड का सामना करने जा रही जोस बटलर की अगुआई वाली इंग्लैंड की टीम केनसिंगटन ओवल में होने वाले मुकाबले में जीत की मजबूत दावेदार के रूप में उतरेगी। स्कॉटलैंड के अलावा इंग्लैंड के साथ ग्रुप बी में चिर प्रतिद्वंद्वी ऑस्ट्रेलिया, नामीबिया और ओमान को भी जगह मिली है। सुपर आठ चरण में जगह बनाने के लिए टीमों को अपने ग्रुप में शीर्ष दो में जगह बनानी होगी। सफेद

गेंद के क्रिकेट में टीम को वेस्टइंडीज के खिलाफ 50 ओवर और 20 ओवर दोनों प्रारूप की श्रृंखला में हार का सामना करना पड़ा।

वहीं दिन के दूसरे मैच में अफगानिस्तान की टीम गयाना के प्रोविडेंस में होने वाले मुकाबले में युगांडा के खिलाफ प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगी। अफ्रीका की टीम टूर्नामेंट में पदार्पण कर रही है। अफगानिस्तान ने भारत में पिछले साल हुए आईसीसी एकदिवसीय विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और पाकिस्तान जैसी टीमों को हराया था और टीम उस प्रदर्शन से आत्मविश्वास हासिल करने की कोशिश करेगी।

भारतीय बल्लेबाज केदार जाधव ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

पुणे, एजेंसी

भारत और महाराष्ट्र के बल्लेबाज केदार जाधव ने राष्ट्रीय टीम के लिए आखिरी मैच खेलने के चार साल बाद सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। भारत के लिए नवंबर 2014 में रांची में श्रीलंका के खिलाफ एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले के साथ अंतर्राष्ट्रीय पदार्पण करने वाले 39 साल के जाधव ने 73 एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय और नौ टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले खेले।

भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के करीबी माने जाने वाले जाधव ने इस दिग्गज विकेटकीपर-बल्लेबाज की शैली में ही संन्यास की घोषणा की। जाधव ने 'एक्स' पर लिखा मेरे करियर के दौरान आपके प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद। मुझे क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लिया हुआ समझिए। जाधव रविवार को पुणे में शुरू हुई महाराष्ट्र प्रीमियर लीग में कोल्हापुर टस्कर्स की कप्तानी कर रहे हैं और उनकी पोस्ट से यह स्पष्ट नहीं होता कि वह इस टूर्नामेंट में आगे खेलेंगे या नहीं। जाधव ने भारत के लिए 73 एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय में दो शतक और छह अर्धशतक की मदद से 42.09 के औसत से 1389 रन बनाए। उन्होंने नौ टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबलों की छह पारियों में 122 रन भी बनाए। जाधव ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी जनवरी 2017 में पुणे में एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान इंग्लैंड के खिलाफ खेली जब उन्होंने बड़े स्कोर वाले मैच में 76 गेंद में 12 चौकों और चार छक्कों से 120 रन की पारी खेलते हुए अपना दूसरा शतक जड़ा और भारत को तीन विकेट से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

मुंबई का ऑफ-सत्र शिविर शुरू रहाणे का फिटनेस पर जोर

मुंबई। मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने सोमवार को फिटनेस पर काम करने के महत्व पर जोर दिया और अपने राज्य की टीम के खिलाड़ियों को बेहतर होने के लिए ऑफ-सत्र (जब सत्र नहीं चल रहा हो) ट्रेनिंग शिविर का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने आगामी सत्र के लिए 'होम ऑफ द चैम्पियंस' थीम पर तीन महीने का शिविर शुरू किया। पिछले सत्र में रणजी ट्रॉफी में मुंबई को रिकॉर्ड में इजाफा करने वाली खिताबी जीत दिलाने वाले रहाणे ने कहा कि खिलाड़ियों के लिए मैदान पर अच्छा प्रदर्शन करने के लिए पर्दे के पीछे काम करना महत्वपूर्ण है। रहाणे ने मीडिया से कहा यह कई युवाओं को मुंबई के लिए अच्छा प्रदर्शन करने और विरासत को आगे बढ़ाने और सभी आयु वर्गों (टीमों) में मुंबई के लिए अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगा।

आर अश्विन की आत्मकथा का विमोचन 10 को

नई दिल्ली। मैदान पर अपनी चतुराई के लिए पहचाने जाने वाले भारत के शीर्ष ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन की आत्मकथा का 10 जून को विमोचन होगा। पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया (पीआरएचआई) ने सोमवार को यह घोषणा की।

सिद्धार्थ मोंगा के साथ इस अनुभवी क्रिकेटर द्वारा लिखी गई 'आई हैव द स्ट्रीट्सः ए कुट्टी क्रिकेट स्टोरी' क्रिकेट स्टार बनने से पहले अश्विन के जीवन का एक सूक्ष्म और स्पष्ट चित्रण पेश करने का वादा करती है। अश्विन ने कहा एक क्रिकेटर बनने की अपनी कहानी साझा करते हुए मुझे खुशी हो रही है। इस पुस्तक के माध्यम से मुझे कई महत्वाकांक्षी क्रिकेटरों को प्रेरित करने की उम्मीद है।

पुस्तक में उनकी बचपन की स्वास्थ्य समस्याओं, उनके मध्यमवर्गीय परिवार के अथक समर्थन और चेन्नई में क्रिकेट के दीवाने इलाके में पले-बढ़े होने की खुशी के बारे में बताया गया है। टेस्ट क्रिकेट में भारत के सबसे बड़े मैच विजेताओं में से एक माने जाने वाले अश्विन को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए जाना जाता है जिसमें 300 टेस्ट विकेट तक सबसे जल्दी पहुंचने वाला गेंदबाज बनना भी शामिल है।

इंडोनेशिया ओपन में खिताब बचाने उतरेंगे सात्विक-चिराग

- आज से शुरू होगा इंडोनेशिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट
- पीवी सिंधू के सामने होगी अकाने और कैरोलिना की चुनौती

जकार्ता, एजेंसी

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय जोड़ी ओलंपिक को ध्यान में रखते हुए मंगलवार से यहां शुरू हो रहे इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में खिताब का बचाव करके अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने की कोशिश करेगी। भारत की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी को पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। इस सत्र में उनका प्रदर्शन अच्छा रहा है। उन्होंने चार प्रतियोगिताओं के फाइनल में प्रवेश किया जिनमें से वह फ्रेंच ओपन और थाईलैंड ओपन जीतने में सफल रहे।

थॉमस कप में हालांकि इंडोनेशिया और चीन के खिलाफ वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। इसके अलावा वह ऑल इंग्लैंड ओपन और पिछले सप्ताह सिंगापुर ओपन में शुरू में बाहर हो गए थे। सात्विक और चिराग पिछले साल इंडोनेशिया ओपन जीतकर सुपर 1000 टूर्नामेंट जीतने वाले पहले भारतीय बने थे। वे अब पिछले सप्ताह की गलतियों में सुधार करके पिछले साल का प्रदर्शन दोहराने की कोशिश करेंगे। उनका

पहला मुकाबला मलेशिया के मैन वेई चोंग और काई वुन टी से होगा। पीवी सिंधू पर भी दबाव होगा जो पेरिस ओलंपिक से पहले आत्मविश्वास हासिल करना चाहेंगी।

मलेशिया ओपन के फाइनल में पहुंचने से उनका मनोबल बढ़ा होगा लेकिन खिताबी मुकाबले में चीन की वांग झी यी के खिलाफ 11-3 से आगे होने के बावजूद हारना चिंताजनक है। आन से यंग, चेन यू फी, अकाने यामागुची और कैरोलिना मारिन जैसी चोटी की खिलाड़ी मलेशिया ओपन में नहीं खेली थी लेकिन वे इंडोनेशिया ओपन में चुनौती पेश करेंगे और ऐसे में सिंधू के लिए राह आसान नहीं होगी। सिंधू अगर पहले दौर में चीनी ताइपे की वेन ची सू को हरा देती है तो फिर उन्हें मारिन का सामना करना पड़ सकता है जिनसे वह पिछले सप्ताह क्वार्टर फाइनल में हार गई थी। पुरुष एकल में भारत की निगाह एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन पर टिकी रहेगी। लक्ष्य जापान के कांता सुनेयामा के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे।

क्वार्टर फाइनल में पहुंचने पर उनका सामना मौजूदा ओलंपिक चैंपियन और शीर्ष वरीयता प्राप्त विक्टर एक्सेलसेन से हो सकता है जिनसे वह पिछले सप्ताह हार गए थे। इस सत्र में स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से जूझने वाले प्रणय पहले दौर में हमवतन प्रियांशु राजावत से भिड़ेंगे। किदांबी श्रीकांत और किरण जॉर्ज भी अपनी चुनौती पेश करेंगे।

पेरिस ओलंपिक के लिए फ्रांस की टीम में एमबाप्पे को जगह नहीं

पेरिस। स्टार खिलाड़ी काइलियान एमबाप्पे पेरिस ओलंपिक में फ्रांस के लिए नहीं खेलेंगे क्योंकि उन्हें सोमवार को थियेरी हेनरी की इन खेलों के लिए अस्थाई टीम में जगह नहीं मिली। विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रहे एमबाप्पे ने अपने देश में होने वाले ओलंपिक में खेलने की इच्छा व्यक्त की थी।

हेनरी और यहां तक कि फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों भी चाहते थे कि एमबाप्पे पुरुष ओलंपिक टीम का हिस्सा बनें लेकिन उन्हें 25 सदस्यीय टीम में शामिल नहीं किया गया। पेरिस सेंट जर्मेन को एक स्वतंत्र एजेंट के रूप में छोड़ने के बाद एमबाप्पे के रीयाल मैड्रिड से जुड़ने की उम्मीद की जा रही है।

रॉय कृष्णा ने ओडिशा एफसी के साथ अनुबंध बढ़ाया

भुवनेश्वर। फिजी के फारवर्ड रॉय कृष्णा ने सुपर कप चैंपियन ओडिशा एफसी के साथ अपने अनुबंध को एक साल के लिए बढ़ा दिया है। इंडियन सुपर लीग फुटबॉल टीम ओडिशा एफसी ने सोमवार को यह घोषणा की। रॉय ने आईएसएल के इस सत्र में 13 गोल किए जबकि तीन गोल करने में मदद भी की। उन्होंने माजिया एस एंड आरसी के खिलाफ मालदीव में एएफसी कप मैच में पिछड़ने के बाद 3-2 की जीत के दौरान विजयी गोल भी दागा।

एडीडीपी ने बजरंग पर लगा अस्थाई निलंबन हटाया

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक एजेंसी की अनुशासन पैनल (एडीडीपी) ने पहलवान बजरंग पूनिया को नाडा द्वारा आरोप का नोटिस नहीं दिए जाने तक उन पर लगा अस्थाई निलंबन हटा दिया है।

पूनिया ने मार्च में चयन ट्रायल के बाद डोप टेस्ट के लिए नमूना देने से इनकार किया था। नाडा ने 23 अप्रैल को तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पूनिया पर 23 अप्रैल तक का प्रतिबंध लगा दिया था। इसके बाद युनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग ने भी यही कार्रवाई की थी। बिश्केक में हुए एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर के लिये पुरूष टीम के चयन ट्रायल 10 मार्च को सोनीपत में हुए थे और बजरंग हारने के बाद मूत्र का नमूना दिये बिना स्थान से चले गए थे। उन्होंने तीसरे चौथे स्थान के मुकाबले में भाग भी नहीं लिया था।

बजरंग ने अपने वकील के मार्फत अस्थायी निलंबन को चुनौती दी थी। एडीडीपी ने अपने आदेश में कहा सुनवाई पैनल की राय है कि इस स्तर पर जब एथलीट को आरोप का नोटिस जारी किया जाना बाकी है और नमूना देने से इनकार करने के लिए एथलीट द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण/औचित्य के गुण-दोष पर विचार किए बिना और नाडा की ओर से पेश वकील की दलील का जवाब दिये बिना, एथलीट का अस्थायी निलंबन तब तक के लिए रद्द किया है जब तक कि एथलीट को डोपिंग निरोधक नियम, 2021 के उल्लंघन के लिए औपचारिक रूप से आरोप लगाने का नोटिस जारी करने का फैसला नहीं करता।

टी-20 विश्व कप का प्रसारण करेगा दूरदर्शन

नई दिल्ली। प्रसार भारती ने सोमवार को घोषणा की कि वह अपने डीडी स्पोर्ट्स चैनल पर मौजूदा टी-20 विश्व कप, पेरिस ओलंपिक और विंबलडन का प्रसारण करेगा। प्रसार भारती के सीईओ गौरव द्विवेदी ने सोमवार को यहां मीडिया के साथ बातचीत के दौरान यह घोषणा की।

प्रसार भारती ने इस मौके पर टी-20 विश्व कप के लिए विशेष गान जज्बा भी लॉन्च किया। दूरदर्शन ने 26 जुलाई से 11 अगस्त तक पेरिस ओलंपिक और 28 अगस्त से आठ सितंबर तक पेरिस पैरालंपिक का सीधा प्रसारण, स्थगित प्रसारण और मुख्य आकर्षण के प्रसारण की भी घोषणा की। साथ ही छह से 14 जुलाई तक भारत के जिम्बाब्वे दौरे का भी प्रसारण किया जाएगा। टी-20 विश्व कप के बाद इस दौरे पर पांच टी-20 मैच खेले जाएंगे। 27 जुलाई के सात अगस्त तक श्रीलंका में भारत की सीमित ओवरों की श्रृंखला का प्रसारण भी डीडी स्पोर्ट्स पर होगा। दूरदर्शन इसके अलावा फ्रेंच ओपन और विंबलडन के फाइनल का भी प्रसारण करेगा। प्रसार भारती अपने खेल चैनल पर विभिन्न खेल लीग और प्रतियोगिताओं को दिखाने के लिए विभिन्न खेल संस्थाओं और एजेंसियों के साथ बातचीत के अग्रिम चरण में है।

दिमित्रोव और सिनर फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में

पेरिस, एजेंसी

ग्रिगोर दिमित्रोव ने एक कड़े मुकाबले में ह्यूबर्ट हर्काज को हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया जहां उनका सामना ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन यानिक सिनर से होगा। दिमित्रोव ने हर्काज को 7-6 (5), 6-4, 7-6 (3) से हराया। यह पहला अवसर है जबकि दिमित्रोव ने फ्रेंच ओपन के अंतिम आठ में जगह बनाई।

सिनर ने फ्रांस के गैर वरीयता प्राप्त कॉरेंटिन मौटेट के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके 2-6, 6-3, 6-2, 6-1 से जीत दर्ज की। पुरुष वर्ग में दो बार के ग्रैंडस्लैम विजेता कार्लोस अल्काराज और स्टेफानोस सिटसिपास ने भी क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया जहां इनका आमना सामना होगा। तीसरे वरीय अल्काराज ने कनाडा के 21वें वरीय फेलिक्स ऑगर अलियासिमे को 6-3, 6-3, 6-1 से जबकि नौवें वरीय सिटसिपास ने इटली के गैर वरीय माटियो अर्नाल्डी को 3-6, 7-6 (4), 6-2, 6-2 से पराजित किया। महिला वर्ग में विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा और ओन्स जाबूर ने भी क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। चेक गणराज्य की वोंद्रोसोवा ने सर्बिया की ओल्गा डैनिलोविच को 6-4, 6-2 से हराया। ट्यूनीशिया की जाबूर ने गैर वरीयता प्राप्त डेन क्लारा टॉसन को 6-4, 6-4 से हराकर लगातार दूसरी बार फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह सुरक्षित की। अंतिम आठ में उनका सामना अमेरिका की कोको गॉफ से होगा जिन्होंने इटली की एलिजाबेटा कोसियारेटो को 6-1, 6-2 से पराजित किया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

अकबरपुर डिग्री कालेज में लगी मतगणना के लिए लगी टेबल। अमृत विचार

मतगणना हाल में निरीक्षण करते एडीएम। अमृत विचार

राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते एडीएम। अमृत विचार

आज ईवीएम बताएगी किसके सिर पर सजेगा सांसद का ताज

अकबरपुर में कड़ी सुरक्षा के बीच होगी मतगणना, पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था के लिए इंतजाम किए चाक-चौबंद

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

अमृतविचार। अकबरपुर डिग्री कॉलेज में मंगलवार सुबह से होने वाली लोकसभा निर्वाचन की मतगणना को लेकर जिला प्रशासन की ओर से व्यवस्थाएं चाक-चौबंद कर दी गई है। वहीं सुरक्षा चक्र के तहत मतगणना केंद्र के अंदर व बाहर नजर रखी जा रही है। सुरक्षा चक्र में कॉलेज के अंदर बाहर व बैरीकेडिंग के पास अर्द्धसैनिक व पुलिस व पीएसी के जवान तैनात किए गए हैं।

लोकसभा निर्वाचन की मतगणना को लेकर जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था के लिए चाक-चौबंद प्रबंध किए गए है। इसके लिए पीएसी अर्द्धसैनिक बल के जवानों के साथ पुलिस फोर्स भी तैनात रहेगी।

त्रिस्तरीय सुरक्षा में होने वाली मतगणना में कॉलेज के अंदर व बाहर आईटीबीपी के जवान तैनात है। वहीं प्रत्येक विधानसभा की मतगणना स्थल की निगरानी के लिए एक सीओ की तैनाती रहेगी। दरोगा और सिपाही मतगणना हाल में नजर आएंगे। मतगणना केंद्र के आस-पास प्रकार की अव्यवस्था न हो इसके लिए कॉलेज के बाहर की दुकानों को जिला प्रशासन ने बंद रखने का निर्देश दिया है।

एसपी राजेश पाण्डेय ने बताया कि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो इसके लिए व्यवस्था चाक-चौबंद की गई है। जो भी व्यक्ति अंदर जायेगा उसकी चेकिंग होगी वही किसी प्रकार के इलेक्ट्रानिक उपकरण, माचिस आदि पर प्रतिबंद्ध है।

मतगणना स्थल का जायजा लेते डीएम और एसपी। अमृत विचार

सुरक्षा को लेकर बातचीत करते एसपी व एएसपी। अमृत विचार

भारी वाहनों पर रहेगा प्रतिबंध

अकबरपुर डिग्री कॉलेज में होने वाली मतगणना को लेकर जिला प्रशासन की ओर से माती-अकबरपुर मार्ग पर भारी वाहनो को प्रतिबंधित किया गया है।

भाजपा-इंडिया गठबंधन में सीधी टक्कर

लोकसभा चुनाव 2024 में महानगर व अकबरपुर क्षेत्र से सांसद कौन होगा आज इसका खुलासा हो जायेगा। अकबरपुर सीट पर भजपा और इंडिया गठबंधन के बीच सीधी लड़ाई की बात सामने आ रही है। अकबरपुर लोकसभा सीट पर भाजपा से देवेंद्र सिंह भोले लगातार तीसरी बार मैदान में है। इनका मुकाबला इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी राजाराम पाल से है। वैसे इस सीट पर बसपा से राजेश द्विवेदी भी अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। पक्ष और विपक्ष दोनो ओर से मतगणना और जश्न मनाने की तैयारियां की गई है।मंगलवार दोपहर बाद से रूझान शुरू हो जायेगा। यह भी पता चलेगा कि कौन किस सीट पर भारी पड़ रहा है।

मतगणना से पहले नतीजों पर मची बमचक

कानुपर देहात। लोकसभा चुनाव के नतीजे से पहले राजनीतिक गलियारों में एग्जिट पोल पर चर्चा हो रही है। सोमवार को शहर की प्रमुख बाजारों चाय पान की दुकानों और कार्यालय में भी एग्जिट पोल के सही गलत होने पर खूब बमचक रही। भाजपा समर्थक खुशी जताते दिखे तो विरोधी दलों के समर्थक 2004 और 2017 में भाजपा को मिलने वाली सीटों के एग्जिट पोल को याद दिलाने से नहीं चुके। अकबरपुर पुल के नीचे शाम को पार्टियों और गुटों की बैठक लगी। इसमें बीजेपी समर्थक ने सपा के समर्थक से चुटकी ली की भैया इवीएम विरोध कब से शुरू कर रहे हो, इस पर गठबंधन के नेता बोले कि एक दिन और खुश हो लो फिर देखेंगे। कांग्रेस समर्थक ने इंडिया गठबंधन की एकतरफा जीत होने की बात कही तो भाजपाई बोले कि एग्जिट पोल तो भाजपा की सरकार बना रहा है। रूरा तिराहे के सामने चाय की दुकान पर कुछ युवा सोशल मीडिया पर मैसेजों पर खिलखिलाते नजर आए।

एडीएम ने की राजनीतिक दलों के साथ बैठक

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- बैठक में दी मतगणना स्थल पर की गई व्यवस्था की जानकारी

अमृतविचार। लोकसभा निर्वाचन 2024 की मंगलवार को होने वाली मतगणना शांतिपूर्ण, सकुशल, निष्पक्ष संपन्न कराए जाने के लिए अपर जिलाधिकारी प्रशासन,उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर मतगणना स्थल पर की गई व्यवस्थाओं की जानकारी देते हुये बताया कि अकबरपुर डिग्री कॉलेज में मतगणना स्थल पर प्रवेश के लिए अधिकृत प्रवेश पत्र की व्यवस्था की गई है। परिसर में बिना पास के प्रवेश नही दिया जाएगा। मतगणना कक्ष में मोबाइल सभी के लिए वर्जित है। मीडिया प्रतिनिधियों के लिए मतगणना केन्द्र में एक मीडिया सेंटर होगा जबकि विधानसभावार बनाए गए मतगणना कक्ष में प्रवेश हेतु निर्वाचन अभिकर्ताओं को पास के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार को प्रातः 8 बजे से गणना प्रारंभ की जायेगी। वोटों की गणना के लिये कुल 14 टेबल विधानसभावार लगायी जायेगी। मतगणना स्थल पर एजेंटो सभी नियमों का पालन करना होगा। राजनीतिक दल के पदाधिकारियों को बताया कि प्रत्येक राउंड में प्राप्त मतों का टेबुलेशन करने के साथ ही जानकारी एआरओ के माध्यम से अनाउंस कराई जाएगी। मतगणना परिसर के बाहर चारों ओर निर्धारित परिधि क्षेत्र में किसी भी वाहन को आवागमन करने की अनुमति नहीं दी जायेगी। मतगणना की प्रक्रिया निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत पारदर्शी तरीके से संपन्न होगी। बैठक में सहायक निर्वाचन अधिकारी अजीत पांडे, सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

एक नजर

पत्नी के साथ न जाने पर पति खाया जहर

रसूलाबाद। कन्नौज के मकरंद नगर निवासी एक युवक ने पत्नी के साथ न चलने पर दुखी होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन सीएचसी ले गए। कन्नौज के मकरंदनगर निवासी विनोद ने सोमवार को ससुराल जाकर पत्नी से साथ चलने को कहा। पत्नी ने जब मना कर दिया तो दुखी होकर विनोद ने जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर बहन विनोदिनी इलाज के लिए सीएचसी ले गई।

झोलाछाप के इलाज से मासूम की मौत

रसूलाबाद। कस्बा के कबीर नगर निवासी सलमान का बेटा अयान 45 दिन की हालत रविवार दोपहर उल्टी दस्त व बुखार आने से बिगड़ गई। परिजन कस्बा मे बैठने वाले एक झोलाछाप के यहां इलाज के लिए ले गए। जहां झोलाछाप ने कुछ सिरप दे दी। सोमवार सुबह सिरप पिलाते ही मासूम की हालत बिगड़ने लगी। परिजन सीएचसी ले गए। वहां ईएमओ डॉक्टर मोहम्मद सादिक ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया।

बंद क्लीनिक के बाहर खड़ी स्वास्थ्य विभाग की टीम। अमृत विचार

जांच टीम पहुचते ही झोलाछाप फरार

कानपुर देहात। भोगनीपुर तहसील क्षेत्र के बरौर क्षेत्र के गांव नेराकृपालपुर में संचालित एक झोलाछाप की क्लीनिक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो वायरल होते ही स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने मौके पर जांच के लिए टीम भेजी। जिसकी भनक लगते ही झोलाछाप मौके से फरार हो गया। अमृत विचार वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

जानकारी के अनुसार बरौर के नेराकृपालपुर में विशाल बाल्मीकि क्लीनिक चलाता है। जहां वह लोगों को रंग बिरंगी गोली देकर जिंदगी से जमकर खिलवाड़ कर रहा है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिससे हरकत में आई कानपुर देहात पुलिस ने जांच सीओ डेरापुर को सौप दी। वहीं दूसरी ओर एसीएमओ के निर्देश पर एक टीम का गठन किया गया। टीम के पहुंचने से पहले ही झोलाछाप क्लीनिक बंद कर भाग गया। जांच करने गए देवीपुर सीएचसी प्रभारी डाक्टर विकास कुमार ने बताया कि टीम पहुचने से पहले वह क्लीनिक बंद कर फरार हो गया है। क्लीनिक खुली होने पर जांच करेंगे।

सिर्फ कागजों पर गोवंश संरक्षण

संवाददाता राजपुर

अमृतविचार। सड़कों पर गोवंश घूमने से रोकने संबंधी आदेश के बावजूद प्रभावी रूप से अंकुश नहीं लग पा रहा है। अमरौधा ब्लॉक क्षेत्र में काफी स्थानों पर गोवंश खुले ही सड़कों पर घूमते नजर आ रहे हैं, जबकि अफसर दावा करते है कि सड़कों से गोवंश को पकड़ने का अभियान चल रहा है।

अमरौधा ब्लॉक क्षेत्र में छोटी बड़ी 8 गौशालाएं संचालित है। इसके वावजूद गौवंश सड़कों पर घूमते रहते हैं। सबसे अधिक शाहजहांपुर , सट्टी, रुरगांव, में छुटटा गौवंश है । शाहजहांपुर में गौवंशो का झुंड सड़क पर टहलता रहता है। सड़कों पर घूम रहे आवारा पशुओं के कारण आये दिन हादसे हो रहे हैं। शनिवार को रुरगांव के पास सड़क पर बाइक सवार दंपति गाय से टकराकर घायल हो गये थे। इससे पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। इसके बाद भी इन पशुओ को पकड़वाने के लिए जिम्मेदार अफसर गंभीर नहीं हैं।आवारा घूमते गोवंश मुद्दा बन रहे हैं। एक तरफ इनकी वजह से फसलों को नुकसान होता है। क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में किसान इससे परेशान हैं। छुटटा पशु खेतों में घुसकर फसल को नुकसान पहुंचाते है। शाहजहांपुर के अमित कुमार, अर्पित कुशवाहा, राममिलन शर्मा, विनोद कुमार ने बताया कि छुटटा मवेशियों से स्थानीय दुकानदारों को परेशानी उठानी पडती है। मवेशी आये दिन दुकानों में घुसकर उत्पात करते हैं कई बार राहगीरों को गौवंश हमला कर चोटिल कर चुके हैं। ब्लॉक अफसरों से कई बार शिकायत की गई लेकिन समस्या का समाधान नहीं किया गया। मामले में अमरौधा के बीडीओ कमलेश कुमार ने बताया कि ग्राम पंचायत अधिकारी को गौवंश पकडवाकर गौशाला भेजने के लिए निर्देश दिए गए हैं। जल्द ही कैप्चर वाहन से छुटटा मवेशियों को पकड़कर गौशाला भेजा जायेगा

सड़को पर घूमते बेसहारा गोवंश। अमृत विचार

सार-संक्षेप

गांव में गलियों में फैला कीचड़। अमृत विचार

सफाईकर्मी के नदारद होने से गांव में फैली गंदगी

मूसानगर। अमरौधा विकास खण्ड क्षेत्र के नगीना बांगर गांव में टूटे फूटे गड्ढों युक्त खड़ंजा व जलभराव व गंदगी से बजबजाता रास्ता विकास कार्यों की पोल खोल रही है। इसके बाद भी अधिकारी संज्ञान नहीं ले रहे हैं। गंदगी के कारण गांव में मच्छरों की भरमार है। जिससे आगे आने वाले बरसात के मौसम में संक्रामक बीमारियों के होने का खतरा मंडरा रहा है। यमुना पट्टी के नगीना बांगर गांव में सालों से सड़क में जलभराव की भारी समस्या है। पानी निकासी के लिए नाली नहीं होने से रास्ते में जलभराव हो रहा है। जलभराव और कीचड़ से उठती दुर्गंध से लोग परेशान हैं। गांव में सफाई व्यवस्था खस्ताहाल है। बजबजाते कीचड़ की दुर्गंध लोगों के घरों के अंदर तक जाती है। कीचड़ व गड्ढे युक्त रास्ते से लोगों को पैदल निकलना दुश्वार है। गांव के रामकिशोर, शिवमन्त, श्याम सुंदर, छोटे, रामसिंह आदि ग्रामीणों ने बताया कि बीहड़ पट्टी होने के कारण कोई अधिकारी इधर ध्यान नहीं देते हैं। ग्राम प्रधान संजय निषाद ने बताया कि कई बार ब्लाक स्तर पर शिकायत की और कैबिनेट मंत्री राकेश सचान को भी लिखित शिकायत कर गांव की समस्या से अवगत कराने के बावजूद आज भी समस्या जस की तस बनी हुई है। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

घरवालों से जानकारी लेती पुलिस। अमृत विचार

चोरों ने घर से नकदी व आभूषण किए पार

मंगलपुर। मंगलपुर थाने से महज 6 किलोमीटर दूर डिलवल गांव में शातिर चोरों ने बीती रात एक किसान के घर से लाखों का माल समेटकर फरार हो गए हैं। सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची थाना पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की है। मिली जानकारी के मुताबिक थाना मंगलपुर क्षेत्र के डिलवल गांव निवासी महेश सिंह सेंगर बीती रात्रि खाना खाकर घर की बालकनी और पत्नी विनीता आंगन मे तथा दो पुत्र संकल्प सिंह व हर्ष वर्धन सिंह घर की छत पर सो रहे थे तभी अज्ञात चोरों ने घर के अंदर प्रवेश कर कमरे में रखी अलमारी को चाभी से खोल कर उसमे रखे सोने-चांदी के जेवर व एक 10 रुपए की नोटो की गड्डी चोरी कर भाग गए। सुबह जब परिवारजनों की नींद खुली तो कमरे का सामान बिखरा हुआ था, परिवार के लोगों को शंका हुई तो उन्होने सारे सामान की जांच की तो उसमें ज्वेलरी सहित नकदी गायब मिली। तत्काल घटना की जानकारी डायल 112 पुलिस सहित थाना मंगलपुर पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है। मंगलपुर थाना प्रभारी देवेंद्र विक्रम सिंह ने बताया तहरीर मिली है प्रथमदृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

व्यवसाई की पत्नी ने साइबर ठगों ने आठ हजार की ठगे

कानपुरदेहात। रसूलाबाद व्यवसायी की पत्नी से साइबर ठगो ने फोन से बातों में उलझा कर आठ रुपये की ठगी कर ली, मामले की जानकारी व्यवसायी ने साइबर सेल व थाना पुलिस को दी। कस्बा के सुभाष नगर निवासी सच्चिदानंद मिश्र की पत्नी कीर्ति मिश्रा के मोबाइल पर आई कॉल से बात करने वाले ने बीस हजार रुपए क्रेडिट (जमा)का फर्जी फ्लैश मैसेज भेज कर गलती से खाते में रुपए पड़ जाने की बात कह कर रुपए वापस करने का अनुरोध किया। साइबर ठगो की बातों में आकर कीर्ति मिश्रा ने अपने बैंक अकाउंट से उनके खाते ट्रांसफर कर दिए जब उन्होंने अपना खाता चेक किया तो उनके खाते में बैलेंस न होने के कारण उन्हें घटना की जानकारी हुई इसके बाद व्यावसायी सच्चिदानंद मिश्र ने मामले की जानकारी साइबर सेल व स्थानीय पुलिस को तहरीर लिखकर देते हुए कार्यवाही की मांग की है। वरिष्ठ उपनिरीक्षक देवनारायण द्विवेदी ने बताया कि तहरीर मिली है। साइबर सेल को कार्यवाही के लिए तहरीर भेजी जाएगी।

चोरी की योजना बनाते चार को दबोचा, कार व तमंचे बरामद

शिवली। घटनाओं की रोकथाम के लिए चल रहे विशेष अभियान में शिवली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के आरजे महाविद्यालय के पास चोरी की योजना बना रहे चार लोगों गिरफ्तार किया। इनके पास से चोरी को घटना में प्रयुक्त कार सहित एक 12 बोर तमंचा एवं एक जिंदा कारतूस के साथ बरामद किया गया है। पकड़े गए युवकों ने अपना नाम काशिफ निवासी मकनपुर अरौल, मोहम्मद जफी निवासी मढहरपुर कन्नौज, सद्दाम मढहरपुरा कन्नौज व राम लखन निवासी कहिंजरी थाना रसूलाबाद बताया। इनके कब्जे से दो तमंचा व कारतूस बरामद किया गया। चोरी की घटना में प्रयोग की जा रही कार को बरामद किया गया है। पूछताछ में चारों ने पुलिस को बताया कि वह दिन में रेकी कर आसपास के क्षेत्र में सूनसान व बंद घरों को चिन्हित करते थे। रात में उन्ही घरों में मौका देखकर चोरी करते थे। सोमवार को उन्होंने ग्राम ककरदही में एक बंद पड़े घर को चोरी करने के लिए चिन्हित किया था।

पुलिस हिरासत में पकड़े गए आरोपी।

सपा विधायक इरफान सोलंकी, उनके भाई रिजवान समेत पांच आरोपी दोषी करार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सभी दोषियों को सजा के लिए दी गई सात जून की तारीख

अमृत विचार। जाजमऊ में नजीर फातिमा के प्लॉट पर आगजनी के मामले में आखिरकार 10 बार फैसला टलने के बाद सोमवार रात करीब नौ बजे आरोपियों को दोषी करार दिया गया। आगजनी मामले में कोर्ट ने सपा विधायक इरफान सोलंकी, उनके भाई रिजवान सोलंकी, हिस्ट्रीशीटर शौकत अली, इजराइल आटे वाला, मोहम्मद शरीफ को दोषी करार दिया है। इस मामले में सभी दोषियों को सजा के लिए सात जून की तारीख नियत की गई है। कोर्ट ने जैसे ही आरोपियों को दोषी करार दिया तो वहां मौजूद परिजन एक दूसरे को पकड़-पकड़कर रोने बिलखने लगे। परिजनों का आरोप था, कि कोर्ट ने उन लोगों के साथ कतई न्याय नहीं किया है। इस बात को लेकर परिजन आक्रोशित हो उठे और पुलिस से तीखी नोकझोंक शुरू हो गई। इस दौरान परिजनों ने कोर्ट के बाहर जमकर नारेबाजी की। बवाल की आशंका के मद्देनजर कोर्ट परिसर छावनी में तब्दील कर दिया गया।

जाजमऊ निवासिनी नजीर फातिमा के प्लॉट पर कब्जे और आगजनी का यह मामला सात सितंबर वर्ष 2022 का है। नजीर ने इस प्रकरण में सपा विधायक इरफान सोलंकी और उनके भाई रिजवान सोलंकी समेत 20 से ज्यादा अज्ञात लोगों को आरोपी बनाते हुए आठ सितंबर को जाजमऊ थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। बाद में इस प्रकरण में पुलिस की जांच में हिस्ट्रीशीटर शौकत अली, पूर्व पार्षद मुरसलीन उर्फ भोलू, मोहम्मद शरीफ, हिस्ट्रीशीटर इजराइल आटे वाला, मोहम्मद अज्जन, अनूप यादव समेत इस अन्य नाम प्रकाश में आए थे।

यह मामला बढ़ता ही गया और आगे चलकर इरफान सोलंकी और उसके गैंग पर गैंगस्टर की कार्रवाई की गई थी।

पिता को सांत्वना देतीं विधायक इरफान की पत्नी। अमृत विचार

कोर्ट में पेशी के लिए जाता रिजवान सोलंकी। अमृत विचार

हाल-बेहाल गर्म हवा के थपेड़े राहगीरों को झुलसाते रहे, पेड़ों की छाया में पसीना सुखाते नजर आए

नौतपा खत्म होने के बाद भी गर्मी से राहत नहीं

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

अमृत विचार। जनपद में शनिवार की रात में आई आंधी और बूंदाबांदी के बावजूद गर्मी असर काम नहीं हुआ सोमवार को भी आसमान में दहकते सूरज की तपन शोले बरसाती रही। दोपहर में पारा के ऊपर पहुंचने व तेज धूप से बढ़ी गर्मी ने लोगों के साथ पशु पक्षियों को बेहाल रखा। जबकि गर्म हवा के थपेड़े राहगीरों को झुलसाते रहे

जनपद में गर्मी के साथ साथ बिजली कटौती लो वोल्टेज के साथ ट्रिपिंग की समस्या से उपभोक्ताओं को हालात खराब हो रही है। इससे लोगों का दिन का चैन छिनने के साथ रात की नींद पूरी नहीं हो रही है। आसमान में दहकते सूरज की गर्मी के साथ लू के थपेड़े लोगों के साथ राहगीरों को झुलसाते रहे। रात में पारा सामान्य से चार डिग्री ऊपर पहुंचने पर लोग पसीने से तरबतर हो गए। मंगलवार सुबह निकली धूप से लोग घरों के अंदर दुबक गए दोपहर में पारा सामान्य से 4 डिग्री ऊपर पहुंचने पर लोगों को बेचैन कर दिया। राहगीर पेड़ों की छाया में डेरा डालकर पसीना सुखाते नजर आए। गर्मी के कारण वाहनों का परिचालन कम होने से हाईवे पर सन्नाटा पसरा रहा।

वाटर कूलर से पानी भर कर ले जाता युवक। अमृत विचार

नहरों में लगाई डुबकी वाटर कूलर पर भीड़

गर्म हवा से बड़ी गर्मी से परेशान युवा नहरों व राजबहो के पानी में छलांग लगाकर गर्मी से निजात का प्रयास किया रूरा नहर में दोपहर में युवा पानी में अठखेलियां करते दिखे जबकि सूख रहे गले को तर करने के लिए वाटर कूलरो हुआ हैंड पंपों का भीड़ लगी रही हैं।वही दुकानों से बोतल बंद ठंडे पानी को खरीद कर प्यास बुझाई

कोर्ट के आदेश पर चार समेत दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

कानपुर देहात

- जातिसूचक शब्दों से अपमान कर दी जान से मारने की धमकी

अमृत विचार। रसूलाबाद क्षेत्र के भीखदेव कहिंजरी निवासी एक युवक ने कोर्ट के आदेश से चार नामजद व दो अज्ञात लोगों के विरुद्ध जानलेवा हमला कर जेब में पड़े तीन सौ रुपये लूट लेने एवं जातिसूचक शब्दों से अपमानित करते हुए जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज करायी है।

भीखदेव कहिंजरी निवासी विमल कुमार कोरी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि 13 नवंबर2023 को भीखदेव निवासी शहगीर,अल्ताफ, शौकीन व वसीर अपने दो अज्ञात साथियों के साथ मिले और उसके सिर में दर्द हथियार से जानलेवा हमला कर दिया और जेब में पड़े तीन सौ रुपये लूट लिए। शोर मचाने पर सभी आरोपी जातिसूचक शब्दों से अपमानित करते हुए जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़ित विमल कुमार ने आरोप लगाया कि उसने मामले की जानकारी थाना पुलिस व उच्च अधिकारियों को दी लेकिन उसकी कोई सुनवाई न होने पर उसने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। थाना प्रभारी मुकेश कुमार सोलंकी ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है जांच कार्यवाही की जाएगी।

केडीए : माल छाने रहो, मनमानी इमारत ताने रहो

अवैध निर्माण के साथ भू-उपयोग परिवर्तन का खेल, हर जोन में निर्माण, साकेत नगर में आवासीय क्षेत्र का व्यावसायिक प्रयोग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- निर्माण के समय नक्शा लगाने का नियम, चुनाव बाद प्राधिकरण में फेरबदल संभव
- केडीए के अभियंताओं को रोकना है अवैध निर्माण लेकिन वही करा रहे हैं

अमृत विचार। शहर में अवैध इमारतों के बनने का खेल जारी है। केडीए वीसी ने भले ही जोन एक में हो रहे 29 अवैध निर्माण पर चाबुक चलाया हो, लेकिन पूरे शहर में यह व्यापार फल-फूल रहा है। एई और जेई से साठ-गांठ कर बिल्डर्स और भूमाफिया अनाधिकृत निर्माण कर रहे हैं। इसी के साथ आवासीय भूखंडों का बिना भू-उपयोग परिवर्तन कर कामर्शियल उपयोग तेजी से बढ़ा है। नये भवनों के निर्माण के समय नक्शा लगाने का नियम पर पर सिर्फ 'केडीए से नक्शा पास है' की सूचना लगाकर निर्माण कराने पर पलड़ा झाड़ रहे हैं। शहर में बिना ले-आउट और नक्शा पास कराये निर्माण जारी है। कम क्षेत्र में पांच मंजिला तक इमारत बनाई जा रही है।

केडीए वीसी के निर्देश पर एक ओर कार्रवाई हो रही है, तो वहीं दूसरी ओर छोटे अधिकारियों से सेटिंग कर निर्माण कार्य हो रहा है। केडीए के कुछ एई और जेई की मदद से यह अवैध निर्माण कार्य फल-फूल रहा है।

केडीए के उच्च अधिकारियों के अनुसार अभी कई और ऐसे मामले सामने आ सकते हैं। वहीं, डूब क्षेत्र हिंदूपुर में भी अवैध प्लाटिंग का खेल जारी है। क्षेत्र में तैनात अधिकारियों की मदद से यहां बिल्डर्स निर्माण कार्य कर रहे हैं। अब जांच हो रही है तो पोल खुल रही है।

अवैध निर्माण किया गया सील। अमृत विचार

> शिकायतों के आधार पर कार्रवाई की जा रही है। दूसरे जोन में भी जल्द अवैध निर्माणों पर सीलिंग की कार्रवाई की जाएगी। जो भी अधिकारी दोषी हैं उनको बख्शा नहीं जायेगा। –मदन सिंह गर्ब्याल, उपाध्यक्ष केडीए

छोटे भवन तोड़कर बन रहीं बहुमंजिला इमारत

शहर के अंदर भी कम क्षेत्रफल के प्लाट को तोड़कर बहुमंजिला इमारत बनाने का खेल जारी है। एलआईजी के मकानों में लोग अपार्टमेंट तक बना दे रहे हैं। नंदलाल चौराहे से जब सीटीआई की ओर चलें तो यहां तीन सौ वर्ग गज के मकान को तोड़कर पांच मंजिला इमारत तान दी गई है। जो नियमों के विरुद्ध है। यहां कई और मकान भी अपार्टमेंट की तरह बनाए जा रहे हैं। जिसमें नियमों को ताक पर रखा जा रहा है।

10 जून के बाद हो सकता फेरबदल

केडीए में अवैध निर्माण का मसला हो या फर्जी रजिस्ट्री का खेल। पिछले दो महीने के दरम्यान केडीए उपाध्यक्ष मदन सिंह गर्ब्याल तक लगातार गोपनीय शिकायतें पहुंची हैं। आईएएस अफसर मदन सिंह गर्ब्याल ने दो महीने तक एक-एक शिकायत की पड़ताल की। प्राधिकरण के सूत्रों ने बताया कि जो भी शिकायतें पहुंचीं उनमें बाबू और अभियंता से लेकर तमाम बड़े अफसरों की भूमिका संदिग्ध मिलने के बाद कार्रवाई शुरू हो गई है। विभागीय सूत्र बताते हैं कि 10 से 15 जून के बीच प्राधिकरण में भारी फेरबदल नजर आएगा।

यहां हुआ खेल

जवाहर नगर बालाजी चौक नेहरू नगर के पास भी अवैध रूप से नियमानुसार भवन बन गया। कम जगह पर भवन मालिक ऊंची ईमारत तान दी। नई सड़क पर बंधन बैंक के पास अधिकारियों के साठ-गांठ कर फुटपाथ पर ही भवन तान दिया है। सर्वोदय नगर में सील इमारत में निर्माण हो रहा है। सिंहपुर कछार में अवैध निर्माण, पायनियर सिटी का मामला पकड़ने के बाद यहां पर नक्शों की जांच शुरू हो गई है।

निर्माण होने के बाद कैसी कार्रवाई

खास बात यह है कि जब तक निर्माण होता है उस दौरान अधिकारी झांकने नहीं जाते हैं। अवैध निर्माण हो जाने के बाद केडीए के अधिकारी सील की कार्रवाई कर रहे हैं। कोपरगंज में एक ही मकान परिसर में अलग-अलग नाम से सीलिंग की कार्रवाई की गई। जबकि यहां लोग बहुत पहले से रह रहे हैं, आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

संदिग्ध परिस्थितियों में नवविवाहिता की मौत

कानपुर। सचेंडी थानाक्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में एक नवविवाहिता की मौत हो गई। मायके पक्ष के लोगों ने पति समेत ससुरालीजनों पर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। उन लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पोस्टमार्टम हाउस पहुंची मजिस्ट्रेट ने पंचनामा की कार्रवाई की।

भौंती प्रतापपुर निवासी 28 वर्षीय सुनीता मंडल का विवाह 11 मार्च 2024 को सचेंडी के रोहित के साथ हुआ था। महिला के पिता गोपाल मंडल ने बताया कि उसका पति एक फैक्ट्री में काम करता है। बेटी थोड़ा दिमाग से कमजोर थी। इस कारण आए दिन उसके साथ मारपीट करता था। उसके ससुराल वाले देवर, सास और अन्य परिजन भी उससे गालीगलौज व जान से मारने का प्रयास कर चुके हैं। भाई विभु ने आरोप लगाया कि शनिवार को बहन ने प्रताड़ना की बात कही। जिसके बाद वह लोग उसे लेने के लिए पहुंच गए। ससुरालीजनों ने उसे ले जाने देने से इन्कार कर दिया। इस पर वह लोग घर आ गए। रविवार शाम को ससुरालीजनों ने उसे गला दबाकर मार डाला। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

थाने से लेकर डीसीपी तक ने नहीं सुनी गुहार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पीड़ित को रिपोर्ट दर्ज कराने में लग गए पांच महीने
- बंधक बनाकर पीटने और रुपये हड़पने का मामला

अमृत विचार। गोविंद नगर थानाक्षेत्र में अपने मित्र के घर मिलने गए फैक्ट्री कर्मी को पड़ोसी और उसके साथियों ने बंधक बनाकर जमकर पीटा। इसके बाद अपने खाते में 1.5 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए और ब्लैंक चेक ले लीं। आरोप था कि पांच माह तक थाना गोविंद नगर से लेकर डीसीपी कार्यालय गुहार लगाई लेकिन कोई सुनवाई नहीं की गई। जिसके बाद एक विधायक के हस्तक्षेप के बाद रविवार को गोविंदनगर थाने में पांच माह बाद रिपोर्ट दर्ज की गई।

नारायण पुरवा लक्ष्मी रतन कॉलोनी निवासी गिरीश चंद्र पाल दादानगर स्थित फैक्ट्री में काम करते हैं। गिरीश के अनुसार 12 जनवरी को साइकिल से सहकर्मी विपिन मिश्रा के गुजैनी स्थित घर गए थे। उसके कमरे में ताला लगा होने पर पड़ोस में रहने वाले संजय भदौरिया, शिवांश शुक्ला से पूछा तो उन्होंने कहा हम बताते हैं, इसके बाद कार में बैठकर कचहरी के पास ले गए, वहां एक कमरे में बंधक बनाकर मारपीट करने लगे। बोले कि विपिन ने रुपये लिए थे, अब गायब हो गया है, जिसकी भरपाई तुम करोगे। जबरन बेटों विकास व राहुल को फोन करवा कर चेक बुक मंगवाई, इसके बाद बेटों को भी पीटकर 80 हजार ऑनलाइन रुपये ट्रांसफर व 30 हजार रुपये एटीएम से निकलवा कर दो ब्लैंक चेक में साइन करवाया। जबरन दो खाली तीनों लोगों से स्टैंप में हस्ताक्षर व अंगूठा लगवाया। घटना के बाद कोतवाली, नजीराबाद, गोविंदनगर थाने, डीसीपी कार्यालय, पुलिस कमिश्नर कार्यालय में जाकर शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। एक विधायक के हस्तक्षेप के बाद रविवार को संजय, शिवांश, शोभित मिश्रा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। इस संबंध में गोविंदनगर इंस्पेक्टर प्रशांत मिश्र ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

एक नजर

फैक्ट्री में बिगड़ी हालत अस्पताल में मौत

कानपुर। पनकी थानाक्षेत्र में गंगागंज भाग चार निवासी 50 वर्षीय गौतम की रविवार शाम इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। परिजनों के अनुसार वह इस्पात नगर स्थित रैपर बनाने वाली फैक्ट्री में काम करता था। 31 मई की दोपहर काम करते समय उसकी तबीयत खराब हुई जिसपर सहकर्मियों ने एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाकर शव को रखकर फैक्ट्री के बाहर हंगामा काटा।

नहर में डूबकर एक की मौत

कानपुर। जूही परमपुरवा निवासी सलीम का 16 वर्षीय पुत्र मोहम्मद कैफ अपने ममेरे भाई समीर और एक अन्य साथी के साथ रविवार को नौरैयाखेड़ा नहर में नहाने के लिए गया था। इसी दौरान वह गहरे में जाने से डूब गया। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से कैफ के शव को बाहर निकलवाया और परिजनों को सूचना दी। जिसके बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

कब्रिस्तान में अवैध ई रिक्शा चार्जिंग पकड़ी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नगर निगम और केस्को ने मारा छापा
- दो किलोवाट के मीटर से हो रही थी चार्जिंग

अमृत विचार। ईदगाह हिंदू कब्रिस्तान में बिजली विभाग और नगर निगम ने सोमवार को संयुक्त छापा मारा। नगर निगम और केस्को के अधिकारियों को यहां अवैध रूप से ई-रिक्शा की चार्जिंग होते मिली। केस्को अधिकारियों का कहना है कि दो किलोवाट के मीटर से सात किलोवाट बिजली इस्तेमाल की जा रही थी। इस बारे में सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिनके नाम मीटर है, उनके खिलाफ नियम के अनुसार कड़ी कार्रवाई करते हुए पेनाल्टी लगेगी। यहां दो किलोवाट के मीटर से दर्जनों ई रिक्शा चार्ज हो रहे थे।

नगर निगम और केस्को को काफी समय से कब्रिस्तान पर गैर कानूनी ढंग से ई-रिक्शा चार्ज किए जाने की शिकायत मिल रही थी। केस्को के मुख्य अभियंता एसके गुप्ता ने कहा कि एसडीओ के नेतृत्व में हिंदू कब्रिस्तान में नगर निगम टीम के साथ छापा डाला गया है। जहां पर दो किलोवाट के मीटर से सात किलोवाट लोड की बिजली इस्तेमाल की जा रही थी। कुछ लोगो ने नगर निगम कि जमीन पर कब्जा कर लगा रखा था। टीम ने कई रिक्शा जब्त भी किए हैं। वर्षों से कब्रिस्तान कि आड़ में बिजली की चोरी हो रही थी। बैट्री रिक्शा चालक प्रति रिक्शा 100 रुपये में चार्जिंग कराते थे। नगर निगम के जोनल अधिकारी ने कहा कि इस मामले में मुकदमा दर्ज कराएंगे। इसके साथ ही नगर निगम ने हिंदू कब्रिस्तान में अतिक्रमण को ध्वस्त करा दिया।

जांच करते केस्को के अधिकारी। अमृत विचार

25 हजार का इनामिया हत्यारोपी गिरफ्तार

कानपुर। चकेरी थानाक्षेत्र के श्याम नगर इलाके में नाली के विवाद में धारदार हथियार से हमला कर हत्या में फरार 25 हजार रुपये के इनामिया आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार जेल भेज दिया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही हैं।

श्याम नगर के रामपुरम निवासी गिरिजा देवी का पड़ोसी कमलेश पासवान से नाली को लेकर विवाद हो गया था। 26 मई को आरोपी ने भाजपा नेता चंदन राजावत समेत अन्य साथियों के साथ मिलकर उनके परिवार पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया था। इसमें सोनू की मौत हो गई थी। पुलिस ने आरोपी कमलेश और विकास को जेल भेज दिया था। प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि इस मामले में फरार 25 हजार के इनामी दहेली सुजानपुर निवासी श्रीराम वर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

कुर्बानी में दूसरों की भावनाओं का भी ख्याल रखें : शहरकाजी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सड़कों पर कुर्बानी करने से बचें, साफ सफाई का ध्यान रहे
- मदरसा इशाअतुल उलूम में हुई उलेमा की बैठक

अमृत विचार। मुसलमानों का महत्वपूर्ण त्योहार ईद-उल-अजहा यानी बकरीद 17 जून को मनाई जाएगी। इस त्योहार में लाखों जानवर अल्लाह की राह में कुर्बान किये जाएंगे। ऐसे में अन्य लोगों की भावनाओं का ख्याल रखने के लिए उलेमा ने सर्वसम्मत से फैसला लिया है कि बकरीद के पहले मुसलमानों को जागरूक करेंगे कि बकरीद के तीनों दिन ऐसा कोई काम नहीं करें जिससे किसी की भावनाएं आहत हों।

सोमवार को मदरसा इशाअतुल उलूम कुलीबाजार में बकरीद को लेकर उलेमा की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता शहरकाजी मौलाना हाफिज अब्दुल कुद्दूस हादी ने की। शहरकाजी ने बकरीद पर समुचित व्यवस्था के लिए कई टीमें बनाई हैं। शहरकाजी ने कहा कि कुर्बानी इस्लाम की अहमतरीन इबादत है। मुसलमान इब्राहीम अलैह सलाम की सुन्नत पर अमल करते हैं। होना तो ये चाहिए था कि बंदा खुद अल्लाह की रजा और खुशनूदी हासिल करने के लिए अपनी जान का नजराना पेश करता लेकिन अल्लाह की रहमत है कि अल्लाह ने जानवरों को कुर्बान करना करार दिया। उन्होंने कहा कि मदरसे दीन के किले हैं, जहां से इस्लाम की सेवा होती है।

बैठक करते शहरकाजी मौलाना हाफिज अब्दुल कुद्दूस हादी। अमृत विचार

बीच सड़क लगा दिया गया बिजली केबिल का बाक्स

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। चमनगंज के भन्नानापुरवा में अंडर ग्राउंड बिजली की केबिल डाली जा रही है लेकिन इस केबिल को डालने में मानकों को ताक पर रख दिया गया है।

हाशमी तिराहा से भन्नानापुरवा तक भूमिगत केबिल डालने का काम चल रहा है। केबिल का बाक्स भन्नानापुरवा में किनारे लगाने के बजाय सड़क पर लगा दिया है जिससे किसी भी समय कोई दुर्घटना हो सकती है। कोई भी वाहन इस बाक्स से रात के अंधेरे में टकरा सकता है। इस संबंध में केबिल डलवा रहे विपिन शुक्ला का कहना है कि केबिल बिछाने के बाद बाक्स को किनारे करा दिया जाएगा।

चमनगंज में लगा केबिल बाक्स।

स्कूल बुलाकर बच्चों का प्रवेश कराएंगे अफसर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 14 खंड शिक्षा अधिकारियों को जिम्मेदारी, फोन कर बच्चों को बुलाएंगे
- आरटीई के तहत एडमिशन लेने में निजी स्कूलों की मनमानी पर सख्ती

अमृत विचार। निजी स्कूलों की मनमानी रोकने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग अब मोबाइल फोन का सहारा लेगा। 6 जून से ऐसे बच्चे जिनके प्रवेश अभी तक नहीं हो पाए हैं, उन्हें अधिकारी फोन कर स्कूल बुलाएंगे और उनका तत्काल प्रवेश कराया जाएगा। इस प्रक्रिया में यदि स्कूलों की ओर से आनाकानी की जाती है तो मौके पर ही उनके खिलाफ नकारात्मक रिपोर्ट भी जारी की जाएगी। इस पूरी प्रक्रिया में विभाग की ओर से 14 खंड शिक्षा अधिकारियों को लगाया गया है।

जिले में आरटीई के तहत तीन सूची जारी हो चुकी हैं। इन तीन सूची में चयनित 9,154 में से केवल 2,978 बच्चों का ही दाखिला हुआ है। निजी स्कूल बहाने बनाकर प्रवेश को टाल रहे हैं। अब अधिकारी स्कूल पहुंचकर उस स्कूल में आवंटित बच्चों को तुरंत ही स्कूल बुलाकर उनका प्रवेश कराएंगे। 15 दिन तक चलने वाले अभियान के दौरान मनमानी करने वाले 94 प्रमुख स्कूलों को फिलहाल लक्ष्य बनाया गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह ने बताया कि नोटिस के बाद प्रवेश प्रक्रिया में तेजी आई है लेकिन कुछ स्कूल अब भी ढिलाई बरत रहे हैं। ऐसे में इन स्कूलों में अधिकारी खुद जाकर बच्चों व अभिभावकों को बुलाकर स्कूल में प्रवेश कराएंगे। इसके लिए खंड शिक्षा अधिकारियों की संख्या में इजाफा किया गया है। अन्य ब्लॉक के अधिकारियों को भी टीम में शामिल किया गया है।

03 सूची अब तक आरटीई की हो चुकी है जारी

621 स्कूलों को योजना के तहत लेना है प्रवेश

जद में आए 94 निजी स्कूल

शिक्षा विभाग की ओर से 94 ऐसे स्कूलों को जद में लिया गया है जो प्रवेश करने में सबसे अधिक फिसड्डी हैं। इनमें सबसे कम प्रवेश करने वाले 45 स्कूलों को पहले ही जिला प्रशासन की ओर से नोटिस जारी किया जा चुका है। इनमें 8 स्कूलों ने विभाग को रिपोर्ट देकर जल्द प्रवेश करने की बात कही है। 19 ऐसे स्कूल हैं जिन्होंने अब तक एक भी प्रवेश नहीं लिया है।

संदिग्ध हालात में युवक की हुई मौत

कानपुर। जाजमऊ थानाक्षेत्र के ओमपुरवा निवासी 35 वर्षीय रवि कुमार की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। परिजनों के अनुसार वह दादा नगर स्थित फैक्ट्री में काम करता था। रविवार को पुलिस को वह सीसामऊ थानाक्षेत्र स्थित बांके बिहारी धर्मकांटे के पास पड़ा मिला था। जहां से उसे अस्पताल भेजा गया था।

लापरवाही | खूबसूरत लो फ्लोर बसें जुलाई से हटना शुरु होंगी, अप्रैल 2025 तक सभी 270 सिटी बसें नीलाम होंगी

270 सिटी बसों की उम्र पूरी, अगले महीने से विदाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। शहर को प्रदूषण से मुक्ति दिलाने के लिए कानपुर नगर में लाई गईं 270 सिटी बसों के विदा होने का वक्त आ गया है। विदाई प्रक्रिया अगले माह से शुरु हो जाएगी। प्रथम चरण में कभी शहर की खूबसूरती में चार चांद लगाने वाली लो फ्लोर सिटी बसों की विदाई होगी। इनके स्थान पर इलेक्ट्रिक सिटी बसों की संख्या बढ़ाई जाएगी।

केंद्र सरकार की टीम ने 18 वर्ष पूर्व एक सर्वे किया था कि कानपुर नगर में प्रदूषण काफी बढ़ गया है, उसके बाद केंद्र सरकार ने जेएनएनयूआरएम योजना के तहत वर्ष 2009 में कानपुर को 270 सीएनजी चालित सिटी बसें उपलब्ध कराईं थीं। इनमें 10 नान एसी और 10 एसी खूबसूरत लो फ्लोर बसें मिली थीं। अब ये बसें 15 वर्ष पूरी कर रही हैं, ऐसे में इनका संचालन करने के बजाय इन्हें नीलाम किया जाएगा। केंद्र सरकार ने 28 सीटर माजदा और 39 सीटर टाटा की बसें शहर को उपलब्ध कराई थीं जिसे संभालने की जिम्मेदारी कानपुर परिक्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक को सौंपी गई थी जबकि मंडलायुक्त चेयरमैन का पद संभाले थे। पहले विकास नगर डिपो में और फिर फजलगंज में सिटी बसों का डिपो बनाया गया। आज भी करीब 44 सिटी बसें फजलगंज डिपो में कंकाल बनती जा रही हैं जिन्होंने एक दशक से रूट का मुंह नहीं देखा है।

डिपो में खड़ीं कबाड़ हुईं सिटी बसें। अमृत विचार

करोड़ों की बसें कंकाल हो गई

लो फ्लोर एक बस की कीमत	75 लाख रुपये
टाटा 39 सीटर बसों की कीमत	20 लाख, 35 हजार, 934 रुपये
माजदा 28 सीटर बसों की कीमत	13 लाख, 79 हजार, 332 रुपये

वर्तमान में सिटी बसों की हालत

- 44 बसें खटारा फजलगंज विकास नगर डिपो में
- 16 लो फ्लोर बसें खटारा फजलगंज, विकास नगर डिपो में
- 96 बसें मेरठ भेज दी गईं हैं
- 115 सिटी बसें सड़क पर दौड़ रही हैं

खत्म हो जाएगा डिपो

किसी समय में विकास नगर डिपो में एसी डिपो बनाया गया था लेकिन ये डिपो अव्यवस्था की भेंट चढ़कर बंद हो गया और एसी बसों को काटकर साधारण बना दिया गया। अब इसी तर्ज पर सिटी बसों का खेल खत्म होना है। कानपुर को सबसे पहले 10 नान एसी, 10 एसी लो फ्लोर मिली थीं, लिहाजा सबसे पहले ये लो फ्लोर बसें अगले माह यानी जुलाई में नीलामी पर लग जाएंगी। हालांकि इनमें 4 नान एसी लो फ्लोर मार्ग पर हैं। उसके बाद 28 सीटर और 39 सीटर बसों की नीलामी होगी क्योंकि ये सारी बसें अप्रैल 2025 तक अपनी 15 साल की उम्र पूरी कर लेंगी, उसके बाद आरटीओ इनके पंजीयन को खत्म कर देगा।

आधा डिपो अभी से खत्म हो गया

सिटी बसों को संभालने वाले जिम्मेदार भी अब मानते हैं कि सिटी बसों की विदाई का समय आ गया है। ऐसे में इलेक्ट्रिक बसों के लिए यहां चार्जिंग प्वाइंट बना दिया गया है। इलेक्ट्रिक सिटी बसों के चार्जिंग प्वाइंट के पास दीवार खींच दी गई है। सिटी बसों के खत्म होते ही यहां इलेक्ट्रिक सिटी बसों का डिपो बना दिया जाएगा। परिवहन अधिकारी इन बसों के नीलाम होने का इंतजार कर रहे हैं।

> सिटी बसों की उम्र पूरी होने वाली है, संभागीय परिवहन कार्यालय से इन सीएनजी चालित सिटी बसों का पंजीयन खत्म होने लगेगा। अगले माह से ही बसें रूट आफ होने लगेंगी। अप्रैल 2025 तक सभी सिटी बसें नीलाम हो जाएंगी। इनके स्थान पर इलेक्ट्रिक सिटी बसों की संख्या बढ़ाई जाएगी।
> –अनिल कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक, उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम कानपुर परिक्षेत्र

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

इश्तेहार

न्यायालय श्रीमान महोदय स्थान बहराइच
सा. प्रा. मामला सख्या: 24/70/24
इनवान मुकदमा सीता देवी पत्नी जातजायदाद
बनाम
सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कु. सीता देवी पत्नी राम बदल वर्मा निवासी परगना इकौना तहसील पयागपुर बहराइच उक्त अदालत में श्री/श्रीमती/राम बदल पुत्र भगवानदीन निवासी अमराई पर. इकौना, तहसील पयागपुर बहराइच मृतक की जायदाद मालयती प्राप्त करने हेतु सक्सेन प्रार्थना पत्र दिया है जिसमे सुनवाई हेतु पेशी दिनांक 03 महीन 07 सन् 2024 ई. नियत की गयी है। अगर किसी व्यक्ति को उक्त प्रार्थना पत्र के विरोध में कोई आपत्ती हो तो दिनांक 03/07/24 को अदालत में उपस्थित होकर अपनी आपत्ती दाखिल करे ऐसा न करने पर उक्त प्रार्थना पत्र की सुनवाई एक पक्षीय में की जायेगी।
आज दिनांक 29 महीना 05 सन् ई. 2024 अदालत की मुद्रा लगाकर मेरे हस्ताक्षर सहित जारी हुआ।
मृदा जज

सूचना

सूचित हो कि मैं **कंचन पत्नी जितेन्द्र नाथ सिन्हा, निवासी–68, ग्राम–देवानन्दपुर, पो0 रतापुर, जिला–रायबरेली,** यहकि कंचन व रेखा ये दोनों नाम मेरे ही है अलग–अलग नहीं है यह एक ही महिला के नाम है। मेरा नाम कंचन उर्फ रेखा है।

सूचना

सूचित हो कि मेरे पुत्रों मुनेश्वर व सुशील व पुत्रवधू शिवानी पत्नी मुनेश्वर व मोनी पत्नी सुशील निवासीगण– ग्राम बन्नौर, थाना व तहसील बख्शी का तालाब, जनपद लखनऊ का चाल चलन ठीक न होने, आये दिन लड़ाई झगड़ा एवं मुझे व मेरे पूरे परिवार को परेशान करने के कारण मैं इनको अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। उपरोक्त द्वारा किये गये किसी भी कार्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे, मुझसे कोई लेना देना नहीं होगा। **छोटेलाल पुत्र स्व0 विश्राम निवासी– ग्राम बन्नौर, थाना व तहसील बख्शी का तालाब, जनपद लखनऊ।**

सूचना

सूचित हो कि मेरा नाम किसान बही में देवी प्रसाद पुत्र राम लोचन, भारत निर्वाचन कार्ड में जग प्रसाद पुत्र राम लोचन तथा आधार कार्ड में दद्दन मिश्रा पुत्र राम लोचन दर्ज है। तीनों नाम मेरा ही है। मैंने कोई जाल–साजी व धोखाधड़ी नहीं किया है। आधार कार्ड में अपना नाम जग प्रसाद उर्फ दद्दन मिश्रा पुत्र नाम लोचन मिश्रा करवाना चाहता हूं यही मेरा सही नाम है। **– जग प्रसाद उर्फ दद्दन मिश्रा ग्राम पांडे पुरवा मौजा खरगू चांदपुर जिला गोंडा।**

शीघ्र चाहिए

कोठी, बंगला, अपार्टमेंट, फार्म हाउस के लिए नौकर–नौकरानी, आया, मैड, सर्वेट, ड्राइवर, चौकीदार, कुक, बेबीकेयर, पेशेंट केयर, वेतन 11000 से 15000 रहना–खाना मेडिकल फ्री ड्यूटी दिल्ली पंजाब महाराष्ट्र, गुजरात नोएडा गाजियाबाद लखनऊ कानपुर मिले अपने आधार कार्ड फोटो के साथ 105 **दुर्गा मां टावर लालबाग लखनऊ, मो0– 8896030769 / 9554377000**

सूचना

यह सभी को सूचित किया जाता है कि हम, **डॉ. आनंद कुमार और नीतू कुमारी, निवासी –क्वार्टर नंबर सी–2, सीएसआईआर कालोनी, निराला नगर, लखनऊ–226020,** हमारी बेटियों कुमारी अभिज्ञा, जन्म तिथि – 16.06.2012 और कुमारी दक्षिता, जन्म तिथि 09.11.2013 के नाम में उपनाम ''**गुप्ता**'' जोड़ने का निर्णय लिया है। अब से हमारी बेटियाँ क्रमशः अभिज्ञा गुप्ता और दक्षिता गुप्ता के नाम से जानी जाएंगी। हम सभी से अनुरोध करते हैं कि इस परिवर्तन को ध्यान में रखें और भविष्य में हमारी बेटियों को उनके नए नामों से संबोधित करें।

सूचना

सूचित हो कि मै **राम आसरे सिंह सुत ढेलारु, निवासी– ग्राम– भगवानपुर, परगना – मीरानपुर, तहसील– लंभुआ, जिला सुलतानपुर,** मेरे तीन पुत्र है जिसमें दूसरे नम्बर का पुत्र राजीत राम का चाल – चलन ठीक नहीं है गलत लोगों की संगत में रहता है और मेरे कहने – सुनने में नहीं है उससे मैं बहुत दुखी है। उसके इन कृत्यों से तंग आकर उसे अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। अब मेरा उससे कोई वास्तव व सरोकार नहीं होगा। अपने कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

सूचना

सूचित हो कि मैं **राम कुमार पुत्र सियाराम, निवासी– ग्राम– रामसिंह खेडा मो0 इसुनिया, पोस्ट– अटवा, जिला– उन्नाव,** मेरी बीमा पॉलिसी में मेरा नाम राजकुमार अंकित है। मेरे समस्त कागजात, आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं बैक खातें में राम कुमार अंकित है जबकि मेरा सही नाम रामकुमार है। इसलिए मेरा नाम राजकुमार के स्थान पर रामकुमार पढ़ा जाय।

मतगणना आज, 20 घंटे रहेगा रूट डायवर्जन

त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था में होगी गिनती

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव की मतगणना आज मंडी समिति में सम्पन्न होगी। इस दौरान भारी और हल्के वाहनों के लिए रूट डायवर्जन किया गया है। डायवर्जन प्लान सोमवार की भोर चार बजे से करीब आज रात 12 बजे तक लागू रहेगा।

प्लान के तहत हल्के वाहन शाह कटका मोड़ से मंडी समिति की ओर नहीं जा सकेंगे। दूसरी ओर राधानगर से मंडी समिति की ओर वाहन नहीं जाएंगे। यह वाहन राधानगर से मलाका, केवई, कटका, शाह से बहुआ जाने के लिए राधानगर से गाजीपुर, बहुआ के रास्ते से होकर जाएंगे। भारी वाहनों के डायवर्जन प्लान में फतेहपुर से बांदा जाने वाले वाहनों को नउवाबाग जेल रोड मोड़ से प्रवेश नहीं मिलेगा। इन वाहनों को कैंची मोड़ से कुंवरपुर, बिंदकी, ललौली के रास्ते बांदा को निकाला जाएगा। इसी मार्ग से वाहन वापस होंगे। बांदा से लखनऊ-रायबरेली मार्ग पर जाने वाले भारी वाहन दतौली से बहुआ, बंधवा, कटका, जोनिहा, बिंदकी, कुंवरपुर से एनएच-टू पर पहुंचेंगे। बहुआ से शाह होकर राधानगर, नउवाबाग को जाने वाले भारी वाहन बंधवा तिराहा से जोनिहा, बिंदकी, कुंवरपुर से एनएच टू पर पहुंचेगे। इस दौरान राधानगर तिराहे से कटका तिराहे तक एंबुलेंस समेत अन्य इमरजेंसी सेवा में लगे वाहनों को छूट रहेगी।

मतगणना स्थल पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। मंगलवार को मंडी समिति में मतगणना होनी है। जिसकी सभी तैयारियों को आकार दे दिया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिया है कि मतगणना स्थल पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था रहे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश जारी कर कहा है कि मतगणना स्थल की सुरक्षा के लिए त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लगाई जाएगी। प्रथम स्तर की सुरक्षा मतगणना स्थल से 100 मीटर की परिधि पर होगी। लू को देखते हुए सभी मतगणना कार्मिक हल्के सूती वस्त्रों का प्रयोग करें।

पूरी तैयारी के साथ मौजूद रहेगी स्वास्थ्य विभाग की टीम

संवाददाता, फतेहपुर

- चार एंबुलेंस के साथ डॉक्टरों की तैनाती, दवाएं भी हों
- विद्युत आपूर्ति में न रहे कोताही वायरिंग प्रमाण पत्र जारी करें

अमृत विचार। मंडी समिति में मतगणना की तैयारी पूरी कर ली गई है। डीएम ने सीएमओ से कहा कि स्वास्थ्य विभाग मतगणना के दौरान गणना स्थल पर ओआरएस घोल की व्यवस्था के साथ-साथ एंबुलेंस चिकित्सक व दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करे।

मतगणना स्थल पर मतगणना के लिए मतगणना काउंटर, बैरिकेडिंग, सीसीटीवी कैमरा का संचालन, पेयजल व्यवस्था, शौचालय, कूलर, पंखे आब्जर्वर रूम, मीडिया सेंटर, प्रकाश व्यवस्था आदि की व्यवस्थाओं के साथ स्वास्थ्य विभाग ने भी अपनी जिम्मेदारी संभाल ली है।

आज यानी चार जून को मतगणना के दिन मतगणना स्थल पर किसी भी कर्मचारी, एजेंट व अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों व अन्य किसी भी व्यक्ति का मोबाइल फोन प्रवेश नहीं होने दिया जाएगा। अधीक्षण अभियंता विद्युत से कहा गया है कि मतगणना स्थल के लिए जो विद्युत वायर की गई है, उसको चेक कर लें जिससे मतगणना के दिन किसी भी प्रकार की कोई समस्या न हो। विद्युत आपूर्ति भी लगातार बनी रहे।

विद्युत वायरिंग का प्रमाण पत्र भी जारी किया जाए। एसपी ने बताया कि मतगणना के दिन के लिए डायवर्जन रूट जारी कर दिया गया है। उसी के तहत वाहनों की आवाजाही होगी। जिन वाहनों से कर्मचारियों एजेंटों का आवागमन होगा। उनके लिए उनके पास परिचय पत्र भी रहेगा।

मतगणना के लिए तैयार किया गया पंडाल। अमृत विचार

मतगणना सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर बैठक

फतेहपुर। फतेहपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना सुबह आठ बजे से सकुशल एवं पारदर्शिता से सम्पन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश पर कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी में आयोग द्वारा निर्धारित साफ्टवेयर में मतगणना कार्मिकों का द्वितीय रेडमाईजेशन भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक ललटनपुई वानचुंग (आईएएस), रिचा (आईएएस) एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस मौके पर प्रभारी अधिकारी कार्मिक, मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) अविनाश त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक धीरेन्द्र प्रताप, जिला विकास अधिकारी प्रमोद सिंह चंद्रौल, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी आरएस गौतम, जिला सूचना अधिकारी आरएस वर्मा, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सहित संबंधित उपस्थित रहे।

मतगणना स्थल के बाहर मुस्तैद पुलिसकर्मी। अमृत विचार

मतगणना कर्मियों का प्रशिक्षण सम्पन्न

फतेहपुर। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की फतेहपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र मतगणना सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए मतगणना कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण सरदार वल्लभ भाई पटेल (प्रेक्षा गृह) में प्रेक्षक आईएएस रिचा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। उन्होंने बताया कि चार जून की सुबह छह बजे मतगणना कार्मिक अपने परिचय पत्र व ड्यूटी आदेश के साथ रिपोर्ट करेंगे। मतगणना कार्मिक डिकोडिंग सेंटर में पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए निर्धारित मतगणना टेबल पर कार्य करेंगे। मास्टर ट्रेनर ने मतगणना की प्रक्रिया को विस्तार से बताया और मतगणना प्रक्रिया संबंधी प्रपत्र 17 सी का मिलान, एड्रेस टैग, ग्रीन सील आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही डाक मत पत्र से मतगणना कैसे की जानी है, मतदाता की घोषणा पत्र 13क के परीक्षण, लिफाफा 13ख, 13ग खोलने की प्रक्रिया, डाक मत पत्र पर पड़े वोट की मतगणना की जानकारी दी गई। प्रत्येक विधानसभा के मतो की गणना के लिए 14-14 टेबल लगाए जायेंगे।

प्रशिक्षण में माइक्रो आब्जर्वर 114, सुपरवाइजर 114, मतगणना सहायक 114, मतगणना सहायक चतुर्थ श्रेणी 114 कुल 456 मतगणना कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी प्रमोद सिंह चंद्रौल, परियोजना निदेशक डीआरडीए शेषमणि सिंह, समस्त सहायक रिटर्निंग ऑफिसर सहित संबंधित उपस्थित रहे।

बिजली कटौती से जिला अस्पताल में भर्ती मरीज परेशान

संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। भीषण गर्मी में बिजली कटौती से जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों का हाल बेहाल है। रात में किस्तों में होने वाली कटौती के साथ दिन में बिजली आपूर्ति के बावजूद उमस भरी गर्मी से मरीज परेशान हैं। ऐसे में भर्ती मरीज बेड के बजाय बाहर गैलरी में बैठकर समय बिताने को मजबूर हैं।

जिला अस्पताल में रविवार रात भर्ती मरीज भरपूर नींद नहीं ले पाए। शाम नौ बजे से किस्तों में शुरू कटौती से मरीजों ने पूरी रात करवटें बदलीं। तीमारदारों को मरीजों को गर्मी से राहत दिलाने के लिए पूरी रात हाथ पंखा चलाना पड़ा। कुछ मरीजों ने तो गैलरी में लेटकर रात काटी। सोमवार को सुबह आठ बजे तक तो मौसम ठीक रहा, लेकिन इसके बाद धूप बढ़ने के साथ अस्पताल की दूसरी और तीसरी मंजिल के वार्डों में उमस बढ़ गई।

> जिला अस्पताल के बड़े जनरेटर की रात तक मरम्मत हो जाएगी। जनरेटर चालू होने से बिजली कटौती की समस्या से निजात मिल जाएगी। स्वास्थ्य विभाग ने गर्मी से निजात के लिए सभी वार्डों में कूलरों की व्यवस्था की है। कूलर बराबर चलेंगे, तो वार्डों के तापमान में अंतर आएगा।
>
> -डॉ. पीके सिंह, सीएमएस

11 बजे के बाद से इन वार्डों में भर्ती मरीजों का हाल बेहाल हो गया। जिला अस्पताल में पीने के पानी का बड़ा संकट है।

दोनों आरओ प्लांट बंद पड़े हैं। ऐसे में पानी के लिए तीमारदारों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। तीसरी मंजिल पर लगा फ्रीजर खौलता पानी उगल रहा है। पहली मंजिल में लगे फ्रीजर से ठंडा पानी, तो निकल रहा है, लेकिन आरओ नहीं लगा है। ऐसे में अधिकांश तीमारदार खरीद कर पानी पीते हैं।

आबूनगर और हरिहरगंज क्षेत्र में रात को घंटों गुल रही बिजली

संवाददाता, फतेहपुर

- कूलर और एसी चलाने से बढ़ता है लोड

अमृत विचार। भीषण गर्मी के इस दौर में बिजली भी परीक्षा ले रही है। गर्मी के कारण फाल्ट होते हैं और जिसके कारण बिजली गुल हो जाती है विभाग के अधिकारी व कर्मचारी भी मरम्मत में जुटे रहते हैं। सोमवार को भी दिन में आईटीआई और हरिहरगंज समेत करीब दो दर्जन मोहल्ले की बिजली फाल्ट के कारण चार से छह घंटे तक आपूर्ति बंद रही।

आबूनगर, ताम्बेश्वर, जेल रोड, नउवाबाग समेत आसपास क्षेत्रों में रविवार की रात से लेकर सोमवार दिन तक में चार से लेकर छह घंटे तक बिजली गायब रही। जैसे ही एक स्थान पर फाल्ट ठीक होता तो दूसरे स्थान पर फाल्ट हो जाता और फिर उसकी मरम्मत के बाद ही बिजली सप्लाई बहाल हो पाती। इसे लेकर लोग कहते परेशान रहे। दोपहर में जब बिजली की जरूरत थी तब बिजली गोल हो गई। बिजली विभाग का कहना है कि कूलर व एसी चलाने से लोड बढ़ता है।

जरूरी उपकरण ही चलाएं

बिजली विभाग के जिम्मेदारों ने बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि ओवरलोडिंग से से बचने के लिए बिजली के जरूरी उपकरणों का ही इस्तेमाल करे। जिन उकरणों की जरुरत है उन्हे ही चलाए अनावश्यक रुप से बिजली के उपकरण न चलाएं जिससे ओवरलोडिंग न हो।

रोलर चालक ने साथियों के साथ मजदूरों को पीटा

संवाददाता, फतेहपुर

- पुलिस ने पांच लोगों पर दर्ज की रिपोर्ट
- हथगाम थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव का मामला

अमृत विचार। रोड निर्माण में मजदूरी करने वाले अनुसूचित जाति के दो मजदूरों को कहासुनी के विवाद में रोलर चालक ने साथियों के साथ पीट दिया। पुलिस ने पांच के खिलाफ बलवा, मारपीट और एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

हथगाम थाने के रसूलपुर निवासी शिवभूषण पासवान और वीरेंद्र रैदास रोड निर्माण में मजदूरी करते हैं। शिवभूषण ने बताया कि वह हथगाम थाने के चकदोस्त मोहम्मदपुर के ओमकार मौर्य ठेकेदार की देखरेख में काम करते हैं। चांदपुर थाना क्षेत्र के चकलाला रोड के निर्माण में काम कर रहे हैं। वह रोड किनारे दोपहर को आराम कर रहे थे।

चकदोस्त मोहम्मदपुर गांव का रोलर चालक पिंटू यादव उर्फ सत्येंद्र उनके पास पहुंचा। बिना वजह वीरेंद्र पिंटू को गाली देने लगा। ठेकेदार ओमकार मौर्य बीच-बचाव को पहुंचे। ठेकेदार से भी रोलर चालक ने गाली गलौज की। इसी खुन्नस में पिंटू यादव अपने साथी मुकेश यादव, लवकुश, शैलेंद्र, रामप्रताप के साथ पहुंचा।

पांचों ने लाठी-डंडों से जाति सूचक शब्द बोलकर उन दोनों को मारापीटा और गाड़ी में बैठाकर भाग निकले। प्रभारी निरीक्षक बीएल प्रसाद ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

सार-संक्षेप

पान की दुकानों व होटलों में लोग कर रहे परिणाम पर चर्चा

औंग। लोकसभा चुनाव परिणाम में सिर्फ कुछ घण्टे की शेष बचे हैं। जैसे जैसे वो पल नजदीक आ रहा है वैसे वैसे गांव की गलियों में चौराहों में पान की दुकानों व होटलों में सभी दलों के लोग अपने अपने जादुई आंकड़े बताकर अपने प्रत्याशी को जीतता हुआ देख रहे हैं। भाजपा शासन के कार्यकाल में मतदाता की व्यक्तिगत नाराजगी के बाद भी खनन माफिया भू माफिया और सट्टा बाजार से जुड़े लोग बढ़ चढ़कर हैट्रिक का दावा कर रहे हैं। वहीं पर इंडी ग्रुप के लोग जातिवादी आंकड़ों का आइना दिखाकर सभी को पटखनी देते हुए दौड़ में सबसे आगे साइकिल को ही बता रहे हैं। राजनीति के पटल में खामोशी धारण किए बहुजन समाज पार्टी के लोग कुछ बोल तो नहीं रहे हैं लेकिन किसी की हार में और किसी की जीत में अपनी भूमिका को महत्वपूर्ण बता रहे हैं। खैर नतीजा कुछ भी निकले प्रत्याशी की जीत के बाद मतदाता पांच वर्ष तक फिर हारेगा और खनन माफिया, भूमाफिया और अनैतिक कार्य करने वालों की जीत का परचम फिर लहराएगा।

दहेज हत्या में फरार पति 23 दिन बाद गिरफ्तार

फतेहपुर। दहेज हत्या में 23 दिन से फरार चल रहे पति को पुलिस ने रविवार को अफोई तिराहे के पास से गिरफ्तार किया है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने पति को जेल भेजा है। हथगाम थाना क्षेत्र के अदलीपुर गांव के कूड़ा करनई निवासी अमृतलाल की पुत्री कुसुमा देवी की शादी एक साल पहले थाना सुल्तानपुर घोष के तौरा गांव निवासी मलखान सिंह के पुत्र प्रदीप के साथ हुई थी। कुसुमा का 10 मई को फंदे से शव लटकता मिला था। अमृतलाल ने पुत्री की दहेज में बाइक, रुपयों की मांग को लेकर पति समेत छह ससुरालियों हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने फरार पति प्रदीप को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष राजेंद्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी को जेल भेजा गया है।

युवती को ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

औंग। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक युवती गांव के ही एक युवक के साथ सोने की चैन, सोने की झुमकी, 50 हजार रुपये नगद लेकर चली गई है। लड़की की मां ने मामले की तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए युवती की तलाश शुरू कर दी है।

गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज

औंग। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के एक गांव के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी बेटी अपनी मार्कशीट लेने अपने कॉलेज गई थी। जिसके बाद से वह वापस नहीं लौटी है। काफी तलाश की गई लेकिन अभी तक उसका कहीं कुछ पता नहीं चल सका। पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

हत्या का आरोपी गिरफ्तार

फतेहपुर। हुसेनगंज पुलिस ने पहनी गांव निवासी रामसुमेर पुत्र भिक्खू के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था। जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था। सोमवार को पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी करते हुए कोर्ट में पेश किया है। कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया।

फरार आरोपी दबोचा गया

फतेहपुर। औंग थाना पुलिस ने गोधरौली गांव निवासी विनोद सिंह पुत्र स्व. रामलखन के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की थी। जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था। सोमवार को पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया है।

सराफा की दुकान से टप्पेबाजी करने वाले सीसीटीवी में कैद

संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। सराफ की दुकान से एक जून को जेवरातों की टप्पेबाजी करने वाले बाइक सवार सीसीटीवी में कैद हुए हैं। पुलिस फुटेज दिखाकर गांव-गांव में टप्पेबाजों की पहचान में जुटी है।

सुल्तानपुर घोष थाने के अल्लीपुर भादर निवासी दीपू सोनी की प्रेमनगर में सराफा की दुकान है। दुकान में उनका बेटा रौनक सोनी एक जून को बैठा था। दीपू सोनी किसी काम से धनकामई गए थे। इसी दौरान दुकान में दो लोग पहुंचे थे। एक चांदी की ताबीज लेकर रुपये दिए थे। गोल्लक में रौनक रुपये रखने लगा। इसी दौरान तिजोरी के ऊपर खाने में रखे सोने के करीब दो लाख कीमत के टाप्स, अंगूठी, लॉकेट लेकर बाइक सवार भाग निकले थे। पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने सराफ दुकानदार व आसपास इलाके के सीसीटीवी कैमरे खंगाले। कैमरों की फुटेज में रौनक ने टप्पेबाजों की पहचान की है। फुटेज में बाइक सवार दो युवक कैद दिखे हैं।

चार के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट

फतेहपुर। जाफरगंज थाने के मितइयापुर निवासी लाल बाबू दरवाजे पर बैठे थे। बताया कि पुरानी रंजिश में गांव के राधेलाल, रामकिशोर, सत्येंद्र, दिनेश दरवाजे पर लाठी-डंडा लेकर पहुंचे। अचानक गाली गलौज कर हमला कर दिया, जिससे उसके हाथ पैर टूट गए। वह जान बचाकर घर के अंदर पहुंचा। वह पीछा करते हुए घर में घुस आए। जान से मारने की धमकी देकर मरणासन्न हालत में छोड़कर भाग गए। पुलिस ने चारों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

खाद के गड्ढों पर बन गए पक्के मकान

संवाददाता, फतेहपुर

- राजस्व विभाग की उदासीनता से हुआ अतिक्रमण

अमृत विचार। सरकारी जमीन खाली कराने का एजेंडा शासन का प्रमुखता से रहा है। फिर भी राजस्व विभाग की उदासीनता से कस्बा औंग में खाद के गड्ढों के लिए छोड़ी गई जमीन पर पक्के मकान बन गए हैं।

राजस्व विभाग की खतौनी के अनुसार करीब 0.6460 हेक्टेयर सरकारी जमीन खाद के गड्ढे के नाम से अभिलेखों में दर्ज है जिसकी सुरक्षा करने में लेखपाल सहित पूरा राजस्व विभाग मौन रहा है तो वहीं पर अतिक्रमणकारी सरकती जमीन हथियाने में पूरी तरह से कामयाब रहे हैं।

सभी खाद के गड्ढे की जमीन तहसील के सजरा के अनुसार गांव के पास ही है। जिसे घने पक्के निर्माण के बीच ढूंढ पाना नामुमकिन है। यहां के लोगों ने बताया है कि यह सरकारी जमीन करीब चार बीघा है। अतिक्रमण और नवैयित बदलने के खेल में फंसी इस जमीन का अस्तित्व सिर्फ कागजों में ही सिमटकर रह गया है। बता दें कि कई गांवों में चौड़े चौड़े सेक्टर मार्ग व परिक्रमा मार्ग अवैध अतिक्रमण के कारण संकरी गलियों में परिवर्तित हो गए हैं। जहां पर आमने सामने कोई वाहन आ जाने से लोगों को जाम की समस्या से जूझना पड़ता है। स्थानीय कस्बे की परिक्रमा मार्ग करीब आठ मीटर चौड़ा बताया जाता है लेकिन मौके पर पक्की अवैध इमारतें बन जाने से यह मार्ग आधे से भी कम रह गया है। यह भी जानना जरूरी है कि जब यहां पर ही नहीं बल्कि जहां भी सरकारी जमीन में निर्माण कार्य होता है तो वहां पर राजनेता और कुछ छुटभईया नेताओं के कारण लेखपाल सहित पूरा राजस्व विभाग मौन धारण कर लेता है।

चुनाव पर मंथन एग्जिट पोल से भाजपाइयों में उत्साह, विपक्षी गठबंधन के समर्थकों ने फर्जी बताया

भाजपा व सपा कार्यालयों में मतगणना पूर्व रही गहमागहमी

संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। भाजपा और सपा के कार्यालयों में रविवार और सोमवार को मतगणना अभिकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया। उन्हें मतगणना की बारीकियों से रूबरू कराया गया। एग्जिट पोल के बाद सोशल मीडिया में टांग खिंचाई वाली पोस्टों की झड़ी लगी हुई है। वहीं लोकसभा चुनावों को लेकर एग्जिट पोल में भाजपा की बंपर जीत के अनुमान के बाद भाजपाइयों में उत्साह दिखा। लेकिन विपक्षी दलों के कार्यकर्ता एग्जिट पोल को सही न मानकर नतीजे ठीक उलट आने का दावा कर रहे हैं।

भाजपा कार्यालय में रविवार और सोमवार को मतगणना अभिकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। मतगणना के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से बताया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि एग्जिट पोल से कहीं ज्यादा सीटें इस बार देश की जनता मोदी सरकार को देने जा रही है। कार्यकर्ता उत्साह के साथ मतगणना में जुटे रहे। इसी तरह सपा कार्यालय में भी सारा दिन अभिकर्ताओं के परिचय पत्र बनाए गए। जिलाध्यक्ष आदि ने कार्यकर्ताओं को बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी दी। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पिछले दस सालों से देश की संस्थाएं भाजपा के दबाव में हैं। एग्जिट पोल बनाने वाले भी इससे अछूते नहीं है। गठबंधन की सरकार आ रही है। फतेहपुर लोकसभा सीट पर सपा की रिकार्ड वोटों से जीत तय है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से उत्साह बनाए रखने की अपील की। कहा कि यह एग्जिट पोल सिर्फ मनोबल तोड़ने की नीयत से लाया गया है। गठबंधन के कार्यकर्ता सजग रहें।

कार्यालय में रामायण का पाठ करतीं भाजपा प्रत्याशी साध्वी निरंजन ज्योति।

सपा कार्यालय में मौजूद प्रत्याशी नरेश उत्तम। अमृत विचार

एग्जिट पोलों के बाद कार्यकर्ताओं में भरा जोश

- एग्जिट पोल के बाद गठबंधन के कार्यकर्ताओं को मायूसी से उबारने के लिए व्हाट्सएप ग्रुपों में संदेशों का आदान-प्रदान शुरू हो गया है। सपा के ग्रुप में कार्यकर्ताओं से विभिन्न पदाधिकारी अपने आत्मसम्मान को और मजबूत कर भाजपाइयों के चक्कर में न पड़ने की अपीलें कर रहे हैं। अपीलों में कहा जा रहा है कि भाजपाई यह जानते हैं कि उनकी सरकार जा रही है और इंडिया गठबंधन की सरकार आ रही है। इसी वजह से मनोबल को तोड़ने का प्रयास कर रहे हैं और हमें अपने आपको टूटने नहीं देना है।

एग्जिट पोल के बाद गली-चौराहों पर कयासबाजी

- न्यूज चैनलों पर एग्जिट पोल आ जाने के बाद अब लोगों को वास्तविक रिजल्ट का इंतजार है। हालांकि जहां एक और सत्ता पक्ष के लोग एग्जिट पोल से खुश हैं तो वहीं दूसरी ओर इंडिया गठबंधन के लोग एग्जिट पोल को सही नहीं मान रहे। कहना है कि जो वास्तविक रिजल्ट आएंगे वह एग्जिट पोल से भिन्न होंगे। इसे लेकर पूरे दिन शहर में गली चौराहों पर चर्चाओं का बाजार गर्म रहा। एक दूसरे से एग्जिट पोल को लेकर ही चर्चा चलती रही कि एग्जिट पोल और एग्जेक्ट पोल में कितना अंतर होगा एनडीए गठबंधन से जुड़े लोग खास कर भारतीय जनता पार्टी के नेता और कार्यकर्ता पूरे दिन यह दावा करते रहे कि जो एग्जिट पोल में दिखाया गया है उसी के अनुरुप रिजल्ट आएंगे बल्कि इससे भी ज्यादा सीटें एनडीए जीतेगा।

रिजल्ट का इंतजार

न्यूज चैनलों पर एग्जिट पोल आ जाने के बाद अब लोगों को वास्तविक रिजल्ट का इंतजार है। हालांकि जहां एक और सत्ता पक्ष के लोग एग्जिट पोल से खुश हैं तो वहीं दूसरी ओर इंडिया गठबंधन के लोग एग्जिट पोल को सही नहीं मान रहे हैं। उनका कहना है कि जो वास्तविक रिजल्ट आएंगे वह एग्जिट पोल से भिन्न होंगे। इसे लेकर पूरे दिन शहर में गली चौराहों पर चर्चाओं का बाजार गर्म रहा। एग्जिट पोल को लेकर ही चर्चा चलती रही कि एग्जिट पोल और एग्जिट पोल में कितना अंतर होगा। एनडीए गठबंधन से जुड़े लोग खास कर भारतीय जनता पार्टी के नेता और कार्यकर्ता पूरे दिन यह दावा करते रहे कि जो एग्जिट पोल में दिखाया गया है।

सोशल मीडिया पर छिड़ा वार

एग्जिट पोल आने के बाद से ही सोशल मीडिया पर वार छिड़ गया है। दोनों ही दलों के प्रत्याशियों की पोस्ट पर समर्थक जवाब सवाल कर रहे हैं। भाजपा व सपा के समर्थकों के बीच जीत हार के दावों के साथ ही सरकारी व्यवस्था पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

गर्मी से दस दिन तक राहत के आसार नहीं, और तपेगी धरती

मौसम विभाग का अनुमान : मतगणना के दौरान 44 डिग्री तक पहुंच सकता तापमान

संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। जिले में भीषण गर्मी का सिलसिला दो जून को खत्म हो रहे नौतपा के बाद भी जारी रह सकता है। यानी सोमवार से आने बाले दस दिनों तक राहत मिलने की उम्मीद बहुत अधिक नहीं है।

मौसम विभाग के मुताबिक चार जून को जब लोकसभा चुनाव में पड़े मतों की गिनती चल रही होगी, उस समय भी तापमान 41 से 44 के बीच रह सकता है। हालांकि इस बीच बादलों की आवाजाही जरूर होगी, मगर राहत नहीं मिलेगी। रात में उमस इतनी बढ़ेगी की लोग पसीना से तरबतर होंगे। यही वजह है, कि विभाग ने धूप से बचने के लिए अभी से चेतावनी जारी की है। कहा गया है कि दिन के समय जो लोग फील्ड में काम कर रहे हैं, उन्हें धूप से बचने के लिए अधिक सावधान रहने की जरूरत है। अगले 48 घंटे के बीच तापमान में और इजाफा हो सकता है। बताया कि अगले दो से तीन दिनों के बीच बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से उठने वाली हवाओं की वजह से छिटपुट बादल भी रह सकते हैं, ऐसे में उमस भरी गर्मी भी हो सकती है।

घरों में बीत रहीं गर्मियों की छुट्टियां: इन दिनों स्कूलों में गर्मियों की छुट्टियां चल रही हैं। मौसम का हाल परखते हुए ज्यादातर अभिभावक अपने बच्चों को घरों से निकलने नहीं दे रहे हैं। खासकर दोपहर में बच्चे घरों में ही इनडोर गेम खेलकर छुट्टियों का आनन्द ले रहे हैं। वहीं सोमवार की शाम को बच्चे घरों के बाहर के साथ छतों पर खेलते नजर आए। मौसम के फेर में ज्यादातर बच्चों की गर्मी की छुट्टियां घरों में ही गुजर रही हैं।

सूरज की तपिश से 'झुलसा' व्यापार

चौक बाजार शहर की सबसे व्यस्ततम बाजार है। सुबह करीब 11 बजे से शाम को सात बजे के बाद भी बाजार में चहल-पहल दिखती रहती है। लेकिन इनदिनों यह रौनक गायब है।

तेजी से बढ़े नींबू के दाम

गर्मी में लोग नींबू का सेवन अधिक करते हैं। इसके चलते नींबू के दाम काफी बढ़ गए हैं। एक माह पहले नींबू 15 से 20 रुपये के 250 ग्राम मिल रहा था। वहीं अब नींबू 40 से 50 रुपये में 250 ग्राम मिल रहा है।

पीएसी फालोवर समेत दो की हीटस्ट्रोक से मौत

संवाददाता, फतेहपुर

- गर्मी और लू से मौतों का सिलसिला जारी
- पारा दो डिग्री बढ़कर 44 तक पहुंचा

अमृत विचार। दोआबा में गर्मी और लू का कहर जारी है। गर्मी के कारण हो रही मौतों का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। पिछले 24 घंटे में चुनाव ड्यूटी से लौट रहे पीएसी फालोवर समेत दो ने गर्मी से दम तोड़ दिया है। मौत का आंकड़ा बढ़कर डेढ़ दर्जन तक पहुंच गया है।

मुरादाबाद जनपद में डी डेल्टा बटालियन मुरादाबाद में फालोवर के पद पर तैनात रहे 55 वर्षीय पदम कुमार चुनाव ड्यूटी में वाराणसी गए हुए थे। रविवार को पीएसी की गाड़ी से ड्यूटी से वापस मुरादाबाद लौट रहे थे। खागा के पास अचानक पदम कुमार की तबियत बिगड़ गई। साथ में मौजूद पीएसी के जवान पदम कुमार को नजदीकी प्राइवेट अस्पताल लेकर गए जहां से डाक्टरों ने रेफर कर दिया। साथी सीएचसी हरदों लेकर गए जहां डॉक्टरों ने



पदम कुमार को मृत घोषित कर दिया। ऐसे ही गर्मी और लू के कारण असोथर के किला पर मोहल्ला निवासी पुत्तन सिंह शनिवार शाम घर से बाहर थे। देर शाम को जब घर पहुंचे तो हालत बिगड़ गई। परिजन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। दोनों ही मौतों में डाक्टरों ने हीटस्ट्रोक की आशंका जताई है।

सड़क हादसों में तीन लोग घायल सीएचसी में भर्ती

बिंदकी। दो अलग-अलग स्थान में हुए सड़क हादसों में तीन लोग घायल हो गए। हादसे के बाद हड़कंप मचा रहा। एक स्थान पर अनियंत्रित ट्रक पेड़ से जा टकराया। जिसमें दो लोग घायल हुए। वहीं दूसरे स्थान पर धान के बोरों से लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया जिसमें चालक घायल हो गया। तीनों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

नगर के मोहल्ला पुरानी बिंदकी में रात को अनियंत्रित ट्रक एक पेड़ से जा टकराया। ट्रक के पेड़ से टकराने के बाद तेज आवाज हुई तो भीड़ लग गई। ट्रक के केबिन में घायल फंसे चालक मोहर सिंह निवासी आलियाबाद बिंदकी और उसके बड़े भाई रिंकू सिंह को बाहर निकाला गया और इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।

दूसरी घटना नगर के कुंवरपुर रोड में बाईपास चौराहे के समीप हुई जहां पर धान के बोरों से लदा अनियंत्रित ट्रक पलट गया। हादसे में ट्रक चालक रिंकू पुत्र महावीर निवासी मोहल्ला पुरानी बिंदकी घायल हो गया। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर उपचार में लगे हैं।

नौतपा के बाद भी गर्मी छुड़ाए पसीने

संवाददाता, फतेहपुर

- रविवार की शाम को मिली राहत तो सोमवार सुबह से फिर बढ़ी तपिश
- तापमान गिरा लेकिन गर्मी ने खूब छकाया, दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा

अमृत विचार। रविवार को नौतपा का आखिरी दिन था इससे पहले शनिवार की रात को ठंडी हवा भी चलती रही थी इसका नतीजा यह निकला कि नौतपा के आखिरी दिनअधिकतम तापमान 42 डिग्री ही रहा, हालांकि सोमवार को एक बार फिर अधिकतम तापमान बढ़कर 44 डिग्री पहुंच गया और नौतपा वाली न सही लेकिन इस तापमान ने गर्मी का एहसास फिर से करा दिया। इस कारण दोपहर को सड़कों पर सन्नाटा छाया रहा।

रविवार का दिन होने के कारण सरकारी कार्यालय में अवकाश था स्कूलों में पहले ही अवकाश घोषित किया जा चुका है इसके कारण जिन्हें जरूरी काम था वही लोग घर से बाहर निकले... यह था नौपता का आखिरी दिन। पूरे नौतपा के नौ दिन गर्मी ने लोगों को झुलसा कर रख दिया।

रविवार की शाम काफी खुशनुमा समझ आई लेकिन सोमवार सुबह धूप निकलते ही लोगों के एक बार फिर से पसीने छूट गए। लेकिन गर्मी के कारण पिछले दिनों की तुलना में इस सोमवार को गर्मी का अहसास कम रहा। लेकिन गर्मी का असर अभी जारी है। भीषण गर्मी के कारण लोग खासे परेशान हैं। बच्चे और बुजुर्ग कुछ ज्यादा ही परेशान है हालांकि स्कूलों की छुट्टी हो जाने के कारण बच्चों को धूप और लू से राहत मिली है लेकिन कार्यालय जाने वाले और कामकाजी लोग परेशान रहते हैं। आज सोमवार के कारण लोग घरों से बाहर निकले और उन्हें एक बार फिर से गर्मी का सामना करना पड़ा। क्योंकि उन्हें कार्यालय जाना था और ज्यादातर समय वहीं बिताया। यही कारण रहा कि आम तौर पर जिस समय सड़कों पर भीड़ के कारण जाम लगता है सोमवार को उन सड़कों पर भी गर्मी के कारण सन्नाटा पसरा रहा।

चिलचिलाती धूप में इस तरह निकले राहगीर। अमृत विचार

ग्रामीणों की बात...

इस साल नौतपा में ज्यादा गर्मी पड़ी। गर्मी तो हर साल पड़ती है लेकिन इस साल नौतपा में जितनी गर्मी पड़ रही है, उतनी पिछले पांच साल से नहीं पड़ी है। इस साल तो गर्मी ज्यादा हो रही है और नौतपा के बाद भी गर्मी में कमी नहीं आ रही है।

केशव चंद्र

नौतपा प्रकृति के लिए जरूरी है लेकिन इस साल पिछले कई सालों से ज्यादा गर्मी हो रही है। उन्होने कहा कि जिस तरह प्रकृति के साथ छेड़छाड़ की जा रही है और पेड़ों को काटा जा रहा है उसके कारण भी गर्मी में इजाफा हो रहा है, यह स्थिति खतरनाक है।

कमल

शिक्षकों को मिलेंगे एयरटेल के सिम

संवाददाता फतेहपुर

- सिम मिलते ही लगानी होगी ऑनलाइन हाजिरी
- एक सप्ताह में शिक्षकों को सिम कार्ड मिल जाएंगे

अमृत विचार। दोआबा के परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों को जल्द ही सिम कार्ड उपलब्ध करा दिए जाएंगे। बेसिक शिक्षा विभाग के मुताबिक एक सप्ताह के भीतर एयरटेल कंपनी के सिम कार्ड उपलब्ध हो जाएंगे। जिन्हें प्राथमिक स्कूलों को दिया जाएगा। इससे पहले इन स्कूलों में अक्टूबर 2023 में सैमसंग कंपनी के 3534 टेबलेट वितरित किए गए थे।

लर्निंग रिसोर्स पैकेज के तहत परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों को टेबलेट दिए गए थे। कुछ प्राथमिक विद्यालयों को दो तो कुछ को एक टेबलेट दिया गया था। जिन विद्यालयों को दो टेबलेट मिले थे उनमें से एक हेडमास्टर को तो दूसरा सहायक अध्यापक को दिया गया था। टेबलेट मिलने के बाद सिम कार्ड व इंटरनेट डाटा के अभाव में विद्यालयों में इन टेबलेट का समुचित उपयोग नहीं किया जा रहा था।

शिक्षक अपनी आईडी से सिम कार्ड क्रय करने के लिए तैयार नहीं थे। इसे देखते हुए डीजीएसई ने जनपद स्तर पर सिम कार्ड क्रय करने के निर्देश दिए थे। हालांकि अभी इस कार्य में थोड़ा समय लग रहा है। जल्द ही यह कार्य शुरू कर दिया जाएगा। बेसिक शिक्षा अधिकारी पंकज यादव ने बताया कि एयरटेल कंपनी से सिम क्रय किए गए हैं। पांच दिन के भीतर डिलीवरी हो जाएगी। प्रत्येक टेबलेट के लिए एक सिम दिया जाएगा।

सभी स्कूलों में रहेगा कंपनी का नेटवर्क

सिम कार्ड मिलने के बाद सबसे बड़ा सवाल इंटनरेट कनेक्टिविटी को लेकर रहेगा। सवाल यह भी होगा कि क्या एयरटेल का इंटरनेट नेटवर्क सभी विद्यालयों में मौजूद रहेगा। यह सवाल लोगों को खटक रहा है। हालांकि विभाग ने सर्वाधिक कवरेज वाले सिम कार्ड की खरीद का दावा किया है।

शैक्षिक एवं विभागीय कार्यों में होगा प्रयोग

टेबलेट के माध्यम से कक्षा शिक्षण के लिए तैयार किए गए कंटेंट के प्रयोग के सम्बन्ध में अलग से दिशा निर्देश जारी किए जाएंगे। टेबलेट संचालन के बारे में शिक्षकों को आनलाइन एवं आफलाइन मोड में प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। टेबलेट का प्रयोग अकादमिक एवं शिक्षण कार्यों के अलावा विभाग द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार ही किया जाएगा।

दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट छह पर दर्ज

औंग। थाना क्षेत्र के रावतपुर निवासी ननकऊ ने चार महिलाओं सहित छह लोगों के खिलाफ पुत्री के साथ मारपीट करने तथा दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराई है। तहरीर में ननकऊ ने बताया कि अपनी पुत्री रेखा की शादी दो वर्ष पूर्व सर्वेंद्र पुत्र स्व छोटेलाल निवासी सराय थाना महाराजपुर जनपद कानपुर नगर से की थी।

शादी के बाद बाइक और एक लाख रुपए नकद की मांग होने लगी लेकिन आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण मांग पूरी नहीं कर पा रहा है। इसलिए पुत्री रेखा के साथ आयदिन मारपीट होने लगी और उसे मायके जाने के लिए व मायके वालों से बात करने पर भी रोक लगा दी गई है।

पिता ननकऊ ने पति सर्वेंद्र, जेठ सर्वेश, जेठानी अनिता, सोमवती व मिथलेश ननद निवासी सराय थाना महाराजपुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

परिषदीय विद्यालयों में इस बार नहीं लगेंगे समर कैंप

संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। शिक्षा विभाग ने भीषण गर्मी को देखते हुए पांच जून से परिषदीय विद्यालयों में आयोजित होने वाले सात दिवसीय समर कैंप को स्थगित कर दिया है। जून माह में समर कैंप को लेकर शिक्षक संघ भी आपत्ति जताते नजर आ रहे थे। इसके बाद अब शासन ने गर्मी को देखते हुए अपना आदेश वापस ले लिया है।

परिषदीय स्कूलों से लेकर सभी स्कूलों में इन दिनों गर्मी की छुट्टियां चल रही हैं। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा पर्यावरण दिवस के मौके पर पांच जून से सप्ताह भर का समर कैंप लगाने का फैसला लिया गया था। इसके तहत प्रदेश के सभी परिषदीय स्कूलों में समर कैंप लगाए जाने थे। आदेश आते ही शिक्षक संघों ने इस पर आपत्ति जताई थी।

> नए आदेश के अनुसार, पांच जून से शुरू होने वाले समर कैंप को अब स्थगित कर दिया गया है। यहां पर जिले के उच्च प्राथमिक विद्यालयों के साथ ही कंपोजिट स्कूलों में समर कैंप का आयोजन किया जाना था। जो कि अब स्थगित कर दिया गया।
>
> -पंकज यादव, बीएसए

शिक्षक संघों ने इस आदेश को व्यावहारिक नहीं बताया था। संघों का कहना था कि गर्मी की वजह से समर कैंप लगाने का औचित्य नहीं है। इससे शिक्षकों के साथ-साथ बच्चों की सेहत पर भी खराब असर पड़ सकता है। शासन द्वारा लगातार बढ़ती गर्मी और गर्म हवाओं को देखते हुए साथ ही शिक्षक संघों के विरोध के चलते आयोजित होने वाले समर कैंप को स्थगित करने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। स्कूल शिक्षा के महानिदेशक ने बीएसए को नया आदेश जारी कर दिया गया है।

सार-संक्षेप

गोपालगंज ने जोगापुर को हराकर फाइनल में किया प्रवेश

मैच में ट्राफी से सम्मानित किए गए खिलाड़ी।

बिंदकी। श्री नामदेव क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे सेमीफाइनल मैच में जोगापुर व गोपालगंज के बीच मुकाबला हुआ। जोगापुर ने टॉस जीता और पहले बैटिंग कर निर्धारण 14 ओवर में 120 रन बनाए उसके जवाब में गोपालगंज ने 6 ओवर में 125 रन बनाकर मैच जीत लिया और फाइनल में प्रवेश हो गए। क्षेत्र के नामामऊ गांव में चल रहे श्री नामदेव क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे सेमीफाइनल मैच में जोगापुर तथा गोपालगंज टीम के बीच मुकाबला हुआ। खेले गए मैच में जोगापुर की टीम ने टॉस जीता और पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया जोगापुर की टीम में निर्धारित 14 ओवर में ऑल आउट होकर 120 रन बनाए। इसके जवाब में गोपालगंज की टीम ने महज छह ओवर में 125 रन बनाकर मैच जीत लिया। इस तरह गोपालगंज की टीम फाइनल में प्रवेश कर गई। खेले गए क्रिकेट मैच में जाहिर ने 44 रन बनाए और तीन विकेट लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया और मौजूद मुख्य अतिथि आदि लोगों ने शील्ड देकर सम्मानित किया। इस मौके पर रामबरन सिंह पटेल, गिरजा शंकर तिवारी, संजय सिंह परिहार, रावेंद्र सिंह पटेल आदि लोग मौजूद रहे। श्री नामदेव क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजकों ने बताया कि फाइनल मैच चार जून को रतनपुर व गोपालगंज टीम के बीच खेला जाएगा।

दहेज हत्या में पति समेत तीन ससुरालीजन गिरफ्तार

फतेहपुर। पुलिस ने दहेज हत्या में फरार पति समेत तीन ससुरालियों को गिरफ्तार किया है। कोर्ट के आदेश पर तीनों जेल भेजे गए हैं। किशनपुर थाने के सरौली गांव निवासी राकेश दुबे की पुत्री राधा की 2022 में खखरेरू थाने के दरियामऊ निवासी जीतू शुक्ला के साथ शादी हुई थी। ससुराल में विवाहिता का 23 मई को शव लटका मिला था। राकेश ने पुत्री की दहेज के खातिर हत्या का ससुरालियों पर मुकदमा दर्ज कराया था। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद राव ने बताया कि विवेचक प्रहलाद यादव ने राधा के पति जीतू शुक्ला, ससुर राजेश कुमार उर्फ धंधू शुक्ला, सास गुड़िया देवी को पनिहाबाबा चौराहे से गिरफ्तार किया है। तीनों को कोर्ट के आदेश पर जेल भेजा गया है।

ओम घाट में डूबकर मिस्त्री की मौत

फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ओम घाट में सोमवार की दोपहर नहाते समय पीओपी मिस्त्री की डूबकर मौत हो गई। ढाई घंटे बाद गोताखोरों ने शव को बरामद किया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा हैं। गोंडा जिले के थाना धानेपुर गांव घुरपुरवा निवासी अब्दुल कय्यूम पिछले कई सालों से अपने कई साथियों के साथ शहर के पीरनपुर मुहल्ले में रहकर पीओपी कारीगरी करता था। बताते हैं कि भिटौरा के ओम घाट में पीओपी का कार्य चल रहा था। वह अपने अन्य साथियों सज्जाद हुसैन निवासी अलीनगर जिला बलरामपुर व अन्य साथियों के साथ गया था। आज दिन में ग्यारह बजे अब्दुल कय्यूम ओम घाट में नहाने लगा और गहरे पानी में चला गया। जिससे उसकी डूबकर मौत हो गई। जानकारी मिलने पर तत्काल गोताखोरों ने उसकी तलाश शुरू कर दी। ढाई घंटे बाद शव को बरामद कर लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

रेलवे स्टेशन के समीप मिला अधेड़ का शव

फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के कुरूस्तीकला रेलवे स्टेशन के समीप पेड़ के नीचे से ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने 45 वर्षीय अधेड़ का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं ग्रामीणों के अनुसार उसकी लू लगने से मौत हुई है। कोराई गांव निवासी रामलाल उर्फ हरिपाल का पुत्र ज्ञानेंद्र उर्फ कौशल रविवार की दोपहर घर से निकल गया था। काफी देर बीत जाने के बाद जब वापस नहीं आया तो घर वालों ने उसकी खोजबीन की। रात दस बजे कुरूस्तीकला के समीप आम के पेड़ के नीचे ज्ञानेंद्र मृत अवस्था में पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

युवक को जहरीले कीड़े ने काटा, गंभीर

फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के सौंरा गांव निवासी विकास दुबे पुत्र सुरेंद्र दुबे को रविवार देर रात करीब दस बजे घर के मुख्य दरवाजे के पास जहरीले कीड़े ने काट लिया। जिसके बाद परिजनों ने आनन-फानन में उसको एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। विकास की हालत गंभीर बताई जा रही है।

आज रात तक नहीं होगी खनिज की निकासी

फतेहपुर। जिलाधिकारी सी. इंदुमती ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की मतगणना आज यानी मंगलवार को की जायेगी। इस दौरान आवागमन को सुगम एवं सुरक्षित बनाये रखने के लिए जनपद महोबा, हमीरपुर, बांदा, झांसी एवं जालौन आदि जनपदों से उपखनिज बालू, मोरंग व गिट्टी लदे हुये ट्रकों का प्रवेश जनपद सीमा मे तीन जून की रात से चार जून की रात तक प्रतिबन्धित रहेगा। उन्होंने सभी खनन पट्टाधारकों, भण्डारण अनुज्ञप्तिधारियों, अनुज्ञा पत्र धारकों को निर्देशित करते हुए कहा कि इस दौरान खनिज की निकासी, परिवहन किसी भी दशा मे न करें।

नकब लगाकर लाखों का माल किया पार

थरियांव। चोरों ने रविवार की रात एक घर को निशाना बनाते हुए पीछे से नकब काट दी और जेवरात व नगदी चोरी कर फरार हो गए। सोमवार सुबह हुई चोरी की घटना की जानकारी पर हड़कंप मचा रहा। पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल की है। थरियांव थाना क्षेत्र के रसूलपुर मजरे सचौलो निवासी रामऔतार ने बताया की वो रात को खाना पीना खा कर छत सोने चला गया था। उसके परिवारीजन दरवाजे के सामने सो रहे थे। देर रात चोरों ने उसके घर में धावा बोल दिया और पीछे से नकब काट कर घर के अंदर रखा एक छोटे बक्शे में कीमती सामान में सोने व चांदी के जेवरात जिसमें पेटी, करगदा, पायल, तोडिया, झुमकी, नथुनी, लाकेट व 50 हजार रूपए नगद लेकर फरार हो गए। सोमवार सुबह नींद खुलने पर हुई घटना की जानकारी हुई।

जमीन पर कब्जे की शिकायत कर पीड़ित ने मांगा इंसाफ

संवाददाता फतेहपुर

- तहसील प्रशासन से दबंग रुकवा देते निर्माण कार्य

अमृत विचार। एक व्यक्ति ने रहने के लिए जमीन खरीदी और उस पर मकान का निर्माण कार्य करा रहा है लेकिन दबंग लोग अधिकारियों से मिलकर जबरन काम को रोक देते हैं। दबंग व्यक्ति को जमीन का कुछ हिस्सा बेचने का दबाव बना रहे हैं। पीड़ित ने आरोप लगाते हुए अधिकारियों से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है।

बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के कस्बा राजकीय महिला डिग्री कालेज के पीछे रहने वाले रमेश प्रसाद ने एसडीएम बिंदकी को प्रार्थना पत्र देते हुए आरोप लगाया कि उसकी जमीन अकबरपुर बाहर क्षेत्र में है। मेरी जमीन के बगल में अशोक कुमार की भी जमीन है। वह उसकी जमीन का छह बिसवा हड़पना चाहते हैं। दबंग उसकी 20 बिसवा जमीन पर जबरन कब्जा करने के नियत से जब भी उसके द्वारा निर्माण कार्य कराया जाता है तो रुकवा देते हैं।

कार ने बाइक में मारी टक्कर, दो की मौत

संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। मलवां थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर चितौरा मोड़ के पास सोमवार दोपहर बाद कानपुर की तरफ से आ रही कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार कर फतेहपुर की तरफ से आ रहे बाइक सवारों से जा टकराई। जिससे मौके पर ही बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

मलवां थाना क्षेत्र के उमरगहना गांव निवासी रामसेवक (50) पुत्र होरीलाल निषाद अपने भतीजे राकेश (55) पुत्र चंद्रबली निषाद के साथ बाइक की किश्त जमा करने शहर

अनियंत्रित होकर टकराई कार

स्थित एक बाइक की एजेंसी में गए थे। वहीं से वापस आते समय चितौरा मोड़ के पास कानपुर की तरफ से तेज रफ्तार में आ रही कार अनियंत्रित होकर सीधे डिवाइडर पार कर बाइक से जा टकराई। हादसे में बाइक सवार दोनो की मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर तुरंत पुलिस मौके पर पहुंच कर एम्बुलेंस से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां पर डॉक्टर ने दोनो को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पुलिस ने परिजनों को दी। सूचना मिलते ही दोनों परिवारों में कोहराम मच गया। वही कार सवार कार छोड़कर मौके से फरार हो गए।

थानाध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि कार सवार चालक सहित फरार हो गए हैं। कार को जब्त कर लिया गया है।

सड़क हादसे में घायल युवक ने तोड़ा दम

फतेहपुर। चांदपुर थाना क्षेत्र के दपसौरा के समीप पांच दिन पूर्व अज्ञात वाहन की चपेट में आए एक युवक की कानपुर में इलाज के दौरान रविवार को मौत हो गई। चांदपुर के नरायन का पुरवा गांव निवासी सिद्ध गोपाल का पुत्र श्रीकृष्ण 28 मई को बाजार सामान लेने गया था। वापस लौटते समय जब वह दपसौरा के समीप पहुंचा तभी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दिया था जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। परिजन उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाए थे। जहां से उसे कानपुर भेजा गया। परिजन उसका इलाज कानपुर के एक निजी अस्पताल में करवा रहे थे। रविवार को उसने दम तोड़ दिया। परिजन शव लेकर घर आए और पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

विश्व साइकिल दिवस : वर्तमान दौर में कुछ लोग ही करते हैं साइकिल की सवारी

कार से जाकर जिम में चला रहे साइकिल

संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। दशकों पूर्व बाइक व कार आम लोगों की पहुंच से दूर होती थी। उस समय अधिकतर लोग साइकिल की सवारी करते थे और फिट भी रहते थे। आम आदमी हो कर्मचारी तथा विद्यार्थी हर कोई साइकिल से सफर करता था। लोग स्वस्थ रहते थे, साथ ही प्रदूषण भी कम था। वहीं साइकिल सामाजिक स्तर बढ़ाने का जरिया भी मानी जाती थी। धीरे-धीरे आधुनिकता की दौड़ में साइकिल का दौर खत्म हुआ और लोगों ने बाइक, कार व अन्य वाहन से सफर शुरू कर दिया। नतीजन लोग अनफिट रहने लगे और मजबूरी में कार से जिम पहुंचकर साइकिल चलाते दिखाई दे रहे हैं।

साइकिल से जाती किशोरी।

970 में साइकिल लोगों का स्टेटस सिम्बल भी माना जाता था। इस दौर में बाइक आदि तो यदा कदा दिखाई देती थी। जिसके पास साइकिल थी, उसे लोग पैसे

- कभी स्टेटस सिंबल हुआ करती थी साइकिल

> नियमित साइकिल चलाने वालों को दिल की बीमारी का खतरा कम रहता है। वहीं मांसपेशियों की मजबूती के साथ पीठ दर्द की भी संभावनाएं कम हो जाती है। बीमारियों भगाने के लिए साइकिल बेहतर है।
>
> डॉ. आशुतोष तिवारी, गठिया स्पेशलिस्ट

वाला होने की संज्ञा दिया करते थे। साइकिल चलाना सीखने के लिए लोग आतुर रहते थे। बुजुर्ग गजेन्द्र बहादुर की माने तो तब शादियों में दहेज में साइकिल की मांग हुआ करती थी। एक किस्सा याद करते हुए बताया कि जब उनके एक दोस्त की शादी हुई और उसे साइकिल मिली तो लड़की वालों को काफी पैसे वाला होने की पूरे क्षेत्र में चर्चाएं होने लगी थीं। वहीं उस साइकिल को देखने वालों व मांगने वालों की दिन भर लाइन लगी रहती थी। कभी साइकिल एजेंसी संचालक रहे ज्ञान सिंह तोमर ने बताया कि उनके पिता की वर्ष 1956 से लेकर 2007 तक साइकिल की एजेंसी रही है। वह बताते थे कि आसपास जिले के लोग साइकिल खरीदने को पहुंचते थे। उस समय साइकिल का क्रेज बहुत अधिक था कि एक सप्ताह तक साइकिल खरीदने को इंतजार करना पड़ता था। बताया कि साइकिल आपूर्ति को साल में दस बार का कोटा निर्धारित था। साइकिल बिक्री उन्होंने 120 रुपये से लेकर 1000 रुपये तक का दौर देखा था।

बस से जा रहे 11 श्रद्धालुओं की गर्मी से हालत बिगड़ी

संवाददाता, थरियांव

- थरियांव के भरतपुर मोड़ के पास रोकी गई बस

अमृत विचार। मुजफ्फरनगर जनपद से काशी विश्वनाथ दर्शन करने जा रहे श्रद्धालुओं से भरी बस में अचानक 11 यात्रियों की गर्मी से तबियत बिगड़ गई। अचानक बस को रोक कर एंबुलेंस के माध्यम से सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

श्रद्धालुओं से भरी बस मुजफ्फरनगर से काशी विश्वनाथ जा रही थी। जैसे ही बस थरियांव हाईवे के भरतपुर मोड़ पर पहुंची कि कुछ यात्रियों की हालत बिगड़ गई। ड्राइवर ने बस साइड में खड़ी करके एंबुलेंस को सूचना दी। कुछ ही देर में मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने सभी बीमार श्रद्धालुओ को आनन-फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया। बताया जा रहा है कि भीषण गर्मी के चलते श्रद्धालु डायरिया का शिकार हुए हैं, जिनमें दो छोटे बच्चे भी शामिल हैं। बीमार होने वाले श्रद्धालुओं में वाणी, आदित्य, भूरे, सुनीता, सुलोचना, बाला, शकुंतला और पिंकी हैं। जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। सभी का इलाज चल रहा है। डॉक्टर राजेश कुमार ने बताया की मुजफ्फरनगर, सहारनपुर के लगभग 11 मरीज आए है जिनमे दो बच्चे भी शामिल हैं, जिन पर डायरिया और डिसेंट्री के लक्षण पाए गए हैं। जिनको प्राथमिक उपचार के बाद भर्ती किया गया है।

हत्या में दो सगे भाइयों को आजीवन कारावास

जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने सुनाया फैसला, 97500 रुपये जुर्माना भी लगाया, दोषियों को भेजा जेल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- 2016 में विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के लक्ष्मन नगला गांव में हुई थी हत्या
- जुर्माना अदा न करने पर छह-छह माह की होगी अतिरिक्त कैद

अमृत विचार। पारिवारिक बड़े भाई की हत्या में दो सगे भाइयों को कठोर आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। दोनों पर 97,500 रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। जुर्माने की रकम अदा न करने पर दोनों को छह-छह माह का अतिरिक्त कारावास भी भुगतना होगा। कोर्ट ने दोनों दोषियों को आर्म्स एक्ट में भी सजा सुनाकर दंडित किया है। उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार अनौगी भेज दिया गया।

प्रभारी जिला शासकीय अधिवक्ता तरुण चंद्रा ने बताया कि विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम लक्ष्मन नगला में तीन अक्टूबर 2016 को सुबह छह बजे के करीब सुरेंद्र कुमार बाल्मीकि पुत्र सोनपाल की भूमि विवाद में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। सुरेंद्र की पत्नी गुड्डी देवी ने पारिवारिक देवर धर्मेंद्र व भूरा पुत्र रामविलास के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। तत्कालीन थानाध्यक्ष राजबहादुर यादव ने आरोपी धर्मेंद्र व भूरा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। धर्मेंद्र के पास से तमंचा व भूरा के पास से छुरा बरामद हुआ था। इस पर आर्म्स एक्ट के तहत भी मुकदमा दर्ज किया गया था। बाद में इस मामले की विवेचना करते हुए थानाध्यक्ष सुरेश कुमार ने आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया था। अभियोजन पक्ष की तरफ से 9 गवाह पेश किए गए, लेकिन सुरेंद्र की बेटी शिवानी की गवाही अहम रही। शनिवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने भूरा एवं धर्मेंद्र को दोष सिद्ध करते हुए जेल भेज दिया था। सोमवार को दोनों को जेल से तलब कर सजा सुनाई गई।

दोषी धर्मेंद्र (सफेद शर्ट में) व भूरा (लाल शर्ट में)।

अभियुक्त भूरा एवं धर्मेंद्र हत्या में आजीवन कठोर कारावास व 45-45 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। धर्मेंद्र को तमंचा रखने के आरोप में दो साल कारावास व पांच हजार रुपये अर्थदंड व भूरा को छुरा रखने के आरोप में एक साल कारावास व 2500 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। उन्होंने बताया कि सभी सजा एक साथ चलेंगी।

किशोरी का अपहरण कर शादी रचाने में दस साल कारावास

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) ने सुनाई सजा, लगाया 17 हजार अर्थदंड
- नेपाल में जाकर मंदिर में की थी शादी दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट में किया दोषमुक्त

अमृत विचार। किशोरी को अगवा कर शादी रचाने के मामले में एक युवक को दस साल कारावास की सजा सुनाई गई है। दोनों ने नेपाल के एक मंदिर में शादी कर ली थी। कोर्ट ने उस पर 17 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। संदेह का लाभ देते हुए उसे दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट में दोषमुक्त किया गया है। जुर्माने की रकम पीड़िता को प्रतिकर के रूप में प्रदान की जाएगी।

शासकीय अधिवक्ता नवीन कुमार दुबे ने बताया कि गुरसहायगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में 24 जनवरी 2022 को एक किशोरी का अपहरण कर लिया गया था। उसके पिता ने 25 जनवरी 2022 को कोतवाली गुरसहायगंज में एफआईआर दर्ज कराई थी। मामले की विवेचना कर रहे उपनिरीक्षक रामगिरीश सिंह ने जब किशोरी का मोबाइल नंबर सर्विलांस पर लगवाया तो पता चला कि उसे ग्राम बनियानी निवासी रोहित उर्फ भूरा पुत्र प्रभू सिंह बहेलिया अपहृत कर ले गया। पुलिस ने किशोरी व रोहित को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां किशोरी ने बयान दिए कि वह पिता की डांट से क्षुब्ध होकर अपनी मर्जी से रोहित के साथ गई थी। पांच फरवरी 2022 को वह नेपाल पहुंचे, जहां उन्होंने एक मंदिर में सात फेरे लेकर शादी कर ली और वह नेपाल में ही बड़नी स्टेशन के पास रह रहे हैं। विशेष लोक अभियोजक किशोर दोहरे ने बताया कि अभियोजन पक्ष की तरफ से छह गवाह पेश किए गए। सोमवार को विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) अल्का यादव ने रोहित उर्फ भूरा को दोष सिद्ध करते हुए अपहरण में सात वर्ष का कारावास व सात हजार रुपये जुर्माना, विवाह व संभोग के लिए मजबूर करने पर दस साल का कारावास एवं 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। कोर्ट ने संदेह का लाभ देते हुए उसे दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट में दोषमुक्त कर दिया है। सजा सुनाए जाने के बाद दोष सिद्ध अपराधी को न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार भेज दिया गया।

प्रधान ने महिला के नाम से लिया चार लाख का लोन

सौरिख। प्रधानमंत्री आवास के नाम पर बैंक ले जाकर महिला से लोन फाइल पर हस्ताक्षर कराकर प्रधान ने चार लाख रुपये हड़प लिये। वसूली नोटिस पहुंचने पर महिला व परिवार के होश उड़ गए। पीड़िता की शिकायत पर प्रधान ने रुपये जमा कराने का आश्वासन दिया लेकिन अभी तक जमा नहीं किए।

ईजलपुर निवासी सीता देवी पत्नी कृष्णदास ने प्रधानमंत्री आवास के लिए 2018 में आवेदन किया था। तत्कालीन प्रधान उर्मिला सिंह के पति सुरेंद्र सिंह ने प्रधानमंत्री आवास के नाम पर सीता को छिबरामऊ की बैंक आफ बड़ौदा शाखा में ले जाकर चार लाख 75 हजार रुपये का लोन करा लिया और पूरा पैसा निकाल लिया। मई 2021 में सीता का लोन खाता एनपीए हो गया और 9 सितम्बर 23 को जब लोक अदालत का नोटिस मिला तो सीता ने पति के साथ जाकर मामले की शिकायत तत्कालीन प्रधान पति व प्रधान से की तो प्रधान ने खाता एनपीए कराने की बात कही और कहा कि उसे पैसा जमा नहीं करना पड़ेगा। अब सीता का परिवार निवर्तमान प्रधान के चक्कर लगा रहा है और वह उसको आश्वासन की घुट्टी पिला रही हैं।

प्रदेश अध्यक्ष अनुराग गुप्ता के साथ मौजूद मनोनीत पदाधिकारी।

बैठक में भाकियू लोकशक्ति ने किया संगठन का विस्तार

संवाददाता, जलालाबाद, कन्नौज

- पिंकी तिवारी बनीं महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष

अमृत विचार। ब्लाक जलालाबाद कार्यालय परिसर में सोमवार को भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति की बैठक प्रदेश अध्यक्ष अनुराग गुप्ता के नेतृत्व में की गई। इसमें संगठन की मजबूती व विस्तार को लेकर चर्चा कर रणनीति तय की गई। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मजबूती ही संगठन की ताकत है। इससे किसानों के हक व सम्मान के लिए संघर्ष किया जा रहा है। बताया कि हरिद्वार में 12 से 14 जून तक राष्ट्रीय स्तर का शिविर चलेगा। इस मौके पर प्रदेश सचिव मोहम्द कय्यूम,पंकज,मखमूल,साजिद उर्फ गुड्डू,रजनी, पिंकी तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष ने जलालाबाद निवासी पिंकी तिवारी को मनोनयन पत्र देकर महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया। मौजूद पदाधिकारियों ने मनोनीत जिलाध्यक्ष का फूलमालाओं से स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि संगठन के विस्तार के लिए जल्द ही जनपद के शहरों से लेकर गांवों तक सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान प्रदेश सचिव कय्यूम खान, जिला अध्यक्ष हाशिम अली, युवा जिला अध्यक्ष मकबूल अहमद, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष उत्कर्ष गुप्ता, पवन सैनी, विवेक तिवारी, अनुज ठाकुर इमरान मौजूद रहे।

हादसे को न्योता


अन्ना गोवंशों के संरक्षण के लिए जिले में डेढ़ सौ से अधिक गोशालाएं हैं। इनमें साढ़े आठ हजार गोवंश संरक्षित भी हैं। समय-समय पर अभियान चलाकर अन्ना गोवंश पकड़े भी जाते हैं। बावजूद इसके इनका आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। यह दृश्य जीटी रोड का है जहां सोमवार की सुबह करीब साढ़े 10 बजे कुछ इस तरह से अन्ना गोवंश चहलकदमी करते दिखाई दिए और वाहन सवार बचते बचाते निकल रहे थे।

जमीन के विवाद में दो पक्षों में मारपीट आठ पर रिपोर्ट

तिर्वा, कन्नौज। जमीन के विवाद दो पक्ष आमने-सामने आ गए और मारपीट करने लगे। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर आठ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली क्षेत्र के कोडर गांव निवासी सोनी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव के ही निवासी संतोष से जमीन विवाद में पुरानी रंजिश चल रही है। तीन दिन पहले संतोष, संतराम, राजीव व अलोक घर के अंदर घुस आए और मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। संतोष ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि तीन दिन पहले देर शाम को घर के अंदर सो रहा था। इसी दौरान जमीन के विवाद में गांव के ही निवासी जितेंद्र, रमेश, रवि व जगदीश आए और गाली गलौज करते हुए लाठीडंडो से मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने दोनों पक्षों से आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

नौतपा खत्म, पारा फिर भी रहा 44 डिग्री के पार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। नौतपा खत्म हो गया लेकिन सूर्यदेव का कोप अभी भी शांत नहीं हुआ है। अभी पारा 44 डिग्री से ऊपर उछल रहा है, जिसके कारण दोपहर में हीटवेब का कहर जारी है। हवा में नमी की मात्रा बढ़ने से उमस और बेचैनी के कारण लोग परेशान हैं और मौसम के इस परिवर्तन से लोग बीमार भी हो रहे हैं। मौसम विभाग का कहना है कि आठ जून तक हीटवेब का प्रकोप जारी रहेगा।

सोमवार को दिन का अधिकतम तापमान 44.3 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 26.7 डिग्री रहा। दोपहर में 18 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चली गर्म पछुआ हवाओं ने लोगों को घरों में कैद होने पर मजबूर कर दिया। जो लोग बाहर निकले, वह चेहरा बांधे हुए थे। सबसे अधिक दिक्कत तो बाइक सवार लोगों को हुई। लू के कारण सड़कों पर सन्नाटा छाया रहा तो बाजार में कम संख्या में ग्राहक दिखाई दिए। मौसम विभाग का कहना है कि 25 मई से शुरू हुआ नौतपा खत्म हो गया है, लेकिन हवा की दिशा अभी भी उत्तर-पश्चिम है। इससे थार रेगिस्तान की तरफ से आने वाली गर्म हवाएं समूचे उत्तर भारत में कहर बरपा रहीं हैं। नौतपा में सबसे अधिक तापमान 47 डिग्री तक दर्ज किया गया है। वहीं, समुद्र में उठे चक्रवात के कारण हवा में नमी की मात्रा बढ़ रही है और कुछ जिलों में बूंदाबांदी भी हुई है। कृषि विज्ञान केंद्र अनौगी के मौसम वैज्ञानिक डा. अमरेंद्र कुमार ने बताया कि चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से तापमान दो डिग्री कम हुआ है, लेकिन आर्द्रता बढ़ने से उमस भी बढ़ी है। आने वाले दिनों में तापमान कम होगा, लेकिन आठ जून तक तापमान से राहत मिलने की उम्मीद कम है।

धूप से बचने को जीटी रोड स्थित पेड़ के नीचे खड़े बाइकसवार।

राहगीरों को शीतलपेय वितरित करते लोग।

- दोपहर में 18 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चलीं गर्म हवाएं

भीषण गर्मी में शीतलपेय पिला कर दी राहत

गुरसहायगंज। सोमवार को नगर के तिर्वा रोड पर समाजसेवी बंटी ठाकुर, भूरा कठेरिया, अंकुर, जीत सक्सेना, सुधांशू तिवारी, रिषु गुप्ता, नीरज चौहान आदि व्यापारियों के द्वारा भीषण गर्मी में शीतलपेय वितरण कर सैकड़ों लोगों को राहत दी गई। इस दौरान बंटी ठाकुर ने कहा कि सामाजिक कार्यो से आपसी सदेभावना बढ़ती है। सामाजिक कार्यों में सभी को बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए।

समाजसेवी और प्रधान ने जगाई स्वच्छता की अलख

संवाददाता,गुरसहायगंज

अमृत विचार। गांव को स्वच्छ बनाने और लोगों में स्वच्छता की अलख जगाने के लिए समाजसेवी व ग्राम प्रधान ने हाथ में झाड़ू लेकर गांव की गलियों व सड़क पर सफाई अभियान चलाया। ग्राम तेराजाकेट को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए समाजसेवी ललित त्रिपाठी व ग्राम प्रधान रामराज ने स्वच्छता का संदेश दिया। गांव की गलियों, नालियों व सड़क पर झाड़ू लगाई और कूड़ा एकत्र कर कूड़ेदान में डाला। ललित ने कहा कि गांव को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए सामूहिक प्रयास करने होंगे। इसके लिए एक या दो नहीं बल्कि गांव के प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक होना पड़ेगा। कूड़े का सही निस्तारण और नियमित सफाई रखने से न सिर्फ गांव स्वच्छ होगा बल्कि समाज बीमारियों से भी बचेगा। इधर उधर कूड़ा फेंकने की आदत को छोड़ें और कूड़ादान का प्रयोग करना सीखे। स्थानीय लोगों ने भी स्वच्छता अभियान का समर्थन कर गांव को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया।

मेडिकल कॉलेज को 96 जूनियर डॉक्टर

खुशखबरी

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

- कई पीजी करने गए तो कई का बांड समाप्त हो गया
- कॉलेज की मांग पर चिकित्सा विभाग ने दी हरी झंडी

अमृत विचार। पीजी करने जाने के साथ कई जूनियर डॉक्टरों का बांड समाप्त हो जाने के बाद मेडिकल कॉलेज में कई पद खाली हो गए। इससे रोज ओपीडी में उमड़ने वाली मरीजों की भीड़ को संभालना मुश्किल भरा काम हो गया था। अब कॉलेज प्रशासन की मांग पर चिकित्सा शिक्षा विभाग की तरफ से दो साल के बांड पर 96 जेआर डॉक्टर आएंगे। इनके आने से लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं देने में सहूलियत होगी।

डाक्टर भीमराव राम जी आंबेडकर चिकित्सा महाविद्यालय में जूनियर डॉक्टरों की कमी हो गई थी। इस कारण आने वाले मरीजो को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। सीनियर डॉक्टरों के मददगार इन डॉक्टरों की कमी को लेकर कॉलेज प्रशासन शासन स्तर से लगातार इनकी तैनाती की मांग कर रहा था। अब चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक ने कॉलेज मे 96 जूनियर डॉक्टरों की तैनाती की हरी झंडी दे दी। प्राचार्य डॉ. सीपी पाल ने बताया कि कॉलेज मे 40 के करीब जूनियर डॉक्टरो की कमी हो गई थी। यह स्थिति कई के पीजी करने के लिए चले जाने तो तमाम का अनुबंध समाप्त हो जाने से आई थी। शासन स्तर से काउंसिलिंग के बाद 96 जेआर डॉक्टर मिलेंगे। एक साथ इतनी संख्या में डॉक्टर मिलने के बाद विभागों में इनकी कमी से आ रही समस्या से निजात मिलेगी। यह सब दो साल के अनुबंध पर होंगे।

लू से दिव्यांग समेत तीन ने दम तोड़ा

बांदा। लू से मौत का सिलसिला नहीं थमा। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में लू की चपेट में आने से दिव्यांग समेत तीन की मौत हो गई। देहात कोतवाली के डाड़िन पुरवा निवासी दिव्यांग राममिलन (45) भिक्षा मांग कर लौट रहा था। तभी महोखर बाईपास पर लू की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नबंर एक पर 60 वर्षीय बुजुर्ग अचेत मिला। अस्पताल में उसकी मौत हो गई। डॉक्टरो ने लू लगने की आशंका जताई। नरैनी 60 वर्षीय बृद्व लू लग जाने से अचेत हो कर गिर पड़ा। जिला अस्पताल में डॉक्टरो ने मृत घोषित कर दिया।

चार गोवंशों को खुद के खर्च से खिला रहे चारा

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

अमृत विचार। मनकापुर प्रधान और सचिव 10 की जगह 14 गोवंशों के चारे पानी का इंतजाम कर रहे हैं। इसमें से चार के लिए वे खुद के खर्च से सारी व्यवस्था करा रहे हैं।

ग्रामसभा मनकापुर स्थित गौशाला में 10 गोवंश रिकार्ड में दर्ज है। भीषण गर्मी में घूम रहे चार गोवंश को प्रधान बब्लू बाथम व सचिव देवेन्द्र यादव ने पकड़वा कर गोशाला में भेजा और उनके भी चारे पानी का इंतजाम दोनों लोग अपने स्तर से कर रहे हैं। प्रधान ने बताया कि भीषण गर्मी में और अन्ना गोवंश इलाके में नजर आएंगे तो उनको भी लाकर चारे पानी की व्यवस्थाएं करेंगे।

गौशाला में चारा खाते गोवंश।

परेशानी जल निगम की लापरवाही से मुख्य मार्ग पर जलभराव, सीवर लाइन चालू, पर नहीं होती सफाई

सीवर लाइन चोक, शेखपुरा में उफन रहा गंदा पानी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। जल निगम की लापरवाही से शहर के मोहल्ला शेखपुरा में सीवर लाइन चोक होने से गंदा पानी मुख्य मार्ग पर उफन कर बह रहा है। इससे लोगों को निकलने में दिक्कत हो रही है। शिकायत करने पर भी जल निगम के अधिकारी समस्या का समाधान नहीं कर रहे हैं।

शहर में जल निगम की ओर से सीवर लाइन डाली गई है। बीते वर्ष इसे लोगों के लिये शुरू भी कर दिया गया। चंद दिन लाइन ठीक तरह से काम करने के बाद अब जगह-जगह चोक होने लगी। इसका नतीजा यह रहा कि जिस क्षेत्र में सीवर लाइन चोक हुई वहीं से गंदा पानी मेनहोल से निकलने लगा। लोगों ने शिकायत की तो समस्या का समाधान करा दिया गया।

शहर के मोहल्ला शेखपुरा में मेनहोल से बहता सीवर का गंदा पानी।

कर्मचारी सफाई पर नहीं दे रहे ध्यान

शेखपुरा के मोहम्मद जाहिद कुरैशी की कहना है कि सीवर लाइन तैयार करने के बाद कर्मचारियों ने सफाई का कोई ध्यान नहीं दिया। इससे गंदा पानी मोहल्ले के मैनहोल से निकल रहा है। कहने के बाद भी समस्या का निदान नहीं किया जा रहा है।

अब यही समस्या शहर के मोहल्ला शेखपुरा में उपजी है। यहां सीवरलाइन चोक होने से मैनहोल से गंदा पानी निकल कर सड़क से होते हुए नाली में जा रहा है। इससे लोगों को निकलने में दिक्कत हो रही है। बदबू आने से स्थानीय लोग परेशान हैं। इसी मार्ग से लोग फूलमती देवी मंदिर जाते हैं। शहर का मुख्य मार्ग होने से पूरे दिन आवागमन लगा रहता है। लोगों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है।

घरों में आ रही बदबू

शेखपुरा मोहल्ला निवासी फैज साह वारसी का कहना है कि सीवर के गंदे पानी से पूरे दिन निकट के घरों में बदबू आती रहती है। वाहन निकलने पर गंदे पानी की छीटें घरों के दरवाजे पर आ रही हैं। बच्चे पूरे दिन इसी गंदे पानी से होकर इधर उधर जा रहे हैं।

जल निगम अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

यहीं के खैराती कुरैशी का कहना है कि जल निगम के अधिकारियों ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। मोहल्ले में जल निगम के प्रति आक्रोश है। दो दिन में समस्या न हल हुई तो लोग धरना प्रदर्शन करेंगे।

गंदगी से फैल सकता रोग

शेखपुरा मोहल्ला निवासी मोहम्मद तौसीफ का कहना है कि पूरे दिन सीबर का गंदा पानी निकलने से मच्छर पनप रहे हैं। इससे मोहल्ले में बीमारी फैलने की आशंका बनी हुई है। चंद दिन बाद बारिस होने पर पूरा मोहल्ला बीमारी की चपेट में आ जायेगा।

अधूरी सड़क से आवागमन में परेशानी

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

अमृत विचार। नंगापुर्वा-तिर्वा रोड से शहीद मार्ग को जोड़ने वाली सड़क का अधूरा निर्माण होने से स्थानीय लोगों सहित राहगीरों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कच्चा मार्ग होने से वाहन व पैदल यात्रा करने के दौरान दुर्घटना का खतरा भी रहता है। बरसात में जलभराव की समस्या भी हो जाती है।

नगर के मोहल्ला आजाद नगर निवासी प्रभात पांडे, गोविंद सिंह, केशव द्विवेदी, मयंक दीक्षित, ब्रह्माकुमार त्रिपाठी, सर्वेश कुमार, अतुल त्रिपाठी, कमलेश द्विवेदी, बृजेश गुप्ता आदि ने बताया कि नंगापुर्वा-तिर्वा संपर्क मार्ग से शहीद मार्ग को जोड़ने वाली आधी सड़क का निर्माण पालिका द्वारा वर्ष 2019 में कराया गया था। रामकिशन शर्मा के खेत से लेकर शहीद मार्ग स्थित डॉ. मनीष सिंह के मकान तक लगभग 150 मीटर कच्चे मार्ग का निर्माण पांच साल से अधूरा पड़ा है। कई बार पालिका प्रशासन से इस संबंध में मांग की गई, इसके बावजूद निर्माण नहीं हो सका। इससे स्थानीय लोगों सहित इस मार्ग से गुजरने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। आयेदिन लोग चुटहिल होते हैं। मार्ग पर गड्ढे व ईंट, पत्थर पड़े होने के कारण वाहन व पैदल गुजरने वालों को दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है। स्थानीय लोगों ने पालिकाध्यक्ष मुन्नी देवी गुप्ता व अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार से मार्ग को पूर्ण कराने की मांग की है।

नंगापुर्वा तिर्वा रोड से शहीद मार्ग को जोड़ने वाला कच्चा मार्ग।

- नागरिकों ने पालिका से की सड़क बनवाने की मांग

शांति व्यवस्था कायम रखने की अपील

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

अमृत विचार। नगर में भ्रमण करने के दौरान कोतवाज जयप्रकाश शर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनाव की मतगणना और परिणाम को लेकर सभी दलों के समर्थक व नागरिक शांति व कानून व्यवस्था कायम रखने में सहयोग करें। माहौल बिगाड़ने व अफवाह फैलाने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

सोमवार को कोतवाल जयप्रकाश के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस ने नगर के जीटी रोड, तिर्वा रोड, रामगंज, फर्रूखाबाद रोड, चकोर गली, रेलवे रोड, गांधी नगर आदि स्थानों पर रूटमार्च कर जनता को शांति व सुरक्षा व्यवस्था का भरोसा दिलाया। कोतवाल ने कहा कि पुलिस ने पहले से ही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तैयारियों को पूर्ण लिया है। बताया कि पुलिस अधिकारियों के निर्देश हैं कि यदि किसी व्यक्ति द्वारा सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने के लिए अफवाह फैलाई गई तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान उपनिरीक्षक रोबिन सिंह, चंद्रभान सिंह, विनय शर्मा, रविंद्र सिंह, राजेश प्रताप सिंह, राहुल कुमार, कॉन्स्टेबल विनय कुमार, गजेंद्र सिंह, हिमांशु गंगवार, विनय कुमार, जितेंद्र कुमार, पवन कुमार, डेविड, सुधीर चौहान, महिला कांस्टेबल प्रियंका, रेनू आदि पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

नगर के जीटी रोड पर पुलिस कर्मियों के साथ भ्रमण करते कोतवाल जेपी शर्मा।

- पुलिस ने रूट मार्च कर जनता को दिलाया सुरक्षा का भरोसा

प्रतिष्ठा का 'गढ़' बचेगा या मिलेगी 'घर' को जीत

इरा अवस्थी, कन्नौज

- जनता की परीक्षा में अखिलेश होंगे पास या फिर से सुब्रत को मिलेंगे ज्यादा नंबर

अमृत विचार। आखिरकार करीब 22 दिन के बाद वह घड़ी आ गई है जब यह पता चलेगा कि जनता की परीक्षा में किसने ज्यादा नंबर पाए हैं। चार जून यानी आज होने वाली मतगणना में सभी की निगाहें इसी बात पर टिकीं हैं कि प्रतिष्ठा का 'गढ़' बचेगा या फिर 'घर' की जीत खुद को दोहराएगी। भले ही इस लोकसभा चुनाव में 15 प्रत्याशियों ने यहां से भाग्य आजमाया है और पूरी ताकत भी जीत के लिए लगाई है लेकिन मुख्य टक्कर सपा अध्यक्ष व प्रत्याशी अखिलेश यादव व सत्ता दल के सांसद सुब्रत पाठक के बीच ही है।

शुरू से ही कन्नौज का लोकसभा चुनाव राष्ट्रीय परिदृश्य पर छाया है। करीब दो साल पहले ही ये संकेत स्वयं अखिलेश यादव ने एक निजी कार्यक्रम में दे दिए थे कि वे फिर से कन्नौज से ही चुनाव लड़ने जा रहे हैं। धीरे-धीरे समय बीता और 2024 का लोकसभा चुनाव भी सामने आ गया। यहां याद दिला दें कि अखिलेश यादव ने पहला चुनाव साल 2000 में यहां से तब लड़ा था जब उनके पिता व सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव ने इस सीट से इस्तीफा दिया। तब यहां की जनता ने उन्हें सिर आंखों पर बिठाया और भारी बहुमत से जिताकर संसद भेज दिया। इसके बाद वे लगातार 2012 तक इस सीट पर जीत हासिल करते रहे। वर्ष 2009 के चुनाव में उनके सामने भाजपा के सुब्रत पाठक थे। सुब्रत को हार का मुंह देखना पड़ा था। 2012 के बाद अखिलेश उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की कुर्सी पर पहुंचे और तब यहां की सीट पर उनकी पत्नी डिंपल यादव को सांसद बनने का मौका मिला। साल 2014 में जबर्दस्त मोदी लहर में भी डिंपल ने भाजपा के सुब्रत को शिकस्त देने में कामयाबी पाई लेकिन 2019 में तीसरे प्रयास में सुब्रत को जनता ने अपना प्रतिनिधित्व सौंप दिया। इस तरह से साल 1998 से 2019 तक सपा को विजयश्री मिलने से कन्नौज को पार्टी का गढ़ कहा जाने लगा। यद्यपि 2022 के विधानसभा चुनाव में लोकसभा क्षेत्र की पांच में से चार विधानसभाओं पर भाजपा का कब्जा हो गया। अब जब 2024 का चुनाव सामने आया तो तमाम कयासों-मानमनौवल के बाद सपा मुखिया ने खुद ही इस धरती से ताल ठोंक दी। प्रचार के लिए मिले कुछ समय में ही उन्होंने खुद के कार्यकाल में कराए काम गिनाने में कसर नहीं छोड़ी। लोगों में चर्चा हुई कि सपा गढ़ बचाने की तैयारी कर रही है तो सांसद सुब्रत ने कहा कि होगा उनका गढ़, मेरा तो घर है। बात बिल्कुल सही है कि लड़ाई 'गढ़' बनाम 'घर' ही मानी गई। वैसे बसपा प्रत्याशी इमरान बिन जफर भी मैदान में हैं लेकिन माना जा रहा है कि वे लड़ाई को त्रिकोणीय बना रहे हैं।

मुख्य मुकाबला भाजपा और सपा के बीच

- मतगणना से ठीक एक दिन पहले इस बात को लेकर लोगों में फिर से चर्चा होती दिखी कि मुकाबला तो सपा और भाजपा में ही है। एक्जिट पोल अगर सटीक है तो इस हिसाब से तो यह सीट भाजपा दोहरा सकती है और अन्यथा की स्थिति में तो सपा ही मजबूत दिखाई दे रही है। कुछ भी हो आज दोपहर बाद यह तय हो जाएगा कि जनता की परीक्षा में 'घर' खरा उतरा या फिर से 'गढ़' को मौका दिया गया।

आज होगा फैसला, किसके सिर सजेगा जीत का सेहरा

खत्म हुआ इंतजार : मंडी स्थल पर तीनों विस क्षेत्रों के वोट एक साथ गिने जाएंगे, छिबरामऊ की 21 तथा तिर्वा-कन्नौज की 14-14 टेबिलों पर होगी गणना

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। लोकतंत्र के सबसे बड़े महासमर का आज पटाक्षेप होगा। 15 प्रत्याशियों में किसके सिर जीत का सेहरा सजेगा, इसका फैसला हो जाएगा। दोपहर तक तस्वीर साफ हो जाएगी। मतगणना के लिए जिला प्रशासन ने भी तैयारियां पूरी कर लीं हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना के संबंध में प्रेस-वार्ता कर कहा कि मतगणना पूरी तरह से निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराई जाएगी।

सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट सभागार में बताया कि तीनों विस क्षेत्रों की मतगणना एक साथ निगम मंडी परिसर में होगी, जबकि बिधूना विस क्षेत्र की औरैया और रसूलाबाद विस क्षेत्र की अकबरपुर में की जाएगी। छिबरामऊ विस क्षेत्र में सबसे अधिक 547 बूथ हैं, इसलिए इसकी मतगणना को 21 टेबिल लगाई गईं हैं, जिनमें 27 राउंड में मतगणना पूरी होगी। वहीं, तिर्वा व कन्नौज सदर विधानसभा क्षेत्र के लिए 14-14 टेबिलों की व्यवस्था की गई है, जिनमें 35 राउंड में मतगणना होगी। मतगणना निर्धारित समय सुबह आठ बजे से प्रारंभ हो जाएगी। पोस्टल बैलेट की गिनती के लिए 12 टेबिलें लगाईं गईं हैं। इनकी गिनती तिर्वा विधानसभा पंडाल में सुबह आठ से साढ़े आठ बजे की बीच की जाएगी। मंडी में सुबह 6 बजे मतगणना कार्मिकों को टेबिल आवंटन किया जाएगा। गर्मी को देखते हुए मंडी परिसर में छाया और ठंडे पेयजल की व्यवस्था की गई है। परिसर में स्वास्थ्य विभाग की एक टीम व एंबुलेंस की व्यवस्था रहेगी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट स्मृति मिश्रा भी उपस्थित थीं।

मतगणना की जानकारी देते डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल, एसपी अमित कुमार आनंद, एडीएम आशीष कुमार सिंह व ज्वाइंट मजिस्ट्रेट स्मृति मिश्रा। अमृत विचार

निगम मंडी के गेट के बाहर की गई बैरीकेडिंग। अमृत विचार

12,14,886 ने किया था मताधिकार का प्रयोग

- लोकसभा चुनाव में कन्नौज लोकसभा क्षेत्र में 12,14,886 लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में बंद कर दिया था। पांचों विधानसभा क्षेत्रों में 61.08 प्रतिशत लोगों ने मतदान किया था। 13 मई को जिले में 1519 तो लोकसभा क्षेत्र में 2307 बूथों पर मतदान हुआ था।

विधानसभा क्षेत्रवार मतदान की स्थिति

विधानसभा क्षेत्र	कुल वोट	पड़े वोट	प्रतिशत
छिबरामऊ	4,78,881	2,86,670	59.86
तिर्वा	3,81,297	2,36,533	62.03
कन्नौज सदर	4,30,213	2,67,707	62.23
बिधूना	3,67,634	2,25,674	61.39
रसूलाबाद	3,30,900	1,98,302	59.93
योग	19,88,925	12,14,886	61.08

आज इनका भी होगा फैसला

राजनीतिक दल	प्रत्याशी	राजनीतिक दल	प्रत्याशी	राजनीतिक दल	प्रत्याशी
राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी	आलोक वर्मा	ऑल इंडिया फारवर्ड ब्लॉक	सुभाष चंद्र	निर्दलीय	यादवेंद्र किशोर
भारतीय कृषक दल	प्रमोद कुमार यादव	निर्दलीय	इरफान अली	निर्दलीय	राज कठेरिया
भारतीय किसान परिवर्तन पार्टी	शैलेंद्र कुमार	निर्दलीय	पुरुषोत्तम तिवारी	निर्दलीय	ललित कुमारी
भारतीय शक्ति चेतना पार्टी	सुनील कुमार	निर्दलीय	भानु प्रताप सिंह	निर्दलीय	सिनोद कुमार

मुख्य रूप से ये हैं मैदान में

भारतीय जनता पार्टी

सुब्रत पाठक
जन्मतिथि : 30 जून 1979
निवास – मोहल्ला पठकाना, कन्नौज
पद : सांसद एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री

समाजवादी पार्टी

अखिलेश यादव
जन्मतिथि : 01 जुलाई 1973
निवास – ग्राम व पोस्ट सैफई, जनपद इटावा
पद : पूर्व मुख्यमंत्री, नेता प्रतिपक्ष

बहुजन समाज पार्टी

इमरान बिन जफर
जन्मतिथि : 08 सितंबर 1981
निवास डिफेंस कॉलोनी, जाजमऊ कानपुर
पद वर्तमान में बसपा में कोई पद नहीं

सुरक्षा के किए कड़े बंदोबस्त चप्पे-चप्पे पर रहेगी 'खाकी'

- अराजकता फैलाई तो जाएंगे जेल
- सोशल मीडिया पर रहेगी पैनी नजर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। आज होने वाली मतगणना को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। चप्पे-चप्पे पर खाकी वर्दीधारी नजर रखेंगे। प्रत्येक बैरियर पर पुलिस व पीएसी के जवान चेकिंग करेंगे। पाल चौराहे पर भी भारी तादाद में पुलिस तैनात होगी। वाहनों की तलाशी ली जाएगी। बाहरी व्यक्ति मतगणना स्थल के निकट मिला तो कार्रवाई की जायेगी।

मंगलवार को मंडी समिति में कन्नौज लोक सभा 2024 के लिए हुए चुनाव में पड़े मतों की गिनती की जायेगी। इस दौरान बाहरी तत्व किसी तरह की अराजकता न फैला सकें इसके लिये डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ला व एसपी अमित कुमार आनन्द ने खास इंतजाम किये है। चप्पे-चप्पे पर पुलिस की पहरेदारी होगी।

मतगणना स्थल पर बिना पास के प्रवेश नहीं दिया जायेगा। इसके लिये जगह-जगह पुलिस ने बैरियर जिन पर कंटीले तार भी हैं लगाये हैं। इन पर खास चेकिंग की जायेगी। जबरन बैरियर पर निकलने का प्रयास किया तो संबंधित पर कार्रवाई की जायेगी।

इसके लिये पाल चौराहा, तिर्वा क्रासिंग व जलालपुर सरवन गांव के सामने खास बैरियर बनाये गये हैं। कई बैरियर पर चेकिंग के बाद मतगणना स्थल पहुंचना होगा। इन बैरियर पर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की सीधी नजर रहेगी। मतगणना स्थल पर जिन थाना-कोतवाली प्रभारियों की ड्यूटी लगाई गई है वह सोमवार को मंडी गेट पर पहुंचे।

उन्होंने गेट में जंजीर डाल कर ताले लगाये। साथ ही सुरक्षा का पूरा जायजा लिया।

मंडी के दो नंबर गेट में जंजीर डाल कर चेक करता पुलिस कर्मी।

होगी सघन चेकिंग, मोबाइल ले जाने की किसी को अनुमति नहीं

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। पुलिस लाइन स्थित मनोरंजन हॉल में एसपी ने मतगणना को शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराने को लेकर आवश्यक निर्देश मातहतों को दिए। इस दौरान किसी को भी बिना पास के प्रवेश न देने तथा मतगणना स्थल में मोबाइल फोन प्रतिबंधित होने की जानकारी दी।

एसपी अमिति कुमार ने मातहतों को बताया कि मतगणना स्थल की सुरक्षा को बाह्य एवं आंतरिक सुरक्षा घेरों में विभाजित करते हुए दो पालियों में ड्यूटी लगायी गयी है। प्रथम पाली में लगे समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण प्रत्येक दशा में सुबह पांच बजे अपने ड्यूटी स्थल पर पहुंच जायेंगे। मतगणनाकर्मी, पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी, मीडियाकर्मी, प्रत्याशियों, एजेंटो के प्रवेश निर्धारित किये गये प्रवेश द्वार से ही करायेंगे। मतगणना स्थल पर मोबाइल, कोई इलेक्ट्रानिक डिवाइस, ज्वलनशील पदार्थ जैसे माचिस, लाइटर, बीड़ी, सिगरेट तथा किसी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र का लाना प्रतिबन्धित है। मतगणना ड्यूटी में लगे अधिकारी, कर्मचारी के वाहन विजय विलास होटल के सामने एवं पुराने पुल के नीचे बने पार्किंग स्थल में खड़े किए जा सकेंगे। गेट नंबर एक व गेट नंबर दो पर लगे पुलिस बल का दायित्व होगा कि हर व्यक्ति की चेकिंग डीएफएमडी फिक्सिंग के पश्चात ही प्रवेश दिया जाए। ड्यूटी में लापरवाही मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

एसपी की ब्रीफिंग में मौजूद पुलिस व पीएसी जवान। अमृत विचार

- एसपी ने पुलिस लाइन में मतगणना को लेकर की ब्रीफिंग

ऑनलाइन लगाई गई पुलिस की ड्यूटी

- एसपी ने बताया कि मतगणना में पुलिस की ऑनलाइन ड्यूटी लगाई गई है। सभी पुलिस को बार कोड व लिंक उपलब्ध करा दिया गया है। सभी अधिकारी-कर्मचारीगण अपनी व सहकर्मी की ड्यूटी बार कोड, लिंक स्कैन करके देख सकते हैं।

प्रत्येक बैरियर पर होगी खास चेकिंग

बैरियर पर लगे पुलिसकर्मी, तलाशी, चेकिंग के दौरान सभी व्यक्तियों के साथ अत्यन्त शिष्ट एवं नम्र व्यवहार करेंगे। किसी भी व्यक्ति को बिना चेकिंग के प्रवेश नहीं देंगे।

जोनल, सेक्टर पुलिस अधिकारी रखेंगे वायरलेस हैंडसेट

सभी जोनल पुलिस अधिकारी, सेक्टर पुलिस अधिकारी अपने साथ वायरलेस हैंडसेट रखेंगे। किसी भी सूचना या समस्या होने पर तत्काल आदान प्रदान करेंगे, जिससे समस्या का निदान चंद मिनट में किया जा सके।

मंडी के पास गांव में ईगल मोबाइल पुलिस करेगी भ्रमण

संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस पेट्रोलिंग में लगी क्यूआरटी भ्रमणशील रहेगी। इसके अलावा मंडी परिसर के आसपास गांव में ईगल मोबाइल भ्रमणशील रहेंगी। निकट के गांव में यदि बाहरी व्यक्ति मिले तो संबंधित पर कार्रवाई की जायेगी।

हारे व जीते प्रत्याशी को पुलिस स्कॉर्ट छोड़ेगी घर

मतगणना समाप्ति व परिणाम घोषित होने के उपरान्त विजयी प्रत्याशी तथा नम्बर एक के हारे हुए प्रत्याशी को लगाये गये पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा मतगणना स्थल से उनके निवास स्थान तक सुरक्षित स्कोर्ट करते हुए पहुचाना सुनिश्चित करेंगे।

दी जानकारी मतगणना कार्मिकों को बरतनी होंगी सावधानियां, आज सुबह 7.59 बजे तक आने वाले डाक मतपत्र गिने जाएंगे

बड़े लिफाफे में घोषणापत्र नहीं तो गिनती से बाहर मतपत्र

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। शहर के नवीन कृषि मंडी समिति में चार जून को मतगणना होगी। सुबह सात बजकर 59 मिनट तक आने वाले डाक मतपत्र ही गिने जाएंगे। देरी से आने वाले लिफाफे नहीं खोले जाएंगे। दूसरी ओर बड़े लिफाफे में घोषणा पत्र नहीं मिला तो मतपत्र की गिनती नहीं की जाएगी।

कार्मिकों को पूर्व में बताया गया है कि प्रारूप 13 में ए, बी और सी किस तरह से गिने जाएंगे। मास्टर ट्रेनर/ बीडीओ अमित सिंह ने बताया कि लिफाफे अगर खुले हैं या चिपके उनके मत गिने जरूर जाएंगे। बड़े लिफाफे के अंदर वोटर का घोषणा पत्र और दूसरा लिफाफा भी होगा। दूसरे लिफाफे में मतपत्र होगा। किसी मतदाता ने अगर मतपत्र और घोषणा पत्र छोटे लिफाफे में रख दिए तो गोपनीयता भंग होने की संभावना के चलते उसे नहीं गिना जाएगा। मतपत्रों की गणना के लिए 12 टेबिलें लगाई जाएंगी। चार जून को सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू हो जाएगी। पहले घोषणा पत्र छांट लिए जाएंगे, उनको हटाकर ही दूसरे छोटे लिफाफों को खोलकर मतपत्र गिनने के लिए निकाले जाएंगे, इससे वोटर की पहचान नहीं हो सकेगी।

ये मतपत्र नहीं गिने जाएंगे

- अगर किसी मतदाता ने मतपत्र में अंगूठा लगा दिया है या हस्ताक्षर कर दिए तो उनको नहीं गिना जाएगा। एक से अधिक प्रत्याशियों को वोट मिलने पर, जाली मतपत्र जिसमें पीछे अधिकारी के हस्ताक्षर नहीं व फटे मतपत्र भी नहीं गिने जाएंगे।

हर चक्र में दो कंट्रोल यूनिट की होगी क्रॉस चेकिंग

कन्नौज। लोकसभा चुनाव के सामान्य प्रेक्षक संदीप कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में गणना अधिकारियों, सेक्टर मजिस्ट्रेटों व माइक्रोआब्जर्वरों की बैठक की। उन्होंने बताया कि प्रत्येक चक्र की गणना के बाद टेबिल से दो कंट्रोल यूनिट (सीयू) को निकाल कर उनकी क्रॉस चेकिंग की जाएगी और गणना प्रपत्रों से मिलान किया जाएगा। त्रुटि पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

अगर किसी बूथ में दो सीयू का प्रयोग हुआ है तो ऐसी स्थिति में पहले प्रोफार्मा में पहली सीयू और दूसरे प्रोफार्मा में दूसरी सीयू को भरकर फाइनल रिजल्ट 17सी फॉर्म में भरकर देना होगा। कहा कि प्ररूप को भरते समय रोमन अंकों का प्रयोग न किया जाये। फॉर्म भरने में जो अंतरराष्ट्रीय अंक है उसी का प्रयोग करें।

सीयू को खोलते समय काउंटिंग एजेंट को अवश्य दिखाएं। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल, मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट स्मृति मिश्रा, जिला विकास अधिकारी नरेंद्र देव द्विवेदी उपस्थित रहे।

माइक्रोआब्जर्वरों व अधिकारियों को जानकारी देते प्रेक्षक संदीप कुमार।

सोने की नकली चेन देने का लगाया आरोप

सौरिख। महिला ने कस्बे के सराफा दुकानदार पर ढाई तोले से अधिक की सोने की नकली चेन देने व शिकायत पर मारपीट का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की। कस्बे के भटपुरी रोड निवासी खुशबू पत्नी गौरव गुप्ता ने 22 अगस्त 2023 को पति गौरव गुप्ता के साथ कस्बे की एक सराफा दुकान से ढाई तोला की चेन 1,66,500 रुपये की खरीदी थी। पूरा पैसा नकद में दिया गया था। गौरव ने अन्य दुकानदारों से सोने की शुद्धता चेक करवाई तो पांच प्रतिशत ही सोना पाया गया और शेष अन्य धातु की मिलावट निकली। जब खुशबू ने पति के साथ जाकर दुकानदार से शिकायत की और चेन वापस कर पैसे मांगे तो उसने अभद्रता करते हुए गाली गलौज की और रुपये वापस न करने की धमकी दी। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक सचिन कुमार सिंह ने बताया तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस ड्यूटी प्वाइंट चेक करते एसपी अमित कुमार आनन्द व अन्य।

एसपी ने बैरियर व्यवस्था और ड्यूटी प्वाइंट जांचे

कन्नौज। मंगलवार को मतगणना के समय पुलिस से कहीं पर चूक न हो इसको लेकर एसपी ने अन्य अधिकारी कर्मचारियों के साथ सभी बैरियर व अन्य ड्यूटी प्वाइंट चेक किये। मिली खामियों को तत्काल दूर कराया। कहा, ड्यूटी में किसी तरह की लापरवाही न बरती जाये। जिसकी ड्यूटी जहां पर लगाई जाये वह वहीं पर निष्ठा से कार्य करे। उन्होंने वाहन पार्किंग स्थल व बैरियर भी चेक किया। बैरियर बंद करवा कर चेकिंग को लेकर निर्देश दिए। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संसार सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर कमलेश कुमार, व सीओ तिर्वा डॉ. प्रियंका वाजपेई, यातायात प्रभारी आफाक खां व अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

एक नजर

गृह कलह से तंग युवक ने फांसी लगा दी जान

शमसाबाद। नगर पंचायत के मोहल्ला अले पुर निवासी रामविलास के 19 वर्षीय पुत्र मोरपाल ने शमशाबाद फर्रुखाबाद मार्ग पर जारत के पास पेड़ पर अंगोछा से फंदा लगाकर जान दे दी। सुबह राहगीरों की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे। सूचना पुलिस को दी ।पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने घटना स्थल पर पहुंचकर नमूने लिए ।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक चार भाइयो में सबसे छोटा था। बड़े भाई भैया लाल ,वीर बहादुर और सहदेव माता कृष्णा देवी का रो रो कर बुरा हाल हो गया ।थाना अध्यक्ष बलराज भाटी ने बताया पिता की सूचना पर मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

नगर पालिका ने सड़क पर डाला नाली का कीचड़

फर्रुखाबाद। नगर पालिका की लापरवाही का खामियाजा दिनभर राहगीरों और दुकानदारों को भुगतना पड़ रहा है। सड़क पर नाली का कीचड़ निकालकर डाल देने से सड़क पर निकलना दूभर हो रहा है। लालदरवाजे से लाल सराय तक की नाली को नगर पालिका के द्वारा साफ कराया गया था। जेसीबी नें नाली से कचड़ा निकालकर सड़क पर डाल दिया। पहले सफाई के दौरान ही मशीन खराब हुई फिर उसे ठीक किया गया। उसके बाद जब मशीन ठीक हुई तो वह कचड़ा सड़क पर ही छोड़कर चले गये। जिससे सब्जी विक्रेता और दुकानदार पूरे दिन दुकान नही खोल सके। कई बाइक सबार फिसलकर गिर भी रहे हैं।

करंट से मासूम की मौत

फर्रुखाबाद। थाना अमृतपुर क्षेत्र में करंट से बच्चे की मौत हो गई। थाना क्षेत्र के गांव करनपुर दत्त में मासूम बच्चे को घर में बिजली करंट लग गया। बिजली के करंट की चपेट में आने गंभीर रूप से बच्चा झुलस गया। परिजन आनन फानन में बच्चे को एंबुलेस से सीएचसी राजेपुर लेकर पहुंचे। जहां डॉ. आरिफ सिद्दीकी ने चिकित्सीय परीक्षण के बाद बच्चे को मृत घोषित कर दिया। गांव करनपुर दत्त निवासी राम सागर के पुत्र सूर्यांश की बिजली करंट लगने से मौत हो गई । परिजन पोस्टमार्टम कराने से मना कर सीएचसी से शव लेकर घर चले गए।

छत से गिरकर जख्मी

कायमगंज : नगर से सटे दुर्गा कालौनी निवासी हर्वेश की 7 वर्षीय पुत्री अनुष्का छत से गिरकर गंभीर घायल हो गयी। परिजन अस्पताल लाये जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

मार्ग दुर्घटना में एक गंभीर रूप से घायल

कायमगंज : क्षेत्र के गांव उलियापुर निवासी बबलू (45) मार्ग दुर्घटना में गंभीर घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे अस्पताल भर्ती कराया ।जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

किसान अचेत मिला

कायमगंज : क्षेत्र के गांव अहमदगंज निवासी शिवम चतुर्वेदी को चक्का लगाते समय तम्बाकू लग गयी और वह अचेत हो गया ।गंभीर हालत में परिजन अस्पताल लाये जहाँ उसका उपचार हुआ।

पेड़ की डाल गिरने से युवती हुई घायल

कायमगंज फर्रुखाबाद। नगर से सटे गांव दमदमा निवासी नज़रीन पेड़ के नीचे बैठी थी तभी उस पर टूट कर पेड़ की डाल गिर गयी पर वह गंभीर घायल हो गयी परिजन उसे अस्पताल लाये जहाँ उसका उपचार हुआ।

कीटनाशक पीने से हालत बिगड़ी, भर्ती

कायमगंज फर्रुखाबाद। कम्पिल थाना क्षेत्र के गांव गौर खेड़ा निवासी जगमोहन का 21 वर्षीय पुत्र अनुरुद्ध ने संदिग्ध अवस्था मे कीटनाशक का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर उस अस्पताल में भर्ती कराया गया ।हालत बिगड़ने पर जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया गया।

गिट्टी पर गिरकर जख्मी

कायमगंज : क्षेत्र के गांव अताईपुर ज़दीद निवासी शाकिर का 14 वर्षीय पुत्र चाहत साईकिल चला रहा था। चलाते चलाते उसकी साईकिल गिट्टी पर फिसल गयी और वह गिरकर गंभीर घायल हो गया ।परिजन उसे अस्पताल लाये।

चौक में शर्बत वितरण

फर्रुखाबाद। जेठ माह की एकादशी पर समाजसेवी राधा भक्त डॉ. मनोज महरोत्रा, विनोद अग्निहोत्री ने भीषण गर्मी में लोगों को गर्मी में राहत देने के लिए चौक में शर्बत वितरण किया। ठंडा शरबत पीने के लिए ई रिक्शा चालक ठेली वाले मजदूर एवं आम आदमियों ने शरबत पीकर भीषण गर्मी से राहत की सांस ली एवं दुआएं दी। डॉ. राहुल राजपूत ,डॉ. राज दीक्षित, शिशिर टंडन, श्याम अग्निहोत्री, मोनू राजपूत, अंकुर पाठक, प्रियम अग्रवाल आदि ने सहयोग किया।

कौन बनेगा सांसद, यह आज पता चल जाएगा

इंतजार खत्म : बिखर जाएंगे शेष सात उम्मीदवारों के सपने

चन्द्रपाल सिंह सेंगर, फर्रुखाबाद

मुकेश राजपूत।

नवल किशोर शाक्य।

क्रांति पांडे।

अमृत विचार। वोटिंग मशीन में बंद आठ उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला आज हो जाएगा। सांसद बनने की आस लगाए बैठे 7 उम्मीदवारों का सपना मुंगेरी लाल के हसीन सपनों की तरह बिखर जाने को हैं। यहां चुनाव मैदान में बहुजन समाज पार्टी से क्रांति पांडेय, समाजवादी पार्टी से डॉ.नवल किशोर शाक्य, भारतीय जनता पार्टी से मुकेश राजपूत, भारतीय राष्ट्रीय मोर्चा से अमर सिंह, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से दिनेश, भारतीय जवान किसान पार्टी से विद्याप्रकाश, भारतीय नागरिक पार्टी से श्यामवीर सिंह, निर्दलीय हरनंदन सिंह चुनाव मैदान में हैं। बदलते चुनावी समीकरणों के चलते मुख्य मुकाबला भारतीय जनता पार्टी के मुकेश राजपूत और समाजवादी पार्टी के डॉ. नवल किशोर शाक्य के बीच माना जा रहा है। डॉ. नवल किशोर शाक्य अपनी क्लीनिक छोड़ पहली बार राजनीति में उतरे हैं। जबकि भाजपा उम्मीदवार मुकेश राजपूत दो बार भारतीय जनता पार्टी से सांसद रह चुके हैं। तीसरी बार वह अपना भाग्य आजमा रहे हैं। राजनीतिक गलियों में चर्चा है कि भाजपा उम्मीदवार मुकेश राजपूत पार्टी के विभीषणों के भितरघात के शिकार हुए है। बर्ष 2019 में हुए लोक सभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार मुकेश राजपूत ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी बसपा व सपा गठबन्धन के उम्मीदवार मंनोज अग्रवाल को 2लाख 20 हजार मतों से पराजित किया था। इस बार अपनो की ही भितरघात के चलते सपा उम्मीदवार नवल किशोर शाक्य को लड़ाई में ला दिया है। राजनीति गलियारो में चर्चा है कि सपा उम्मीदवार नवल किशोर के पक्ष में शाक्य,यादव, मुस्लिम मतदाताओं का ध्रुवीकरण होने की बजह से यहां सपा भाजपा में काटे की टक्कर हुई है। राजनीति के पंडितों का मानना है कि इस लोक सभा क्षेत्र में बहुत कम मतों से हार जीत होगी।सपा उम्मीदवार नवल किशोर ने पार्टी का जनाधार जरूर बढ़ाया है लेकिन उनके सिर जीत का सेहरा बंधना आसान नजर नही आ रहा है। अब तक के चुनावी समीकरणों के अनुसार हाथी यहां सूंड फटकार कर रह गया है और साइकिल की रफ्तार जरूर बड़ी है लेकिन कमल घर-घर खिलता नजर आ रहा है। पिछले एक महीने से जो प्रत्याशी सांसद बनने का सपना देख रहे थे ।उनका सपना आज पूरी तरह मुंगेरीलाल के हसीन सपनों की तरह टूट जाएगा और वह फिर धरातल पर आ जाएंगे। कुछ उम्मीदवार तो ऐसे हैं जो प्रत्येक चुनाव में अपनी पेंशन तथा घर से खर्च करके चुनाव लड़ते हैं और बाद में उनकी हार ही हाथ लगती है। आज मतगणना के बाद अब इंतजार की घड़ियां खत्म हो रही है।

कुछ ही पलों में कौन बनेगा सांसदकी घोषणा हो जाएगी। जिस प्रत्याशी प्रत्याशी के सिर जीत का सहारा वधेगा उसके यहां जश्न मनाया जाएगा और सात प्रत्याशियों के यहां मातम छा जाएगा।हालांकि अभी तक सभी उम्मीदवार जीत का सपना देख रहे है। चंद पलो में उनकी नींद टूट जाएगी। अमृत विचार ऐसे में सभी उम्मीदवारों से शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील करता है।

मतगणना स्थल पर की गई बैरिकेडिंग। अमृत विचार

निरीक्षण करते अधिकारी। अमृत विचार

कड़ी सुरक्षा में मतगणना, 32 राउंड में होगी पूरी

लोकसभा चुनाव

संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव की चार जून को सातनपुर मंडी में 32 राउंड में मतगणना होगी। इसके लिए विधानसभा वार एआरओ सहित 15-15 टेबल लगाई जाएंगी। डाक मतपत्रों की गणना के लिए अलग से 13 टेबल लगाई जाएंगी। सबसे पहले विधानसभा क्षेत्र भोजपुर की मतगणना पूरी होकर परिणाम आएगा। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से अपर एकपुलिस अधीक्षक, छः क्षेत्राधिकारी, 180 निरीक्षक उपनिरीक्षक, 900 दीवान व सिपाहियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा दमकल की गाड़ी और एंबुलेंस भी मुस्तैद रहेगी

जनपद की लोकसभा सीट में पांच विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र व पोस्टल बैलेट की मतगणना शहर की सातनपुर मंडी में चार जून को होगी। अलीगंज विधानसभा क्षेत्र की मतगणना जनपद एटा में की जाएगी। सातनपुर मंडी में जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र की मतगणना के लिए एक-एक एआरओ की टेबल सहित 15-15 टेबल लगाई जाएंगी।

इन पर ईवीएम में पड़े वोटों की गिनती होगी। प्रत्येक टेबल पर एक काउंटिंग असिस्टेंट, एक सुपरवाइजर, एक स्टाफ व एक माइक्रो आब्जर्वर सहित चार-चार मतगणना कर्मी तैनात होंगे।

इसके अलावा पांचों विधानसभा क्षेत्र के पोस्टल बैलेट की गणना के लिए 13 टेबल अलग से लगाई जाएंगी। इसमें प्रत्येक टेबल पर एआरओ, दो काउंटिंग असिस्टेंट, एक सुपरवाइजर व एक माइक्रो आब्जर्वर मतगणना में लगाए जाएंगे। इस हिसाब से कुल 73 टेबल पर मतगणना की जाएगी। कुल 32 राउंड में होने वाली मतगणना में सबसे पहले विधानसभा क्षेत्र भोजपुर का परिणाम आएगा। सबसे बाद में कायमगंज का परिणाम घोषित होगा।

पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बताया की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मतगणना स्थल सातनपुर मंडी मार्ग पर छः बैरियर लगाए जाएंगे। जिसमें सेंट्रल जेल चौराहा, सुभेक्षा हॉस्पिटल के पास, केएकोल्ड स्टोरेज के निकट, मंडी गेट नंबर 3 के सामने, एचपी पेट्रोल पंप के सामने और आईटीआई चौराहा पर बैरियर लगाए जाएंगे। मतगणना के दिन मंडी मार्ग पर वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। वहीं सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से एक अपर पुलिस अधीक्षक, छह क्षेत्राधिकारी, 180 निरीक्षक उप निरीक्षक, 900 दीवान व सिपाही की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा दमकल की गाड़ी और एंबुलेंस भी मुस्तैद रहेगी।

डीएम ने मतगणना कार्मिकों को दिए निर्देश

जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह ने विकास भवन सभागार में आयोजित मतगणना कार्मिको के प्रशिक्षण सत्र को संबोधित किया। मतगणना को सही तरीके से संपन्न कराने के लिये आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्र ,ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

किस विधानसभा क्षेत्र में कितने राउंड होंगे

विधानसभा क्षेत्र	बूथों की संख्या	टेबल संख्या	मतगणना राउंड
कायमगंज	439	14	32
अमृतपुर	356	14	26
फर्रुखाबाद	392	14	28
भोजपुर	340	14	25
अलीगंज	395	14	29

बाग से लौट रहे युवक से लूटपाट, पुलिस देख भागे

संवाददाता, कायमगंज

अमृत विचार। कायमगंज क्षेत्र में बाग से लौट रहे युवक के साथ लूटपाट व अपहरण का कार व बुलेट सवार लुटेरों ने प्रयास किया। आरोप है कि लुटेरे नकदी-जेवर लूट ले गए। जीआरपी के जवानों को देख लुटेरे भाग गए।

थाना क्षेत्र के मोहल्ला गड़ी नूर खा निवासी फैजल पुत्र जमील ग्राम दमढेरा में अपने भाई के आम के वाग में गया हुआ था। देर शाम जब वह अपनी बाइक से वापस आ रहा था तभी दमढेरा से एक स्कार्पियो व 3 बुलेट मोटसाइकिल से एक दर्जन से अधिक लोग उसके पीछे लग लिए। जब वह सीओ ऑफिस के पास क्रासिंग पर पहुँचा तभी उक्त लोगो ने उसे पकड़ लिया और लात घुसो से उसकी जमकर पिटाई करने लगे। फैसल अपने हाथों में क्रासिंग का खम्बा कसकर पकड़े रहा ।लुटेरे उसे अपनी स्कार्पियो में डाल कर ले जा रहे थे। तभी उधर से जीआरपी के जवान निकले और उसे पिटता देकर कर उसकी तरफ जाने लगे। जीआरपी को अपनी तरफ आता देख लुटेरे भाग गए।

फैसल ने बताया कि उक्त लोग उसकी 5 ग्राम की सोने की चेन व 4 हजार रुपए ले गए है । पूरी घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गयी ।जिसपर पुलिस ने घायल फैसल का देर रात अस्पताल में मेडिकल कराया। वही फैसल ने बताया की एक मारपीट करने वालों में उसने एक को पहचान लिया है। जोकि रुटौल निवासी आमोद के रूप में की है।

वही कोतवाली इंचार्ज रामअवतार ने बताया आपसी झगडा हुआ है । मौके पर पुलिस ने जांच की लूट का मामला निराधार पाया गया।

चोरों ने नकदी और जेवर पार किए

फर्रुखाबाद। कम्पिल नगर के मोहल्ला मांझ गांव पूर्व निवासी सद्दाम हुसैन रविवार की बीती रात परिवार के साथ छत पर सो रहा था। किसी पहर चोर घर के पीछे दीवार के सहारे छत पर चढ़कर सीढ़ियों से नीचे उतर गए। चोरों ने कमरे की खूंटी पर टंगे सद्दाम की पत्नी के पर्स में रखे पांच हजार रुपए व आलमारी की चाबी निकाल ली। चोरों ने अलमारी का ताला खोलकर उसमे रखे तीन लाख के सोने ,चांदी के जेवर व कूलर पर रखा बीस हजार रुपए का मोबाइल चोरी कर लिया। चोर घर के मुख्य दरवाजे को खोलकर फरार हो गए ।सोमवार सुबह परिवार को घटना की जानकारी हुयी। परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। कस्वा इंचार्ज दारोगा संजय राय ने मौके पर पहुंच जांच पड़ताल कर घटना के संबंध में पीड़ित से जानकारी जुटायी। पीड़ित ने थाने पहुंच मामले की तहरीर दी।

सोशल मीडिया पर सपाइयों से मतगणना स्थल के पास एकत्र होने का आह्वान

संवाददाता, फर्रुखाबाद

- प्रेसवार्ता में इस बात पर चुप्पी साध गए सपा प्रत्याशी डॉ. नवल किशोर शाक्य

अमृत विचार। सपा जिला अध्यक्ष विगत रविवार से ही सोशल मीडिया पर वीडियो डालकर कार्यकर्ताओं से मतगणना के दिन मतगणना स्थल के आसपास अधिक से अधिक जुटने का आह्वान कर चुके हैं। सोमवार को सपा प्रत्याशी ने भी दो पोस्ट डालकर कार्यकर्ताओं से हौसला अफजाई करने के लिए बड़ी संख्या में एकत्रित होने की अपील की। जब यही सवाल प्रेस वार्ता में पूछा गया तो सपा प्रत्याशी ने चुप्पी साध ली और बात टाल दी।

आवास विकास स्थित जिला सपा कार्यालय पर सोमवार दोपहर को प्रेस वार्ता बुलाई गई। सपा जिला अध्यक्ष चंद्रपाल यादव ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि वह प्रशासन से अपील करते हैं कि जिस तरीके से चुनाव निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराया गया।उसी प्रकार से मतगणना भी निष्पक्ष संपन्न कराने का काम करे। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं से अपील है कि सातनपुर मंडी के आसपास 4 जून को एकत्रित होकर मां गंगा और परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना करें। जिससे अधिकारियों को निष्पक्ष मतगणना कराने की शक्ति मिले। उन्होंने कहा कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भी लोगों को सतर्क रहने के लिए कहा है। सपा प्रत्याशी डॉ. नवल किशोर शाक्य ने उनके साथ जनता ने मेहनत की है और उसके को जो परिणाम आएंगे उनसे सुखद अनुभूति होगी। अखिलेश यादव के जारी प्रेस नोट में प्रदेश भर के अधिकारियों को भ्रष्ट बताए जाने के सवाल पर सपा प्रत्याशी ने चार जून के बाद इस जवाब देने की बात कही। सपा प्रत्याशी के सोशल मीडिया एकाउंट से लगातार कार्यकर्ताओं को चार जून को मंडी के आस पास जुटने की अपील हो रही है। वही प्रेस वार्ता में इस सवाल पर सपा प्रत्याशी ने जबाव देने से बचते दिखे। इस दौरान प्रदेश सचिव डॉ जितेंद्र सिंह यादव,पुष्पेंद्र यादव, इलियास मंसूरी, अश्वनी शाक्य आदि उपस्थित रहे। लोकसभा चुनाव के मतगणना के दिन कोई भी चूक ना हो व कोई भी कमी ना रह जाए। इसको लेकर सपा पुरजोर प्रयास कर रही है। सपा जिलाध्यक्ष व प्रत्याशी डॉ. नवल किशोर शाक्य सहित अन्य नेताओं की मौजूदगी में बघार स्थित सपा प्रदेश सचिव डॉ. जितेंद्र सिंह यादव के मेडिकल कॉलेज में एक विशेष मीटिंग आहूत की गई।

गंगा स्नान कर मतगणना स्थल पहुंचेंगे मुकेश राजपूत

फर्रुखाबाद। लोकसभा चुनाव की मतगणना के लिए भाजपा ने जनपद की चार विधानसभाओं और पड़ोसी जनपद एटा की अलीगंज विधानसभा के लिए 14-14 एजेंट बनाए हैं। इसके साथ ही प्रत्येक विधानसभा में एक-एक एआरओ की तैनाती रहेगी। भाजपा सांसद मुकेश राजपूत सुबह छह बजे गंगा स्नान कर नारायण आश्रम से सातनपुर मंडी स्थित मतगणना स्थल के लिए रवाना होंगे।

फर्रुखाबाद लोकसभा क्षेत्र में कायमगंज, सदर, भोजपुर, कायमगंज के साथ ही एटा जनपद की अलीगंज विधानसभा शामिल है। प्रत्येक विधानसभा की मतगणना के लिए भाजपा ने 14-14 एजेंट और एक-एक एआरओ की तैनाती की है। अलीगंज विधानसभा की मतगणना एटा स्थित मंडी समिति में होगी। सांसद प्रतिनिधि अनूप मिश्र अलीगंज विधानसभा की कमान संभालेंगे। सांसद मुकेश राजपूत ने बताया कि सुबह सबसे पहले गंगा स्नान करुंगा। इसके बाद नारायण आश्रम से समर्थकों के साथ सुबह छह बजे मतगणना स्थल रवाना होऊंगा।

928 अग्निवीर सेना में हुए शामिल

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

शपथ ग्रहण समारोह में परेड करते अग्निवीर। अमृत विचार

अमृत विचार। राजपूत रेजीमेंट सेंटर ने 928 अग्निवीर 6 माह के कठिन परिश्रम के बाद सैनिक बने। जवानों को ब्रिगेडियर एचएस संधू ने देश की रक्षा व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इन रणबांकुरों को देश की सुरक्षा में समर्पित किया।

इस मौके पर सेना की वर्दी में अग्नि वीरों ने कदम से कदम मिलाकर यह साबित कर दिया कि वह भी देश की सुरक्षा में अपना योगदान देने के लिए कंधे से कंधा मिलाकर काम करने के लिए तैयार हैं।

कदम कदम मिलाए जा की धुन पर सेवा की यह नए अग्नि वीर परेड देखकर परिवार वालो के भी सीने चौड़े हो गए। करिअप्पा कॉप्लेक्स में ट्रेनिग के बाद अंतिम पथ पर सिपाही बने अग्निवीर ने इस मौके पर बेहतर प्रदर्शन किया।

झगड़े का बीचबचाव करने गए फल विक्रेता को चाकू मारी

संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। लिंजीगंज मार्केट में फल की ठेली लगाने वाले युवक को दो पक्षों में हो रहै झगड़े में बीच बचाव करना महंगा पड़ गया। दबगों ने युवक के सीने में चाकू मार युवक को घायल कर दिया। पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण कराया है।

थाना कादरी गेट क्षेत्र के मोहल्ला कछियाना निवासी रजत कुमार लिजीगंज मार्केट में काफी समय से फल की ठेली लगाते है ।रविवार देर रात ठेली लेकर वापस घर आ रहे थे ।पुराने फाटक के पास दो पक्षों में लड़ाई हो रही थी ।जिसमें एक पक्ष रजत का परिचित था ।जब रजत ने बीच बचाव का प्रयास किया ।जिससे गुस्साए दबंगों ने रजत को पीटते हुए सीने मेंदाएं तरफ चाकू मार दिया ।जिससे रजत लहू लुहान हो गया ।आस पास लोगों की भीड़ लगने से आरोपी भाग गए ।रजत ने अपने भाई को घर से बुलाया ।जिसके बाद पीड़ित थाने पहुंचा। पुलिस घायल को मेडिकल परीक्षण हेतु जिला अस्पताल लोहिया लेकर आई।

जमीन पर कब्जे के विरोध में अनशन पर बैठा परिवार

संवाददाता, कायमगंज-फर्रुखाबाद

- पुलिस व लेखपाल पर लगाया कब्जा कराने का आरोप मजबूरी में यह कदम उठाया

अमृत विचार। नबावगंज क्षेत्र के गांव हमीरपुर वरतल निवासी सदा सिंह अपने पूरे परिवार सहित तहसील परिसर में आमरण अनशन पर बैठ गए। सदा सिंह ने आरोप लगाया उनकी जमीन पर अवैध कब्जा करने से रोकने एवं कब्जा करने और करवाने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया था, लेकिन सुनवाई नही हुई।

सदा सिंह ने बताया कि उनकी जमीन गाटा संख्या 187 रकवा 0.10 डिसमिल स्थित ग्राम हमीरपुर बरतल तहसील कायमगंज का मालिक हूं। उनकी कृषि भूमि सदा सिंह के नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। प्रार्थी की इस जमीन पर जानवरों के बांधने के खूंटे गड़े है और शेष जमीन पर खेती करता है। गत 2 जून को लगभग 8 बजे भूमाफिया सुग्रीव पाल, बीरेन्द्र सिंह कृष्णिंद्र सिंह पुत्रगण गजराज सिंह, कमल कुमार पुत्र सुग्रीव, विमल कुमार पुत्र सुग्रीव पाल निवासी ग्राम हमीरपुर बरतल थाना नवाबगंज जनपद फर्रुखाबाद एक राय होकर प्रार्थी की उक्त जमीन पर लाठी डंडा फावड़ा लेकर आए और खूंटा उखाड़ कर फेंक दिए । जानवर खोल कर भगा दिए । जबरिया नींव खोद कर उस पर अवैध कब्जा करने लगे। प्रार्थी ने मना किया तो उक्त लोगों ने प्रार्थी के साथ गालीगलौज किया और धमकी दी कि जान से मार देंगे। प्रार्थी ने नवाबगंज थाना पुलिस को सूचना दी मौके पर दरोगा ग्रीश सिंह व दो सिपाही व लेखपाल अश्वनी आए और प्रार्थी ने अपना इंतखाब दिखाया तो पुलिस और लेखपाल ने इतखाद देखने से मना कर दिया। दरोगा ग्रीश सिंह व लेखपाल अश्वनी सिंह ने अपने सामने जबरिया नींव खुदवाकर निर्माण कार्य शुरू करवा दिया। इसके बाद प्रार्थी थाना नवाबगंज पहुंचा और थाने में तहरीर दी तो थाना पुलिस ने तहरीर वापस कर दी और उसको भगा दिया। उक्त सुग्रीव पाल, बीरेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र सिंह, कमलकुमार एवं विमल कुमार ने मौके पर निर्माण सामिग्री एकत्र कर ली और उसके स्वामित्व वाली जमीन पर जबरिया निर्माण कर उस पर अवैध कब्जा करना चाहते है।

कहा कि यदि उसकी मांगों को अविलंब पूरा न किया गया तो स्वय एवं अनूज कुमार, मंजीत कुमार, सोनी पाल, गुड्डी देवी एवं सुरजीत के साथ 3 जून को समय 9 बजे सुबह से तहसील कायमगंज जनपद फर्रुखाबाद में अनिश्चितकालीन अनशन शुरू करने की चेतावनी दी थी। फिर भी कोई सुनवाई न होने पर मजबूर होकर वह परिवार के साथ अनशन पर बैठ गया।

निरीक्षण महानिदेशक ने कारागार की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

खुली जेल के लिए शासन के आदेश का इंतजार

संवादाता फर्रुखाबाद

सेंट्रल जेल का निरीक्षण करते डीजी जेल पीवी रामाशास्त्री। अमृत विचार

अमृत विचार। डीजी जेल ने केन्द्रीय कारागार फतेहगढ़ का निरीक्षण कर बन रही खुली कारागार के निर्माण आदि को देखा और अवश्यक दिशा निर्देश दिये। डीजी जेल पीवी रामाशास्त्री ने निर्माणाधीन खुली जेल के निर्माण कार्य को परखा। बंदियों के रहनें की व्यवस्था की जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने जेल के फार्म पर बनी गौशाला, तालाबों की व्यवस्था को देखा। उन्होंने बताया कि ओपन जेल की सभी तैयारी लगभग पूरी कर ली गयीं है।ओपन जेल का निर्माण लगभग अंतिम चरण में है। उन्होंने बताया कि ओपन जेल की शुरू करने के लिए शासन की अनुमति का इंतजार रहेगा। फिलहाल ओपन जेल में 200 बंदियों की रखनें की व्यवस्था की जायेगी। चुनाव आचार संहिता खत्म होनें के बाद आगामी तैयारी को पूर्ण किया जायेगा। महानिदेशक ने सेन्ट्रल जेल के भीतर भी व्यवस्था देखी। डीजी नें बताया कि गर्मी को देखते हुए वृद्ध कैदियों को शीतल पेय पिलाने और कूलर लगाने के निर्देश दिये गये है। इसके साथ पार दर्शी मुलाकात, कैदियों से परिजनों की वार्ता आदि व्यवस्था को भी परखा गया है।

महानिदेशक जेल ने कहा कि जेल के सभी सीसीटीवी कार्य कर रहें हैं। जेल उत्पादों को और बेहतर करनें का प्रयास किया जायेगा । प्रभारी डीआईजी पीएन पाण्डेय, उपकारापाल सुरजीत कुमार आदि मौजूद रहे।

ट्रांसफार्मर को गर्म होने से बचाने के लिए कटौती

फर्रुखाबाद। भीषण गर्मी से पावर ट्रांसफार्मरों को हीट होने से बचाए जाने के लिए उपकेंद्रों से दो-दो घंटे बिजली कटौती की जा रही है। ठंडा रखने के लिए कूलर और एग्जॉस्ट भी लगाए गए हैं।

जनपद में स्थित 41 उपकेंद्रों से बिजली आपूर्ति की जाती है। इनमें पांच से दस एमवीए के 64 पावर ट्रांसफार्मर लगे हैं। उपकेंद्र पर तैनात कर्मचारी दिन-रात इस पर नजरें जमाए हैं। पावर ट्रांसफार्मर पर लगे टेंपरेचर इंडीकेटर से तापमान को देखा जा रहा है। 70 से 75 एंपीयर तापमान पहुंचते ही पावर ट्रांसफार्मर बंद कर उसमें पानी का छिड़काव कराया जा रहा है।

यस्य कृत्यं न जानन्ति मन्त्रं वा मन्त्रितं परे।
कृतमेवास्य जानन्ति स वै पण्डित उच्यते॥

दूसरे लोग जिसके कार्य, व्यवहार, गोपनीयता, सलाह और विचार को कार्य पूरा हो जाने के बाद ही जान पाते हैं, वही व्यक्ति ज्ञानी कहलाता है।

संपादकीय

चुनाव आयोग की सीख

विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में इस बार लोकसभा चुनाव में 31.2 करोड़ महिलाओं समेत 64.2 करोड़ मतदाताओं की भागीदारी के साथ विश्व रिकॉर्ड बनाया है। झुलसाती गर्मी व तूफान के बावजूद सात चरणों वाले लंबे चुनाव अभियान में मतदाताओं का उत्साह दुनिया को भारतीय लोकतंत्र की ताकत दिखाता है। दुनिया की सबसे बड़ी मतदान प्रक्रिया में 68,000 से अधिक निगरानी दल और डेढ़ करोड़ से अधिक मतदान तथा सुरक्षा कर्मी शामिल रहे। इस दृष्टि से लोकसभा चुनाव 2024 विश्व के लोकतांत्रिक इतिहास में भारत का कीर्तिमान कहा जा रहा है। महत्वपूर्ण है कि तमाम सांस्कृतिक, भौगोलिक व राजनीतिक रूझान में विविधताओं वाले इस देश में चवालीस दिन की सबसे लंबी अवधि वाले आम चुनाव की प्रक्रिया विश्वसनीय मानी जाती है। लोकतंत्र के इस उत्सव में चुनाव आयोग से जो अपेक्षाएं थीं, उन पर खरा उतरने के लिए तैयारियां भी की गईं थी। परंतु भारतीय चुनावों की प्रणाली ऐसी है कि इसमें चुनाव के बाद भी जांच की गुंजाइश होती है। इस बात को मुख्य चुनाव आयुक्त ने भी स्वीकार किया है। इसलिए आयोग के कामकाज को लेकर शिकायतें भी रहीं। आम चुनावों में ईवीएम को लेकर भी कई सवाल उठे।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म्स (एडीआए) और कॉमन कॉज नाम की दो संस्थाओं ने अदालत में एक आवेदन देकर इस बार के चुनावों में मतदान प्रतिशत के आंकड़े सार्वजनिक करने की मांग उठाई। ऐसे में चुनाव आयोग ने देश में चुनाव प्रक्रिया की शुद्धता, पारदर्शिता और निष्पक्षता को सुनिश्चित करने के लिए आयोग द्वारा की गई व्यवस्थाओं को सोमवार को पुनः रेखांकित करते हुए कहा कि चुनाव के बारे में अनर्गल बातें फैलाने का बाजार एक बड़ा खतरा बन गया है और इसके खिलाफ सावधानी बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि चुनाव को लेकर झूठी अफवाहों से निपटने के लिए बहुत तत्पर रहने की जरूरत है। इस चुनाव की कुछ महत्वपूर्ण सीख हैं, एक तो हमें भीषण गर्मी को देखते हुए यह चुनाव एक माह पहले पूरा करा लेना चाहिए था। दूसरी सीख है, (आयोग की व्यवस्थाओं के बारे में) अनर्गल प्रचार से निपटने की जरूरत का सबक। उन्होंने कहा कि इन चुनाव को संपन्न कराने में पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ काम किया गया है और आयोग ने विभिन्न प्रतिनिधिमंडलों की ओर से आए सुझावों को माना है। क्योंकि ऐसा संदेश नहीं जाना चाहिए कि आयोग सत्तारूढ़ दल के प्रति उदार रुख दिखा रहा है। ध्यान रहे निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव के जरिए ही देश में लोकतंत्र सुरक्षित रखा जा सकता है। ऐसे में निश्चित रूप से चुनाव आयोग के लिए सुगम मतदान की व्यवस्था करना चुनौतीपूर्ण कार्य था।

गप्प सुनो भाई सप्प नाव में नदिया डूबी जाय

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

भाषण देने वाले नेता लोग प्राय: अपनी महानता की गप्पों के साथ विपक्षियों के प्रति नफरत की गप्पें हांकते रहते हैं। गप्पें बोई जाती हैं, उनका अंकुरण होता है, उनको सींचा जाता है, उनका पल्लवन होता है और देखते देखते गप्प का वटवृक्ष बन जाता है। गप्पों के जंगल बन जाते हैं।

लोकसाहित्य में गप्प भी एक महत्वपूर्ण विधा है और गप्पों की उपेक्षा नहीं की जानी चाहिए। यह सच है कि लोग मिलते हैं तो जैसे किस्सा - कहानी कहते हैं,वैसे ही गप्पें भी हांकते हैं, गप्पें सुनते भी हैं और उनसे मनोविनोद भी करते हैं। गप्पें लोगों को जोड़ती भी हैं,गप्पों में लोगों का मन लग जाता है। गप्पों का अध्ययन भी किया जा सकता है। गप्पें हांकना हर एक आदमी के वश की बात नहीं है।

कुछ लोग तो गप्पों के एक्सपर्ट होते हैं। गप्पें मनोरंजन तो करती ही हैं,लोगों को उत्तेजित भी कर देती हैं। आकर्षित भी करती हैं। कभी-कभी आत्मविज्ञापन के लिए गप्पें हांकी जाती हैं तो कभी प्रतिद्वंद्वी को पछाड़ने के लिए गप्पों का उपयोग किया जाता है,लेकिन कुछ गप्पी बहुत कमाल के होते हैं,वे ऐसी गप्पें हांकते हैं कि बहुत दिनों तक उनकी सच्चाई सामने नहीं आती और लोग उनकी गप्पों को प्रामाणिक तथ्य मान लेते हैं तथा दूसरों से भी आग्रह करते हैं कि वे भी उन गप्पों को ऐतिहासिक सच के रूप में ग्रहण करें। ऐतिहासिक, राजनैतिक,धार्मिक,सामाजिक, आर्थिक-व्यापारिक, सांस्कृतिक, भौगोलिक आदि वर्गों में गप्पों का वर्गीकरण किया जा सकता है।

भाषण देने वाले नेता लोग प्रायः अपनी महानता की गप्पों के साथ विपक्षियों के प्रति नफरत की गप्पें हांकते रहते हैं। गप्पें बोई जाती हैं,उनका अंकुरण होता है,उनको सींचा जाता है,उनका पल्लवन होता है और देखते देखते गप्प का वटवृक्ष बन जाता है। गप्पों के जंगल बन जाते हैं। गप्पों पर कितनी ही फिल्में बन चुकी हैं,अब भी बनाई जा रही हैं ताकि पब्लिक का दिल बहला रहे। एक दिन एक गप्प फिल्म का प्रोग्राम सुन रहा था। हालांकि वे इसे इतिहास बतला रहे थे तो कोई बात नहीं इतिहास को अब गप्प का ही एक दूसरा नाम समझा जाना चाहिए। इधर देश में राजनैतिक क्षेत्र की गप्पों का चलन बढ़ गया है। व्यापारिक गप्पें उत्पादों को लेकर हांकी जाती हैं। इस उत्पाद को खरीद लोगे तो घर में स्वर्ग ही आ जाएगा। धार्मिक मत के प्रचारक लोग अपने संप्रदाय अथवा पंथ की महिमा के लिए इतनी गप्पें हांकते हैं कि उन पर पूरी पुस्तक लिखी जा सकती है। मध्यकाल के भक्त कवियों के संबंध में भी ऐसी गप्पें प्रचलित हैं,वहां प्रोफेसर लोग इन गप्पों का उपयोग करते हैं और आग्रह करते हैं कि यह गप्प नहीं,ऐतिहासिक सच है। गप्प का एक नाम इतिहास भी है। अब इतिहासकार भी गप्प सामग्री का प्रचुर उपयोग करने लगे हैं। ऐसी गप्प,जो इतिहास बन गया या बना दिया गया। इतिहास की गप्प कहो या गप्पों का इतिहास कहो। गूगल, वाट्सऐप,फेसबुक आदि पर गप्पों के विश्वकोष मिल सकते हैं,लेकिन लोकजीवन की गप्पें बड़ी सरल होती हैं,क्यों कि वे गप्प की तरह ही पेश आती हैं,धोखा देने का उनका इरादा नहीं होता। देहाती भाषा में इसे टल्ल भी कहते हैं।

इतिहास? वह तो घंटाघर की सुई की तरह है। राजा बारह बजे नगर यात्रा पर निकलेगा,क्योंकि राजा समय का पक्का है,जब वह निकलेगा तभी बारह बजेंगे। जब निकलता है तभी बारह बजते हैं। इतिहास का काम है राजा को देखना घड़ी की सुई को पकड़ कर खींचना और बारह बजाना। राजाओं की नजरों के अर्थ को समझना।

इतिहास के नाम पर अपने-अपने हिसाब चुकता किए जा रहे हैं,कोई किसी से दुश्मनी निकाल रहा है,कोई किसी से। सबके अपने अपने इतिहास हैं। जनता का इतिहास तो अभी तक किसी ने लिखा ही नहीं है,जो है वह सत्ता का इतिहास है। भारतीय साहित्य में आर्य शब्द कम से कम दो हजार साल पुराना तो है ही, आज तक कोई ऐसा इतिहासकार नहीं हुआ, जो जाति या प्रजाति के अर्थ में आर्य शब्द का एक भी प्रयोग प्रमाणित रूप से बतला सके,लेकिन लिखे जा रहे हैं। आज भी फेसबुक पर ऐसा ही प्रकरण देखा था। सर्वे पंडित मानिनः। गप्प का एक नाम इतिहास भी है। गप्प भी कैसी जिसमें अपने स्वार्थ और मतलब छिपे हैं,अपने-अपने वैमनस्य और वैर भाव छिपे हैं। अपने-अपने मन की ग्रंथियां हैं,कुंठा हैं,जो मन इतिहास ग्रस्त हो चुके हैं,वे इतिहास को जीवनभर ढोते रहने को विवश और बाध्य हैं। संसार के इतिहास में क्रूरता की कहानियां भी हैं,संसार के इतिहास में घृणा की कहानियां भी हैं। भारत के इतिहास में किसी ने बाहर से आए लोगों को खोजा,किसी ने वर्ण को खोजा,किसी ने वर्ग को खोजा,किसी ने युद्ध को खोजा,किसी ने राजा-रानी को खोजा, किसी ने धर्म को खोजा, सामान्य मनुष्य अथवा लोकजीवन को किसने खोजा? वे इतिहासकार,जो सत्ता से ही पुरस्कृत और प्रेरित होते हैं,सत्ता के गीत गाते हैं,उन्हें जनता के इतिहास का क्या करना है? मुगल-दरबार के इतिहासकारों ने मुगलों का जयजयकार किया,ब्रिटिश-इतिहासकारों ने कहा कि आर्य बाहर से आए थे,यदि हम भी बाहर से आ गए तो इसमें नया क्या है?

इतिहास? वह तो घंटाघर की सुईं की तरह है। राजा बारह बजे नगर यात्रा पर निकलेगा,क्योंकि राजा समय का पक्का है,जब वह निकलेगा तभी बारह बजेंगे। जब निकलता है तभी बारह बजते हैं। इतिहास का काम है राजा को देखना घड़ी की सुई को पकड़ कर खींचना और बारह बजाना। राजाओं की नजरों के अर्थ को समझना। राजा सबेरे सात बजे निकले तो भी बारह ही बजने हैं,शाम के छह बजे निकले तो भी बारह ही बजने हैं,क्योंकि राजा समय का पक्का है। सत्ता कुचक्री होती है। भेदभाव को स्थायी बनाने के लिए सत्ता इतिहास की ऐसी व्याख्या को प्रोत्साहित करती है,जिसे पढ़कर कच्चा मन एक दूसरी जाति से नफरत करे। लोकजीवन की एकता को खंड-खंड करना उसका अभीष्ट होता है,सत्ता को जनता की एकता से डर लगता है इसके लिए सत्ता जनता को विभक्त करती है,बांटती है। इस कार्य में मदद करने के लिए वह विद्वानों को उपकृत करती है,अलंकारों से सम्मानित करती है। सत्ता के हजार हाथ हैं।

कहानी है तूने न सही तेरे बाप ने पानी जूठा किया होगा? अब इसी का आधार बनाकर उन्होंने इतिहास रच दिया। हिटलर के जमाने में शारीरिक मानव शास्त्रियों ने नस्ली- निर्णायकवाद का प्रतिपादन किया था कि मानवजीवन का निर्णायक तत्व नस्ल ही होता है। महायुद्ध के बाद सांस्कृतिक मानवशास्त्र आया। यही काम भारत में इतिहास ने किया, कल भी और आज भी, वर्तमान से ध्यान हटाने के लिए आज हम इतिहास में शत्रुताओं को खोज रहे हैं ताकि घृणा-विद्वेष का प्रसार किया जा सके। जातियों को जातियों से और मजहब को मजहब से लड़ाया जा सके। कल की ही तो बात है,जब कबीर और तुलसी को जाति के आधार पर बांटा गया। कोई इतिहास अंतिम नहीं है,इतिहास की व्याख्या हर युग में होती रही है और होती रहेगी। इतिहासकारों ने इतिहास लिखे हैं,अपने-अपने दृष्टिकोण से लिखे हैं,लोक के साथ आज भी कितने हैं? किस इतिहासकार ने लोक जीवन में पैठ कर के इतिहास लिखा है। वह इतिहास तो तुम्हारे वर्ग की चीज है। तुम्हारे हितों से प्रेरित है। तुम लोकमन को नहीं समझ सके। तुमने अपने को लोकमन से ऊपर मान लिया,तुम पढ़े-लिखे हो न? तुम्हारा इतिहास लोकमन से अपरिचित है। तुम आसमान में रहते हो और लोक जीवन धरती पर रहता है। इसीलिए हिन्दू मन, मुस्लिम मन, धार्मिक मन और धर्मनिरपेक्ष मन, ब्राह्मण मन,शूद्र मन जैसे भेद-विभेद पैदा होते हैं। देश के भिन्न-भिन्न जनसमूहों और जनपदों को न देखा और न जाना और आप भारत के इतिहास पर फतवे सुना रहे हैं? इतिहास के दस फीसदी तथ्य भी हमारे सामने नहीं है और आप ने फैसला भी सुना दिया? इतिहास में दायरे खोजने से दायरे ही मिलने थे। सामान्य मनुष्य की सामान्यता दायरों से बाहर है। धर्म,वर्ग,वर्ण,ऊंच-नीच,राजा-रंक ऊपर के छिलके हैं,उपाधियां हैं। उनके भीतर जो मनुष्य है,आप यों कहें कि मनुष्य के भीतर का मनुष्य। राजनैतिक मतवाद की पुष्टि करने के लिए इतिहास के खेत में जाति और मजहब- वैमनस्य के जहर की खेती की।

सचमुच इतिहास बहुत निष्ठुर है। फिर भी यह सच है कि वह इतिहास हमारी सामूहिक चेतना में विद्यमान है। मनुष्य की प्रेरणा भी तो उसी इतिहास में निहित है। यदि इतिहास हमें बदला लेने के लिए कहता है तो सचमुच वह इतिहास मनुष्य के लिए दुर्भाग्य का हेतु ही सिद्ध होगा। हां ,यदि वह समन्वय सिखाता है तो वह अवश्य ही मनुष्य जीवन को गतिशील बना सकता है। इतिहास को हम इसलिए पढ़ें,इसलिए रचें,इसलिए उसकी व्याख्या करें कि वर्तमान को शक्ति मिले,भविष्य उज्ज्वल हो, इतिहास में जाकर शत्रुताओं को खोजना ,शत्रुताएं सामने खड़ी करना सामाजिक विवेक कैसे कहा जाएगा? वह इतिहास,जो बदला लेने को प्रवृत्त करता है, बदला लेने की भावना जगाता है,पैरों की बेड़ी की तरह है,वह एक बंधन है। बदले का कहीं भी अंत नहीं हो सकता।

प्रसंगवश

राजधर्म और धर्मदंड

डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

सभ्यता संस्कृति के विकास क्रम में पहले मानव समुदाय बना फिर मानव समाज। समाज से राष्ट्र बनने के संबंध में मनुस्मृति के सप्तम अध्याय के श्लोक दो में कहा गया है कि जगत में राजा न होने से सब भय व्याकुल होते हैं। इसलिए समाज की रक्षा के लिए ईश्वर ने राजा उत्पन्न किया। राजा का अर्थ राज्य अथवा स्टेट से है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में भी लोक रूपी जनार्दन जो जनता है वह राज्य-स्टेट स्थापित करता है। लोकतांत्रिक अवधारणा का एक मूल तत्व है कि जैसे-जैसे लोकतंत्र सुदृढ़ होता जाएगा, लोक और जनार्दन का शासन होगा। मानव समाज में राज्य बनने की प्रक्रिया वैदिक काल में लोकतांत्रिक ही रही है। अथर्ववेद में कहा गया है कि हे राजा राज्य के लिए जनता तुम्हें वरण करती है अर्थात् राजा का बेटा ही राजा नहीं होता। आगे कहा गया है कि राज्य राजा की संपत्ति नहीं होती,बल्कि प्रजाजनों के कल्याण के लिए होती है। मनुस्मृति में ही राज्य धर्म और धर्म दंड की व्याख्या करते हुए कहा गया है कि राजा के हित के लिए ईश्वर ने पहले से ही प्राणियों का रक्षक धर्म रूप और ब्रह्मतेज रूप अपने पुत्र दंड को उत्पन्न किया है। देशकाल, शक्ति व शास्त्र को भली-भांति देखकर अन्याय करने वाले को यथा योग्य दंड राजा को देना चाहिए। वस्तुतः दंड ही राजा,दंड ही पुरुष,दंड ही राज्य का नेता और शिक्षक है। ऋषियों ने दंड को ही चारो आश्रमों के धर्म का साक्षी कहा है। दंड सब प्राणियों पर राज्य करता है और दंड ही सब प्राणियों की रक्षा करता है। जब सब लोग सो जाते हैं तो दंड ही जगाता रहता है,पंडित लोग दंड को ही धर्म कहते हैं। वह दंड यदि पूर्ण रीति से विचार कर दिया जाए तो सब प्राणी सुखी रहते हैं और बिना विचारे देने से सबका विनाश हो जाता है। वैदिक काल के राज्य और आधुनिक युग के लोकतांत्रिक राज्य जो ईश्वर और जनार्दन द्वारा बनाए गए उसके बीच में अनेक अन्य प्रकार के ईश्वर भी गढ़े गए। सत्ता की लिप्सा का ईश्वर,युद्ध की हिंसा के प्रभुत्व का ईश्वर,कुटनीतिक चालों का ईश्वर,जाति-धर्म और संप्रदाय के उन्माद का ईश्वर जैसे तमाम ईश्वर पुराण इतिहास में बने और उन्होंने अपने आत्मजों को राजा बनाया जिनका धर्म दंड उनके अंहकार और उनकी इच्छा की सीमा में ही बंधे रहे।

अधर में लटकी जमरानी बांध परियोजना

दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

स्थानीय लोग बताते हैं कि 1993 तक बांध स्थल पर थोड़ी बहुत चहल-पहल जरूर नजर आती थी,पर कई सालों से बांध स्थल के पास निर्माण संबंधित कोई कार्य होता नजर नहीं आ रहा।

उत्तराखंड में कुमाऊं के तराई भावर क्षेत्र तथा हल्द्वानी नगर को पेयजल और सिंचाई हेतु जल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लंबे समय से गौला नदी पर जमरानी बांध बनाने की मांग चली आ रही है। हर लोकसभा और विधानसभा चुनाव में जमरानी बांध एक प्रमुख मुद्दा बनकर उभरता है,लेकिन इसके बावजूद 48 साल से यह बहुउद्देशीय बांध परियोजना महज फाइलों में ही दौड़ रही है। कुमाऊं के प्रवेश द्वार काठगोदाम से लगभग 12 किलोमीटर दूर भीमताल क्षेत्र से आने वाली गौला नदी पर प्रस्तावित जमरानी बांध से हल्द्वानी व उत्तर प्रदेश के बरेली, मुरादाबाद और पीलीभीत की सैकड़ों हेक्टेयर कृषि भूमि पर सिंचाई तथा पेयजल व्यवस्था उपलब्ध कराने के साथ-साथ विद्युत उत्पादन का भी लक्ष्य रखा गया था।

26 फरवरी 1976 को केंद्र की कांग्रेस सरकार के तत्कालीन ऊर्जा मंत्री के.सी. पंत ने परियोजना का शिलान्यास किया था तथा उक्त अवसर पर आयोजित समारोह की अध्यक्षता उस समय उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे नारायण दत्त तिवारी ने की थी। इन दो दिग्गज नेताओं से जुड़े होने के बावजूद चार दशक में बांध के नाम पर काठगोदाम में बैराज,कुछ किमी लंबी नहरे, कॉलोनी तथा गेस्ट हाउस ही बन पाए। अधिकतर लोग और बांध स्थल के स्थानीय ग्रामीण यह मानते हैं कि जमरानी बांध के.सी. पंत और नारायण दत तिवारी की आपसी राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता की भेंट चढ़ गया था। शिलान्यास के बाद दोनों ही नेताओं ने बांध निर्माण में कोई ज्यादा रुचि नहीं दिखलाई, जबकि दोनों ही कांग्रेस सरकार में उच्च पदों पर रहे। हालांकि बाद में के.सी. पंत भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए थे। देखा जाए तो राजनीतिक उठापटक और सरकारी खामियों का जिंदा स्मारक बनकर रह गई है यह परियोजना। 1976 में यह तय हुआ था कि जमरानी बांध परियोजना का 75 प्रतिशत पैसा केंद्र सरकार और 25 प्रतिशत तत्कालीन उत्तर प्रदेश सरकार को देना था। अब तक के निर्माण की बात करें तो लगभग 24 करोड़ रुपए की धनराशि बैराज,नहरें तथा कॉलोनियों के निर्माण पर खर्च की गई है,लेकिन असल कार्य अर्थात् बांध का निर्माण प्रारंभ होना अभी तक शुरू नहीं हुआ है।

स्थानीय लोग बताते हैं कि 1993 तक बांध स्थल पर थोड़ी बहुत चहल-पहल जरूर नजर आती थी,पर कई सालों से बांध स्थल के पास निर्माण संबंधित कोई कार्य होता नजर नहीं आ रहा। चारों ओर सन्नाटा पसरा है,अगर शोर है तो उन डंपरों का जो बांध स्थल के पास बड़े पैमाने पर रेता-बजरी का खनन कर रहे हैं। पर्यावरण के जानकार बताते हैं कि नियमानुसार बांध स्थल पर खनन पर पाबंदी होनी चाहिए,लेकिन यहां ऐसा नहीं है। कई पर्यावरणविद और भू-वैज्ञानिक बांध निर्माण पर प्रश्न चिह्न भी लगाते हैं। उनका कहना है कि हिमालय के उच्च भूकंपीय जोन चार व जोन पांच के मध्य में आने वाले क्षेत्र में यह बांध बनाया जाना है। निचले हिमालय की यह पहाड़ियां कमजोर पहाड़ियां हैं,जो समय-समय दरकती रहती हैं। हालांकि 48 साल बाद ही सही,लेकिन अब लोगों में बांध बनाने को लेकर कुछ उम्मीद बंधी है।

पिछले साल 150.60 मीटर ऊंचे इस बांध निर्माण को केन्द्र सरकार ने अपनी मंजूरी दी और कहा कि मार्च 2028 तक इस परियोजनाओं को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है,जिस पर 2584 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इसमें 1557 करोड़ रुपए केंद्र सरकार व्यय करेगी। इस परियोजना के जरिए 57065 हेक्टेयर भूमि को सिंचाई के दायरे में लाया जाएगा। इसमें 9458 हेक्टेयर भूमि उत्तराखंड की और 47607 हेक्टेयर भूमि उत्तर प्रदेश की है। यह भी तय हुआ है कि काठगोदाम में पहले से मौजूद बैराज में दो नई नहरों का निर्माण किया जाएगा तथा 207 किलोमीटर लंबी मौजूदा नहरों का जीर्णोद्धार भी होगा। इस परियोजना से 14 मेगावाट की बिजली उत्पन्न की जाएगी तथा हल्द्वानी और आसपास के क्षेत्र को 42 मिलियन क्यूबिक मीटर पेयजल उपलब्ध होगा।

इन सबके बीच सबसे बड़ा मुद्दा बांध से प्रभावित गांवों के लोगों के पुनर्वास का भी है। इसके लिए टिहरी बांध प्रभावितों के पुनर्वास व विस्थापन के लिए वर्ष 2013 की नीति को आधार बनाया गया है। कई जगहों पर जमीन ढूंढने के बाद अंत में यह निर्णय हुआ कि विस्थापन के लिए उधमसिंह नगर जनपद में किच्छा के पास पराग फॉर्म की खाली पड़ी 300 एकड़ भूमि में बांध विस्थापितों का पुनर्वास किया जाएगा। बहरहाल अब देखना यह है कि क्या सरकार 2028 तक जमरानी बांध परियोजना को पूर्ण कर पाती है अथवा नहीं।

सोशल फोरम

नून और नोनिया

सचिदानंद सिंह
मुंबई

मध्य युग की शुरुआत में ही चीन में बारूद की खोज हो गई थी। चीनी बारूद में गंधक, पोटेशियम नाइट्रेट और कुछ वनस्पति रहते थे। बारूद का उपयोग सदियों से बस आतिशबाजी में होता रहा,पर नौवीं सदी आते-आते उसके सामरिक उपयोग शुरू हुए। चीनियों से बारूद के सामरिक प्रयोग मंगोल लोगों ने सीखा और मंगोल सेना के साथ बारूद मध्य एशिया और पश्चिम एशिया गया।

बारूद का एक महत्वपूर्ण घटक है पोटेशियम नाइट्रेट। इसका स्वाद तीखा, नमकीन होता है। फारसी लोगों ने इसे चीन के दलदल का नमक या नमक शूरा चीनी कहा है। शायद इसी शूरा से पोटेशियम नाइट्रेट को भारत में निमक-ए-शोरा या निमकी शोरा या बस शोरा कहा जाने लगा। शोरा यानी पोटेशियम नाइट्रेट रसायन विज्ञान की दृष्टि से एक नमक (सॉल्ट) है,किंतु इसकी संभावना कम है कि मध्य युग के कीमियागरों ने इसे नमक (सॉल्ट) समझा था। अधिकतर कीमियागर इसे क्षार मानते थे। इसे "निमकी शोरा" इसके स्वाद के चलते कहा जाने लगा। नमक को भारत में अनेक जगह नून कहा जाता है। यहां से शोरा का एक नाम नून आया और नून बनाने वाले लोग नोनिया कहलाने लगे। यह नून विशेष जगह की मिट्टी से बनता था। मिट्टी का काम करने वाले बेलदार जाति से आते थे। बिहार में सभी नोनिया बेलदार जाति से ही आए। वे कहलाते थे नोनिया, लेकिन उनकी जाति बेलदार ही थी।

बेलदारों का एक विशेष त्यौहार था लाढ़ा का पूजन। लाढ़ा लोहे का एक भारी दंड था जिससे पत्थर या पकी ईंटों को तोड़कर उनका चूर्ण बनते थे जिसे चूने के साथ मिलाकर मजबूत गारा/मसाला (मॉर्टर) बनता था। हाल तक सुर्खी-चूने के मसाले से ईंटें जोड़ी जाती रहीं। सुर्खी बनाना बेलदारों का काम था। एक रोचक तथ्य है कि शोरा जो विध्वंस का औजार बारूद बनाता था वही उर्वरक के रूप में फसलों की उपज भी बढ़ाता था।

-फेसबुक वॉल से

चाह गई चिंता मिटी, मनुआ बेपरवाह



अनूप शुक्ल
कानपुर

पुलिया पर बैठे हुए दो बुजुर्ग एक्जिट पोल की चर्चा करते हुए अपने जननायकों को ठेठ अंदाज में गरियाते हुए याद कर रहे थे। गाली निकालकर कुछ डायलॉग जो याद रह गए-अरे उसने पेंशन बंद करवा दी। अब तो मर गया वो। अरे ये भी जाएगा। मरेगा। दस साल से आंख मूंदे बैठा है। कुछ करना धरना नहीं बस झूठ बोलवा लेव।

आज सुबह टहलने निकले तो गेट के बाहर ही कुत्ते भौंकते दिखे। ऐसा लगा कि किसी बड़े चैनल में प्राइम टाइम बहस हो रही हो। थोड़ी देर में अपने आप शांत भी हो गए जैसे बहस के बीच कमर्शियल ब्रेक होने पर होता है। थोड़ा आगे सड़क पर पत्तियां बिखरी हुई थीं। मानों यूकेलिप्टिस के पेड़ ने हमारे रास्ते में पलक पांबड़े बिछा दिए हों। वीआईपी भाव ने मन पर कब्जा कर लिया।

एक मोर सड़क पर इतराता हुआ टहल रहा था। ऐसे जैसे सड़क रैंप हो और वह कोई सुंदर मॉडल। टहलते हुए मोड़ उचककर एक घर के अंदर टहलने लगा। पार्क के पास कुछ बच्चे नीचे उतरकर पोज देते हुए पालथी मारकर बैठे फोटो खिंचा रहे थे। टेढ़े होते हुए उंगली से वी बनाते हुए। फोटोबाजी के बाद बच्चे चले गए। टहलते हुए उस जगह से गुजरे जहां शाखा लगती है।

पुलिया पर बैठे हुए दो बुजुर्ग एक्जिट पोल की चर्चा करते हुए अपने जननायकों को ठेठ अंदाज में गरियाते हुए याद कर रहे थे। गाली निकालकर कुछ डायलॉग जो याद रह गए-अरे उसने पेंशन बंद करवा दी। अब तो मर गया वो। अरे ये भी जाएगा। मरेगा। दस साल से आंख मूंदे बैठा है। कुछ करना धरना नहीं बस झूठ बोलवा लेव। इसके बाद मुफ्त बंटने वाले अनाज की खराब क्वालिटी, महंगाई और दीगर समस्याओं का जिक्र करते हुए सरकार के प्रति मुक्तकंठ, सेंसर विहीन प्रेम प्रदर्शन करते रहे दोनों बुजुर्ग। अपन चुपचाप उनके द्वारा अभिव्यक्ति के अधिकार का उपयोग होते सुनते रहे। अपन तमाम सरकार समर्थक मित्रों की बातें भी इसी तरह सुनते रहते हैं। आजकल दुनिया में हर बात के समर्थन में अनगिनत रेडीमेड तर्क सर्वसुलभ हैं। हाल यह कि इंसान अपना कत्ल करने वाले के पक्ष में भी तर्क करते हुए अपनी गर्दन उसके सामने झुकाने में लिए तैयार रहता है-'ले भाई काट ले गर्दन मेरी बिना किसी संकोच के।'

शाखा में एक नए बुजुर्ग का स्वागत पहले से मौजूद बुजुर्गों ने 'युवा साथी' कहते हुए किया। मेसेजिंग घराने की बातचीत का पुराना चलन है यह। बिना 'बेबी' कहे लोगों को जवानी का एहसास नहीं होता। सारे 'बुजुर्ग बेबी' लोग आपस में मजे लेते हुए बतियाने लगे। अपन बाहर निकल आए। पार्क में कुछ बच्चे क्रिकेट खेलने के लिए टीम बना रहे थे। टीम बनाने के बाद बच्चों ने चंदा जमा करके 'दांव' लगाया। दस-दस, बीस-बीस रुपये इकट्ठा करके सौ रुपये का 'दांव' लगाया एक टीम ने। दूसरी ने उकसाते हुए कहा-'अरे, बढ़ा के दांव लगावो यार।'लेकिन शायद उस टीम के साथियों के पास और पैसा नहीं था इसलिए दांव आगे नहीं बढ़ा। खेल शुरू हुआ। ओपनिंग करने वाले बच्चे ने पहले ओवर में ही 20 रन बना डाले। बॉलर बिना विचलित हुए गेंद फेंकता रहा। ईंटों का विकेट था। एक बच्चा गेंदबाज के पास से अंपायरिंग कर रहा था। दूसरा अंपायर विकेट के पीछे फिसलपट्टी पर बैठा लेग अंपायर का रोल निभा रहा था। दूसरे ओवर की पहली गेंद टेढ़ी-मेढ़ी पड़ी। उस पर भी छक्का पड़ गया। कप्तान ने पहली गेंद के बाद ही बॉलर बदल दिया। खेल आगे बढ़ गया। अपन भी। रास्ते में यूट्यूब पर जस्टिस काटजू जी का इंटरव्यू सुनते गए। काटजू जी अपने अंदाज में बोल रहे थे। किसी सवाल के जवाब में एंकर को हड़का भी दे रहे थे-'आप सुनती तो हैं नहीं। हम जवाब दे तो रहे हैं।' काटजू जी के बेबाक इंटरव्यू के खत्म होने से पहले एंकर ने पूछा-'आप सरकार की इतनी खिलाफत करते हैं। कहीं आपके खिलाफ कोई कार्रवाई हो गई तो क्या होगा?' काटजू जी ने जवाब में दोहा सुनाया-चाह गई, मिटी, मनुआ बेपरवाह, जिनको कछू न चाहिए, वे शाहन के शाह। हमारा भी मन करता है कि अपन भी अपना यूट्यूब चैनल शुरू करें। रोजनामचा का वीडियो बनाया करें,लेकिन फिर सोचते हैं कि इतने यूट्यूब चैनल चल रहे हैं। एक ठो और चालू करके ध्वनि प्रदूषण फैलाने से क्या फायदा। लिखना होता रहे नियमित यही बहुत है। है कि नहीं?

चुनाव: सेटिंग या संयोग

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

लोकसभा चुनाव संपन्न हो गए। ये पंक्तियां आप तक पहुंचने तक परिणाम धड़ाधड़ आ रहे होंगे। वही जनादेश होगा और तदानुसार सरकार का गठन होगा। हालांकि इस बीच यह देखने में आया है कि विपक्ष या अन्य स्वतंत्र संस्थाओं द्वारा पद्धति और व्यवस्था के प्रति जो भी आपत्तियां उठाईं गईं,उनमें एक भी मान्य नहीं हुई। फोरम कोई भी रहा हो। प्रारंभ में विपक्ष ईवीएम से चुनाव न कराकर बैलट से कराने की बात करता रहा है,जिसे सिरे से खारिज कर दिया गया। हालांकि साफ्टवेयर पद्धति है तो हैकिंग क्यों नहीं हो सकती है।

अमेरिका में बैलट से चुनाव होते हैं,जहां तकनीक अपनी उच्चतम स्थिति में है। पश्चात् यह बिंदु उठाया गया कि मशीनों से मतदान के बाद प्रदर्शित होने वाली वीवीपैट पर्चियों का कम से कम 50 प्रतिशत मिलान/गिनती करवा ली जाए,इससे ज्यादा पारदर्शिता आ जायगी। आखिर यह देश की सरकार बनाने का जनादेश है। यह विपक्षी प्रयास भी विफल रहा। विपक्ष ने एक छोटी सी यह मांग भी रखी कि गणना के समय पहले डाक मतपत्र गिनवा लिए जाए। इसे नहीं माना गया। हालांकि यह मांग चुनाव आयोग से फिर की जा रही हैं जिसके माने जाने की संभावना न के बराबर है। बताते चलें कि निर्वाचन आयोग गठन हेतु जो चयन समिति है,उसमें प्रधानमंत्री नामित उनकी कैबिनेट का एक मंत्री तथा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष होता है। स्पष्ट है कि इसमें सत्तारूढ़ दल जो चाहेगा,वही होगा। यानी चुनाव आयोग और सरकार एक दूसरे के पर्यायवाची हो गए। कभी सुप्रीमकोर्ट ने कहा था कि जब तक चयन संबंधी कानून न बने, तब तक एक न्यायिक सदस्य भी इसमें रखा जाए। इसके बाद सरकार ने कानून बनाकर सुप्रीमकोर्ट की इस मंशा को विफल कर दिया और संप्रति यह समिति सरकार जैसी ही है। ऐसे में विपक्ष के प्रति चुनाव आयोग न्यायप्रिय कैसे होगा?

इस चुनाव आयोग ने संपन्न हुए चुनावों के शुरुवाती दो चरणों का मतदान प्रतिशत तत्काल कुछ और घोषित किया,लेकिन हफ्तों बाद लगभग पांच प्रतिशत की इसमें बढ़ोतरी करके आंकड़े बता दिए। यह सरासर संदेह उत्पन्न करने की स्थिति है। इससे एक करोड़ सात लाख मत ज्यादा पड़े बताए जा रहे हैं। इस बिंदु पर एक एनजीओ द्वारा सर्वोच्च न्यायालय में प्रार्थना की गई कि मतदान बाद तैयार किया गया फार्म 17 सी चुनाव आयोग अपनी वेब साइट पर शत प्रतिशत प्रख्यापित करे जिससे पारदर्शिता आ जाए,क्योंकि इस फार्म में किसी बूथ पर हुए मतदान की पूरी जन्म कुंडली रहती है। विपक्ष और लोकतांत्रिक संगठनों का दुर्भाग्य रहा कि उच्चतम न्यायालय ने यह प्रार्थना ठुकरा दी। कुल मिलाकर सांविधानिक मंचों पर सभी विपक्षी याचनाएं अमान्य ही रहीं। अब इसे प्रबल सत्ता पक्ष की जबरदस्त 'सेटिंग' कहा जाए या संयोग,यह तय करना बड़ा मुश्किल है। अनुमान जो जैसा लगावे। बहरहाल असहाय विपक्ष का दुर्भाग्य तो साफ नजर आ रहा है।

मतों की गिनती आज, तय होगा किसके सिर सजेगा जीत का ताज

प्रशासन की तैयारियां पूरी, नई मंडी में सुबह 8 बजे से शुरू हो जाएगी वोटों की गिनती

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। लोकसभा क्षेत्र में पड़े वोटों की गिनती मंगलवार को सुबह शुरू हो जाएगी। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इटावा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के डॉ. रामशंकर कठेरिया, सपा के जितेंद्र दोहरे, बसपा की सारिका सिंह समेत सात प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इन सभी के भाग्य का फैसला मंगलवार की दोपहर बाद तक हो जाएगा। मतगणना सुबह 8 बजे शुरू होगी। हालांकि कर्मचारियों को सुबह 7 बजे ही बुलाया गया है।

- इटावा नई मंडी में तीन विधानसभा क्षेत्र की गिनती होगी

इटावा नई मंडी में तीन विधानसभा क्षेत्र की गिनती की जाएगी। इनमें जिले की जसवंतनगर इटवा तथा भरथना सीट शामिल है। इनमें से जसवंत नगर सीट मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र में शामिल है इसलिए जसवंतनगर की मतगणना के आंकड़े मैनपुरी में भेजे जाएंगे। इटावा तथा भरथना की विधानसभा सीटों के आंकड़े इटावा लोकसभा क्षेत्र में जोड़ें जाएंगे। इटावा लोकसभा क्षेत्र में शामिल दो विधानसभा क्षेत्र औरैया तथा दिबियापुर की गिनती औरैया में तथा सिकंदरा की गिनती कानपुर देहात में होगी। नई मंडी में मतगणना की पूरी तैयारी कर ली गई हैं। इसके लिए सभी व्यवस्थाएं पूरी कर दी गई हैं वेरिकेडिंग लगा दी गई है।

डॉ. रामशंकर कठेरिया (भाजपा)।

जितेंद्र दोहरे (सपा)।

सारिका सिंह बघेल (बसपा)।

लगेंगे 14-14 टेबल

इटावा। लोकसभा क्षेत्र में अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र की वोटों की गिनती के लिए अलग-अलग पंडाल लगाए जाएंगे। इटावा नई मंडी में इटावा भरथना तथा जसवंत नगर में पड़े वोटों की गिनती होगी इन तीनों के लिए अलग-अलग पंडाल लगेंगे। सभी पंडाल में 14-14 टेबल लगेंगे। इन पर गिनती की जाएगी। जसवंतनगर में 33, इटावा में 30 और भरथना में 34 राउंड मतगणना होगी।

व्यवस्थाएं हुईं पूरी

इटावा। मतगणना स्थल पर सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं, जिससे कर्मचारियों तथा एजेंटों को कोई कठिनाई न हो। यहां पानी, बिजली की व्यवस्था भी की गई है। साथ ही बड़ी संख्या में पुलिस बल भी तैनात किया गया है। मंगलवार को नई मंडी के आसपास के क्षेत्र में रूट डायवर्जन किया गया है। किसी भी अनावश्यक व्यक्ति को नई मंडी की ओर नहीं जाने दिया जाएगा।

पोस्टल बैलट के लिए अलग पंडाल

इटावा। लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली सभी पांच विधानसभा क्षेत्र में जो भी पोस्टल बैलट की गिनती एक साथ इटावा जिला मुख्यालय पर होने वाली मतगणना में की जाएगी। इसके लिए नई मंडी में एक अलग पंडाल लगाया जाएगा। इस पंडाल में पोस्टल बैलट की गिनती की जाएगी।

मतगणना स्थल पर बना कंट्रोल रूम

इटावा। अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन के मतगणना स्थल कृषि उत्पादन मण्डी समिति फर्रुखाबाद रोड इटावा पर विभिन्न प्रकार की गतिविधियों एवं शिकायतों के समाधान के लिए कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गई है। मतगणना केंद्र पर कंट्रोल रूम के लिए दिग्विजय प्रताप सिंह नगर मजिस्ट्रेट मोबाइल नंबर- 9454 416438, लैंडलाइन नंबर- 05688- 297008 को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। मतगणना स्थल पर मतगणना से सम्बन्धित समस्याओं एवं प्रकरणों के समाधान के लिए सम्बन्धित अधिकारी के टेलीफोन नम्बर पर सम्पर्क कर सकते हैं।

युवकों ने डिलीवरी ब्वाय से छीना टैबलेट

भरथना। भरथना कोतवाली कस्बा के बृजराज नगर व मिडिल स्कूल ग्राउंड की सड़क पर खड़े एक डिलीवरी ब्वाय से तीन युवकों ने टेबलेट भरा पार्सल छीन लिया। तीनों युवक टैबलेट छीनकर अलग अलग तीन दिशाओं में भाग जाने में सफल हो गए।

डिलीवरी ब्वाय राहुल कुमार निवासी ग्राम असफपुर ने पुलिस को बताया कि एक जून की शाम उसे जीवी चोपड़ा नाम के व्यक्ति का पार्सल देना था। पार्सल पर अंकित मोबाइल नम्बर पर फोन करके पार्सल पहुंचाने का पता पूंछा। जिसपर पार्सल स्वामी जीवी चोपड़ा ने मिडिल स्कूल ग्राउंड में पहुंचने को कहा। जीवी चौपड़ा ने तीन युवकों को भेज दिया,जिसपर तीन युवक मिडिल स्कूल ग्राउंड सड़क पर पहुंचे और राहुल से 24 हजार 999 रूपये कीमती टेबलेट भरा पार्सल का पैकेट छीनकर अलग अलग तीन दिशाओं में भाग गए। पार्सल लेकर भागने वाला युवक का पूर्व राज्यमंत्री विनोद यादव कक्का वाली गली में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया।

सीसीटीवी में कैद हुआ आरोपी।

संदिग्ध हालात में विवाहिता का शव मिला, हत्या का आरोप

संवाददाता सैफई, इटावा

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के ग्राम नगला हरनाथ में एक विवाहिता का शव संदिग्ध हालात में कमरे में बेड पर मिला। मायके पक्ष ने हत्या का आरोप लगाया है। कहा कि गला दबा कर हत्या कर आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को फंदे से लटकाने का प्रयास किया गया। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम बुलाकर मौके से साक्ष्य एकत्रित किए और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतका के पिता ने पति, जेठ, सास, ससुर पर अतिरिक्त दहेज की मांग पर प्रताड़ित कर हत्या का आरोप लगाया है।

सोनी।

बैदपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत फूलापुर के गांव नगला सीसीया निवासी संतोष कुमार ने अपनी पुत्री सोनी की शादी 4 दिसंबर 2023 को सैफई थाना क्षेत्र के नगला हरनाथ निवासी यतेंद्र यादव पुत्र रामनारायण के साथ की थी। वह शाहजहांपुर जिले की तहसील में लेखपाल के पद पर तैनात है। कहा कि शादी में 25 लाख रुपये समेत सोने-चांदी के जेवरात व अन्य दहेज का सामान भी दिया था, लेकिन आरोपी ससुरालीजन शादी में मिले दान दहेज से खुश नहीं थे। वह अतिरिक्त दहेज के रूप में इटावा में एक प्लाट था उसको अपने नाम करने के लिए कहते थे। शादी के बाद से ही उनकी पुत्री को प्रताड़ित किया जा रहा था।

पोस्टमार्टम हाउस पर खड़े मृतका के परिजन एवं ग्राम प्रधान। अमृत विचार

- पति शाहजहांपुर जिले में लेखपाल के पद पर है तैनात

आरोप है कि रविवार की रात आरोपियों ने सोनी के साथ अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर मारपीट की थी। साथ ही उसके विरोध पर आरोपी ससुरालीजनों ने गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। बताया कि घर की दूसरी मंजिल पर कमरे में शव बेड पर पड़ा था और ससुराली जन मौके से भाग गए थे। रात करीब एक बजे, सूचना मिलने पर हम मायके वाले घर पहुंचे। बेटी के गले में निशान था, जिस पंखे पर शव टांग कर आत्महत्या रूप देना चाह रहे थे। उसमें साफ दिख रहा था। बेटी उसमें हत्या नहीं कर सकती क्योंकि पंखा बहुत नीचे था, और चुन्नी फटी पड़ी हुई थी।

मृतका का कोई भाई नहीं था

मृतका के पिता संतोष का कहना है उनके सिर्फ तीन बेटियां थीं। जिसमें मृतका सोनी दूसरे नंबर की थीं। दो बेटियों की शादी कर दी गई थी। सिर्फ एक बेटी शादी के लिए रह गई है। हमारे पास जो प्रॉपर्टी थी वह तो हम बेटियों को ही देते। उसके बावजूद भी बेटी की हत्या कर दी गई। थाना प्रभारी बलराम मिश्रा ने बताया कि मामले में अभी शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अभी तहरीर नहीं मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों की जानकारी हो सकेगी।

पत्रकारों से बातचीत करते सपा जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य।

मतगणना में गड़बड़ी की कोशिश का मुंहतोड़ जवाब देंगे कार्यकर्ता

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने कहा कि एक्जिट पोल के जरिये भाजपा मीडिया के माध्यम से भ्रामक प्रचार कर रही है। सपा कार्यकर्ता और आम जनता इस बहकावे में आने वाली नहीं है। उन्होंने जिला प्रशासन को आगाह किया कि निष्पक्षता से मतगणना संपन कराएं। यदि किसी दबाव में आकर कोई कदम उठाया गया तो समाजवादी कार्यकर्ता अन्याय अत्याचार का डटकर विरोध करेंगे। सिविल लाइन स्थित सपा कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि कोई गड़बड़ी हुई तो समाजवादी पार्टी किसी भी प्रकार की कुर्बानी देने के लिए तैयार है। उन्होंने दावा कि इटावा लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी जितेंद्र दोहरे भारी मतों के अंतर से चुनाव जीत रहे हैं। इतना ही नहीं पूरे देश के चुनाव परिणाम इंडिया गठबंधन के पक्ष में हैं। चुनाव परिणाम आने के बाद देश में इंडिया गठबंधन की मजबूत सरकार बनने जा रही है। वार्ता में विधायक राघवेंद्र गौतम, महामंत्री वीरू भदौरिया, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सर्वेश शाक्य, मीडिया प्रभारी विकास विक्की गुप्ता, शहर अध्यक्ष अब्दुल अंसारी, युवजन सभा जिलाअध्यक्ष आदित्य गोविंद आदि मौजूद थे।

पदाधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। भारत विकास परिषद धर्मार्थ सेवा शाखा इटावा की नव निर्वाचित कार्यकारिणी का दायित्व ग्रहण समारोह राहतपुर स्थित श्री शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय के सभागार में हुआ। इसमें कमलाकांत त्रिपाठी ने अध्यक्ष, सुधीर मिश्र ने सचिव, महेश कुमार बाथम ने वित्त सचिव, सीता मिश्रा ने महिला संयोजिका एवं हरिदत्त दीक्षित ने संगठन सचिव समेत शाखा से जुड़े 18 नए सदस्यों ने अपने अपने दायित्व ग्रहण करने की शपथ ली। समारोह के मुख्य अतिथि आगरा कॉलेज के विधि विभागाध्यक्ष प्रो. अरविंद कुमार मिश्र एडवोकेट ने कहा कि सेवा का कार्य बहुत कठिन है लेकिन इसका सुख भी अद्भुत होता है। पांचाल प्रांत के अध्यक्ष डा. रमेश चंद्र शुक्ला ने कहा कि यह संगठन छह दशक से भी ज्यादा समय से अपने विभिन्न सेवा प्रकल्पों के माध्यम से सतत रूप से समाज कल्याण के कार्यों में लगा है। निवर्तमान सचिव आचार्य महेश चंद्र तिवारी ने कार्यों की प्रगति रिपोर्ट एवं कोषाध्यक्ष महेश कुमार बाथम ने आय व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया। शपथ अधिकारी के रूप में पधारे परिषद के पांचाल प्रांत के उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश उपाध्याय ने सभी दायित्वधारियों को शपथ ग्रहण कराई। शाखा के वरिष्ठ सदस्य राजेंद्र कुमार दीक्षित ने सभी अतिथियों का परिचय देते हुए उनका स्वागत किया। कार्यक्रम का संयोजन मंजुल चतुर्वेदी ने किया। परिषद के जिला समन्वयक आर एन दुबे, मुख्य शाखा के जगदीश प्रसाद पांडेय, आशाराम मिश्रा, वीके सिंह, शिव किशोर दुबे एडवोकेट, अनुराग मिश्र असफल, रोहित चौधरी, भरथना शाखा के अध्यक्ष चंद्र शेखर राठौर, आदित्य पांडे नीलू उपाध्यक्ष, अशोक पोरवाल कोषाध्यक्ष, मित्र शाखा के संरक्षक अरविंद तिवारी, अध्यक्ष अरविंद चौधरी, जनमेजय पांडे, उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुधीर मिश्र एवं महेश तिवारी ने संयुक्त रूप से किया।

दायित्व ग्रहण करते भाविप धर्मार्थ सेवा शाखा के पदाधिकारी। अमृत विचार

व्यापारियों ने किया विरोध, सौंपा ज्ञापन

इटावा। आयुक्त खाद्य सुरक्षा द्वारा जारी अधिसूचना व्यापारी विरोधी है। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन कलेक्ट्रेट के प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। इस अध्यादेश पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के विनियम में स्पष्ट है की पान मसाले में तंबाकू मिलकर नहीं बेचा जा सकता है। परन्तु पान मसाले व तंबाकू को अलग-अलग पैकिंग में बेचने पर कोई रोक नहीं है। बाजार में मौजूद स्टॉक को समाप्त करने का समय नहीं दिया गया है। ऐसा आदेश व्यापारी उत्पीड़न व भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर अखिलेश वर्मा, सुशीला राजावत, संजय वर्मा, रिषी पोरवाल, कामिल कुरैशी, अर्चना कुशवाहा, शेख आफताब, अशोक जाटव, मुख्तार अहमद, राहत हुसैन रिजवी, लकी, जैनुल आबदीन, धर्मेंद्र यादव आदि मौजूद थे।

सार-संक्षेप

कलश यात्रा में भाग लेते श्रद्धालु। अमृत विचार

कलश यात्रा का पुष्प वर्षा कर जगह-जगह स्वागत

बकेवर। ग्राम चंद्रपुराशाला में सोमवार को कलश यात्रा के दौरान महिलाओं ने ऋद्धि सिद्धि के प्रतीक कलश को सिर पर रखकर यात्रा पूर्ण की। जगह-जगह कलश यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। कथा वाचक आचार्य पं इन्द्रेश कुमार मिश्र ने वेद मंत्रों के साथ भागवत स्थल पर कलश स्थापित कराए। इसके बाद कथा का शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा में प्रमुख रुप से परीक्षित ऊषा देवी, रघुवीर प्रसाद गुप्ता, सुशील कुमार, राजेन्द्र, वंटी शर्मा, नरेश गुप्ता, प्रवीन, कैलाश, राम गोपाल आदि मौजूद रहे।

कुड़िरया गांव में 45 घंटे बाद बहाल हो सकी बिजली

लखना, इटावा। कुड़रिया गांव में 45 घंटे बाद बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी। आधे गांव में तो 65 घंटे बाद बिजली की आपूर्ति हुई। गांव का ट्रांसफार्मर शुक्रवार रात्रि में फुंक गया था। रविवार देर शाम नया ट्रांसफार्मर रखने के बाद गांव की बिजली आपूर्ति रात्रि करीब दस बजे बहाल हो गयी। ट्रांसफार्मर से करीब तीस मीटर दूर आग लगने से मुख्य केबिल लाइन के न बदले जाने से आधे गांव को बिजली की आपूर्ति ट्रांसफार्मर रखने के बाद भी नहीं मिल सकी। एसडीओ भूप सिंह ने बताया कि सोमवार को केबिल भी बदलवा कर आपूर्ति चालू करा दी गयी है।

राष्ट्रीय पक्षी मोर की हुई मौत

भरथना, इटावा। भरथना कोतवाली के मोहल्ला बालूगंज में हाई टेंशन विद्युत लाइन के नीचे राष्ट्रीय पक्षी मोर का एक शव पड़ा मिला। सभासद सीटू यादव, गौरव यादव की सूचना पर भरथना नगर पालिका कर्मी आदित्य प्रताप रामजी भदौरिया, मुकेश यादव ने वन विभाग को घटना से अवगत कराया। जिसपर वन दरोगा महावीर सिंह ने वन गार्डों के साथ मौके पर पहुंचकर घटना का निरीक्षण करते हुए राष्ट्रीय पक्षी मृत मोर के शव ससम्मान को कब्जे में पोस्टमार्टम कराया गया।

आग बुझाने और पशुओं को बचाने में पिता-पुत्र झुलसे

भरथना, इटावा। थाना भरथना के बॉर्डर पर स्थापित ग्राम पदमपुर में अज्ञात कारणों के चलते लगी भीषण आग में रामौतार की दो और शिवपूजन की एक झौंपड़ी व अजय का भूसा भरा एक कूप जलकर राख हो गया। अग्निकांड के दौरान आग बुझाने और पशुओं को जीवित बचाने में रामौतार और उसका बेटा प्रेमी आग में झुलस कर बुरी तरह घायल हो गए। अग्निकांड की सूचना पर जनपद औरैया के थाना साहिल और इटावा के थाना भरथना से एक-एक फायर बिग्रेड मशीनो घटना स्थल पर पहुंच कर ग्रामीणों के सहयोग से करीब दो घंटे में आग पर काबू पा लिया।

लाठी-डंडों के हमले में पिता, पुत्र समेत तीन लहूलुहान

भरथना, इटावा। भरथना कोतवाली ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम कुंअरा में एक परिवार के तीन सदस्यों को लाठी-डंडों से पीट पीटकर लहूलुहान कर दिया। ग्राम कुंअरा निवासी घायल राजेंद्र सिंह ने बताया कि उन्हीं के गांव निवासी लोग शराब के नशे में धुत होकर आए दिन उसके दरवाजे के बाहर खड़े होकर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर किसी तरह लोगों के समझाने पर वे चले गए। सोमवार की सुबह लाठी डंडा लेकर उसके दरवाजे आ धमके और पुन: गाली गलौज करने लगे। उन्होंने गाली देने का विरोध किया तो नामजदों ने लाठी डंडों से हमला बोलकर तीन सदस्यों को बुरी तरह से पीट पीटकर लहूलुहान कर दिया। हमले में राजेंद्र सिंह, उनका बड़ा भाई मदन मोहन और पुत्र शनि कुमार बुरी तरह लहूलुहान हो गए।

जली महिला की उपचार के दौरान मौत

इटावा। जलने से घायल एक महिला की पीजीआई में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बकेवर क्षेत्र के गांव सराय नरोत्तम निवासी ओम प्रकाश की पत्नी अनीता 36 वर्ष जलने से गंभीर रूप से घायल हो गई थी। उसे उपचार के लिए पीजीआई में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्ट मार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

युवक ने हाथ की नस काटी, भर्ती

इटावा। फ्रेंड्स कालोनी थाना क्षेत्र के गांव बिचपुरी में घरेलू कारणों से परेशान एक युवक ने अपने हाथी नस काट ली। हालत बिगडने पर उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया है कि उक्त गांव निवासी भंडारी 25 वर्ष पुत्र राम बक्स का अपनी पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। इसी से नाराज होकर उसने किसी धारदार हथियार से अपनी हाथ की नस काट ली।

युवक हुआ जहर खुरानी का शिकार

इटावा। कन्नौज जिले के जलालाबाद निवासी किशन पाठक पुत्र विमल कुमार पाठक गुडगांव में नौकरी करता था। रविवार की रात को रोडवेज की बस से घर जाने के लिए निकला। रास्ते में जहर खुरान गिरोह सदस्यों ने उसे अपना शिकार बना लिया। जहर खुरान उसके पास से नगदी व सामान लूट ले गए। उसके पास से चार हजार रूपया नगद मोबाइल व सामान लूट ले गए।

सूचना

मैंने अपनी पुत्री डाली शर्मा का नाम बदलकर अब हर्षिता शर्मा रख लिया है। अब उसे हर्षिता शर्मा के नाम से ही जाना पहचाना जाये। **गजेंद्र कुमार शर्मा पुत्र ऋषीकेश निवासी मकान नंबर 32 कला सदन, बजरिया रोड कारथपारा धौलपुर राजस्थान।**

बाइकों की भिड़ंत, सेल्समैन सहित तीन घायल

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

अमृत विचार। बलरई थाना क्षेत्र में दो बाइकों की आमने सामने की भिड़ंत में तीन लोग हुए गम्भीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया जहाँ से सैफई पीजीआई के लिए रैफर किया गया।

रविवार की रात 11 बजे के करीब दो बाइक सवरों की आमने-सामने की टक्कर में तीन लोग घायल हो गए जिसमें से गाँव खेड़ा धौलपुर के रहने वाले 28 वर्षीय विजय बहादुर का पुत्र सौरभ कुमार नगला तौर गाँव में स्थित देशी शराब के ठेके पर सेल्समैन का कार्य करता है जहाँ से ठेका बंद करके अपने गाँव जा रहा था जैसे ही बलरई मार्ग पर स्थित श्री रघुवर दयाल पाठक इंटर कॉलेज के सामने पहुँचा वैसे ही बलरई की तरफ से बाइक पर सवार होकर आ रहे नगला तौर गाँव के रहने वाले रामौतार पाल के 30 वर्षीय पुत्र राहुल पाल व पड़ोसी युवक मोनू पाल और सौरभ कुमार की बाइक आमने सामने टकरा गई जिसमें तीनो युवक गंभीर घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर उपनिरीक्षक संजय कुमार, कांस्टेबल आंशू व आनंद पाल पहुँचे और दो घायलों को एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया जहाँ से घायलों को सैफई पीजीआई के लिए रैफर कर दिया गया था। तीसरे घायल युवक मोनू के परिजनों द्वारा किसी निजी अस्पताल में ले जाया गया है।

सड़क हादसे में दो घायल

इटावा। ऊसराहार थाना क्षेत्र के गांव समथर के पास बाइकों की भिडंत में दो लोग घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गांव भीकन पुर ऊसराहार अपनी बाइक से जा रहे थे जब उनकी बाइक समथर के पास पहुंची तभी सामने से आ रहे बाइक सवार अजय निवासी सहायल की बाइक टकरा गई जिससे दोनों घायल हो गए। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और दोनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया।

कैदी की उपचार के दौरान मौत

इटावा। केंद्रीय कारागार में हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे एक कैदी की पीजीआई में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने पोस्ट मार्टम के बाद उसके शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पक्का तालाब नुमायश चौराहा निवासी सिद्देश्वर मिश्रा उर्फ गुड्डन 63 वर्ष पुत्र कैलाश बिहारी को हत्या व हत्या के प्रयास के एक मामले में 22 फरवरी को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। तभी से वह केंद्रीय कारागार में बंद था। रविवार को गुड्डन का अचानक ब्लड प्रेसर बढ गया। हालत बिगडने पर उसे जेल अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां सुधार न होने पर उसे पीजीआई भेज दिया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जेल अधीक्षक डा राम धनी ने बताया कि कैदी का रविवार को ब्लड प्रेसर बढ जाने पर उसे पीजीआई में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

मानसी पोरवाल को सम्मानित करते चेयरमैन गणेश शंकर पोरवाल। अमृत विचार

मानसी यूएसए से करेंगी फैशन डिजाइनिंग, हुआ चयन

संवाददाता बकेवर, इटावा

अमृत विचार। ड्रेक्सेल यूनीवर्सिटी ऑफ यूएसए की चयन परीक्षा में लखना नगर के न्यू दीक्षितान मोहल्ला निवासी मानसी पोरवाल पुत्री सुभाष चंद्र पोरवाल का चयन होने पर प्रबुद्ध वर्ग ने प्रसन्नता व्यक्त की। नगर पंचायत के चेयरमैन गणेश शंकर पोरवाल के अलावा प्रदीप गुप्ता फौजी, हरीओम, ओमजी, विकास दीक्षित दीपचंद, लक्ष्मी नारायण, सुन्दर लाल टिल्लू, गोपाल जी सहित अन्य प्रबुद्ध जनों ने मानसी के आवास पर पहुंच कर उसका अभिनन्दन कर बधाई दी। मानसी पोरवाल ने बताया कि ड्रेक्सेल यूनीवर्सिटी यूएसए अमेरिका की प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी है। देश के चार सौ छात्रों का प्रवेश चयन हुआ, जिसमें फैशन डिजाइनर की शिक्षा के लिए उसका चयन हुआ है। इस उपलब्धि के लिए मानसी ने अपने माता पिता सुभाष, माला पोरवाल के अलावा अपने शिक्षक विकास दीक्षित को श्रेय दिया है।

श्रद्धांजलि सभा | पूर्व मंत्री विनय शाक्य को नमन कर अर्पित की पुष्पांजलि

शाक्य के संघर्ष को हमेशा याद किया जाएगा

कार्यालय संवाददाता इटावा

अमृत विचार। गौतम बुद्ध पार्क में पूर्व मंत्री विनय शाक्य के निधन पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में उपस्थित हुए लोगों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

मुख्य रूप से विनय शाक्य के बेटे सिद्धार्थ, बड़ी बेटी रितु और छोटी बेटी रिया शामिल हुई। भन्ते उपनन्द ने परित्राण पाठ करने के उपरान्त धम्म देशना करते हुए कहा कि मृत्यु तो सबको आनी है। धम्म के अनुसार निर्वाण प्राप्त करना होता है। हम सभी लोग उस व्यक्ति के लिए अपने द्वारा अर्जित किए गए पुण्य से मृत व्यक्ति के लिए निर्वाण की प्रार्थना करते है। पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य के बड़े भाई राम करन शाक्य ने कहा कि जब तक यह गौतम बुद्ध पार्क रहेगा, विनय शाक्य निरंतर याद किए जायेगे। पूर्व सांसद रामसिंह शाक्य ने कहा कि विनय कार्य करने में बहुत ही आगे थे। ट्रेजरी अफसर ब्रजेश शाक्य ने विनय शाक्य के संघर्षों को याद करते हुए उनको नमन किया। विक्रम सिंह बौद्ध ने कहा कि उनके संरक्षण में वे उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलते थे। सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने कहा कि विनय जी के संघर्षों ने समाज में एक नई चेतना पैदा की है। कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष राजेश मिश्रा, ने कहा कि उनको याद करने वालो की कोई कमी नहीं है। श्रद्धांजलि सभा में डॉ.सूरज सिंह शाक्य, अरविंद शाक्य हरिओम शाक्य, पंकज कुशवाहा, डॉ आनंद कुशवाहा, डॉ.ए.एन.शाक्य, मंजू शाक्य, मिथलेश शाक्य, नेत्रपाल, राधे श्याम शाक्य, दुर्वेश शाक्य, के. पी.सिंह शाक्य, सर्वेश शाक्य, नगर पालिका परिषद इटावा के पूर्व अध्यक्ष कुलदीप गुप्ता संटू, सत्यनारायण, नगर पालिका अध्यक्ष जसवंतनगर, अविनाश कुशवाहा, संजय कुशवाहा, विवेक शाक्य, राजकुमार शाक्य, अभिलाख शाक्य, बदन सिंह, रिजवान अहमद और अखिल भारतीय शास्त्र महासभा के जिला अध्यक्ष जितेंद्र शाक्य आदि शामिल रहे।

पूर्वमंत्री विनय शाक्य को श्रद्धांजलि देते परिवार के सदस्य। अमृत विचार

प्रेमी युगल ने जहरीला पदार्थ खाकर लगाई फांसी, मौत

बगिया में पेड़ से लटके मिले शव, एरवाकटरा क्षेत्र के गांव नगला निवी में हुई घटना

संवाददाता एरवाकटरा, औरैया

अमृत विचार। थाना एरवाकटरा क्षेत्र के गांव नगला निवी में एक बाग में कंज के पेड़ से बीती रात प्रेमी जोड़े के शव फंदे से लटके मिले। घटनास्थल के कुछ दूरी पर पानी का एक गिलास व दवा के पैकेट भी पड़े मिले हैं। जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि फांसी लगाने से पहले दोनों ने कोई जहरीला पदार्थ खाया है। युवक शादीशुदा था जबकि लड़की नाबालिग बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार ऐरवाकटरा थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत ऐरवाकटरा टिकटा के मजरा नगला निवी निवासी नीलेश उर्फ सीपू (24 वर्ष) पुत्र बालेश्वर दयाल कमल का गांव की ही रहने वाली गैर बिरादरी की एक नाबालिग लड़की से प्रेम प्रसंग चल रहा था। जिसकी जानकारी परिजनों को होने पर वह इस का विरोध कर रहे थे। दोनों के गैर जाति व युवक के विवाहित होने के चलते मामला और बिगड़ गया।

मौके पर रोते- बिलखते परिजन। अमृत विचार

बताया गया कि दोनों के बीच प्रेम संबंध की जानकारी होने पर 15 दिन लड़के के पिता बालेश्वर दयाल ने लड़के को लड़की से न मिलने व उससे दूर रहने के लिए कहने के साथ लड़की के पिता व परिजनों से भी लड़की को लड़के से मिलने पर रोक लगाने के लिए कहा था। बताया जा रहा है कि परिजनों की रोक व सख्ती के बाद भी दोनों आपस में चुपचाप मिलते रहे। परिजनों की सख्ती के बाद भी युवक व किशोरी चोरी छिपे आपस में मिलते रहे साथ जीने व साथ मरने की कसम खाते हुए फांसी लगा ली। बताया गया कि रविवार को युवक की बिरादरी में एक शादी समारोह था।

युवक शादी समारोह में शामिल होने की बात कहकर घर से निकला था। जबकि किशोरी रात 10 बजे चुपचाप घर से निकली थी। सोमवार सुबह 10 बजे खेत मालिक ट्रैक्टर लेकर खेत जुतवाने के लिए गए तब दोनों के शवों को लटका देखा तो वह भाग खडे. हुए। उन्होंने गांव से कुछ दूरी पर स्थित मुखिया की बगिया में खड़े कंज के पेड़ पर दो शवों को एक लाल कपड़े के सहारे लटकता हुआ देखा। पास जाकर उन्होंने शवों को देखा और उनकी पहचान कर दोनों के परिजनों व पुलिस को सूचना दी। युवक व किशोरी के शवों के पेड़ से लटके होने की जानकारी होते ही रोते बिलखते दोनों के परिजन बगिया में पहुंचे। थानाध्यक्ष संत प्रकाश पटेल मय फोर्स के साथ पहुंचे। जिसने ग्रामीणों के सहयोग से शवों को नीचे उतार कर उनका पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

शादीशुदा था युवक

नीलेश उर्फ सीपू शादीशुदा था। ढाई वर्ष पूर्व उसकी शादी कन्नौज जिले के थाना छिबरामऊ क्षेत्र के गांव नगला बल्ले निवासी शोभा के साथ हुई थी। युवक की पत्नी शोभा सहित मां सत्यवती, भाई दुर्विजय व दीपू का रो रोकर बुरा हाल है।

कथा में पांच महिलाओं के जेवर हुए चोरी

अयाना,औरैया। अयाना के ग्राम प्रधान छोटे लाल गुप्ता द्वारा कौशल्या वाटिका में भागवत कथा करवाई जा रही है। देर शाम को आरती के दौरान प्रसाद वितरण के दौरान हुई धक्का मुक्की में कथा सुनने आईं गांव की प्रेमा देवी, राधिका की जंजीर, माया देवी, कमलेश कुमारी व रीमा परिहार के मंगल सूत्र छिन गए। इसकी जानकारी आयोजक को देने पर प्रधान पुत्र सुरेंद्र गुप्ता ने गेस्ट हाउस के गेट बंद कर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। ग्रामीणों को शक होने पर उन्हें पेट्रोल पंप के पास से पकड़ लिया। पूछताछ में महिलाओं ने आगरा की रहने वाली बताया। मौके परी पहुंची पुलिस तीनों को पकड़कर थाना ले गई। पकड़ी गईं महिलाओं से पूछताछ में मिली जानकारी पर पुलिस ने मौके से भाग निकले कार चालक व दो महिलाओं को कार समेत टूंडला टोल टैक्स के पास से पकड़ लिया। सोमवार को नारी स्वबला शक्ति संगठन की अध्यक्ष रानी सेंगर ने थाना पहुंचकर घटना की तहरीर दी है। थाना प्रभारी जय प्रकाश पाल ने बताया कि पकड़े गई महिलाओं से घटना को लेकर पूछताछ की जा रही हैं।

शर्बत वितरण करते समिति के पदाधिकारी।

शर्बत वितरण करते प्रेस क्लब के सदस्य। अमृत विचार

समाजसेवियों ने राहगीरों को पिलाया शर्बत

संवाददाता ककोर, औरैया

अमृत विचार। सोमवार को नगर के दिबियापुर की बाबा परमहंस की बगिया में जन जाग्रति सेवा समिति ने भीषण गर्मी को देखते हुए शर्बत वितरण का आयोजन किया। जन जाग्रति सेवा समिति की प्रदेश सचिव सुमन चतुर्वेदी ने बताया कि 2016 से जन जाग्रति सेवा समिति पूरे भारत में विभिन्न राज्यों में अपनी सामाजिक सेवाएं प्रदान कर रहा है। वहीं समाज को विभिन्न प्रकार से शादी समारोह में दान स्वरूप दिया जाता है। प्रदेश सचिव अभिषेक और जिलाध्यक्ष ममता ने जन जाग्रति के सदस्यों के साथ स्टेशन की ओर आने जाने वालों राहगीरों को शरबत वितरण किया। शर्बत वितरण कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष चित्रा के साथ गुड्डी मालती शिवानी ब्रजेश विजय वंदना मंजू सहित 20 सदस्यों ने प्रतिभाग किया। आज शर्बत वितरण में 150 लीटर का लक्ष्य रखा गया था।जल्दी ही हमारी समिति पूरे नगर में जगह जगह शरवत वितरित करवाएगी। आज लगभग सैकड़ों की संख्या ने लोगो ने शर्बत ग्रहण कर प्यास बुझाई।

प्रेस क्लब ने भी किया जलदान

फफूंद औरैया। सोमवार को नगर के ख्यालीदास आश्रम के सामने शिविर लगाकर प्रेस क्लब फफूंद की ओर से भीषण गर्मी को देखते हुए पत्रकारो ने पंन्द्रह सौ राहगीरों लोगों को शरबत वितरण किया।वहीं इस अवसर पर ख्यालीदास आश्रम के महंत मनोहर दास जी त्यागी ने कहा कि मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। इस मौके पर प्रेस क्लब संरक्षक गोपाल कृष्ण मिश्रा, संरक्षक महेंद्र दुबे, संरक्षक असलम खान, संरक्षक सिराजुद्दीन उर्फ मुन्ना, संरक्षक रानू सिद्दीकी, संरक्षक शशांक गुप्ता, अध्यक्ष प्रदीप कठेरिया, उपाध्यक्ष रेनू गुप्ता,कोषाध्यक्ष विमल पाण्डेय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रिषी मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग मिश्रा, महामंत्री शब्बीर कुरैशी,आय व्यय प्रभारी आकाश बाबू, मंत्री मीडिया प्रभारी शादाब अहमद, मंत्री अनुज कुशवाहा, मंत्री शिव नारायण मिश्रा,सदस्य श्यामू अग्निहोत्री,ओम कैलाश राजपूत, राम किशोर, सुभाष राणा,आकाश उर्फ अक्की भैया, आदि मौजूद रहे।

मतगणना में नहीं बरतें लापरवाही

कार्यालय संवाददाता,औरैया

अमृत विचार। मतगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य को पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता पूर्वक आत्मविश्वास के साथ पूरा करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं करें। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप समय बद्धता के साथ काम करें। इससे आपके कार्य पर प्रश्न चिह्न लगाने का अवसर किसी को नहीं मिले। मतगणना प्रेक्षक 202-बिधूना नूर जहारा खानूम एवं 203- दिबियापुर, 204 औरैया वस्सुदेव शेत्य ने कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में आयोजित माइक्रो आब्जर्वर, मतगणना पर्यवेक्षक एवं मतगणना सहायक के आयोजित प्रशिक्षण में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्य को सरलता और निष्पक्षता के साथ संपन्न कराने के लिए उसके प्रति स्वयं भी जानकारी प्राप्त कर, दक्षता प्राप्त कर लें जिससे उसके संबंध में किसी के द्वारा पूछे जाने पर सही व संतोषजनक उत्तर दे सकें। उक्त द्वय प्रेक्षक ने कहा कि अपने कार्य को पूरी गंभीरता के साथ संपन्न करें। मतगणना के दौरान यदि किसी एजेंट आदि के द्वारा किसी कार्य पर उंगली उठाई जाती है तो आप अपने व्यवहार में सौम्यता/ शालीनता बनाए रखें, जिससे किसी प्रकार की कोई अव्यवस्था उत्पन्न न होने पाए। उक्त के पूर्व श्री सिंह ने मतगणना परिसर में आने-जाने, वाहन पार्क करने तथा प्रतिबंधित वस्तुओं को न ले जाने के संबंध में भी अवगत कराया। उन्होंने कहा कि मतगणना पण्डाल में मोबाइल पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। आप लोगों ने मतदान जैसे कार्य को सकुशल, शांति पूर्वक संपन्न कराया है। उक्त अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी /प्रभारी अधिकारी कार्मिक अनिल कुमार सिंह, उप जिला मजिस्ट्रेट औरैया, उप जिला मजिस्ट्रेट अजीतमल, जिला विकास अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी सहित मतगणना कार्य में नामित माइक्रो आब्जर्वर, मतगणना पर्यवेक्षक आदि मौजूद थे।

बैठक में निर्देश देते प्रेक्षक। अमृत विचार

पीस कमेटी की बैठक

अछल्दा, औरैया। थानाप्रभारी अशोक उपाध्याय ने कहा कि अछल्दा क्षेत्र में हमेशा शांति का माहौल रहा है। यहां लोग हमेशा मिलजुल कर त्योहार मनाते रहे हैं। हम लोग हमेशा चुनाव के नतीजों का सम्मान करते रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। निरीक्षक रवि श्रीवास्तव ने बताया कि सोशल मीडिया से दूरी बनाएं। खासतौर पर बच्चे मोबाइल लेकर न समझी में भड़काऊ पोस्ट डाल देते हैं। इससे माहौल खराब हो जाता है। हम लोगों को इससे बचना है और बच्चों को भी समझाना है। उन्होंने नतीजों को घर पर बैठ कर देखने की अपील की। बैठक में थाना प्रभारी अशोक उपाध्याय ने बताया कि मतगणना को लेकर किसी भी तरह की अफवाह नहीं फैलानी है। आपके सोशल मीडिया अकाउंट फेसबुक, एक्स ट्विटर, इंस्ट्राग्राम पर पुलिस की नजर बनी हुई है। यदि कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार अफवाह फैलाता है। तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

लू से बचाव को करें समुचित व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। एडीएम ने गर्मी को ध्यान में रखते हुए मतगणना के दौरान चौकसी बरतने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। अपर जिलाधिकारी महेन्द्र पाल सिंह ने मुख्य चिकित्साधिकारी, उप जिलाधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद को निर्देश दिए हैं कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन - 2024 के लिए मंगलवार को होने वाली मतगणना हेतु भीषण गर्मी हीटवेव के कारण स्वास्थ्य जनित समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

मतगणना के दौरान सावधानियां वरती जाएं। कहा कि वर्तमान में भीषण गर्मी, लू, हीटवेव चल रही है। इसलिए मतगणना स्थल पर छाया हेतु टेंट आदि की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। टेण्ट में कूलर एवं पंखों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। यह भी अपेक्षित है कि राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, मतगणनाकर्मी, मीडियाकर्मी हल्के सूत्री वस्त्रों का प्रयोग करें एवं अपने साथ छाता एवं सर को ढकने के लिए सफेद सूती गमछा या अन्य कोई कपड़ा रखें। पैरों में आरामदायक जूते या चप्पल पहनें। मतगणना स्थल पर पीने योग्य शीतल जल का प्रबंध रखा जाए। वहां ओआरएस, ग्लूकोज आदि की भी व्यवस्था रखी जाए। तेज धूप से बचने के लिए अन्य सुरक्षा प्रबंध जैसे टोपी, टेट, हैट, चश्मा, आदि का प्रयोग करें। चाय, कॉफी या कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक का सेवन ज्यादा नहीं करें।

कलेक्ट्रेट में बैठक में समझाते एडीएम व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

- एडीएम ने मातहतों के साथ बैठक कर मतगणना के दौरान चौकसी बरतने के दिए निर्देश

ग्रामीणों ने भैंस चोरी के आरोपियों को पकड़ा

अछल्दा, औरैया। ग्रामीणों ने भैंस चोरी के मामले में एक आरोपी को पकड़कर पुलिस को सौंपा। मामला बघुआ गांव निवासी महेन्द्रसिंह पाल पुत्र रामकिशुन ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि 2 जून की रात करीब 10.30 बजे वह अपने खेत पर गया था तब उसने देखा कि कुछ लोग उसकी भैंस खोलकर ले जा रहे है, शोर मचाने पर ग्रामीण और मेरा भाई आ गया, हम सबने मिलकर आरोपी को घेरकर पकड़ लिया। आरोपी ने अपना नाम सूरज नागर पुत्र सुरेश नागर उर्फ बल्लू निवासी मुहल्ला पटेल नगर बाबरपुर औरैया व दूसरे ने अपना नाम बबलू चकवा पुत्र दयाराम चकवा निवासी कस्बा बाबरपुर थाना अजीतमल जिला औरैया बताया। चोरों को थाना पुलिस को सौंप दिया। थाना प्रभारी अशोक उपाध्याय ने बताया दोनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया।

अधिवक्ता के निधन पर शोकसभा की

औरैया। वरिष्ठ अधिवक्ता नवल किशोर त्रिपाठी के निधन पर शोकसभा की। ग्राम उमरी दिबियापुर निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता नवल किशोर त्रिपाठी का रविवार को मिनी पीजीआई सैफई में निधन हो गया। उनके निधन के समाचार मिलते ही पूरे अधिवक्ता समाज में शोक व्याप्त हो गया और परिवार को सांत्वना देने के लिए अधिवक्ता साथी उनके ब्रह्म नगर निवास पर पहुंचे। वहीं कोर्ट परिसर में वरिष्ठ अधिवक्ता के शोकसभा में डीबीए के अध्यक्ष संजीव कुमार चतुर्वेदी, महामंत्री शैलेश कुमार और पप्पन चौबे ,पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्रनाथ शुक्ला, सतीश चंद्र राजपूत ,सुनील दुबे ,एवं पूर्व महामंत्री प्रदीप कुमार आदि मौजूद थे।

गिनती पूरी होने के बाद ही टेबल छोड़ें, एजेंटों को दी नसीहत

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। मतगणना को लेकर विभिन्न पार्टियों ने अपने-अपने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं को सजगता के साथ काम करने तथा मतगणना पूरी होने के बाद ही टेबल छोड़ने की बात कही।

भाजपा द्वारा इटावा लोकसभा क्षेत्र के औरैया, दिबियापुर विधानसभा व कन्नौज लोकसभा क्षेत्र के बिधूना विधानसभा में मतगणना कार्य में लगे मतगणना एजेंटों को प्रशिक्षित करने के लिये ओरैया स्थित एक गेस्ट हाउस में सोमवार को प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में मतगणना अभिकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी आनंद सिंह ने कहा कि मतगणना में पार्टी के तेजतर्रार और अनुभवी कार्यकर्ताओं को लगाया गया है। अभिकर्ताओं को मतगणना समाप्त होने तक अपनी टेबल न छोड़ने का निर्देश दिया। कार्यशाला में मतगणना के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों से अवगत कराने के अलावा मतों के हिसाब-किताब की ट्रेनिंग दी गई। भाजपा के अस्थाई कैंप कार्यालय में कार्यकर्ताओं के बैठने की व्यवस्था पर चर्चा की गई। और बड़ी एलसीडी भी लगेगी जिससे लोग चुनाव परिणाम देखते रहे ।मतगणना के लिए तीनो विधानसभा में कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है। जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता ने मतगणना की तैयारियों के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि जिला पदाधिकारी पूरी व्यवस्था पर नजर रखेंगे। सभी मतगणना अभिकर्ताओं को सुबह 6 बजे भाजपा कैंप कार्यालय और 7 बजे तक मतगणना स्थल पर पहुंचने के निर्देश दिये गये हैं। सभी अभिकर्ताओं को मतगणना किट दी जाएगी। मतगणना स्थल पर मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी। बैठक के उपरांत अरुणाचल प्रदेश में भाजपा को दो तिहाई बहुमत प्राप्त होने पर बधाई देते हुए जिला प्रभारी आनंद सिंह, जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता ने कहा कि अरुणाचल में दो तिहाई बहुमत स्पष्ट संकेत देता है कि फिर से भाजपा जीत दर्ज करेगी।

- भाजपा ने कार्यकर्ताओं को सौंपी जिम्मेदारी

चक्रवार मिले मत को जरूर करें नोट

संवाददाता,बिधूना औरैया

अमृत विचार। सोमवार को सपा जिलाध्यक्ष सर्वेश गौतम एवं सपा विधायक रेखा वर्मा आदि की मौजूदगी में पार्टी के मतगणना अभिकर्ताओं को मतगणना से संबंधित आवश्यक जानकारियां दी गई।इस अवसर पर उन्हें मतगणना के सभी चक्रों का लेखा-जोखा रखने के साथ मतगणना के अंत तक मतगणना स्थल पर रहने को कहा गया।सपा जिलाध्यक्ष सर्वेश गौतम एवं सपा विधायक रेखा वर्मा ने संयुक्त वार्ता में दावा किया कि की औरैया और कन्नौज लोकसभा का चुनाव लाखों मतों से जीत होगी जबकि इंडी गठबंधन की देश में सरकार बनेगी।उन्होंने एक्जिट पोल कोई अंतिम पोल नहीं होते हैं। दस पंद्रह लाख की लोकसभा क्षेत्र में मात्र दो चार हजार लोगों से बात करके कोई नतीजा निकाल लेना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि मतगणना स्थल से बाहर सपा कार्यकर्ताओं के बैठने रुकने की भी व्यवस्था की गई है ताकि वह बाहर रहकर मतगणना का जायजा ले सकें।इस अवसर पर सपा के पूर्व विधानसभा प्रभारी सुशील वर्मा एडवोकेट डाक्टर नितिन वर्मा आछेलाल पाल , रामनरेश यादव पूर्व ब्लाक प्रमुख सुमन दिवाकर पूर्व ब्लाक प्रमुख ऐरवाकटरा,रानू पालीवाल विधानसभा अध्यक्ष, हिमांशु गुप्ता नगर अध्यक्ष,मीना कठेरिया सपा महिला सभा की प्रदेश सचिव,सुरेश वर्मा प्रधानाचार्य अरविंद यादव पूर्व सभासद, संतोष कुमार गुप्ता लालजी, मीडिया प्रभारी छत्रपाल सिंह वर्मा,नरेश यादव नृपेन्द्र यादव,प्रेमचंद राकेश शाक्य त्यागी यादव, शिवसिंह यादव आदि सपाजन मौजूद थे।

कानपुर से इटावा जा रही वृद्धा की औरैया में गर्मी से हुई मौत

औरैया। कानपुर से इटावा के लिए रोडवेज में सवार हुई जनक दुलारी पति स्व. नरपतसिंह उम्र 70 वर्ष यशोदा नगर सैनिक चौराहा की रहने वाली थी। अपनी बहन के घर भिण्ड मध्य प्रदेश जा रही थी। औरैया में पानी पीने के लिए देवकली चौराहा पर बस से उतरी थी कि अचानक गश खाकर सड़क पर गिर गई और मौत हो गई। मौके पर पहुंची ब्रह्म नगर पुलिस चौकी इंचार्ज हेमंत चौधरी ने महिला को जिला अस्पताल पहुंचाया जहां डाक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया, पुलिस के द्वारा परिजनों को सूचना दी गई।

परेशानी | अछल्दा क्रॉसिंग पर सोमवार सुबह रेलवे फाटक देर से खुलने के चलते लगा लंबा जाम

35 मिनट बंद रही क्रॉसिंग, गर्मी से परेशान हो गए वाहन चालक

संवाददाता अछल्दा, औरैया

अमृत विचार। अछल्दा रेलवे क्रॉसिंग पर सोमवार सुबह लगभग 10 बजकर 50 मिनट पर रेलवे फाटक देर से खुलने कि चलते लंबा जाम लग गया। क्रॉसिंग के दोनों तरफ जाम लगने से वाहनों की कतार लग गईं। जिसके चलते लगभग 35 मिनट तक लोग जाम में फंस कर गर्मी से परेशान हो गए। दिल्ली-हावड़ा रूट के अछल्दा रेलवे क्रॉसिंग पर सोमवार सुबह लगभग 10:50 बजे गेट बंद हुआ। जिसके बाद लगातार ट्रेनों के आवागमन से देर तक गेट नहीं खोला गया। इसके चलते अछल्दा-फफूंद-बिधूना मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

लगभग 35 मिंट बाद फाटक बंद रहने के बाद गेट सुबह 11-25बजे खोला गया। गेट खुलते ही बड़े वाहनों के आगे बाइकों का काफिला निकल पड़ा। जिससे बड़े वाहन अपनी जगह से भी नहीं हिल सके वहीं भयंकर गर्मी में लोग जाम में फंसे रहे। लोग छाया के लिए जगह ढूढ़ते हुए दिखे। जाम के चलते पैदल निकल रहे राहगीरों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। भयंकर जाम की सूचना पर पहुंची थाना पुलिस कांस्टेबल ने कड़ी मशक्कत से जाम को खुलवाया। भीषण गर्मी के चलते जो लोग जाम में फंस गए वह कड़ी धूप, गर्मी और उमस से जूझते रहे। आगे पीछे वाहनों के लगे होने से गर्मी का स्तर और बढ़ गया। ऐसे में कुछ लोग तो वाहन को बीच में ही छोड़कर छाया के लिए जगह ढूढ़ते हुए दिखे।

फाटक बंद रहने के कारण लगा जाम। अमृत विचार

ब्रेक-शू जाम, आधा घंटा खड़ी रही मालगाड़ी

संवाददाता कंचौसी,औरैया

अमृत विचार। सोमवार की दोपहर 2 बजे के बाद रेलवे फ्रंट कोरिडोर रेलवे ट्रैक पर इटावा से कानपुर आ रही मालगाड़ी के एक वैगन के ब्रेक-शू जाम होने की जानकारी होते ही लोको पायलट ने मालगाड़ी को कंचौसी स्टेशन व रेलवे क्रॉसिंग के बीच रोक दिया।

मेन लाइन पर मालगाड़ी खड़ी होने के कारण पीछे से आ रही एक मालगाड़ी को आउटर पर रोका गया। लगभग 30 मिनट तक चले मरम्मत के काम के बाद मालगाड़ी को गंतव्य के लिए रवाना किया गया।दिल्ली-हावड़ा रेल रूट पर मालगाड़ियों के लिए डेडिकेटेड फ्रेट कारिडोर बना है। सफल संचालन के दृष्टिकोण से रेलवे ने यह कवायद की है। सोमवार को इटावा से कानपुर सेंट्रल आ रही मालगाड़ी के एक वैगन के पहियो के ब्रेक-शू जाम होने से दिक्कत महसूस होने पर लोको पायलट ने मालगाड़ी को मेन लाइन पर रोक दिया। साथ ही सतर्कता दिखाते हुए स्टेशन मास्टर को सूचना दी। इस बीच पीछे से आ रहीं एक मालगाड़ी को आउटर रोका गया। जानकारी होते ही न्यू कंचौसी से पहुंचे कैरिज एंड वैगन के कर्मचारियों ने एक दूसरे से सटे ब्रेक-शू को अलग करते हुए तकनीकी परीक्षण किया। इसके बाद गंतव्य को मालगाड़ी रवाना हो सकी।

स्टेशन पर ब्रेक-शू जाम होने से खड़ी मालगाड़ी। अमृत विचार

व्यापार मंडल ने की बैठक, ज्ञापन सौंपा

संवाददाता औरैया

अमृत विचार। सादा पान व मसाला अलग दुकान से और तम्बाकू अलग दुकान से खरीदने का व्यापारियों ने विरोध किया है। सोमवार को व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष दीपक अवस्थी की अध्यक्षता में छोटे व्यापारियों के व्यापार को ध्यान में रखते हुए औरैया एसडीएम अतिरिक्त अमित त्रिपाठी को ज्ञापन सौंपा गया। कहा कि आयुक्त खाद्य सुरक्षा उप्र. द्वारा जो अधिसूचना जारी की गई वह हर स्तर पर व्यापारी विरोधी है ऐसी किसी भी अधिसूचना से पूर्व व्यापारी वर्ग को साथ लेकर आम जनता को जागरूक करना चाहिए था। इस फैसले से व्यापरी परेशान हो जाएगा। इसे किसी भी रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस अध्यादेश के विरोध में संपूर्ण उत्तर प्रदेश में सोमवार को जिलाधिकारी कार्यालय ककोर औरैया में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष दीपक अवस्थी , जिला कोषाध्यक्ष श्याम जी पोरवाल आदि मौजूद थे।

ज्ञापन सौंपते व्यापार मंडल के पदाधिकारी। अमृत विचार

एक नजर

ई-मंडी से 20,750 लाइसेंस जारी, प्रक्रिया हुई आसान

अमृत विचार, लखनऊ : मंडियों में डिजिटल कारोबार के साथ लाइसेंस बनवाना भी आसान हो गया है। प्रदेश में ई-मंडी योजना से पिछले वर्ष 20,450 लाइसेंस जारी हुए हैं। इससे ऑनलाइन डिजिटल कारोबार को रफ्तार मिली है।ई-मंडी योजना के अंतर्गत डिजिटल कारोबार के लिए व्यापारियों के पास ई-लाइसेंस जरूरी है। इससे व्यापारी किसानों से ऑनलाइन कहीं से उनकी उपज खरीद सकते हैं। नई व्यवस्था लागू होने पर मंडी परिषद ने 2023-24 में 20,750 ई लाइसेंस बनाए हैं। इन लाइसेंस से कारोबारियों को बाहरी मंडियों से उपज खरीदने की सुविधा मिली है।

81 मतगणना स्थलों पर त्रिस्तरीय सुरक्षा, एक लाख सुरक्षाकर्मी तैनात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाई तो सख्त कार्रवाई को तैयार रहें : डीजीपी

▸▸ मतगणना स्थल पर बनाई गई है मीडिया गैलरी, सूचना अधिकारी होंगे प्रभारी

अमृत विचार: प्रदेश में 80 लोकसभा सीटों और 04 विधानसभा सीटों के उपचुनाव की मतगणना मंगलवार सुबह आठ बजे से 07 पुलिस कमिश्नरेट एवं 68 जनपदों में कुल 81 स्थानों पर होगी। मतगणना केंद्र की त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। सुरक्षा के मद्देनजर मतगणना स्थल पर एक लाख पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को तैनात किया गया है। इसके साथ ही सीआरपीएफ और पीएसी की कंपनियों को भी तैनात किया गया है। इसके अलावा सोशल मीडिया पर प्रसारित भ्रामक खबरों, अफवाहों के खंडन एवं सत्यता की जानकारी कर कार्रवाई के लिए प्रत्येक कमिश्नरेट और जिलों में सोशल मीडिया टीम द्वारा 24 घंटे मॉनीटरिंग की जा रही है। ये जानकारी लोकभवन के सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार और डीजीपी प्रशांत कुमार ने दी।

प्रथम घेरा सीआरपीएफ के हवाले: डीजीपी ने बताया कि मतगणना स्थल की सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए 81 स्थानों पर 160 उपायुक्त एवं अपर पुलिस अधीक्षक, 476 सहायक पुलिस आयुक्त एवं पुलिस उपाधीक्षक, 2248 निरीक्षक, 12883 उपनिरीक्षक, 20876 महिला आरक्षी, 50697 आरक्षी और 6149 होमगार्ड्स को तैनात किया गया है। इसके साथ ही सीआरपीएफ की 145 और पीएसी की 102 कंपनियां तैनात की गई हैं। उन्होंने बताया कि सुरक्षा के लिहाज से मतगणना केन्द्र की त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इसके तहत प्रथम घेरे (इनरमोस्ट कार्डन) की सुरक्षा सीएपीएफ, द्वितीय घेरे (इनर कार्डन) की सुरक्षा पीएसी एवं जनपदीय पुलिस बल और तृतीय घेरे (आउटर कार्डन) की सुरक्षा व्यवस्था जनपदीय पुलिस बल के साथ अन्य अनुपूरक बलों द्वारा सुनिश्चित की गई है। तृतीय घेरे (आउटर कार्डन) के 100 मीटर दूरी का दायरा स्टेराइल रखा गया है।

सीसीटीवी से लैस किए गए मतगणना स्थल

अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार ने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों में बने मतगणना स्थलों की सीसीटीवी के जरिए निगरानी की जाएगी। इसके साथ ही मतगणना स्थल पर मीडिया गैलरी भी बनाई गई है। इसके प्रभारी सूचना अधिकारी होंगे, जो समय-समय पर पत्रकारों को मतगणना हाल का भ्रमण कराएंगे।

चेकिंग के बाद ही प्रवेश

डीजीपी ने बताया कि मतगणना केंद्र पर अधिकृत व्यक्ति को ही प्रवेश दिया जायेगा। प्रवेश करते समय प्रत्येक व्यक्ति को डीएफएमडी, एचएचएमडी द्वार फ्रिस्किंग और चेकिंग के बाद ही प्रवेश दिया जायेगा। इस दौरान आपत्तिजनक वस्तु, सामग्री ले जाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। महिलाओं की चेकिंग एवं फ्रिस्किंग उनकी निजता को ध्यान में रखते हुए महिला पुलिस कर्मियों द्वारा ही की जायेगी। वहीं मतगणना स्थल के आस-पास जाम न लगे इसके भी विशेष इंतजाम किए गए हैं। प्रदेश के विभिन्न जिलों के संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस और रिजर्व क्यूआरटी टीमों को लगाया गया है।

30 तक दर्ज कर सकेंगे संपत्ति का ब्योरा

अमृत विचार, लखनऊ: शासन ने राज्य के उन पीसीएस अधिकारियों को अपनी चल-अचल संपत्ति का ब्योरा पोर्टल पर दर्ज कराने का अंतिम अवसर दिया है जिन्होंने बीती 28 फरवरी तक यह विवरण दर्ज नहीं कराया है। शासन ने ऐसे अधिकारियों के लिए समय सीमा बढ़ाकर 30 जून कर दी है जिसमें उन्हें 31 दिसंबर 2023 तक अर्जित संपत्ति की जानकारी देनी होगी। शासन ने हर हाल में उक्त तारीख तक पीसीएस अधिकारियों से अपनी चल-अचल संपत्ति का ब्योरा ऑनलाइन दर्ज कराने की उम्मीद की है।

रखरखाव की कमी से बंद हो रहीं बिजली इकाइयां

अब तक बंद हो चुकी हैं आधा दर्जन यूनिट, एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से खरीदनी पड़ रही महंगी बिजली

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ लगातर बिजली की मांग बने रहने व वित्तीय दिक्कतों के कारण नहीं हो पा रहा रखरखाव

अमृत विचार: प्रदेश में समय पर रखरखाव न होने से उत्पादन बिजली इकाइयां ठप हो रही हैं। अब तक करीब आधा दर्जन इकाइयां बंद होने से बिजली उत्पादन प्रभावित हो चुका है। कुछ इकाइयां अभी तक चालू नहीं हो पाई हैं। नतीजा यह है कि पावर कॉरपोरेशन को एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से महंगी बिजली खरीदनी पड़ रही है। भविष्य में इसका असर उपभोक्ताओं की बिजली दरों पर पड़ना तय है।

बीते माह में भीषण गर्मी के कारण अब तक एनटीपीसी की ऊंचाहार इकाई के साथ ही, ओबरा, रोजा, ललितपुर, अनपरा, टांडा, बारा, जवाहरपुर व पारीछा की इकाइयों में उत्पादन ठप हो चुका है। सूत्रों के अनुसार राज्य विद्युत उत्पादन निगम के साथ ही केंद्रीय सेक्टर के बिजलीघरों का रखरखाव साल में एक बार होने का प्रावधान है, पर लगातर बिजली की मांग बने रहने व वित्तीय दिक्कतों के कारण इकाइयां का समुचित रखरखाव नहीं हो पा रहा है। स्थिति यह है कि उन्हीं इकाइयों का रखरखाव हो पा रहा है, जो इकाइयां तकनीकी कारणों से बंद हो जा रही हैं। इकाइयों के बंद होने पर उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन को एनर्जी एक्सचेंज से महंगी बिजली खरीदनी पड़ रही है। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर के निदेशक अरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि इकाइयों के लगातार बंद होने के बाद भी बिजली मांग के अनुसार लोगों को बिजली आपूर्ति मुहैया कराई जा रही है।

मांग में कुछ कमी, अधिकतम मांग 28,456 मेगावाट दर्ज

गर्मी में कुछ कमी होने के कारण प्रदेश में बिजली की मांग भी घट गई है। सोमवार को अधिकतम बिजली मांग 28,456 मेगावाट दर्ज हुई, जबकि बीते एक जून को बिजली की अधिकतम मांग का रिकॉर्ड टूट गया था। बिजली की अधिकतम मांग 29,727 मेगावाट पर पहुंच गई थी। इससे पहले 18 मई को बिजली की अधिकतम मांग 28 हजार मेगावाट, 24 मई को 29,197 मेगावाट, 25 मई को 29,215 मेगावाट, 26 मई को 29,084 मेगावाट, 27 मई को 29,261 मेगावाट,, 28 मई को 29,282 मेगावाट व 29 मई को 29,077 मेगावाट दर्ज हुई थी। कॉरपोरेशन के अधिकारियों का कहना है कि अगर तापमान में कमी बनी रही, तो मांग में भी कमी बनी रहेगी।

अधिकतम मांग की स्थिति

राज्य	मेगावाट
उत्तर प्रदेश	29,727
पंजाब	14,000
हरियाणा	12,000
दिल्ली	8,300

फिर चार उत्पादन इकाइयां ठप

ललितपुर की छह सौ मेगावाट, रोजा की तीन सौ मेगावाट, अनपरा की पांच सौ मेगावाट व ओबरा सी की छह सौ मेगावाट क्षमता की इकाइयां बीती देर रात ठप हो गई। इससे प्रदेश में बिजली संकट बढ़ गया है। पिछले दिनों ठप हुई सिंगरौली की पांच सौ मेगावाट व अनपरा की पांच सौ मेगावाट की ठप इकाइयों को सोमवार को चालू करने के प्रयास जारी रहे। बिजली अभियंता रात में ही इन इकाइयों के चालू होने की उम्मीद जताते रहे, जबकि ओबरा सी के चार जून व अन्य इकाइयों के पांच जून को चालू होने की संभावना है।

गर्मी को प्राकृतिक आपदा घोषित करे केंद्र सरकार: शैलेंद्र

बिजली की मांग को देखते हुए ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भेजकर हीट वेव को प्राकृतिक आपदा घोषित करने की मांग की है। एआईपीईएफ के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे ने पत्र की प्रति सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों को भी भेजी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश समेत उत्तर भारत में अत्यधिक गर्मी के कारण उत्तरी राज्यों में बिजली की मांग चरम पर है। 30 मई को उत्तरी क्षेत्र में रिकॉर्ड मांग 86.7 गीगावॉट पर पहुंच गई थी।

धीमी हो सकती है मतगणना बिजली हो सकती है गुल

अमृत विचार, लखनऊ: समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा पर आरोपों की झड़ी लगाते हुए मतगणना में धांधली की आशंका प्रकट की है। सोमवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक पत्रकारवार्ता में सपा प्रमुख ने कहा कि हो सकता है भाजपा कॉउंटिंग धीमी करवा दें और रात में बत्ती गुल करवा दें।

उन्होंने कहा कि एग्जिट पोल करने वाली कंपनियों से यह सवाल पूछा जाना चाहिए कि क्या वे भाजपा के बूथ प्रबंधन का काम नहीं करती रही हैं? भाजपा पर तंज कसते हुए अखिलेश ने कहा- जितनी ऊंचाई पर जाकर कटती है पतंग, उतना ही बड़ा होता है उसका पतन। लोकसभा चुनाव-2024 के एग्जिट पोल सामने आने के बाद पहली बार पत्रकारों से बात कर रहे अखिलेश यादव ने दावा किया कि इंडी गठबंधन उप्र. में सबसे ज्यादा सीटें जीतेगा। उन्होंने कहा कि हमारे आंतरिक सर्वे में विपक्षी गठबंधन को आ रही सीटों का नंबर बहुत बड़ा है। अखिलेश यादव ने भाजपा पर सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने, माब लिंचिंग, मुनाफ़खोरी को बढ़ावा देने, गलत वैक्सीन लगवाने जैसे आरोप लगाए।

मतगणना से पहले भाजपा व सपा ने एक-दूसरे पर लगाया आरोप

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपते भाजपा प्रतिनिधिमंडल के सदस्य।

▸▸ सपा व कांग्रेस जिलों में कर रहे दंगा कराने की साजिश : भाजपा

▸▸ सपा ने मतगणना को लेकर आयोग को ज्ञापन सौंपा

अमृत विचार: मतगणना के पहले सोमवार को भाजपा व सपा ने एक-दूसरे पर आरोप लगाये और मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा को ज्ञापन सौंपा। भाजपा ने कहा कि सपा व कांग्रेस जिलों में दंगा कराने की साजिश कर रहे हैं, जबकि सपा ने मतगणना को लेकर आयोग को ज्ञापन सौंपा, जिसमें मिर्जापुर के जिलाधिकारी व देवीपाटन मंडल के मंडलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील की भूमिका पर सवाल उठाये।

भारतीय जनता पार्टी का प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार की शाम मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा, जिसमें सपा व कांग्रेस पर जिलों में हुड़दंग मचाकर दंगा कराने की साजिश करने का आरोप लगाया गया है। प्रतिनिधिमंडल ने विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं के जमावड़ा करने से रोकने व मतगणना को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने की मांग की गई है। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, बृजेश पाठक, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह व सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर शामिल थे।

दूसरी ओर, समाजवादी पार्टी ने निष्पक्ष मतगणना के मद्देनजर मिर्जापुर के जिलाधिकारी को मतगणना स्थल में प्रवेश से रोक लगाए जाने की मांग की है। प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने सोमवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन देकर महिला से छेड़खानी के आरोपी शशि भूषण लाल सुशील को देवीपाटन का मंडलायुक्त नियुक्त किए जाने पर भी आपत्ति जताई है।ज्ञापन में कहा गया है कि सपा मिर्जापुर के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने शिकायत की है कि वहां मतगणना स्थल पालीटेक्निक कालेज के पीछे की बाउंड्री तोड़ दी गई है और कैमरा भी नहीं लगा है। शासन-प्रशासन की मंशा ठीक नहीं लग रही है। जिलाधिकारी भाजपा प्रत्याशी के रिश्तेदार भी हैं इसलिए मतगणना निष्पक्ष होने में संशय है। निर्वाचन आयोग पहुंचकर ज्ञापन देने वाले सपा के प्रतिनिधिमण्डल में केके. श्रीवास्तव और डॉ. हरिश्चंद्र शामिल रहे।

धर्म दर्शन

पौराणिक नदी सरयू

डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

अंग्रेजों की घाघरा या गोगरा, उत्तर प्रदेश के पश्चिमी भागों की शारदा, किंतु धर्मप्राण सनातनियों और बहुसंख्यक हिन्दुओं की परम पुनीत सरयू नदी को ही 'रामप्रिया' तथा 'देविका' नाम से भी संबोधित किया गया है। इसकी यशोगाथा के चतुर्दिक प्रचार में सराहनीय भूमिका निभाने वाले ब्राह्मणों का सम्मानित संबोध नहीं 'सरयूपारीण' बन गया है।

रामायण में राजा दशरथ की राजधानी तथा मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या की चरण पखारने वाली पवित्र नदी सरयू, श्रीराम के जन्म से लेकर उनके वनगमन, पुनरागमन और अंत में स्वयं में जलसमाधि के साथ, महाप्रयाण की साक्षी रही है। करोड़ों लोगों की आस्था का आकर्षण केन्द्र रही है, श्री राम की प्रिया 'रामप्रिया' सरयू या 'सरजूमाई'।

अयोध्या की युगयुगीन पहचान रही है। साधु-संतों तथा तपस्वियों की पूजनीय और असंख्य श्रद्धालुओं की पाप नाशिनी सरयू। चिकित्सा विज्ञान में भी सरयू के जल में औषधीय गुणों का समावेश वर्णित है। रामचरितमानस में महाकवि तुलसीदास ने स्वयं श्रीराम के मुख से अयोध्या पुरी तथा सरयू नदी की महिमा का बखान इस चौपाई में करा किया है- 'अवधपुरी मम पुरी सुहावनि। उत्तर दिशि बह सरयू पावनि।।' मानस का यह कथन, अथर्ववेद की उस उक्ति का स्मरण दिला देता है, जहां अयोध्या को 'ईश्वर पुरी' कहा गया है।

महाभारत के आदि पर्व (169/20-21) में सरयू की गणना हिमालय के स्वर्ण शिखर से निकलने वाली गंगा की सात धाराओं में की गई है और कहा गया है कि जो इसका जल पीते हैं, उनके पाप नष्ट हो जाते हैं। महाभारत के सभापर्व (8/22) में उनकी वरुण की सभा में उपस्थिति और वरुण की उपासना उल्लिखित है। पाण्डवों की राजधानी इन्द्रप्रस्थ से जरासंध की राजधानी गिरिव्रज को जाते समय श्री कृष्ण, अर्जुन तथा भीमसेन ने इसको पार किया था (सभा.20/28)। वनपर्व (222/22) में सरयू को अग्नि की उत्पत्ति का स्थान बताया गया है।

भीष्म पर्व (2/19) के अनुसार यह भारत की उन सात नदियों में एक है जिसका जल वहां की प्रजा पीती है। अनुशासन पर्व (155/23-24) में अंकित है कि वसिष्ठ जी कैलास की ओर जाती हुई गंगा को मानसरोवर लाए। यहां आते ही गंगा ने मानसरोवर का बांध तोड़ दिया था। सरोवर के भेदन से निकले जलस्रोत का नाम सरयू पड़ा। स्पष्ट है कि यहां मानसरोवर से गंगा की उत्पत्ति संकेतित है।

बरगद की आराधना का पर्व

सलिल पांडेय
मिर्जापुर

ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि से अमावस्या तक उत्तर भारत और इसी माह के शुक्ल पक्ष में इन्हीं तिथियों में दक्षिण भारत में वट सावित्री का व्रत और पूजा आस्था के साथ सौभाग्यवती महिलाएं अपने अखंड और दीर्घकाल तक के सौभाग्य के लिए करती हैं।

वट प्रजाति के वृक्षों में बरगद के साथ पीपल, गूलर, पाकर, ढेसूर पेड़ शामिल हैं। अपनी टहनियों से स्वयं को वेष्टित (स्वयं को लपेट लेना) करने के कारण ये वटवृक्ष हैं। इसमें सबसे अधिक वेष्टन करने वाला वृक्ष बरगद ही है। ढेसूर तो चट्टानी पहाड़ों के पत्थरों पर उगता है, पीपल अहर्निश आक्सीजन देता है, लेकिन बरगद तो धरती को आग का गोला होने से बचाता है। केवल भारत में नहीं, बल्कि कई विकसित देशों में इन पेड़ों का नामकरण धर्म के साथ जोड़कर फाइबर रिलीजियस, फाइकस ग्लूमेरेटियस आदि से किया गया है। अरब देशों में भी भारत में पूजे जाने वाले अनेक वृक्षों को महत्व दिया जाता है। इस तरह के वृक्षों को आजाद-ए-दरख्त-ए-हिन्द कहा जाता है। वट-सावित्री व्रत के दौरान बरगद की विधिवत पूजा की जाती है। तीन दिन के व्रत में पहले दिन एक वक्त आहार (नक्तव्रत) लेकर व्रत का संकल्प, दूसरे दिन फलाहार और अंतिम दिन अमावस्या को पेय पदार्थो के साथ व्रत का विधान है। तीन दिवसीय जितने व्रत हैं उसमें इन नियमों का पालन करने का विधान है। सबसे पहले विमाता सुरुचि के अपमान से आहत उत्तानपाद के पुत्र बालक ध्रुव ने 15-15 दिनों तक इस नियम का पालन किया था। जिस पर प्रसन्न होकर स्वयं नारायण को आना पड़ा था। इन व्रतों के माध्यम से मानव खुद को प्रकृति के साथ संघर्ष और तालमेल दोनों बनाता है। वटसावित्री व्रत की मान्यता तो सत्ययुग में पतिव्रता सावित्री द्वारा अपने पति को कठोर तपस्या के बल पर यमराज के बंधन से मुक्त कराने से जुड़ी है, लेकिन त्रेता में श्रीराम एवं द्वापर में योगेश्वर श्रीकृष्ण ने भी इन पेड़ों की पूजा की।

वर्ग पहेली-90

बाएं से दाएं

1. बड़े पर्वत या पहाड़ के पास का भाग जहां से पहाड़ की चढ़ाई शुरू होती है, पहाड़ी।
5. 1. छोटे-छोटे कीड़े 2. कीटाणु समूह।
6. छोटी नालियों आदि को पार करने के लिए लोहे या लकड़ी से निर्मित छोटा पुल।
8. 1. परोसा हुआ भोजन 2. वह पत्तल जिसमें एक आदमी के खाने-भर का भोजन रखा गया हो।

ऊपर से नीचे

2. 1. वह व्यक्ति जो पुरुषों में श्रेष्ठ हो 2. परमात्मा 3. विष्णु।
3. ऐसी भूमि जो निश्चित और नियत रूप से ख़िराज देने की व्यवस्था के लिए अधिगृहीत की गई हो।
4. 1. मोटी
7. मज़बूत रबर की गेंद और जालीदार बल्ले (रैकिट) की सहायता से खेला जाने वाला एक प्रतियोगी खेल जिसमें दोनों तरफ़ एक-एक या दो-दो खिलाड़ी रहते हैं।



वर्ग पहेली -89 का हल

1 मं	था	न		2 सं	पा	त
दि				को		
र				च		3 गो
	4 अ	पो	5 ह	न		टी
	भि		म		6 ठे	
7 ख	जा		8 पा	ठि	क	
	त		या		ना	

सुडोकू-3

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		1		6			7	
	3				2	6		9
	8	2				1		
2		4			6			
8		6	1		9	4		2
			7			8		5
		7				3	4	
1		3	5				2	
	6			3		5		

सुडोकू -2 का हल

9	8	2	3	6	1	4	7	5
7	6	4	5	8	2	1	9	3
1	3	5	7	4	9	6	8	2
3	7	9	6	5	4	2	1	8
6	5	8	1	2	3	7	4	9
2	4	1	8	9	7	5	3	6
5	9	6	4	1	8	3	2	7
4	2	3	9	7	5	8	6	1
8	1	7	2	3	6	9	5	4

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 4 जून मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 22.01 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-भरणी 22.35 तक तत्पश्चात कृत्तिका।

मेष — आज आप लोगों से काफी अच्छी तरह से बात करेंगे जिससे लोग आपसे प्रभावित रहेंगे। स्वादिष्ट भोजन का आनंद ले सकते हैं। शेयर मार्केट में निवेश को लेकर उत्साहित रहेंगे। अपनी परिस्थितियों को लेकर के रोष समाप्त होगा। धन कमाने के नए मौके मिल सकते हैं।

वृष — आज दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने से पूर्व उसे अच्छी तरह से जांच लें। भविष्य को लेकर काफी आशान्वित रहेंगे। विदेशी भूमि से कारोबार अथवा नौकरी के ऑफर मिल सकते हैं। आपका धन काफी खर्च हो सकता है।

मिथुन — आज जॉब में आपकी पदोन्नति हो सकती है। विद्यार्थी पढ़ाई के साथ व्यवसाय को लेकर भी विचार कर सकते हैं। सहकर्मियों के ऊपर आपका प्रभाव बढ़ेगा। आप काफी प्रसन्न रहेंगे। दांपत्य संबंध काफी रोमान्टिक होने वाले हैं।

कर्क — आज अटके हुए मामलों को अपने पक्ष में कर लेंगे। यदि आप किसी से प्रेम करते हैं तो उनसे अपने हृदय की बात कह सकते हैं। धनी और प्रभावशाली लोगों से आपका संपर्क मजबूत होगा। स्वास्थ्य समस्याओं का निवारण होगा।

सिंह — आज आपसे काफी प्रभावी लोग जुड़ेंगे जो आपको अच्छे प्रपोजल भी दे सकते हैं। युवा लोग नए कारोबार को लेकर उत्साहित रहेंगे। इंटरव्यू आदि में उत्तम सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। आप परिस्थितियों को समझने में चूक कर सकते हैं।

कन्या — आज आप कुछ अधार्मिक हो सकते हैं। धन उधार देने से बचें। कानूनी मामलों को फिलहाल टालना ही हितकर होगा। आपको अपने भविष्य को लेकर कुछ चिंता होगी। विवादित विषयों पर टिप्पणी न करें।

तुला — आज सेहत से जुड़ी परेशानियों का निवारण होगा। आय के दूसरे स्रोतों पर काम करने के लिए समय उत्तम है। विपरीत लिंग के लोग आपसे ज्यादा आकर्षित हो सकते हैं। आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे। अध्यात्मिक विचारों के प्रभाव में हो सकते हैं।

वृश्चिक — आज पैतृक संपत्ति आपको प्राप्त हो सकती है। प्रतियोगी परीक्षाओं के परिणाम आपके पक्ष में होंगे। व्यवसाय में पार्टनर्स के साथ आपके संबंध अच्छे होंगे। समाज से जुड़े कार्यों में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। बच्चे स्पोर्ट्स में विशेष रुचि ले सकते हैं।

धनु — आज प्रेमी जन को महंगा उपहार दे सकते हैं। यदि आप व्यवसायी हैं तो आप अपने एकाउन्ट्स को लेकर काफी सतर्क रहें। कुछ लोग आपके साथ धोखाधड़ी कर सकते हैं। आपकी दिनचर्या में अच्छी आदतें जुड़ सकती है।

मकर — आज राजनीति से जुड़े लोगों को बहुत अच्छी खबरें मिल सकती है। आप लोगों के लिए काफी सम्मानित रहेंगे। अपने कौशल विकास पर आप ध्यान दे सकते हैं। विद्यार्थियों के लिए दिन काफी अच्छा है। परीक्षा परिणाम आपके पक्ष में हो सकते हैं।

कुंभ — आज व्यवसाय में अपनी कार्ययोजना में सुधार करेंगे। आप घर में भी साफ-सफाई पर काफी ध्यान देंगे। नए वस्त्र अथवा महंगे इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों पर धन खर्च होगा। ऐसे सभी कार्य जो अटके हुए थे, वह पूर्ण रूप से सुलझ सकते हैं।

मीन — आज तीर्थ क्षेत्र की यात्रा की योजना बना सकते हैं। नए विषयों के अध्ययन में रुचि लेंगे। जीवनसाथी आपका काफी ध्यान रखेगा। आप धन को लेकर थोड़े चिंतित रहेंगे, लेकिन परिजन के विषय में खबर सुनकर मन प्रसन्न होगा।

आज की फिल्में

करिश्मा कुदरत का
सुबह : 10.11

जागृति
शाम : 05.00

चुप
सुबह : 10.53

रुस्तम
रात : 08.00

रैमपेज
सुबह : 10.21

मॉन्स्टर हंटर
रात : 07.12

लाडला
सुबह : 09.35

सत्याग्रह
रात : 07.25

मोहब्बत
दोपहर : 12.00

देवदास
रात : 06.00

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

टीचर- दिल्ली से आगरा की दूरी 210 किमी है तो मेरी उम्र क्या है?
स्टूडेंट- 50 वर्ष।
टीचर- सही है, कैसे पता चला?
स्टूडेंट- मेरे भाई की उम्र 25 वर्ष है और वो आधा पागल है।

पति- मैं नाश्ता नहीं करूंगा, लेट हो रहा है।
पत्नी- मैंने पराठे आज वाइन डालकर बनाए हैं।
4 पराठे के बाद पति- मजा आ गया, कौन सी वाइन डाली थी?
पत्नी- अजवाइन।

किसके सिर सजा ताज, आज होगी घोषणा

मतगणना आज : तैयारियां पूरी, हर विधानसभा क्षेत्र के लिए लगाई गईं 14-14 टेबिलें, प्रत्येक पर चार-चार कर्मी तैनात

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- मतगणना स्थल पर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए
- अर्द्धसैनिक बलों के साथ पुलिस रहेगी तैनात

प्रत्याशी आरके सिंह पटेल (भाजपा), मयंक द्विवेदी (बसपा), कृष्णा पटेल (सपा)।

मतगणना पंडाल में पूरी हुईं तैयारियां। अमृत विचार

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव की मतगणना की घड़ी करीब आ गई है। मंगलवार को तिंदवारी रोड स्थित मंडी समिति में मतगणना होगी। मतदाताओं ने किसकी किस्मत में सांसद बनना लिखा है, इसका राज भी ईवीएम के खुलने पर सामने आ जाएगा। बांदा-चित्रकूट संसदीय सीट में इस बार दर्जनभर प्रत्याशी भाग्य आजमा रहे हैं। सत्ताधारी भाजपा से जहां मौजूदा सांसद आरके सिंह पटेल अपनी किस्मत आजमा रहे हैं, वहीं सपा-कांग्रेस गठबंधन से कृष्णा पटेल, बसपा से मयंक द्विवेदी, सीपीआई से रामचंद्र सरस समेत राष्ट्र उदय पार्टी के गुलाब चंद्र वर्मा, सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी के दिनेश पटेल, भागीदारी पार्टी के पंचा उर्फ पंचमलाल, अपना दल कमेरावादी से प्रमोद आजाद, लोग पार्टी के बाबूलाल, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के श्रीराम सिंह गौर, स्वतंत्र जनता राज पार्टी के सुरेंद्र कुमार और निर्दलीय उम्मीदवार रामचरन चुनाव मैदान में हैं। मतगणना की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतगणना स्थल में सुरक्षा के काफी कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। अर्धसैनिक बलों के साथ पुलिस की टुकड़ियां लगाई गई हैं।

चुनाव में कांटे की टक्कर के बाद अपने भाग्य का फैसला जानने के लिए एक-एक दिन गिनगिनकर काट रहे प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला मंगलवार को हो जाएगा। मतगणना की पूर्व संध्या पर सोमवार को अपने रणनीतिकारों के बीच घिरे चारों प्रमुख दलों के प्रत्याशी मतगणना के दौरान हर ईवीएम के रिजल्ट पर बारीकी से निगाह रखने के लिए खाका तैयार करते दिखे। काउंटिंग एजेंटों को समझाया भी। वे इस बीच अपनी-अपनी जीत का दावा भी जोरशोर से करते रहे।

अब देखना यह है कि किसका भाग्य अधिक प्रबल है। अगले पांच साल तक कौन सत्तासुख भोगेगा और इतने ही समय कौन-कौन महारथी भाग्य को कोसेंगे। मतगणना को लेकर तिंदवारी रोड स्थित मंडी समिति परिसर में प्रशासनिक तैयारियां पूरी करने का कार्य जोर-शोर से चलता रहा। प्रेक्षकों के साथ में जिले के अफसरों ने भी पूरे दिन वहां रुककर तैयारियां दुरुस्त कराई।

इस बार बैरीकेडिंग की व्यवस्था को भी काफी हद तक व्यापक रूप दिया गया है। मतगणना टीन शेड तक जाने को ही बैरीकेडिंग से होकर गुजरना होगा तो एजेंटों का टेबलों पर कोई छेड़छाड़ न कर सके तो टेबल व एजेंटों की कुर्सियों के बीच जाली भी लगा दी गई। सभी मतगणना कर्मियों को सुबह छह बजे अंदर प्रवेश दे दिया जाएगा। सुबह आठ बजे पोस्टल बैलेट को गिनकर मतगणना की शुरूआत करा दी जाएगी। ठीक इसके बाद ईवीएम से मतगणना शुरू होगी। हर विधान सभा क्षेत्र में 14-14 टेबल लगाई गई हैं।

हर एक टेबल पर चार कर्मियों को लगाया गया है। उधर, मतगणना के समय यदि किसी प्रत्याशी या अभिकर्ता को मतगणना संबंध में कोई समस्या हो तो इसको लेकर उसे स्थानीय अफसरों से वह शिकायत कर ही सकता है।

24 चक्रों में पूरी होगी मतगणना

बांदा-चित्रकूट लोकसभा क्षेत्र की मतगणना मंगलवार को होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने दावा किया है कि मतगणना की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। वोटों की गिनती के लिए 14-14 टेबुल लगाई गई हैं। मतगणना 24 चक्रों में पूरी होगी। सुबह 10 बजे से रूझान मिलने लगेंगे। साथ ही अपरान्ह दो बजे तक नतीजा घोषित होने की संभावना है। जिला निर्वाचन कार्यालय की मानें तो चारों विधानसभाओं की मतगणना 24 से 26 चक्र में पूरी होगी। इसके लिए अलग-अलग विधानसभावार 14-14 टेबल लगाई जाएंगी। सबसे पहले पोस्टल बैलट की गिनती की जाएगी, बाद में ईवीएम के मत गिने जाएंगे। इन टेबलों में ईवीएम लाने के लिए एक चतुर्थ श्रेणी कर्मी को लगाया गया है। जबकि मतगणना के लिए एक सुपरवाइजर, एक मतगणना सहायक व एक माइक्रो प्रेक्षक की तैनाती की गई है। मतगणना का कार्य सुबह आठ बजे से परिणाम आने तक जारी रहेगा। इसके लिए निर्वाचन विभाग ने सारी तैयारी पूरी कर ली है।

आयोग के ऑब्जर्वर पहुंचे, संभाला मोर्चा

बांदा-चित्रकूट संसदीय क्षेत्र के लिए होने वाली मतगणना के लिए निर्वाचन आयोग से नियुक्त आब्जर्वर मतगणना के 48 घंटे पहले 31 मई को अपने-अपने जिलों में पहुंच गए थे। यहां निर्वाचन आयोग ने वी.कलाईराशि को सामान्य प्रेक्षक के रूप में नियुक्त किया है। मतगणना के बाद अंतिम आंकड़े जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल को भेजेंगे। डीएम मतगणना स्थल मंडी समिति परिसर में चुनाव परिणाम की घोषणा करेंगे। इसके पूर्व प्रेक्षक ने डीएम दुर्गाशक्ति नागपाल व एसपी अंकुर अग्रवाल तथा प्रशासनिक अफसरों के साथ मंडी समिति का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

जीत होने पर जश्न के लिए पहले से तैयारी

कार्यालय संवाददाता, बांदा

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव के प्रत्याशियों के समर्थकों ने जश्न की तैयारी शुरू कर दी है। माना जा रहा है कि मंगलवार शाम तक परिणाम सामने आ जाएगा। त्रिकोणीय रोमांचक मुकाबले के बीच सभी उम्मीदवारों के समर्थक अपनी जीत का सपना संजोये जीत के जश्न की तैयारियों में जुटे हैं। ऐसे में समर्थकों ने फूलमालाओं के साथ ही मिठाई के लिए भी आर्डर दे दिया है। चुनाव में प्रत्याशियों के समर्थकों ने भाग-दौड़ की या नहीं, लेकिन जीत के बाद सबसे आगे चेहरा दिखाने की होड़ शुरू हो गई है।

प्रत्याशी की नजर में अपनी मेहनत साबित करने और शुरूआत से लेकर अंत तक जुटे रहने की बात उन तक पहुंचाने के लिए स्वागत और जश्न की तैयारी की जा रही है। लोकसभा चुनाव में तो कुछ ही प्रत्याशियों के कार्यकर्ता जीत की उम्मीद में हैं। समर्थकों ने जीत के जश्न की तैयारी कर ली है। फूलों के साथ ही स्वागत द्वार की व्यवस्था कर चुके हैं। इसके अलावा जगह-जगह मिठाई बंटवाने के लिए भी व्यवस्था की गई है।

ज्वलनशील पदार्थ और मोबाइल न ले जाएं

- मतगणना कार्य में किसी भी व्यक्ति द्वारा किसी भी प्रकार के बैग, अन्य वस्तुएं ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल ने बताया कि मोबाईल, केलकुलेटर, अन्य इलेक्ट्रानिक सामग्री ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। किसी को भी इसकी अनुमति नहीं दी जाएगी। गणना अभिकर्ताओं को भेजे जाने वाले नाश्ते के पैकेटों की पूर्णरूप से जांच की जाएगी। इसके अलावा मतगणना परिसर में किसी भी व्यक्ति को बीड़ी, सिगरेट, पान, गुटका, लाईटर, माचिस, चाकू अन्य किसी भी प्रकार के हथियार लाने पर प्रतिबंध होगा। उन्होंने बताया मतगणना परिसर के सभी कक्षों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। पूरी मतगणना के दौरान संचालित रहेंगे। जिसमें सुरक्षा कर्मियों द्वारा निगरानी रखी जाएगी।

डीएम ने 10 वाटर कूलरों का किया लोकार्पण

कार्यालय संवाददाता, बांदा

वाटर कूलर की शुरुआत करतीं डीएम दुर्गाशक्ति नागपाल। अमृत विचार

अमृत विचार। भारतीय स्टेट बैंक के सहयोग से सीएसआर के माध्यम से उपलब्ध कराए गए 10 वाटर कूलरों को जिलाधिकारी ने आम लोगों के लिए समर्पित किए। वाटर कूलर जिले की सभी तहसीलों समेत मुख्यालय स्थित कलक्ट्रेट, विकास भवन, जिला अस्पताल, डीएम कैंप कार्यालय और मंडल कारागार में लगाए जाएंगे।

भीषण गर्मी में जनपद के दूरस्थ ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों से आमजन उनकी विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए भारी संख्या में शासकीय कार्यालयों व इलाज के लिए जिला अस्पताल आते हैं। इसके अलावा मंडल कारागार में भी कैदियों से मिलाई के लिए उनके बच्चे, पत्नी, माता-पिता व रिश्तेदार आदि आते हैं। गर्मी के मौसम में शीतल जल मुहैया कराने के उद्देश्य की पूर्ति के लिए जनपद में भारतीय स्टेट बैंक के सहयोग से सीएसआर के माध्यम से 10 वाटर कूलर खरीदे गए। जनपद की चारों तहसील पैलानी, बबेरू, नरैनी, बांदा एवं अतर्रा में स्थापित कराया गया। इसके साथ ही जनपद के महत्वपूर्ण कार्यालयों कलेक्ट्रेट, विकास भवन, जिला अस्पताल, जिलाधिकारी कैंप कार्यालय एवं जेल परिसर में भी एक-एक वाटर कूलर स्थापित कराया गया। 5.66 लाख की धनराशि से वाटर कूलर खरीदे गए। जनपद में आमजन को शीतल पेयजल उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से इन वाटर कूलर को भीषण गर्मी के दौरान ही स्थापित कराए जाने का संकल्प जिला प्रशासन द्वारा लिया गया। वर्तमान में यह सभी वाटर कूलर स्थापित हो चुके हैं। इसी कड़ी में सोमवार को कलक्ट्रेट में सभी 10 वाटर कूलर को जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने आमजन को समर्पित किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, एडीएम राजेश वर्मा व एडीएम (न्यायिक) अमिताभ यादव सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारी उपस्थित रहे।

5.66
लाख रुपये के वाटर कूलर एसबीआई ने उपलब्ध कराए

गौवंश के लिए प्रशासन करे पानी की व्यवस्था

अतर्रा। गौरक्षा समिति के जिला अध्यक्ष महेश प्रजापति ने सोमवार को नगर के बदौसा रोड़ पर स्थित कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया। गौशाला नगर पालिका द्वारा संचालित की जा रही है। गौशाला में व्यवस्था के नाम पर खानापूर्ति करना पाया गया। महेश प्रजापति ने बताया कि कान्हा गौशाला में गायों को सिर्फ सूखा भूसा खिलाया जा रहा है। गौशाला कर्मचारियों द्वारा बताया गया की गौशाला में 150 गोवंश है लेकिन मौके पर सिर्फ 120 गोवंश ही मिले।जब क्षेत्रीय पशु चिकित्सा अधिकारी से जानकारी की गई तो डॉक्टर ने भी बताया कि 150 गोवंश है,लेकिन 30 गोवंश का कोई जवाब नहीं दे पाए। इसके उपरांत वे ग्राम पंचायत पौहार में संचालित स्थाई गौशाला पर पहुंचे जहां पर पानी की टंकी कचरे से भरी हुई थी। 10 कुंतल कना, 10 कुंतल पशु आहार, 10 कुंतल चुनी चोकर रखा हुआ था। जिला अध्यक्ष ने गौशाला से छोड़े गए गोवंशों को पानी पीने की व्यवस्था करने की मांग किया है।

लू से बचाव के लिए प्रशासन ने जारी किए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बांदा

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव की मतगणना के दौरान भीषण गर्मी व लू से बचने के लिए प्रशासन ने निर्देश जारी किए हैं। इसमें कहा गया है कि वर्तमान समय में भीषण गर्मी व लू और हीट वेव चल रही हैं। इसलिए मतगणना स्थल पर छाया के लिए टेंट, कूलर, एयर कंडीशनर एवं पंखों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि, मतगणनाकर्मी, मीडियाकर्मी हल्के सूती वस्त्रों का प्रयोग करें एव अपने साथ छाता एवं सर को ढकने के लिए सफेद सूती गमछा या अन्य कोई कपड़ा रखें।

मतगणना स्थल पर पीने योग्य शीतल जल के साथ गुड़, ग्लूकोज आदि की भी व्यवस्था रखी जाय। साथ ही यह भी हिदायत दी गई है कि सभी तेज धूप से बचने के लिए टोपी, हैट, काला चश्मा छाता आदि का प्रयोग करें। अत्यधिक चाय, कॉफी या काबोर्नेटेड सॉफ्ट ड्रिंक का सेवन न करें, इनसे शरीर में पानी की मात्रा कम होने की संभावना रहती है। बासी भोजन से बचें और हल्का एवं ताजा बना भोजन लें।

- मतगणना स्थल पर छाया के लिए टेंट, कूलर, एसी एवं पंखों की व्यवस्था

मतगणना स्थल पर भुगतान के आधार पर ताजा भेजन ध् नाश्ता उपलब्ध कराये जाने के लिए फूड-कोर्ट आदि की व्यवस्था करायी जा सकती है। ओआरएस पैकेट की उपलब्धता बनाए रखी जाए।

मतगणना कार्मिकों हीट स्ट्रोक के संबंध में हैण्ड बिल उपलब्ध करा दिया जाए। इसके अलावा मतगणना स्थल पर मेडिकल कैम्प लगाया जाएगा, जहां डाक्टर की उपलब्धता, दवायें एवं पैरा मेडिकल स्टाफ उपलब्ध रहेगा। इसके अलावा मतगणना केन्द्र पर आक्सीजन सिलेण्डर एवं एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इसके अतिरिक्त जनपद की स्वास्थ्य सेवाओं को भी अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए गए हैं।

प्रेक्षकों की निगरानी में हुआ मतगणना कार्मिकों का रैंडमाइजेशन

रैंडमाइजेशन करते प्रेक्षक व डीएम। अमृत विचार

बांदा। लोकसभा चुनाव की मतगणना का कार्य सकुशल व निष्पक्ष रूप से संपन्न कराए जाने के लिए मतगणना कार्मिकों का द्वितीय रैंडमाइजेशन सामान्य प्रेक्षक वी.कलाईराशि तथा जिला निर्वाचन अधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल की मौजूदगी में कलक्ट्रेट परिसर स्थित एनआईसी सेंटर में किया गया। एनआईसी सेंटर में आयोजित मतगणना कार्मिकों के द्वितीय रैंडमाइजेशन में मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक, माइक्रो आब्जर्वर तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। मतगणना कार्मिकों का रैंडमाइजेशन विधानसभावार संपन्न हुआ। रैंडमाइजेशन के समय उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार, मुख्य विकास अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी कार्मिक वेद प्रकाश मौर्य के अलावा सभी एआरओ तथा जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी मौजूद रहे।

विश्व पर्यावरण दिवस पुनर्जीवन यात्रा कल

कार्यालय संवाददाता, बांदा

अमृत विचार। विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को मंदाकिनी (चित्रकूट) और गवाइन (बांदा) नदी पुर्नजीवन यात्रा निकलेगी।

कार्यक्रम संयोजक व लोहरा ग्राम प्रधान सुरेश रैकवार ने बताया कि मंदाकिनी (पयस्वनी, चित्रकूट) और (गवाइन, लोहरा) दोनों नदियों के पुर्नजीवन की यात्रा तरुण भारत संघ एवं परमार्थ समाजसेवी संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को चित्रकूट स्थित स्फटिकशिला से शुरू होगी। बताया कि यात्रा में समाजसेवी अभिमन्यु भाई, कुंवर अरविंद सिंह कुशवाहा, सिद्धू गोपाल सिंह. सेवानिवृत जज अवधेश नारायण द्विवेदी, तरुण भारत संघ (राजस्थान) सुरेश, समाजसेवी अनिल शर्मा, पूर्व बार संघ अध्यक्ष आनंद सिन्हा, अशोक त्रिपाठी जीतू शामिल होंगे।

देर शाम जिले के लोहरा गांव पहुंच कर नदी पूजन कार्यक्रम आयोजित होगा। समापन पर जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद समेत पूर्व सांसद गंगाचरण राजपूत भी भागीदारी करेंगे।

आर्मी टीम ने राहगीरों को पिलाया शर्बत

कार्यालय संवाददाता, बांदा

राहगीरों को शर्बत पिलाते सवर्ण आर्मी के लोग। अमृत विचार

अमृत विचार। सवर्ण आर्मी टीम पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वेश पांडेय का जन्मदिन सवर्ण एकता दिवस के रूप में मनाया। इस मौके पर टीम कार्यकर्ताओं ने राहगीरों को शर्बत पिलाकर गर्मी से राहत दिलाई।

सवर्ण आर्मी नगर अध्यक्ष अभिषेक गर्ग की अगुवाई में सोमवार नरैनी कस्बा स्थित इंडियन बैंक के नजदीक पदाधिकारियों ने शरबत वितरण किया। सुबह 10 बजे से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान हुई गोष्ठी में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष के व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा की। जिलाध्यक्ष उमेश तिवारी ने कहा कि पिछले 70 सालों से उपेक्षित रहे सवर्ण समाज की लड़ाई लड़ने को वह घर से अकेले निकले थे। देश और प्रदेश में सवर्ण आर्मी का गठन किया। दिव्यांग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष सोनू करवरिया ने कहा कि सवर्णों को उनका नायक मिल गया है। इस मौके पर प्रदीप करवरिया, अभिषेक गर्ग उर्फ रामजी, धीरज मिश्रा, रविशंकर मिश्रा, विपिन विनोद दीक्षित, आदित्य सिंह, गंगाराम गुप्ता, शिवांशु पांडेय, रजत रहे।

मामा-मामी पर भांजे ने किया सूजा से हमला, भर्ती

गिरवां। थाना क्षेत्र के गढीचांदपुर गांव निवासी संतोषी पत्नी जमुना प्रसाद का तीन दिन पहले पारिवारिक चाची से मामूली बात को लेकर विवाद हो गया। रविवार की शाम इसी विवाद के चलते पारिवारिक भांजा गाली गलौज करने लगा मना करने पर संतोषी (38) के गले में सूजा घुसेड़ दिया। वह जख्मी हो गई। पत्नी को बचाने आए पति जमुना (40) पर भी कंधे में सूजा घोप दिया। जिससे दोनों लोग घायल हो गए। दोनो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई।

सार-संक्षेप

आग से जला झोपड़ी का छप्पर। अमृत विचार

आग से घर-गृहस्थी हुई खाक

चिल्ला। अचानक आग लगने से कच्चा रिहायशी मकान व गृहस्थी खाक हो गई। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और आसपास के मकान बचा लिए। अग्निकांड में लगभग 60 हजार रुपये की क्षति का अनुमान है। जसपुरा थाना क्षेत्र के नांदादेव गांव निवासी भेला साहू पुत्र छेदुवा के रिहायशी मकान में अचानक आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। देखते ही देखते आग की लपटें उठने लगी। घटना से पड़ोसियों में अफरातफरी मच गई। खबर मिलने पर गांव के तमाम लोग मौके पर पहुंच गए। समर्सिबल व हैंडपंप की मदद से ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अग्निपीड़ित ने बताया कि अग्निकांड में घर और गृहस्थी का पूरा सामान खाक हो गया। लगभग 60 हजार रुपये की क्षति का अनुमान है। बताया कि वह आर्थिक रूप से काफी कमजोर है। पीड़ित ने राजस्व अधिकारियों को सूचना देकर आर्थिक मदद की फरियाद की।

किशोरी ने जहर खाया

बांदा। शहर के छाबीतालाब निवासी 14 वर्षीय नंदनी पुत्री राजाबाबू ने सोमवार की दोपहर घरेलू किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों को जानकारी हुई तो उसे भी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

तकनीकी प्रतिस्पर्धा में छात्रों ने दिखाया हुनर

अतर्रा। राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में तीन दिवसीय रोबो मेनिया 24 कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें छात्रों ने अपने अविष्कारों का प्रदर्शन कर अपनी तकनीकी कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कॉलेज निदेशक प्रो शिव प्रसाद शुक्ल रहे। राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में टेक्निकल क्लब्स व आईओटी वस् के तत्वावधान में रोबो रेस, रोबो सॉकर तथा शिमलाथोन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। प्रदर्शित माडलों से छात्रों की टेक्निकल परिकल्पना देखकर सभी रोमांचित हो उठे। प्रतियोगिता में बीटेक प्रथम वर्ष टेक्निकल वॉइस के छात्र नितिन कुमार सिंह, सनी कुमार एवं अभय मौर्य ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रोबो सोकर प्रतियोगिता में प्रथम वर्ष के समूह बोट अवेंजर्स के छात्र समर्थ गुप्ता, यश सिंह प्रथम रहे। इसी प्रकार शिमलाथोन कार्यक्रम में छात्र अनमोल वर्मा प्रथम स्थान पर रहे। कार्यक्रम के समापन में निदेशक प्रो शिव प्रसाद शुक्ल ने सभी छात्रों तथा प्रायोजक सुदामा मेडिकल स्टोर, गौरव मोबाइल्स, सौरभ गिफ्ट एंड कवर प्रिंट बांदा, लक्ष्मी स्टूडियो, रॉयल ढाबा एंड फैमिली रेस्टोरेंट तथा संस्थान के पूर्व छात्र-छात्रा श्रेया श्रीवास्तव, अविनाश सिंह, शेखर मिश्रा, का आभार ज्ञापित किया तथा उन्होंने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया। तृतीय वर्ष के छात्र समन्वयक इशू देवी, सचिन कुमार यादव, आशीष बाबू, अंकित मोदनवाल, गौरव चौधरी, रितिक कुमार, पवन दिवाकर की प्रतियोगिता आयोजन में महती भूमिका रही। इस दौरान मिडिया क्लब के मैंबर शिवांश ओझा, आकाश पांडेय, योगेंद्र मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

अपनी बात भाजपा की एकतरफा जीत के दावे को बताया गलत, कहा-पूरे देश में भाजपा के खिलाफ जनमत

इंडिया गठबंधन ने एग्जिट पोल को बताया सरासर गलत

कार्यालय संवाददाता,बांदा

पत्रकारों से बात करते सपा-कांग्रेस के नेता। अमृत विचार

- इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को भारी जनसमर्थन का किया दावा

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव परिणामों के मुद्दे पर इलेक्ट्रानिक मीडिया द्वारा एग्जिट पोल में भाजपा की जिस तरह से एक तरफा जीत दिखाई गई हैं वह सरासर गलत है, जबकि पूरे देश एवं प्रदेश में भाजपा के खिलाफ जनमत इकट्ठा है और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को भारी जनसमर्थन मिल रहा है।

समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष डा. मधुसूदन कुशवाहा ने बिजलीखेड़ा स्थित जिला कार्यालय में सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान यह बात कहीं। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की चुनावी रैलियों में अपार जन समुदाय एकत्र हो रहा था, जिससे यह स्पष्ट है कि एक्जिट पोल का आधार ईवीएम नहीं, बल्कि डीएम हैं।

बांदा-चित्रकूट लोकसभा में सपा की गठबंधन प्रत्याशी कृष्णा पटेल व महोबा-हमीरपुर-तिंदवारी लोकसभा क्षेत्र में अजेंद्र राजपूत को भी भारी समर्थन मिला है। उन्होंने दावा किया कि यह दोनों ही सीटे सपा भारी मतों के साथ जीत रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इलेक्ट्रानिक मीडिया द्वारा तीन महीने पहले तैयार किया गया एग्जिट पोल है, जिसमें केवल भाजपा की जीत को एक तरफा दशार्या गया है।

यह एग्जिट पोल भाजपा के निर्देश पर ही तैयार किया गया है, ताकि इस आधार पर भाजपा देश की जनता का मनोबल तोड़ते हुए गठबंधन को मिले जनादेश को पलटना चाहती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि एक्जिट पोल के माध्यम से जनमत को धोखा दिया जा रहा है।

सपा जिलाध्यक्ष ने एग्जिट पोल के मुद्दे पर भाजपा पर जमकर प्रहार किए और कहा कि विपक्ष ने पहले ही घोषित कर दिया था कि भाजपाई मीडिया भाजपा को तीन सौ पार दिखाएंगा, ताकि घपले की गुंजाइश बन सके। उन्होंने कहा कि यदि एग्जिट पोल झूठा न होता और भाजपा हार न रही होती तो भाजपा के लोग अपनों पर ही इल्जाम न लगाते और उनके मुझाएं चेहरे इस सच्चाई का खुद व खुद बयान कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपाई अच्छी तरह समझ गए है कि चुनाव परिणाम चंडीगण के मेयर के चुनाव की तरह बदले नहीं जा सकते हैं, क्योकि विपक्ष पूरी तरह से सजग है और अधिकारी भी धांधली करने के हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं।

इस मौके पर बांदा-चित्रकूट सपा प्रत्याशी कृष्णा पटेल, हमीरपुर लोकसभा प्रत्याशी आजेंद्र राजपूत तथा सपा के राष्ट्रीय महासचिव विशंभर निषाद, बबेरू विधायक विशंभर यादव तथा कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रद्युम्न दुबे लालू सहित गठबंधन के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

निष्पक्ष रूप से कराई जाए मतगणना

कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रद्युम्न दुबे लालू व सपा जिलाध्यक्ष डा.मधुसूदन कुशवाहा ने जिला निर्वाचन अधिकारी से मांग की है कि प्रत्येक टेबल की चक्रवार मतगणना समाप्त होने पर मतगणना एजेंट को मतगणना प्रतिलिपि फार्म 17 ग भाग-2 उपलब्ध कराई जाए। चक्रवार मतगणना में सभी टेबलों की मतगणना एक चक्र पूर्ण होने के बाद ही दूसरे चक्र की मतगणना शुरू कराई जाए। एआरओ द्वारा टेबल एजेंट को चक्रवार मतगणना प्रतिलिपि उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने यह भी अपेक्षा की है कि निष्पक्ष मतगणना कराई जाए।

बाजार	सेंसेक्स ↑	निफ्टी ↑
बंद हुआ	76,468.78	23,263.90
बढ़त	2,507.47	733.20
प्रतिशत में	3.39	3.25

अमृत विचार
www.amritvichar.com
कानपुर, मंगलवार, 4 जून 2024

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 970 फ्लैग 1085 डीएमओ 855 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 970 फ्लैग 1100 बोल्ड 1150 डीएमओ 850।

कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-	
गेहूंदड़ा	2400-2450
आरआर 21	2550-2600
गेहूंफ़ारम	2600-2700
जौ	2000-2100
ज्वार	2000-4000
बाजरा	2100-2150
मकाई	2200-2400
दलहन (प्रति क्वि.)	
लोकल	मिल डिलीवरी
चना	6200-6400
अरहर	9000-10000
मसूर	5500-5600
मटर	3700-4000
उड़दहरा	10000-11000
उड़दकाला	6000-8000
मूंग	7700-7800
दाल (प्रति क्वि.)	
अरहरफूल	17400-17500
अरहरस्पेशल1	14700-14800
चनादाल	8100-8200
मटरदाल	4850-4950
मसूरमलका	7300-7350
मसूरदाल	7500-7550
उड़ददाल	9000-13000
उड़द धोवा	10000-13000
मूँगदाल	8600-9500
मूँग धोवा	9700-11000
चावल (प्रति क्वि.)	
अरवा	2000-2300
बासमती नं.1	8500-10000
सेला	2500-3000
बासमती नं.2	6500-7500
आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)	
आटा	1380-1430
मैदा	1350-1400
सूजी	1410-1430
चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)	
शाहपसंद	1325-1350
तिलहन (प्रति क्वि.)	
लाही	5600-5800
अलसी	4500-4600 रुपये।

विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर में आई गिरावट

पीएमआई सर्वेक्षण के मुताबिक मई में घटकर 57.5 हुआ, इससे पहले अप्रैल में 58.8 था

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के विनिर्माण क्षेत्र में मई में लगातार दूसरे महीने वृद्धि दर धीमी रही, लेकिन वैश्विक बिक्री में 13 वर्षों में सर्वाधिक वृद्धि के साथ यह क्षेत्र विस्तार की स्थिति में बना रहा। सोमवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई।

मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) मई में घटकर 57.5 हो गया जो अप्रैल में 58.8 था। मार्च में सूचकांक 16 वर्ष के उच्चतम स्तर 59.1 पर पहुंच गया था। पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा गिरावट को दर्शाता है। एचएसबीसी की वैश्विक अर्थशास्त्री मैत्रेयी दास ने कहा-विनिर्माण क्षेत्र मई में विस्तार के दायरे में रहा, यद्यपि इसकी गति धीमी रही जिसका कारण नए ठेकों और उत्पादन में मंदी रही। दास ने कहा कि मंदी का कारण भीषण गर्मी के बीच कामकाजी घंटों में कमी और उत्पादन लागत में वृद्धि बताया जा रहा है। सर्वेक्षण के अनुसार, प्रतिस्पर्धा और चुनाव संबंधी व्यवधानों के कारण वृद्धि अवरुद्ध हुई है। कुल बिक्री के रुझान के विपरीत मई में नए निर्यात ठेकों में तीव्र गति से वृद्धि हुई है।

अंतर्राष्ट्रीय बिक्री में यह उछाल 13 वर्षों में सबसे अधिक रहा, क्योंकि विनिर्माताओं को अफ्रीका, एशिया, अमेरिका, यूरोप और पश्चिम एशिया के कई देशों में ग्राहकों से लाभ प्राप्त हुआ है। साथ ही मार्च 2005 में आंकड़ा संग्रहण शुरू होने के बाद से विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार में सबसे अधिक वृद्धि देखी गई है।

वर्ष 2047 तक भारत दुनिया की महाशक्ति बन जाएगा: अमिताभ कांत

भारत के जी-20 शेरपा और सरकारी शोध संस्थान नीति आयोग के पूर्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अमिताभ कांत ने कहा है कि 2047 तक भारत दुनिया की महाशक्ति बन जाएगा और यह सदी हमारे देश के नाम रहेगी। उन्होंने कहा-भारत अब दुनिया की महाशक्ति बनने की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। अर्थव्यवस्था के विस्तार में डिजिटल अभियान क्रांतिकारी कदम साबित हो रहा है। आयकर विभाग के प्रधान आयुक्त प्रताप सिंह की किताब इंडिया ओडिसी: फ्रॉम ए डेवलपिंग कंट्री टू एन इमर्जिंग सुपरपावर का विमोचन करने के बाद कांत ने यहां आयोजित एक कार्यक्रम में यह बात कही। कांत ने कहा-एक दशक पहले भारत पांच कमजोर अर्थव्यवस्थाओं में से एक था, लेकिन आर्थिक सुधारों के दम पर केवल पांच साल में यह दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बन गया है।

निवेश की गूढ़ बातों को सरल तरीके से बताएगा सेबी का साथी ऐप

नई दिल्ली। पूंजी बाजार नियामक सेबी ने निवेशकों के लिए व्यक्तिगत वित्त पर मोबाइल ऐप साथी 2.0 दो पेश किया है। इस ऐप में गूढ़ वित्तीय धारणाओं को सरल तरीके से समझाने के उपाय किए गए हैं।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने बयान में कहा-अद्यतन 'साथी' ऐप को उपयोगकर्ताओं के लिए आसान बनाया गया है। इसमें जटिल वित्तीय अवधारणाओं को सरल बनाने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर उपाय किये गये हैं। ऐप में वित्तीय 'कैलकुलेटर' शामिल हैं। इसमें केवाईसी प्रक्रियाओं, म्यूचुअल फंड, ईटीएफ, शेयर बाजारों में शेयर खरीदने और बेचने, निवेशक शिकायत निवारण व्यवस्था और ऑनलाइन विवाद समाधान (ओडीआर) मंच पेश करने के साथ उसका विश्लेषण उपलब्ध है।

फिर विदेश में महका उत्तर प्रदेश का बासमती चावल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गैर बासमती के निर्यात पर रोक लगने से बढ़ी कई देशों में चावल की मांग
- 2022-23 में 45,772 एमटी से 2023-24 में 53,523 एमटी पहुंचा निर्यात

अमृत विचार : विदेश में उत्तर प्रदेश के बासमती चावल की सुगंध फिर से महकने लगी है। गैर बासमती चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगने से पैदावार के साथ सुगंधित बासमती की मांग बढ़ी है। साथ ही पिछले तीन वर्ष के मुकाबले 2023-24 में निर्यात में इजाफा हुआ है। क्योंकि गैर बासमती चावल के निर्यात को बढ़ावा मिलने से बासमती की मांग कम हो गई। इसकी वजह गैर बासमती में चावल की कई प्रजाति और दाम कम होना रहा। इसलिए सरकार ने बासमती का निर्यात बढ़ाने के लिए पिछले वर्ष गैर बासमती चावल के निर्यात पर रोक लगाई थी। इस कड़े कदम से 2023-24 में प्रदेश से 53,523 मीट्रिक टन बासमती का निर्यात हुआ है। जिसकी कीमत 570 करोड़ रुपये है। जबकि 2022-23 में 45,772 मीट्रिक टन बासमती का निर्यात हुआ था। इसकी कीमत 466 करोड़ रुपये थी। गैर बासमती पर प्रतिबंध से किसानों को फायदा हुआ है।

कीटनाशक पर प्रतिबंध लगने से सुधरी सेहत: मुख्य रूप से प्रदेश में बासमती चावल की 30 जिलों में पैदावार होती है। यहां के किसान फसल को कीटरोग से बचाने के लिए कई तरह के हानिकारक पेस्टिसाइड इस्तेमाल करते हैं। इसके अवशेष चावल में रह जाते हैं। इस कारण से कई देश अपने मानकों के अनुसार चावल या अन्य खाद्य सामग्री नहीं लेते हैं। इस वजह से भी निर्यात नहीं बढ़ा। इसे देखते हुए सरकार ने बासमती की पैदावार करने वाले 30 जिलों में 10 कीटनाशक की बिक्री प्रतिबंधित की थी। इससे गुणवत्ता में सुधार आया है।

इस तरह से घटा था निर्यात

2020-21	1,07,265 एमटी
2021-22	46,067 एमटी
2022-23	45,772 एमटी

इन देशों में हुआ निर्यात: सउदी अरब, कनाडा, यूएसए, साउस अफ्रीका, आस्ट्रेलिया आदि।

बासमती की पैदावार वाले मुख्य जिले: बरेली, शाहजहांपुर, पीलीभीत, मुरादाबाद, बदांयू, रामपुर, कासगंज, सहारनपुर, शामली, अमरोहा, संभल मैनपुरी, औरैया, इटावा, कन्नौज, फर्रुखाबाद, एटा, हाथरस, फिरोजाबाद,, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, मुज्जफर नगर, मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, आगरा, बिजनौर आदि।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	92,100
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	95,000
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	100000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	72,450
गिन्नी (प्रति नग)	54,000-54,200
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	72,850
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	72,700
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	90,000
चांदी तैयार	90,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	72,400
सोना जेवरात गिन्नी	71,400
चांदी पक्की	880 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	72,750
चांदी आभूषण	89,900।

वैश्विक विमानन उद्योग को 30.5 अरब डॉलर का लाभ होने की उम्मीद

नई दिल्ली। महामारी से उबरने के बाद तेजी से आगे बढ़ रहे वैश्विक विमानन उद्योग को 30.5 अरब डॉलर का शुद्ध लाभ होने और लगभग एक लाख करोड़ डॉलर का रिकॉर्ड राजस्व दर्ज करने का अनुमान है। आईएटीए ने सोमवार को यह संभावना जताई।

अंतर्राष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ (आईएटीए) ने इस साल हवाई यात्रियों की संख्या पांच अरब तक पहुंचने की उम्मीद जताते हुए कहा कि निवेशित पूंजी पर प्रतिफल 5.7 प्रतिशत रहने की उम्मीद है जो 2024 में पूंजी की औसत लागत से 3.4 प्रतिशत कम है।

दो हजार के 97.82 प्रतिशत नोट वापस आए

मुंबई, एजेंसी

- आरबीआई के मुताबिक 7,755 करोड़ रुपये मूल्य के नोट अब भी लोगों के पास रखे

आरबीआई ने सोमवार को कहा कि दो हजार रुपये मूल्य के 97.82 प्रतिशत नोट बैंकों में वापस आ गये हैं। चलन से हटाए गए केवल 7,755 करोड़ रुपये मूल्य के नोट अभी लोगों के पास हैं। आरबीआई ने 19 मई, 2023 को 2000 रुपये मूल्य के बैंक नोट को चलन से वापस लेने की घोषणा की थी।

चलन में 2000 रुपये मूल्य के बैंक नोट का कुल मूल्य 19 मई, 2023 को कारोबार की समाप्ति पर 3.56 लाख करोड़ रुपये था। यह 31 मई, 2024 को कारोबार की समाप्ति पर घटकर 7,755 करोड़ रुपये रह गया। केंद्रीय बैंक ने बयान में कहा-इस प्रकार, 19 मई, 2023 तक चलन में 2000 रुपये के 97.82 प्रतिशत बैंक नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गये हैं। सात अक्टूबर, 2023 तक 2000 रुपये के बैंक नोट को जमा करने और/या बदलने की सुविधा देश की सभी बैंक शाखाओं में उपलब्ध थी। उन्नीस मई, 2023 से 2000 रुपये के बैंक नोट को बदलने की सुविधा रिजर्व बैंक के 19 निर्गम कार्यालयों में उपलब्ध है। आरबीआई के निर्गम कार्यालय नौ अक्टूबर, 2023 से व्यक्तियों और संस्थाओं से उनके बैंक खातों में जमा करने के लिए भी 2000 रुपये के नोट स्वीकार कर रहे हैं। इसके अलावा, लोग अपने बैंक खातों में जमा करने के लिए देश के किसी भी डाकघर से आरबीआई के किसी भी निर्गम कार्यालय में भारतीय डाक के माध्यम से 2000 रुपये के बैंक नोट भेज रहे हैं। बैंक नोट को जमा/बदलने वाले आरबीआई के कार्यालय अहमदाबाद, बेंगलुरु, बेलापुर, भोपाल, भुवनेश्वर, चंडीगढ़, चेन्नई, गुवाहाटी, जयपुर, कानपुर, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, नयी दिल्ली, पटना में हैं।

अडाणी समूह के शेयरों में तेजी

नई दिल्ली। अडाणी समूह की सभी कंपनियों के शेयरों में सोमवार को तेजी आई। शेयर बाजार में भारी उछाल के बीच अडाणी पावर के शेयर में करीब 16 प्रतिशत की बढ़त दर्ज हुई। इससे समूह की 10 सूचीबद्ध कंपनियों का संयुक्त बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) 19.42 लाख करोड़ रुपये हो गया।

राष्ट्रीय

दिल्ली में पानी की कमी से निपटने के लिए उच्चतम न्यायालय ने दिया आदेश

5 को यमुना रिवर बोर्ड की होगी आपात बैठक

नई दिल्ली, एजेंसी

भीषण गर्मी के बीच दिल्ली के जल संकट से जूझने पर उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को इस समस्या से निपटने के लिए 5 जून को अपर यमुना रिवर बोर्ड (यूवाईआरबी) की एक आपात बैठक बुलाने का आदेश दिया। यूवाईआरबी का गठन 1995 में किया गया था और इसके मुख्य कार्यों में यमुना नदी के पानी का लाभार्थी राज्यों के बीच आवंटन को नियंत्रित करना और दिल्ली में ओखला बैराज समेत सभी परियोजनाओं की समीक्षा एवं प्रगति पर नजर रखना भी है। इन राज्यों में उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) दिल्ली शामिल हैं।

न्यायमूर्ति पी के मिश्रा और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की अवकाशकालीन पीठ ने सुनवाई शुरू होने पर पूछा, सभी पक्षकारों की एक संयुक्त बैठक क्यों नहीं हो सकती? केंद्र तथा हरियाणा सरकार की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि यूवाईआरबी पहले ही इस मुद्दे पर विचार कर रहा है जहां हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली समेत सभी राज्य पक्षकार हैं। उन्होंने कहा-इस सवाल पर विचार किया जा रहा है। बोर्ड ने हिमाचल प्रदेश को जानकारी उपलब्ध कराने के लिए कहा है कि उनके पास कितना अतिरिक्त पानी है। पीठ ने कहा कि आपात स्थिति के मद्देनजर इस मुद्दे से निपटने के लिए बोर्ड की बैठक कल बुलाई जा सकती है। इसने कहा कि केंद्र तथा दिल्ली, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश सरकार की ओर से पेश अधिवक्ताओं ने इस पर सहमति जताई कि राष्ट्रीय राजधानी में पानी की कमी के मुद्दे से निपटने के लिए यूवाईआरबी की एक बैठक बुलाई जाए। पीठ ने कहा-सुनवाई के दौरान सभी पक्ष सहमत हुए कि दिल्ली के नागरिकों के समक्ष पानी की कमी की समस्या का ऐसा समाधान होना चाहिए जिसमें सभी पक्षों के अधिकतम हित पूरे होते हों।'' इसने कहा कि वकील-सहमत हो गए हैं कि इस याचिका में उठाए मुद्दों का समाधान करने के लिए पांच जून को अपर यमुना रिवर बोर्ड की एक आपात बैठक होनी चाहिए और सभी अन्य संबंधित मुद्दों को गंभीरता से लिया जाए ताकि दिल्ली के नागरिकों के लिए पानी की कमी की समस्या का उचित तरीके से समाधान किया जा सके।

पीठ ने कहा कि इस मामले पर अगली सुनवाई छह जून को होगी जिसमें बोर्ड की बैठक और समस्या को हल करने के लिए पक्षकारों द्वारा उठाए गए सुझावात्मक कदमों पर जानकारी दी जाएगी। मेहता ने कहा कि बोर्ड के समक्ष रखे गए आंकड़ों के अनुसार, अगर दिल्ली में 100 लीटर पानी आता है तो निवासियों को केवल 48.65 लीटर पानी मिलता है।

न्यायालय ने ईडी से कारोबारी की जमानत अर्जी पर मांगा जवाब

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने कथित दिल्ली आबकारी घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में गिरफ्तार हैदराबाद के कारोबारी अरुण रामचंद्रन पिल्लई की अंतरिम जमानत अर्जी पर सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा। पिल्लई ने अर्जी दायर कर अदालत से चिकित्सा आधार पर अंतरिम जमानत देने का अनुरोध किया है।

न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा की अवकाशकालीन पीठ ने ईडी को नोटिस जारी किया और उसे पिल्लई द्वारा जमा की गई मेडिकल रिपोर्ट को सत्यापित करने को कहा। अदालत ने जांच एजेंसी से अंतरिम जमानत अर्जी पर एक सत्यापन रिपोर्ट के साथ जवाब दाखिल करने को कहा और अगली सुनवाई 10 जून के लिए निर्धारित कर दी।

जम्मू एवं कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने की प्रक्रिया बहुत जल्द होगी शुरू: राजीव

नई दिल्ली, एजेंसी

- निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) कुमार ने दी जानकारी

निर्वाचन आयोग ने सोमवार को कहा कि वह जम्मू एवं कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने की प्रक्रिया बहुत जल्द शुरू करेगा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान जम्मू एवं कश्मीर में मतदान प्रतिशत से निर्वाचन आयोग बहुत उत्साहित है, जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने के लिए लोगों की उत्सुकता को दर्शाता है।

उन्होंने कहा-हम बहुत जल्द जम्मू एवं कश्मीर में विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया शुरू करेंगे। हम बहुत उत्साहित हैं। यह सबसे संतोषजनक क्षणों में से एक है। लोकसभा चुनाव के दौरान जम्मू एवं कश्मीर में 58.58 प्रतिशत मतदान हुआ। यह चार दशकों में सबसे अधिक मतदान प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि कश्मीर घाटी में लोकसभा सीटों पर 51.05 प्रतिशत मतदान हुआ। मार्च में लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा करते हुए कुमार ने कहा था कि विधानसभा और संसदीय चुनाव एक साथ कराना तार्किक और सुरक्षा कारणों से व्यावहारिक नहीं है। जम्मू एवं कश्मीर में जब भी विधानसभा चुनाव होंगे, वे अगस्त 2019 में संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त करने और पूर्ववर्ती राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद से पहली बार होंगे। जम्मू एवं कश्मीर में आम तौर पर चुनावी प्रक्रिया एक महीने तक चलती है।

उन्होंने कहा कि परिसीमन की कवायद के बाद केंद्र शासित प्रदेश में विधानसभा सीटों की संख्या 83 से बढ़कर 90 हो गई हैं। इसमें पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को आवंटित सीटें शामिल नहीं हैं। दिसंबर में उच्चतम न्यायालय ने निर्वाचन आयोग को 30 सितंबर तक जम्मू एवं कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने का निर्देश दिया था।

एक नजर

उप राज्यपाल ने मंत्री आनंद का इस्तीफा राष्ट्रपति को भेजा

नई दिल्ली। दिल्ली के उप राज्यपाल वी.के.सक्सेना ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अनुशंसा के बाद मंत्री राजकुमार आनंद का इस्तीफा राष्ट्रपति को भेज दिया है। राजनिवास के अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े मामले में अंतरिम जमानत पर जेल से बाहर रहने के दौरान केजरीवाल ने आधिकारिक पत्र में आनंद के इस्तीफे को स्वीकार करने की सिफारिश की थी। एक अधिकारी ने बताया, उप राज्यपाल ने कानून के तहत इस्तीफे को भारत के राष्ट्रपति को भेज दिया है।

महिला आयोग ने बंगाल के दौरे की मांगी मंजूरी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय महिला आयोग अध्यक्ष रेखा शर्मा ने पश्चिम बंगाल में चुनाव बाद हुई कथित हिंसा की घटनाओं की जांच के लिए अपनी टीम वहां भेजने की अनुमति निर्वाचन आयोग से मांगी है। अध्यक्ष शर्मा ने यह अनुरोध आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार को संबोधित एक पत्र में किया। पत्र में संदेशखालि और बंगाल के अन्य क्षेत्रों में महिलाओं के खिलाफ पुलिस की ज्यादती और अत्याचार के बारे में रेखांकित किया गया है।

कविता की न्यायिक हिरासत अवधि 3 जुलाई तक बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

- धनशोधन मामले में राजधानी की अदालत ने दिया फैसला

राष्ट्रीय राजधानी की राउज एवेन्यू अदालत ने धनशोधन मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता कल्वाकुंतला कविता की न्यायिक हिरासत अवधि 3 जुलाई तक बढ़ा दी है। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने सुश्री कविता को राउज एवेन्यू अदालत में पेश किए जाने के बाद हिरासत बढ़ाने का आदेश दिया। उनकी हिरासत अवधि में विस्तार 29 मई को उनके खिलाफ दायर आरोप पत्र के मूल्यांकन के बाद अदालत द्वारा प्रोडक्शन वारंट को मान्यता दिए जाने के मद्देनजर किया गया है।

अदालत ने तीन सह-अभियुक्तों प्रिंस, दामोदर और अरविंद सिंह को भी जमानत दे दी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जांच के दौरान गिरफ्तार किए बिना ही तीनों पर आरोप पत्र दायर किया गया था। सुश्री कविता को ईडी ने 15 मार्च को तेलंगाना के बंजारा हिल्स स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया था। वह वर्तमान में एमएलसी हैं और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव की बेटी हैं। उन्होंने कथित तौर पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सहित आम आदमी पार्टी (आप) के सदस्यों के साथ मिलीभगत की थी। ईडी ने शराब नीति ढांचे में कई कथित अनियमितताओं को उजागर किया है और 'साउथ ग्रुप' नामक एक समूह से जुड़ी 100 करोड़ रुपये की रिश्वत की ओर इशारा किया है, जो कथित तौर पर कविता से जुड़ा हुआ है।

कथित घोटाले के संबंध में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने भी सुश्री कविता के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह मामला तब दर्ज किया गया था जब वह ईडी के मामले में वह रिमांड पर थी। सीबीआई ने सुश्री कविता को 11 अप्रैल को तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था। आबकारी नीति घोटाले में अन्य आरोपी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया हैं। जो इस समय दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं।

निवेश का झांसा देकर 3.70 करोड़ रुपये की ठगी

ठाणे, एजेंसी

- नवी मुंबई से पुलिस ने दो लोगों को किया गिरफ्तार

महाराष्ट्र पुलिस ने शेयर बाजार में निवेश का झांसा देकर लोगों से 3.70 करोड़ रुपये से ज्यादा की ठगी करने के आरोप में एक होटल के वेटर समेत दो लोगों को नवी मुंबई से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

साइबर प्रकोष्ठ के वरिष्ठ निरीक्षक गंजाम कदम ने एक विज्ञप्ति में कहा कि आरोपियों की पहचान होटल में वेटर के रूप में काम करने वाले सलमान निज़ामुद्दीन खान (35) और प्रकाश करमसी भानुशाली (39) के रूप में हुई है तथा दोनों नवी मुंबई के रहने वाले हैं। उनके मुताबिक, वे धोखाधड़ी के अन्य मामले में भी शामिल हैं। विज्ञप्ति में कहा गया कि पुलिस ने आरोपियों द्वारा विभिन्न खातों में जमा की गई 46 लाख रुपये की अवैध रकम को बैंकों की मदद से जब्त कर लिया है। पुलिस ने बताया कि 17 फरवरी से 24 अप्रैल 2024 के बीच आरोपियों ने लोगों को आकर्षक मुनाफे का वादा करके शेयर कारोबार में निवेश करने का लालच दिया। इस दौरान उन्होंने पीड़ितों से 3.70 करोड़ रुपये की ठगी की।

सिक्किम: तमांग ने राज्यपाल से मुलाकात कर सरकार के गठन का पेश किया दावा

गंगटोक। सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने सोमवार को राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य से मुलाकात कर खुद को विधायक दल का नेता चुनने संबंधी एसकेएम के नवविर्वाचित विधायकों द्वारा पारित प्रस्ताव उन्हें सौंपा और अगली सरकार के गठन का दावा पेश किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। राजभवन में राज्यपाल से हुई मुलाकात के दौरान सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) के सभी नवनिर्वाचित विधायक उनके साथ थे। आचार्य ने विधायकों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। अधिकारी ने कहा कि तत्काल यह पता नहीं चल पाया है कि मुख्यमंत्री और उनके मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण समारोह कब होगा। निवर्तमान मुख्यमंत्री तमांग ने नई सरकार के गठन से पहले अपना इस्तीफा दिया था।

सिसोदिया की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई आज

नई दिल्ली। आप नेता मनीष सिसोदिया ने कथित आबकारी नीति घोटाले के संबंध में ईडी और सीबीआई द्वारा दर्ज मामलों में जमानत याचिकाएं खारिज करने के दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय का रुख किया है। उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड की गई वाद सूची के अनुसार, न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की अवकाशकालीन पीठ मंगलवार को सिसोदिया की याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। उच्च न्यायालय ने 21 मई को कथित घोटाले के संबंध में उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

वाईएसआरसीपी विधायक पर मतगणना केंद्र में प्रवेश पर लगी रोक

नई दिल्ली, एजेंसी

- चुनाव में ईवीएम तोड़ने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने दिया आदेश

उच्चतम न्यायालय ने एक मतदान केंद्र में घुसकर कथित रूप से ईवीएम तोड़ने के आरोपी युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के विधायक पिन्नेली रामाकृष्ण रेड्डी के चार जून को माचेर्ला विधानसभा क्षेत्र के मतगणना केंद्र में प्रवेश पर सोमवार को प्रतिबंध लगा दिया।

न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की अवकाशकालीन पीठ ने 13 मई को हुई घटना का वीडियो देखा और रेड्डी को दी गई अग्रिम जमानत को 'न्याय तंत्र का भद्दा मजाक' करार दिया। पीठ ने रेड्डी की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह से कहा-जब आप वीडियो देखेंगे तो पाएंगे कि यह पूरी तरह से गलत आदेश है। यह न्याय प्रणाली का भद्दा मजाक है। पीठ ने रेड्डी को चार जून को माचेर्ला विधानसभा क्षेत्र के मतगणना केंद्र में प्रवेश नहीं करने और उसके आसपास भी न रहने का निर्देश दिया। आंध्र प्रदेश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ हुए थे। न्यायालय ने आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय से कहा कि अदालत रेड्डी के खिलाफ छह जून को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध मामलों से संबंधित याचिका पर बिना किसी संकोच के निर्णय ले। रेड्डी को 28 मई को अंतरिम राहत दी गई थी। माचेर्ला विधानसभा क्षेत्र से सत्तारूढ़ वाईएसआरसीपी के उम्मीदवार रेड्डी अपने समर्थकों के साथ 13 मई को मतदान वाले दिन कथित तौर पर मतदान केंद्र में घुसे और वीवीपैट व ईवीएम मशीनों को तोड़ दिया था।

डाक मतपत्रों पर वाईएसआर कांग्रेस पार्टी की याचिका उच्चतम न्यायालय ने की खारिज

उच्चतम न्यायालय ने आंध्र प्रदेश में विधानसभा और लोकसभा चुनावों की मतगणना के दौरान डाक मतपत्रों पर सत्यापन अधिकारी की मुहर लगाने की आवश्यकता समाप्त करने से संबंधित चुनाव आयोग के 30 मई के एक परिपत्र को चुनौती देने वाली वाईएसआर कांग्रेस पार्टी की याचिका सोमवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और संदीप मेहता की अवकाशकालीन पीठ ने आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के एक जून के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए कहा कि तथ्यों और परिस्थितियों के आधार पर मामले पर विचार करने का कोई औचित्य नहीं है। उच्च न्यायालय ने वाईएसआर कांग्रेस पार्टी की ओर से चुनाव आयोग के उस परिपत्र के खिलाफ दायर रिट याचिका खारिज कर दी थी।

शांति सम्मेलन का निमंत्रण देने फिलीपींस पहुंचे जेलेंस्की

मनीला, एजेंसी

- रूस पर चीन की मदद से सम्मेलन में अड़चन डालने का आरोप

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की एशिया की अपनी एक विशिष्ट यात्रा के तहत सोमवार को फिलीपींस पहुंचे। वह क्षेत्रीय नेताओं से अपने देश में युद्ध की स्थिति पर स्विट्जरलैंड द्वारा आयोजित एक वैश्विक शांति सम्मेलन में शामिल होने की अपील करने के लिए यात्रा कर रहे हैं।

उन्होंने रूस पर चीन की मदद से इस सम्मेलन में अड़चन डालने का प्रयास करने का आरोप भी लगाया। जेलेंस्की कड़ी सुरक्षा के बीच अघोषित दौरे पर मनीला पहुंचे। इससे पहले उन्होंने सिंगापुर में शंगरी-ला डिफेंस फोरम में भाग लिया था। जेलेंस्की ने सिंगापुर में आयोजित इस वार्षिक रक्षा सम्मेलन से इतर फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनांड मार्कोस जूनियर से मिलने की योजना बनाई थी लेकिन मुलाकात हो नहीं सकी, जिसके बाद उन्होंने व्यक्तिगत रूप से यहां आकर मर्कोस को आमंत्रित करने का फैसला किया। यह जानकारी फिलीपीन के अधिकारियों ने दी। दोनों ही नेताओं ने सिंगापुर में हुए सम्मेलन में चीन की आलोचना की थी।

गुणवत्ता को लेकर चर्चा में भारतीय मसाला बाजार

भारतीय कंपनियों द्वारा हांगकांग व सिंगापुर को निर्यात किए गए ब्रांडेड मसालों को ईटीओ संदूषण से संबंधित चिंताओं के कारण वापस मंगाए जाने के पश्चात भारतीय मसाला बोर्ड ने अंतर्राष्ट्रीय खाद्य मानक निकाय कोडेक्स के साथ मसालों में एथिलीन ऑक्साइड के उपयोग की सीमा तय करने की जरूरत के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया है। भारत विश्व का सबसे बड़ा मसाला उत्पादक देश है। यह मसालों का सबसे बड़ा उपभोक्ता और निर्यातक भी है। वर्ष 2023-24 में भारत का मसाला निर्यात 4.25 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जो वैश्विक मसाला निर्यात का 12% हिस्सा है।

भारतीय मसाला बोर्ड क्या है?

मसाला बोर्ड का गठन 26 फरवरी, 1987 को मसाला बोर्ड अधिनियम, 1986 के तहत पूर्ववर्ती इलायची बोर्ड (1968) और मसाला निर्यात संवर्द्धन परिषद (1960) के विलय के साथ किया गया था। वाणिज्य विभाग के अंतर्गत पांच वैधानिक कमोडिटी बोर्ड हैं। ये बोर्ड चाय, कॉफी, रबर, मसाले और तंबाकू के उत्पादन, विकास तथा निर्यात के लिये उत्तरदायी हैं। मसाला बोर्ड भारतीय मसालों के विकास और विश्वव्यापी प्रचार के लिए प्रमुख संगठन है। यह बोर्ड भारतीय निर्यातकों एवं विदेशी आयातकों के बीच एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन के रूप में कार्य करता है।

एथिलीन ऑक्साइड का मुद्दा (ईटीओ)

ईटीओ एक रसायन है जिसका उपयोग मसालों में कीटाणुरोधी पदार्थ के रूप में किया जाता है, परंतु निश्चित सीमा से अधिक उपयोग करने पर इसे कैंसरकारी माना जाता है। प्रमुख बाज़ारों में भारतीय मसाला निर्यात के तहत मसाला सैंपल विफलता दर 1% से कम है। अभी तक कोडेक्स ने कोई सीमा निर्धारित नहीं की है, मानकीकृत ईटीओ परीक्षण प्रोटोकॉल भी उपलब्ध नहीं है।

भारत के आधे से अधिक मसाला निर्यात पर संकट

आर्थिक थिंक टैंक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने कई देशों में नियामकीय कार्रवाइयों के कारण महत्वपूर्ण बाजारों में भारत के लगभग 700 मिलियन डॉलर के मसाला निर्यात पर खतरा मंडरा रहा है, क्योंकि भारतीय मसालों की गुणवत्ता को लेकर चिंता जताई जा रही है। इसने आगाह किया कि अगर यूरोपीय संघ भी पूरे ब्लॉक में अस्वीकृति के साथ ऐसा करता है, तो इससे भारत के मसाला निर्यात पर 2.5 बिलियन डॉलर का अतिरिक्त असर पड़ सकता है।

अमेरिका, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया ने भी जताई चिंता

मसाला बोर्ड ने ईटीओ संदूषण को रोकने तथा सभी बाज़ारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निर्यातकों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। यह मसालों के लिए कीटाणुरोधी पदार्थ के रूप में ईटीओ का उपयोग न करने की सलाह देता है तथा भाप कीटाणुरोधन एवं विकिरण जैसे विकल्पों का सुझाव देता है। अमेरिका, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसे अन्य देशों ने भी कुछ भारतीय मसालों की गुणवत्ता के विषय में चिंता जताई है तथा ये देश आगे की कार्रवाई की आवश्यकता का निर्धारण कर रहे हैं।

दिल्ली का चांदनी चौक एशिया का सबसे बड़ा बाजार

दिल्ली के चांदनी चौक में खारी बावली एशिया का सबसे बड़ा मसाला बाजार है और इसकी प्रसिद्धि आज भी वैसी है, जैसी 17 वीं शताब्दी के दौरान थी। मुगल काल के जमाने में ये बाजार अस्तित्व में आया था। बावली, का शाब्दिक अर्थ है एक सीढ़ीदार कुआं, और खारी या खारा का अर्थ नमकीन होता है, जिसमें खारी बावली का अर्थ है खारे पानी का कुआं है। अब आप सोच रहे होंगे कि, है तो ये बाजार लेकिन अर्थ इसका ये कैसे, तो आपको बता दें, उस समय यहां खारे पानी का कुआं हुआ करता था, लेकिन अब ये मसालों का खजाना बन चुका है।

एक नजर

भूकंप से हिला इशिकावा पांच मकान ढहे

टोक्यो। जापान का उत्तर मध्य क्षेत्र इशिकावा एक जनवरी को आए शक्तिशाली भूकंप से हुई तबाही से अभी पूरी तरह उबर भी नहीं पाया है और सोमवार को इस प्राकृतिक आपदा ने इसे एक बार फिर दहला दिया। सोमवार को भूकंप के झटकों से यहां मामूली नुकसान की खबर है। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के मुताबिक, नोतो प्रायद्वीप के उत्तरी हिस्से में 5.9 तीव्रता का भूकंप आया, जिसके कुछ मिनट बाद 4.8 तीव्रता के भूकंप का झटका महसूस किया गया और फिर अगले दो घंटे में कम तीव्रता वाले भूकंप के कई झटके महसूस किए गए।

जापान में दो विमानों की आपातकालीन लैंडिंग

टोक्यो। जापान वायु आत्मरक्षा बल के दो एफ-35ए लड़ाकू विमानों को सोमवार की सुबह उत्तरी जापान के आओमोरी हवाई अड्डे पर आपातकालीन स्थिति में उतार लिया गया। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार आओमोरी हवाई अड्डे पर दो विमानों की आपातकालीन लैंडिंग कराने के बाद रनवे को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था, जिसे पुनः संचालित कर दिया गया है। इस दौरान किसी के हताहत होने की रिपोर्ट नहीं है।

सीरिया में इजरायली का हमला, 12 की मौत

दमिश्क। इजरायल ने रविवार देर रात सीरिया के उत्तरी प्रांत अलेप्पो में हवाई हमले किए जिसमें 12 ईरानी समर्थक लड़ाके मारे गए। मानवाधिकारों के लिए सीरियाई वेधशाला ने सोमवार को रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार सीरियाई और गैर-सीरियाई नागरिकों सहित अलेप्पो शहर के आसपास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपस्थिति है। मिसाइल हमला की गूंज उत्तर-पश्चिम में हय्यान शहर और अलेप्पो शहर में कई जगहों पर सुनाई दी। वेधशाला ने नोट किया कि यह हमला पिछले महीने से सीरिया में लेबनानी हिजबुल्लाह और ईरानी मिलिशिया के कब्जे वाले स्थानों पर तेजी देखी गयी है।

पंजाब प्रांत में भीड़ के हमले में घायल ईसाई व्यक्ति की मौत

लाहौर। पंजाब प्रांत में ईशनिंदा के आरोप में पिछले सप्ताह हिंसक भीड़ के हमले में गंभीर रूप से घायल एक बुजुर्ग ईसाई व्यक्ति की मौत हो गई है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। कट्टरपंथी इस्लामी संगठन तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) के कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में उग्र भीड़ ने 25 मई को ईसाई समुदाय के सदस्यों पर हमला कर दिया था, जिसमें दो ईसाई और दस पुलिसकर्मी घायल हो गए थे।

मैक्सिको की पहली महिला राष्ट्रपति बनी शीनबॉम

रह चुकी हैं नोबेल प्राइज जीतने वाली कमेटी की मेंबर

मेक्सिको सिटी, एजेंसी

मेक्सिको में राष्ट्रपति चुनाव की विजेता क्लाउडिया शिनबाम देश के 200 साल के इतिहास में इस पद पर आसीन होने वाली पहली महिला होंगी। जलवायु वैज्ञानिक और मेक्सिको सिटी की पूर्व महापौर शीनबाम ने रविवार रात कहा कि दो प्रतिस्पर्धियों ने उनकी जीत स्वीकार कर ली है। शीनबाम ने एक होटल के बाहर मुस्कुराते हुए कहा मैं मेक्सिको की पहली महिला राष्ट्रपति बनूंगी।

इससे कुछ देर पहले चुनाव अधिकारियों ने कुछ आंकड़े पेश किए हैं, जिनमें वह बढ़त हासिल करती हुई दिख रही हैं। शीनबाम ने कहा मैं अकेले यह नहीं कर पाई हूं। हम सबने मिलकर कर दिखाया है। इसमें हमारी मातृभूमि की वीरांगनाओं, माताओं और बेटियों का भरपूर साथ रहा। हमने दिखा दिया है कि मेक्सिको एक लोकतांत्रिक देश है, जहां शांतिपूर्ण चुनाव हुए हैं। नेशनल इलेक्टोरल इंस्टिट्यूट के प्रमुख ने कहा कि आंकड़ों के अनुसार शीनबाम को 58.3 प्रतिशत से 60.7 प्रतिशत वोट मिले हैं। विपक्षी उम्मीदवार जोचिटल गाल्वेज को 26.6 से 28.6 प्रतिशत जबकि जॉर्ज अल्वारेज मेनेज को 9.9 फीसद से 10.8 प्रतिशत वोट मिले हैं। मैक्सिको के संविधान के नियम के मुताबिक, राष्ट्रपति ओब्राडोर को दोबारा से 6 साल का कार्यकाल नहीं मिल सकता।

ऐसे में सत्ताधारी मोरोना पार्टी की तरफ से क्लॉडिया शेनबॉम को उम्मीदवार बनाया गया था। वह मैक्सिको सिटी की पूर्व मेयर रह चुकी हैं और लेफ्ट पॉलिटिक्स से काफी समय से जुड़ी हुई हैं।

मेक्सिको सिटी में मतों की गणना करते अधिकारी। ● एजेंसी

विजेता क्लाउडिया शिनबाम।

निवर्तमान राष्ट्रपति से अलग व्यक्तित्व है शीनबॉम का

क्लॉडिया शीनबॉम को अपने मार्गदर्शक और निवर्तमान राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्राडोर से अलग व्यक्तित्व वाला माना जाता है। उन्होंने अपने पूर्ववर्ती नेता की लोकप्रियता का फायदा उठाते हुए एक सधा हुआ प्रचार अभियान चलाया और रविवार को हुए मतदान में उन्हें जीत मिली। अब मेक्सिको की जनता देखना चाहती है कि लोपेज से बिल्कुल अलग शख्सियत रखने वाली शीनबॉम खुद को किस तरह पेश करती हैं। राजनीतिक रूप से लोपेज के समान रुख रखने वाली शीनबॉम को कम आक्रामक नेता के रूप में देखा जाता है।

उत्तर कोरिया से शांति समझौते को निलंबित करेगा दक्षिण कोरिया

सियोल। दक्षिण कोरिया ने कचरे से भरे गुब्बारे उड़ाने के मामले को लेकर उत्तर कोरिया को दंडित करने के लिए दोनों देशों के बीच हुए शांति समझौते को निलंबित करने की सोमवार को घोषणा की। हालांकि उत्तर कोरिया गुब्बारे उड़ाने की अपनी हरकत पर लगाम लगाने को कह चुका है।

लोगों द्वारा दक्षिण कोरिया में हाल ही में पर्चे बांटे जाने के अभियान से नाराज उत्तर कोरिया ने बीते कई दिनों में पड़ोसी देश की ओर कचरे से भरे गुब्बारे उड़ाए थे। दक्षिण कोरिया ने रविवार को कहा कि उत्तर कोरिया की इस हरकत के जवाब में वह कड़ा कदम उठाएगा। उत्तर कोरिया हालांकि पहले ही सीमा पार गुब्बारे उड़ाए जाने को रोकने की घोषणा कर चुका है। सोमवार को, दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने कहा कि परिषद ने वर्ष 2018 के अंतर-कोरियाई समझौते को निलंबित करने का फैसला किया है। इस समझौते का उद्देश्य दोनों कोरियाई देशों के बीच आपसी विश्वास बहाल होने तक सीमावर्ती शत्रुता को कम करना था। सुरक्षा परिषद ने कहा कि इस समझौते के निलंबन से दक्षिण कोरिया को उत्तर कोरिया की सीमा के पास सैन्य अभ्यास फिर से शुरू करने और पड़ोसी मुल्क के उकसावे पर प्रभावी एवं तत्काल प्रतिक्रिया करने की अनुमति मिलेगी।

विरोध मार्च व तोड़फोड़ के दो मामलों में इमरान बरी

इस्लामाबाद, एजेंसी

- शहबाज की गठबंधन सरकार को गिराने के लिए निकाला था विरोध मार्च

पाकिस्तान की एक अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री और उनकी पार्टी के अन्य शीर्ष नेताओं को मार्च 2022 में विरोध मार्च के दौरान तोड़फोड़ करने से जुड़े मामलों में सोमवार को बरी कर दिया। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के 71 वर्षीय संस्थापक मामलों में दोषी ठहराए जाने के बाद से पिछले साल अगस्त से जेल में हैं।

इस्लामाबाद की जिला एवं सत्र अदालत ने खान, पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी, पूर्व संचार मंत्री मुराद सईद और पीटीआई के अन्य नेताओं को हकीकी आज़ादी मार्च के दौरान तोड़फोड़ के दो मामलों में बरी किया है। मई 2022 में खान ने शहबाज शरीफ की अगुवाई वाली गठबंधन सरकार को गिराने के लिए लाहौर से इस्लामाबाद की तरफ एक मार्च शुरू किया था। खान के अविश्वास प्रस्ताव हारने के बाद शरीफ के नेतृत्व में यह सरकार बनी थी।

यह रैली पीटीआई के हकीकी आज़ादी (वास्तविक स्वतंत्रता) हासिल करने और राष्ट्र को अमेरिका समर्थित गठबंधन सरकार की गुलामी से मुक्त कराने के संघर्ष का हिस्सा थी। उस समय इस्लामाबाद पुलिस ने संघीय राजधानी में आगजनी और तोड़फोड़ के आरोपों को लेकर खान, कुरैशी और पार्टी के अन्य नेताओं सहित 150 लोगों के खिलाफ अलग-अलग मामले दर्ज किए थे।

इमरान, बुशरा की अवैध शादी का मामला दूसरी अदालत में होगा ट्रांसफर

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की एक अदालत ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी के अवैध विवाह मामले की सुनवाई कर रहे न्यायाधीश का अनुरोध स्वीकार करते हुए मामला किसी दूसरी अदालत को सौंपने की अनुमति दे दी। कुछ दिन पहले शिकायतकर्ता ने कहा था कि उसे न्यायाधीश पर विश्वास नहीं है। इस्लाम के अनुसार, पति से तलाक होने और दूसरा निकाह करने से पहले महिला के लिए अनिवार्य अवधि के दौरान शादी करने के लिए एक अदालत ने खान (71) और बुशरा (49) को तीन फरवरी को सात-सात साल कैद की सजा सुनाई थी।

श्रीलंका में बाढ़ और भूस्खलन से 10 की मौत, छह लापता

कोलंबो। श्रीलंका में भारी बारिश के कारण आई बाढ़ की वजह से सोमवार को स्कूल बंद कर दिए गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बाढ़ और बारिश संबंधी अन्य घटनाओं में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और छह अन्य लोग लापता हैं।

शिक्षा मंत्रालय ने कहा कि स्कूलों को दोबारा खोलने को लेकर फैसला मौसम की स्थिति पर निर्भर करेगा। देश में रविवार से हुई मूसलाधार बारिश के कारण कई स्थानों पर भारी तबाही हुई है, जिसके चलते घरों, खेतों और सड़कों पर पानी भर गया है और अधिकारियों को ऐहतियात के तौर पर बिजली आपूर्ति रोकनी पड़ी है। आपदा प्रबंधन केंद्र के अनुसार रविवार को राजधानी कोलंबो और सुदूर रतनपुरा जिले में छह लोगों की बहने और डूबने से मौत हो गई जबकि पहाड़ों से मिट्टी कट कर मकानों पर गिरने से तीन अन्य लोगों की जान चली गई। पेड़ गिरने से एक व्यक्ति की मौत हुई। रविवार से छह लोग लापता हैं।

केंद्र ने एक बयान में कहा कि सोमवार तक 5,000 से अधिक लोगों को बचाव केंद्र ले जाया गया है और 400 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। पीड़ितों को बचाने और भोजन व अन्य जरूरी सामान पहुंचाने के लिए नौसेना और थलसेना के जवानों को तैनात किया गया है।

पुलिस मुखबिर के शक में नक्सलियों ने ग्रामीण को मौत के घाट उतारा

नारायणपुर, एजेंसी

- छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में घर से बाहर निकालने के बाद की उसकी हत्या

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले में नक्सलियों ने पुलिस मुखबिर होने के शक के आधार पर 45 वर्षीय ग्रामीण की उसके घर से खींचकर हत्या कर दी।

पुलिस अधिकारियों ने कहा कि मारे गए ग्रामीण का पुलिस से कोई संबंध नहीं था। जिले के मसपुर गांव में रविवार रात नक्सलियों ने शालूराम पोटाई की हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि रविवार रात लगभग 10 बजे 15 से 20 सशस्त्र वर्दीधारी नक्सली शालूराम पोटाई के घर पहुंचे और उसे खींचकर घर से बाहर निकालने के बाद उसकी हत्या कर दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया घटना को अंजाम देने के बाद नक्सली वहां से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस दल को घटनास्थल पर रवाना किया गया।

इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। माओवादियों की कुतुल एरिया कमेटी ने घटनास्थल पर पर्चे छोड़े हैं जिसमें उन्होंने पोटाई पर पुलिस का मुखबिर होने का आरोप लगाया है। पुलिस अधिकारियों ने पोटाई के पुलिस के साथ संबंध होने से इनकार किया है।

बेंगलुरु में बारिश ने तोड़ा 133 साल का रिकॉर्ड

बेंगलुरु, एजेंसी

बेंगलुरु में दो जून को 111 मिलीमीटर बारिश हुई, जिससे जून में एक दिन में सबसे अधिक बारिश का 133 साल पुराना रिकॉर्ड टूट गया। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) बेंगलुरु के वैज्ञानिक एन. पुवियारसन ने पुष्टि की कि 2 जून को पिछले 133 वर्षों में इस महीने में एक दिन की सबसे अधिक बारिश हुई।

उन्होंने कहा कि जून में सबसे अधिक एक दिन की बारिश 16 जून, 1891 को दर्ज की गई थी। भारी बारिश के कारण बेंगलुरु में कई स्थानों पर जनजीवन प्रभावित हुआ। जयनगर के निवासियों ने गिरे हुए पेड़ों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कीं। रविवार रात ट्रिनिटी मेट्रो स्टेशन के पास मेट्रो ट्रैक पर एक पेड़ गिर गया, जिससे सेवा प्रभावित हुई। गिरे हुए पेड़ों के अलावा सड़कों पर जलभराव से लोगों को असुविधा हुई। आईएमडी केंद्र, बेंगलुरु के प्रमुख सीएस पाटिल ने कहा कि मानसून कर्नाटक में आगे बढ़ गया है और 5 जून तक कुछ जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

तेज बारिश और तूफान के कारण रास्ता बंद हो गया। ● एजेंसी

आईएएस अधिकारी दंपति की बेटी ने की आत्महत्या, सुसाइड नोट मिला

मुंबई, एजेंसी

- हरियाणा के सोनीपत से कर रही थी एलएलबी की पढ़ाई

दक्षिण मुंबई में मंत्रालय के निकट सोमवार तड़के महाराष्ट्र कैडर के आईएएस अधिकारी दंपति की 27 वर्षीय बेटी ने कथित तौर पर एक इमारत की 10वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली।

पुलिस ने कहा कि हरियाणा के सोनीपत से एलएलबी की पढ़ाई कर रही लिपि रस्तोगी तड़के करीब चार बजे राज्य सचिवालय के निकट एक इमारत से कूद गई। उस समय मंत्रालय के निकट स्थित आईएएस अधिकारियों के आवास परिसर में सब सो रहे थे। पुलिस ने कहा कि इमारत के गार्ड ने परिसर के निकट खड़ी एक मोटरसाइकिल पर लिपि को बेहोशी की हालत में पाया और परिवार को सूचित किया, जिसके बाद उसे जीटी अस्पताल ले जाया गया। अधिकारियों ने बताया कि तत्काल चिकित्सा प्रदान किए जाने के बाद भी उसकी जान नहीं बचाई जा सकी।

अधिकारी ने कहा कि घटनास्थल से सुसाइड नोट मिला है, जिसमें कथित तौर पर लिखा है कि उसकी मौत के लिए किसी को दोष न दिया जाए। अधिकारियों ने बताया कि कफ परेड थाने में अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज किया गया है।

बॉलीवुड हलचल

अजय पालवंकर के जीवन पर आधारित फिल्म में करेंगे काम

मुंबई। बॉलीवुड के सिंघम स्टार अजय देवगन देश के प्रथम दलित क्रिकेटर बालू पालवंकर के जीवन पर आधारित फिल्म में काम करते नजर आएंगे। बॉलीवुड फिल्मकार तिग्मांशु धूलिया, क्रिकेट की पृष्ठभूमि पर आधारित फिल्म बनाने जा रहे है। यह फिल्म देश के प्रथम दलित क्रिकेटर माने वाले बालू पालवंकर और उनके भाइयों की कहानी पर्दे पर दिखाएगी। फिल्म की पटकथा लेखक और इतिहासकार रामचंद्र गुहा द्वारा लिखित किताब ए कार्नर आफ ए फारेन फील्ड पर आधारित होगी। फिल्म क्रिटिक तरण आदर्श ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा, अजय देवगन भारत के पहले दलित क्रिकेटर पालवंकर बालू की बायोपिक में नजर आएंगे। तिग्मांशु धूलिया इसे बनाएंगे। बताया जा रहा है कि फिल्म सिंघम अगेन की शूटिंग के बाद अजय देवगन इस बायोपिक पर काम शुरू करेंगे। बताया जा रहा है कि अजय देवगन भी इसे प्रोड्यूस कर रहे हैं।

अल्लू अर्जुन व रश्मिका की फिल्म पुष्पा 2 द रूल का पोस्टर रिलीज

मुंबई। दक्षिण भारतीय फिल्मों के जाने-माने अभिनेता अल्लू अर्जुन और अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की आने वाली फिल्म पुष्पा 2 द रूल का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। अल्लू अर्जन की फिल्म पुष्पा 2 द रूल इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। मेकर्स ने फिल्म का नया पोस्टर जारी किया है और कैप्शन में लिखा है, 75 दिन बाकी हैं पुष्पा राज के रूल के लिए। उनका रूल भारतीय सिनेमा में एक नया अध्याय लिखेगा। नए पोस्टर में अल्लू अर्जन अपने कांधे पर राइफल लेकर लुंगी पहने देखे जा सकते हैं। पुष्पा 2 द रूल 15 अगस्त, 2024 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। सुकुमार द्वारा निर्देशित और मैथरी मूवी मेकर्स द्वारा निर्मित इस फिल्म में अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना के अलावा फहद फासिल भी लीड रोल में हैं।

अमिताभ और जया की शादी के 51 साल पूरे

मुंबई। बॉलीवुड के अमिताभ बच्चन और अभिनेत्री जया बच्चन की शादी के सोमवार को 51 साल पूरे हो गए हैं। दोनों ने इस अवसर पर परिवार के साथ सेलिब्रेशन मनाया। अमिताभ बच्चन और जया बच्चन की जोड़ी बॉलीवुड में बहुत हिट रही है। अमिताभ और जया ने जंजीर, अभिमान, चुपके चुपके, शोले, सिलसिला, मिली, कभी खुशी कभी गम समेत कई कामयाब फिल्मों में साथ काम किया है।

पूर्व हिंदू सांसद तुलसी-गैबार्ड की चाची का हत्यारोपी गिरफ्तार

अमेरिका। अमेरिका की पूर्व हिंदू सांसद तुलसी गबार्ड की चाची कैरोलीन की हत्या के मामले में पुलिस ने रविवार को उन्हीं की एक दोस्त को गिरफ्तार किया है। 78 साल की कैरोलीन सिनावियाना-गैबर्ड की 25 मई को हत्या कर दी गई थी। उनकी बॉडी पर चाकू और हथौड़े से मारने के निशान मिले थे। पुलिस ने 8 दिन बाद कैरोलीन की दोस्त पापाली सिया फिगेल को गिरफ्तार किया।

समोआ के पुलिस अधिकारी के मुताबिक हत्या से पहले कैरोलीन और पापाली के बीच तीखी बहस हुई थी। हालांकि, अब तक यह नहीं पता है कि बहस किस वजह से हुई थी। जानकारों के मुताबिक, दोनों काफी अच्छी दोस्त थीं। इसके अलावा गैबर्ड फिगेल की टीचर भी थीं। सिनावियाना-गैबर्ड के परिवार वालों ने बताया कि वह समोआ की पहली महिला थी, जो अमेरिका में प्रोफेसर बनी थीं।

खगोल विज्ञान | इंसानी उत्पत्ति के श्रोत खोज निकालने की बड़ी उपलब्धि

ब्रह्मांड के विस्फोटों से मानव तत्वों की उत्पत्ति

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : खगोलविदों ने इंसान की उत्पत्ति के श्रोत खोज निकालने की बड़ी उपलब्धि हासिल की है। खोज के अनुसार ब्रह्मांड के सबसे बड़े विस्फोटों से मानव तत्वों की उत्पत्ति हुई है। वैज्ञानिकों का मानना है कि जीव जंतुओं की उत्पत्ति के अन्य श्रोत भी हो सकते हैं।

बिग बैंग विस्फोट के बाद ब्रह्मांड में मुख्य रूप से हाइड्रोजन और हीलियम परमाणु शामिल थे। ये सबसे हल्के तत्व हैं। सर्वविदित है बिग बैंग 13.8 अरब वर्ष पहले हुआ था। इसके बाद बने तारों ने परमाणु संलयन की प्रक्रिया के माध्यम से इनमें से कई भारी तत्वों का उत्पादन किया। विशाल तारों में हुए बड़े विस्फोटों से भारी तत्वों की उत्पत्ति हुई है। ब्रह्मांड के सबसे बड़े विस्फोटों में गामा रे विस्फोट माने जाते हैं। यह विस्फोट भी दो प्रकार के होते हैं। जिनमें बड़े विस्फोटों से मानव शरीर में पाए जाने वाले तत्वों की उत्पत्ति हुई और परमाणु संलयन आवर्त सारणी में लोहे जैसे भारी तत्वों का उत्पादन कर सकता है। इसी क्रम में इंसानी तत्वों के बड़े स्तर पर रासायनिक प्रक्रिया के तहत इंसान जैसे जीव जंतुओं की संरचना शुरू हुई। खोजकर्ता वैज्ञानिकों का कहना है कि ब्रह्मांड की उत्पत्ति, निर्माण व विकास को हम लगभग संमझ चुके हैं। मानव उत्पत्ति व विकास भी इसी क्रम में शामिल हैं।

ब्रह्मांड में हुए बड़े विस्फोट की प्रतीकात्मक तस्वीर। ● अमृत विचार

अब ब्रह्मांड के अनेक रहस्य होंगे उजागर

कई वैज्ञानिकों की सामूहिक इस खोज के बाद वैज्ञानिकों का मानना है कि अब ब्रह्मांड के कई अन्य रहस्य उजागर हो सकेंगे। जीव जंतुओं की उत्पत्ति के स्रोत का यह पहला सिरा है। इस दिशा में अब शोध में तेजी आएगी। जिसमें दुनियाभर के वैज्ञानिक शामिल होंगे।